श्रावण कृष्ण पक्ष त्रयोदशी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 2 अगस्त 2024
वर्ष 5, अंक 129, पृष्ठ 18
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

मुरादाबाद

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



आमिर खान ने होस्ट की बेटे जुनैद की फिल्म 18

प्रणय को हराकर लक्ष्य क्वार्टर फाइनल में पहुंचे 17

## कुसाले ने दिलाया तीसरा पदक

पेरिस, एजेंसी

**50 मीटर राइफल थ्री पोजिशंस स्पर्धा में जीता कांस्य**



भारतीय निशानेबाज स्वप्निल कुसाले ने गुरुवार को शानदार प्रदर्शन करते हुए ओलंपिक में 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशंस स्पर्धा में कांस्य पदक जीत लिया।

आज चेटेउरौक्स में ओलंपिक के छठे दिन 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशंस की फाइनल प्रतियोगिता में कुसाले ने अपना पहला और भारत के लिए निशानेबाजी में तीसरा पदक हासिल किया। स्वपिनल कुसाले ने फाइनल स्पर्धा में 451.4 अंकों के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया। उन्होंने विश्व के नंबर वन निशानेबाज को हराया। वह भारत के लिए ओलंपिक पदक जीतने वाले सातवें और ओलंपिक में पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन में पदक जीतने वाले पहले भारतीय निशानेबाज हैं। चीन के लियू युकुन ने 463.6 अंक के साथ स्वर्ण और यूक्रेन के सेरही कुलिश ने 461.3 का स्कोर कर रजत पदक जीता।

## अपराधियों के लिए चलेगी 'बुलेट ट्रेन' : योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- गोमतीनगर में युवती से छेड़छाड़ के मामले में विधानसभा में गरजे मुख्यमंत्री
- कहा, समाजवादी पार्टी से जुड़े लोगों ने हराम कर दिया बहन-बेटियों का जीना

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सख्त लहजे में कहा कि जो महिला सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करेगा, वह भुगतेगा। बीते दिन बारिश के दौरान गोमतीनगर में युवती से छेड़छाड़ मामले में नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि इन अपराधियों के लिए 'सद्भावना एक्सप्रेस' नहीं, 'बुलेट ट्रेन' चलेगी।

उन्होंने कहा कि सपा से जुड़े लोगों ने बहन-बेटियों व सामान्य लोगों का जीना हराम कर दिया है। मुख्यमंत्री गुरुवार को विधानसभा में अनुपूरक बजट पर चर्चा पर जवाब दे रहे थे। मुख्यमंत्री ने होटल ताज के समीप अंडर पास में भरे पानी में राहगीरों के साथ बदतमीजी और युवती के साथ हुई छेड़छाड़ की घटना का जिक्र करते हुए कहा कि इन आरोपियों की सूची भी उनके पास भेजी गई है। पहला आरोपी मनोज यादव और दूसरा मोहम्मद अरबाज है। कहा कि ये सद्भावना वाले लोग हैं। चिंता न करिए, सरकार इनके लिए सद्भावना ट्रेन नहीं बल्कि 'बुलेट ट्रेन' चलाएगी। इसकी तैयारी की जा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार ने यह पहले दिन ही कहा था कि महिला सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है, जो खिलवाड़ करेगा वो खामियाजा भुगतेगा। इसके लिए हमारी सरकार ने प्रदेश की प्रत्येक मां, बहन और बेटी को आश्वस्त किया है। गोमतीनगर की घटना को सरकार ने पूरी गंभीरता से लिया है।

### न तो नौकरी करने आया हूं और न ही प्रतिष्ठा लेने



मुख्यमंत्री ने कहा कि वह न तो नौकरी करने आए हैं और न ही प्रतिष्ठा लेना चाहते हैं। उन्हें मठ में प्रतिष्ठा मिल रही है। हम सबका सम्मान करेंगे, सबको सुरक्षा देंगे, लेकिन अगर कोई प्रदेश में अव्यवस्था की स्थिति पैदा करेगा तो वह भुगतेगा। घटना होगी तो सख्त कार्रवाई भी होगी।

## डीसीपी समेत 3 अफसर हटाए इंस्पेक्टर सहित 5 निलंबित

**बारिश में महिलाओं से बदसलूकी मामला**

- पुलिस ने 16 आरोपियों को किया गिरफ्तार, अन्य की तलाश में दबिश

**लखनऊ।** गोमतीनगर में बुधवार दोपहर बारिश के बाद हुड़दंग और महिलाओं से बदसलूकी मामले में शासन ने डीसीपी पूर्वी प्रबल प्रताप सिंह, एडीसीपी पूर्वी अमित कुमावत, एसीपी गोमतीनगर अंशु जैन को हटा दिया है। वहीं, इंस्पेक्टर गोमतीनगर दीपक कुमार पांडेय, अंबेडकर उद्यान चौकी प्रभारी ऋषि विवेक, एसआई कपिल कुमार, सिपाही धर्मवीर, वीरेंद्र कुमार को निलंबित कर दिया गया है। संयुक्त पुलिस आयुक्त अपराध आकाश कुलहरि ने बताया कि अब तक 16 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीमें दबिश दे रही हैं।

### एक नजर

#### एनबीसीसी के डीजीएम 5 लाख रिश्वत लेते गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने लेह में एक परियोजना के लिए निर्माण ठेकेदार से पांच लाख रुपये की रिश्वत लेने के आरोप में केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम एनबीसीसी के एक उप महाप्रबंधक (डीजीएम) को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि लद्दाख में तैनात आरोपी डीजीएम वरुण पोपली ने ठेकेदार से कथित तौर पर 11.40 लाख रुपये की मांग की थी। बातचीत के दौरान वह दिल्ली में पांच लाख रुपये का आंशिक भुगतान लेने पर सहमत हो गया था, जिसके लिए वह विशेष रूप से राष्ट्रीय राजधानी आया था। लेह में एक निर्माण परियोजना का कार्य करा रहे शिकायतकर्ता ने डीजीएम के खिलाफ एक लिखित शिकायत दी थी।

#### नीट-यूजी मामले में पहली चार्जशीट दाखिल

**नई दिल्ली।** मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट में गड़बड़ी और पेपर लीक को लेकर देशभर में चर्चाएं जारी हैं। इस बीच, इस मामले की जांच कर रही सीबीआई ने पहला आरोप पत्र (चार्जशीट) दायर कर दिया है। चार्जशीट में 13 लोगों को आरोपी बनाया गया है जिनमें नीतिश कुमार, अमित आनंद, सिकंदर यदुवेंदु, आशुतोष कुमार-1, रोशन कुमार, मनीष प्रकाश, आशुतोष कुमार-2, अखिलेश कुमार, अवधेश कुमार, अनुराग यादव, अभिषेक कुमार, शिवनंदन कुमार और आयुष राज का नाम दर्ज है। सीबीआई ने देशभर में अब तक 40 को गिरफ्तार किया है।

# कृष्ण जन्मभूमि-ईदगाह मामले में मुस्लिम पक्ष की याचिका खारिज

## हाईकोर्ट में हिंदू पक्ष की 18 याचिकाओं पर सुनवाई का रास्ता साफ

विधि संवाददाता, प्रयागराज

- 6 जून को कोर्ट ने शाही ईदगाह मस्जिद समिति की याचिका पर सुरक्षित रख लिया था फैसला





**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मथुरा स्थित श्रीकृष्ण जन्मभूमि शाही ईदगाह मस्जिद विवाद मामले में गुरुवार को हुई सुनवाई के दौरान मुस्लिम पक्ष की याचिका को सीपीसी के आदेश 7 नियम 11 के तहत खारिज कर दिया। कोर्ट ने खुली अदालत में फैसला सुनाते हुए केवल आदेश के मुख्य भाग को पढ़ते हुए कहा कि हिंदू उपासकों और देवता के वादों परिसिमा अधिनियम या पूजा स्थल अधिनियम आदि के तहत रोक नहीं है। इस निर्णय के साथ न्यायमूर्ति मयंक कुमार जैन की एकल पीठ ने सभी 18 मुकदमों को विचारणीय पाया जिससे उनकी योग्यता के आधार पर उनकी सुनवाई का रास्ता साफ हो गया है।

मालूम हो कि गत 6 जून को कोर्ट ने शाही ईदगाह मस्जिद समिति की याचिका पर सुनवाई के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था, जिसमें मुकदमों की स्वीकार्यता पर सवाल उठाया गया था। इसके साथ ही कोर्ट ने प्रबंध ट्रस्ट शाही मस्जिद ईदगाह, मथुरा समिति द्वारा दी गई प्राथमिक दलील को खारिज कर दिया कि हाईकोर्ट के समक्ष लंबित मुकदमे उपासना स्थल अधिनियम, 1991, परिसीमा अधिनियम, 1963 और विशिष्ट अनुतोष अधिनियम, 1963 के तहत वर्जित है। वहीं दूसरी ओर हिंदू पक्षकारों के अधिवक्ता ने दलील दी थी कि शाही ईदगाह के नाम पर कोई भी संपत्ति सरकारी रिकॉर्ड में नहीं है और उसे पर अवैध रूप से कब्जा है। अगर संपत्ति वक्त की संपत्ति है तो वक्त बोर्ड को यह बताना चाहिए कि विवादित संपत्ति किसने दान की है। उन्होंने यह भी दलित दी थी कि इस मामले में उपरोक्त अधिनियम लागू नहीं होते हैं। याचिका में मूल वाद संख्या 6, 9, 16 और 18 की स्वीकार्यता को चुनौती देते हुए मुस्लिम पक्ष ने तर्क दिया था कि वादी ने अपने वाद में 1968 के समझौते को स्वीकार किया है और इस तथ्य को भी स्वीकार किया है की भूमि (जहां ईदगाह बनी है) का कब्जा मस्जिद प्रबंधन के नियंत्रण में है और इसलिए यह वाद सीमा अधिनियम के साथ-साथ उपासना स्थल अधिनियम द्वारा भी वर्जित होगा, क्योंकि वादों में इस तथ्य को भी स्वीकार किया गया है कि संबंधित मस्जिद का निर्माण 1669-70 में हुआ था।

महत्वपूर्ण बात यह है कि मस्जिद समिति ने यह भी तर्क दिया था कि स्थायी निषेधाज्ञा की प्रार्थना केवल उस व्यक्ति को दी जा सकती है जो मुकदमे की तारीख पर संपत्ति पर वास्तविक कब्जा रखता हो। चूंकि वादी के पास मस्जिद नहीं है, इसलिए वे स्थायी निषेधाज्ञा के लिए प्रार्थना नहीं कर सकते हैं।

## साधना बनीं सेना चिकित्सा सेवा की पहली महिला डीजी



**नई दिल्ली।** लेफ्टिनेंट जनरल साधना सक्सेना नायर ने गुरुवार को चिकित्सा सेवा (सेना) के महानिदेशक (डीजी) का पदभार संभाला। वह इस पद पर नियुक्त होने वाली पहली महिला अधिकारी हैं। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, लेफ्टिनेंट जनरल नायर ने पुणे स्थित सशस्त्र बल चिकित्सा महाविद्यालय से एक प्रतिष्ठित शैक्षणिक रिकॉर्ड के साथ स्नातक किया और दिसंबर 1985 में सेना चिकित्सा कोर में नियुक्त हुईं।

## जीएसटी संग्रह बढ़कर 1.82 लाख करोड़

**नई दिल्ली।** माल एवं सेवा कर (जीएसटी) राजस्व संग्रह जुलाई महीने में 1.82 लाख करोड़ रुपये रहा है जो पिछले वित्त वर्ष में इसी महीने की तुलना में 10.3 प्रतिशत अधिक है। जीएसटी निदेशालय द्वारा गुरुवार को जारी मासिक आंकड़ों के अनुसार रिफंड के बाद जुलाई 2024 में शुद्ध जीएसटी राजस्व संग्रह 165793 करोड़ रुपये रहा है जो जुलाई 2023 के शुद्ध संग्रह 144897 से 14.4 प्रतिशत अधिक है।

**सुप्रीम कोर्ट ने अपना 20 साल पुराना फैसला पलटा**

## एससी-एसटी आरक्षण में कोटे में कोटा को मंजूरी

नई दिल्ली, एजेंसी



- कोर्ट ने कहा आरक्षण में उपवर्गीकरण कर सकते हैं राज्य

सुप्रीम कोर्ट ने बहुमत से दिए एक फैसले में गुरुवार को कहा कि राज्यों के पास अधिक वंचित जातियों के उत्थान के लिए अनुसूचित जाति/जनजाति में उप-वर्गीकरण करने की शक्तियां हैं। भारत के प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली सात सदस्यीय पीठ ने 6:1 के बहुमत से व्यवस्था दी कि राज्यों को अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) में उप-वर्गीकरण करने की अनुमति दी जा सकती है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि इन समूहों के भीतर और अधिक पिछड़ी जातियों को आरक्षण दिया जाए। फैसले में कहा गया है कि राज्यों द्वारा उप-वर्गीकरण को मानकों एवं आंकड़ों के आधार पर उचित ठहराया जाना चाहिए। पीठ में न्यायमूर्ति बीआर गवई, न्यायमूर्ति विक्रमनाथ, न्यायमूर्ति बेला एम. त्रिवेदी, न्यायमूर्ति पंकज मिथल, न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र मिश्रा शामिल थे।

पीठ 23 याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी जिनमें से मुख्य याचिका पंजाब सरकार ने दायर की है जिसमें पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के 2010 के फैसले को चुनौती दी गई है। सीजेआई ने अपने और न्यायमूर्ति मिश्रा की ओर से फैसला लिखा। चार न्यायाधीशों ने सहमति वाले फैसले लिखे जबकि न्यायमूर्ति त्रिवेदी ने असहमति वाला फैसला लिखा है। ईवी चिन्नैया मामले में पांच सदस्यीय पीठ के 2004 के फैसले को पलटते हुए शीर्ष अदालत ने कहा कि एससी/एसटी समुदाय के सदस्य व्यवस्थागत भेदभाव के कारण अक्सर आगे नहीं बढ़ पाते हैं। न्यायमूर्ति गवई ने अलग फैसले में कहा कि राज्यों को एससी/एसटी में 'क्रीमी लेयर' की पहचान करनी चाहिए तथा उन्हें आरक्षण के दायरे से बाहर करना चाहिए।

असहमति वाला आदेश देते हुए न्यायमूर्ति त्रिवेदी ने कहा कि राज्य संविधान के अनुच्छेद 341 के तहत अनुसूचित जाति सूची से छेड़छाड़ नहीं कर सकते। न्यायमूर्ति त्रिवेदी ने कहा कि आरक्षण प्रदान करने के राज्य के नेक इरादों से उठाए कदम को भी अनुच्छेद 142 के तहत शक्तियों का इस्तेमाल करके सुप्रीम कोर्ट द्वारा उचित नहीं ठहराया जा सकता है।

## हिमाचल में बादल फटने से पांच की मौत, 50 लापता



बादल फटने के बाद कुल्लू जिले में बहा मनाली-चंडीगढ़ मार्ग का हिस्सा।

शिमला/मंडी, एजेंसी

- बारिश के कारण कई मकान पुल और सड़कें बहीं

हिमाचल प्रदेश में बादल फटने की कई घटनाओं में पांच लोगों की मौत हो गई और करीब 50 व्यक्ति लापता हैं। बारिश के कारण कई मकान, पुल और सड़कें बह गई हैं।

राज्य आपात अभियान केंद्र ने बताया कि कुल्लू के निरमंड, सैंज और मलाना इलाकों, मंडी के पधर और शिमला जिले के रामपुर में बादल फटे। शिमला के पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार गांधी ने बताया कि बुधवार रात को श्रीखंड महादेव के पास बादल फटने से सरपारा, गानवी और कुर्बन नालों में अचानक बाढ़ आ गई, जिससे शिमला में रामपुर उपमंडल के समेज खुड (नाला) में जलस्तर बढ़ने से दो लोगों की मौत हो गई तथा 30 लापता हो गए। बचाव अभियान शुरू कर दिया गया है। लापता लोगों की तलाश के लिए ड्रोन का भी इस्तेमाल किया जा रहा है। मंडी जिले में पधर उपमंडल के तेरांग के समीप राजबन गांव में बुधवार रात को बादल फटने की घटना में तीन लोगों की मौत हो गई तथा सात लापता हो गए जबकि कुल्लू जिले में सात लोग लापता हो गए। कुल्लू की उपायुक्त तोरुल एस रवीश ने बताया कि शिमला जिले की सीमा पर समेज में तीन लोग लापता हैं तथा तीन-चार मकान क्षतिग्रस्त हो गए हैं।

### दिल्ली में भारी बारिश से तीन लोगों की मौत

**नई दिल्ली।** उत्तरी दिल्ली के सब्जी मंडी क्षेत्र में एक इमारत ढहने से 62 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत हो गई। इसके साथ ही दिल्ली में वर्षाजनित घटनाओं में मरने वालों की संख्या तीन हो गई, जबकि शहर में अलग-अलग घटनाओं में इतने ही लोग घायल हुए हैं। पुलिस अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि बुधवार की शाम भारी बारिश से शहर का बड़ा हिस्सा जलमग्न हो गया, जबकि प्रमुख मार्गों पर यातायात बाधित हुआ और लोग फंसे रहे।

## किशोर का अपहरण कर डेढ़ लाख की फिरौती वसूली

कार्यालय संवाददाता, संभल

- रुमाल से नशा सुंघाकर सरेराह किशोर का किया अपहरण
- आंख पर पट्टी बांधकर यहां-वहां घूमाते रहे अपहरणकर्ता

**अमृत विचार:** शहर के बीच से किशोर का अपहरण कर परिजनों से डेढ़ लाख रुपये फिरौती वसूलने का मामला सामने आया है। पुलिस जांच में जुटी है। किशोर का कहना है कि उसे रुमाल से नशा सुंघाकर अपहरणकर्ता आटो में डालकर ले गए थे। इंस्ट्राग्राम पर किशोर के मुंह व आंखों पर पट्टी बंधे फोटो व मैसेज भेजकर फिरौती मांगी गई। कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला बेगम सराय निवासी ओमप्रकाश का बेटा हर्षित (14) बुधवार की शाम छह बजे मोमोज लेने गया था। काफी देर तक लौटा नहीं तो परिजनों ने तलाश शुरू की। रात 11:57 बजे ओमप्रकाश के इंस्टाग्राम पर हर्षित के मुंह व आंखों पर पट्टी बंधी फोटो और अपहरण करने का मैसेज भेजकर दो लाख रुपये मांगे गए। हर्षित को जान से मारने की धमकी दी गई थी, ऐसे में ओमप्रकाश ने पुलिस को सूचना नहीं दी और डेढ़ लाख रुपये अपहरणकर्ताओं की बताई जगह पर रख आया। कुछ देर बाद अपहरणकर्ताओं ने बाईपास से बेटे को ले जाने के लिए कहा। बताई गई जगह पर हर्षित मिल गया। उसकी आंख पर पट्टी बंधी थी।

## पीएनबी ने की ऋण दरों में 0.05 % की वृद्धि

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के पंजाब नेशनल बैंक ने सभी अवधि के लिए सीमांत निधि लागत आधारित ऋण दर (एमसीएलआर) में 0.05 प्रतिशत या पांच आधार अंकों की गुरुवार को वृद्धि की, जिससे अधिकतर उपभोक्ता ऋण महंगे हो गए। पीएनबी ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि एक साल की अवधि के लिए मानक एमसीएलआर अब 8.90 प्रतिशत होगी, जो पहले 8.85 प्रतिशत थी। इसका इस्तेमाल मोटर वाहन तथा व्यक्तिगत जैसे अधिकतर उपभोक्ता ऋणों के मूल्यांकन में किया जाता है। तीन वर्ष की एमसीएलआर पांच आधार अंक बढ़कर 9.20 प्रतिशत हो गई है। नई दरें एक अगस्त 2024 से प्रभावी हो गईं।

## हरिद्वार में कांवड़ियों का सैलाब



श्रावण के पवित्र महीने में शिवभक्त कांवड़ यात्रा निकालते हैं। इस दौरान वे पवित्र नदियों से जल लेकर शिवालयों में भगवान शिव का जलाभिषेक करते हैं। गुरुवार को शिवरात्रि की पूर्व संध्या पर हरिद्वार में हर की पैड़ी पर गंगा नदी से जल लेने के लिए उमड़ा लाखों कांवड़ियों (शिवभक्तों) का सैलाब। ● अमृत विचार

**जीवन के साक्ष्य** — मंगल पर सूक्ष्म जीवन के संकेत देती है नासा के पर्सिवरेंस रोवर की खोज

## लाल ग्रह मंगल पर मिले तेंदुए के दिलचस्प निशान

बबलू चंद्रा, नैनीताल

- तेंदुए के निशान चेयावा की चट्टान पर पाए गए

**अमृत विचार :** लाल ग्रह मंगल पर तेंदुए के धब्बे जैसे निशान मिले हैं। वैज्ञानिकों का मानना है कि इससे प्राचीनकाल में मंगल पर सूक्ष्म जीवन होने के संकेत मिलते हैं। नासा के पर्सिवरेंस रोवर द्वारा यह खोज हुई है। तेंदुए के निशान चेयावा की चट्टान पर पाए गए हैं।

मंगल पर दुनिया के वैज्ञानिकों की नजर केंद्रित है। जिसके चलते आए दिन मंगल के बारे में कुछ न कुछ जानकारी सामने आती रहती है। नई खोज को लेकर नासा का कहना है कि यह धब्बे मंगल की धरती पर प्राचीनकाल के साक्ष्य हैं। संभव है कि अरबों साल पहले मंगल ग्रह पर सूक्ष्मजीवी जीवन के सबूत हो सकते हैं। जिस स्थान पर यह निशान मिले हैं, वह जेज़ेरो क्रेटर में प्राचीन मंगल ग्रह की नदी के तल में है। इस चट्टान में रासायनिक निशान और संरचनाएं दिखती हैं, जो अरबों साल पहले माइक्रोबियल जीवन द्वारा उत्पादित की गई हो सकती हैं। इसकी संरचनाओं में कार्बनिक यौगिक और खनिज पदार्थ भी शामिल हैं। जिनसे पानी की मौजूदगी के संकेत मिलते हैं। बहरहाल इसके आगे के कई विश्लेषण होने हैं। जिनसे कई नए रहस्य उजागर होंगे। कैलिफोर्निया के परियोजना वैज्ञानिक केन फार्ले का कहना है कि चेयावा फॉल्स सबसे रहस्यमय, जटिल और संभावित रूप से महत्वपूर्ण चट्टान है। जिसकी पर्सिवरेंस रोवर द्वारा जांच की गई है। जिससे कार्बनिक पदार्थ की सम्मोहक खोज हुई है। साथ ही रासायनिक प्रतिक्रियाओं के संकेत देने वाले विशिष्ट रंगीन धब्बे मिले हैं। इन सब जानकारियों से मंगल के बारे में अध्ययन की हमारी जिज्ञासा बढ़नी स्वाभाविक है।



मंगल ग्रह पर एक चट्टान पर मिले धब्बे जैसे निशान।

### मंगल ग्रह पर जीवन के प्रति बढ़ने लगा खगोलविदों का विश्वास

मंगल ग्रह पर जीवन को लेकर खगोलविदों का विश्वास शुरू से ही रहा है, और जैसे-जैसे नई जानकारियां सामने आ रही हैं, उससे वैज्ञानिकों का विश्वास गहराया है। इसमें संदेह नहीं कि लाल ग्रह मंगल मानव का भविष्य है।


॥ ॐ नमः शिवाय ॥
सभी नगरवासियों को
श्रावण मास
शिव तेरस की
हार्दिक शुभकामनाएं
कपिल गुप्ता
OLF
सामाजिक कार्यकर्ता


एस.के. चैरिटेबल ब्लड सेन्टर
रक्तदान कर किसी की जान बचायें
आइए करें रक्तदान जीवन के लिए
समस्त क्षेत्रवासियों को
श्रावण मास शिव तेरस की
हार्दिक शुभकामनाएं
रवि मिश्रा
मैनेजिंग डायरेक्टर
एस.के. चैरिटेबल ब्लड बैंक
राष्ट्रीय सचिव मानव अधिकार
एवं सामाजिक सुरक्षा संरक्षण
(9193262624)
सौजन्य से:-
एस.के. चैरिटेबल ब्लड सेन्टर
देवरखेड़ा, चंदौसी


॥ गुरु गोरखनाथ महाराज की जय ॥
॥ भारत माता की जय ॥
॥ ॐ शिव शक्ति ॐ ॥
॥ ॐ नमः शिवाय ॥
R.S.S.S
आदरणीय महंत ब्रह्मलीन दिग्विजय नाथ जी
पूर्व सांसद एवं दादा गुरु गोरक्ष पीठ, गोरखपुर
राष्ट्रीय संत ब्रह्मलीन अवेद्यनाथ जी महाराज
एड. राजेन्द्र प्रसाद लोधी
अध्यक्ष, बार एसोसियेशन, रामपुर
प्रदेश संयोजक
गेंदन लाल सैनी
प्रदेश प्रभारी
राजीव गुप्ता
प्रदेश उपाध्यक्ष
ठाकुर अमरपाल सिंह
प्रदेश मंत्री
रवि चौधरी
प्रदेश उपाध्यक्ष
एड. कपिल देव कोरी
प्रदेश उपाध्यक्ष
एड. गुरनाम सिंह सिद्धू
अध्यक्ष, बार एसोसियेशन, स्वार-रामपुर
प्रदेश महामंत्री
एड. शिव नरेश तोमर
सैक्रेट्री बार एसोसियेशन, रामपुर
प्रदेश अध्यक्ष
संजय गुप्ता
(राष्ट्रीय अध्यक्ष)
राष्ट्रीय शिव शक्ति सेना (R.S.S.S) की ओर से सभी देशवासियों को
श्रावण माह की शिव तेरस, स्वतंत्रता दिवस,
रक्षा बंधन एवं जन्माष्टमी की
की हार्दिक शुभकामनाऐं
विरेन्द्र सिंह
मण्डल प्रभारी, मुरादाबाद
विपिन कुमार सिंह
जिला अध्यक्ष
सोनू लोधी
वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष
विश्वास कुमार सिंह
जिला प्रभारी
बल्लू
प्रदेश मीडिया प्रभारी
गुरमनजीत सिंह (हैप्पी)
प्रदेश अध्यक्ष
युवा मोर्चा
एड. उपेन्द्र गुप्ता
अध्यक्ष
अधिवक्ता प्रकोष्ठ
एड. विनोद कुमार सिंह
जिला मंत्री
अधिवक्ता प्रकोष्ठ
एड. राजीव गुप्ता
जिला उपाध्यक्ष
अधिवक्ता प्रकोष्ठ
एड. अलोक अग्रवाल
वरिष्ठ उपाध्यक्ष
अधिवक्ता प्रकोष्ठ
एड. राम प्रसाद
जिला प्रभारी
अधिवक्ता प्रकोष्ठ
एड. सत्यपाल सिंह
वरिष्ठ उपाध्यक्ष
अधिवक्ता प्रकोष्ठ
एड. विपिन कश्यप
जिला उपाध्यक्ष
अधिवक्ता प्रकोष्ठ
धरमेन्द्र गुप्ता
जिला उपाध्यक्ष
विकास गुप्ता
नगर महामंत्री
राम बिहारी
वरिष्ठ उपाध्यक्ष
बाबा रामदास
गौरक्षक संरक्षक
राजीव जैन
जिला मंत्री
जय कश्यप
जिला मीडिया प्रभारी
अंकित गुप्ता
जिला अध्यक्ष
युवा मोर्चा
अंकित कुमार जोशी
जिला उपाध्यक्ष
दिनेश सैनी
जिला सह मंत्री
अजय गुप्ता
जिला अध्यक्ष
मिर्जापुर
राजू सक्सेना
जिला मंत्री
डॉ. कपिल देव गुप्ता
जिला उपाध्यक्ष
विष्णु यादव
नगर उपाध्यक्ष
डी.के. यादव
नगर उपाध्यक्ष
लोकेश पाण्डे
जिला मंत्री
रमेश सैनी
जिला सचिव
सर्वेश कुमार सिंह
जिला उपाध्यक्ष
विजेन्द्र कश्यप
वरिष्ठ मीडिया प्रभारी
शिवम सक्सेना
नगर मंत्री
किशन लाल
वरिष्ठ उपाध्यक्ष
पूर्णिमा खन्ना
प्रदेश सचिव
महिला मातृ शक्ति
पूनम शर्मा
जिला अध्यक्ष
महिला मातृ शक्ति
मीना सैनी
जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष
महिला मातृ शक्ति
लक्ष्मी सागर
नगर अध्यक्ष
महिला मातृ शक्ति

पूरे भारत में सबसे कम फीस में अपने Business का रजिस्ट्रेशन कराएं घर बैठे
REGISTRATION INDIA™©
हजारों संतुष्ट ग्राहक
ITR फाइलिंग मात्र ₹999/-
We Provide all consultancy related Services to NGO, Trust, Society, Private Limited Company, GST Registration, ITR Filing, TDS, FSSAI, Income tax
अपना काम Expert CA और Expert Advocate से ही करायें और भविष्य में होने वाली परेशानियों से बचें।
• Ngo Registration
• Society Registration
• Trust Registration
• Section 8 Company Registration
• Project Report
• Audit Report
• Annual Report
ISO Registration
• 12A Registration
• 80G Registration
• Nielit Registration
• Niti Ayog Registration (NGO Darpan)
• E-Anudan, FCRA & MHRD
• One Person Company Registration
• Labour Department Registration
• Private Limited Company Registration
• MSME Registration & CSR
• Service Tax & DSC
• 35AC Registration
• Pan Card for Ngo
• PAN Registration
• Trade Mark Registration
• Copy Right Registration
• Patent Registration
अपने संस्थान की किसी भी प्रकार की वेबसाइट बनवायें।
Contact:
7500223290
7500277920
T&C Apply
एल.आई.सी. रोड, सिविल लाइन्स, रामपुर 244901 (यू.पी.) Email: teamindia5050@gmail.com

**आज का मौसम**

उमस भरी गर्मी रहेगी।

| | |
|---|---|
| 33.0⁰ अधिकतम तापमान | 27.0⁰ न्यूनतम तापमान |
| सूर्योदय 05:36 | सूर्यास्त 07:06 |

श्री माधव
आई एवं हार्ट केयर सेन्टर
healthy Eye is the main source of your strength.

डॉ. उपमा अवस्थी
एम.एस ऑफ्थैल्मोलॉजी जी.एस.वी.एम. कानपुर पूर्व फेलो इन फेको (श्रॉफ आई, दिल्ली) पूर्व फेलो इन विट्रियो-रेटीना (दिल्ली) पूर्व विट्रियो रेटीना कंसलटेन्ट सी.एल. गुप्ता, मुरादाबाद यू.पी.एम.सी. रजि. नं. 56677
ओ.पी.डी.समय
सोमवार से शनिवार सुबह 10 बजे से 5 बजे तक
श्री माधव आई सेन्टर
अन्य सुविधाएं:- पैथोलॉजी, फार्मेसी, ऑप्टीकल्स
पता- MIG 14, आशियाना फेज-1, कांठ रोड, मुरादाबाद- 244001
अपाइंटमेंट के लिए कॉल करें
Mob. 9528466434
Email:smehcc@hotmail.com

श्री बाली जी एण्ड पार्टी
हमारे यहाँ श्रीमदभागवत कथा, श्रीराम कथा एवं समस्त धार्मिक प्रोग्रामों को संगीतमय कराने हेतु सम्पर्क करें।

भागवत आचार्य:- श्री शिव कुमार जी
मो.- 9410478735
पता- गोविन्द नगर, ब्लॉक-बी, मुरादाबाद-244001

# पंडित नगला बाईपास पर स्कूल वाहन में लगी आग, बड़ा हादसा टला

## मैजिक वाहन में बच्चों को स्कूल लेकर जा रहा था चालक, सभी सुरक्षित बाहर निकाले गए

- अग्निशमन विभाग की टीम ने 10 मिनट में आग पर काबू पाया
- राहगीरों व ठेले वालों ने बचाई बच्चों की जान, मची अफरा-तफरी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



पंडित नगला बाईपास पर स्कूल वाहन में लगी आग बुझाते दमकलकर्मी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** कटघर थाना क्षेत्र के बाईपास पर रेलवे क्रॉसिंग के पास गुरुवार सुबह सात बजे स्कूल के बच्चों को ले जा रहे मैजिक वाहन में अचानक आग लग गई। इससे अफरा-तफरी मच गई। गनीमत रही कि चालक और वहां मौजूद लोगों ने बच्चों को समय रहते सुरक्षित बाहर निकाल लिया। देखते ही देखते मैजिक वाहन से आग की ऊंची लपटें उठने लगी। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने किसी तरह आग पर काबू पाया। जिससे हादसा टल गया।

थाना कटघर के पंडित नगला बाइपास पर मैफेयर कॉलेज कैंपस में दिल्ली पब्लिक ग्लोबल स्कूल संचालित है। गुरुवार सुबह स्कूल की वैन नंबर-2 (टाटा मैजिक) हनुमान मूर्ति और आसपास के इलाके से बच्चों को लेकर स्कूल जा रही थी। जिसमें दस बच्चे सवार थे। स्कूल वाहन जब पंडित नगला बाईपास पर रेलवे क्रॉसिंग के पास पहुंचा तभी उसके बोनट से अचानक धुआं उठने लगा। नजर पड़ने पर चालक ने तत्काल वाहन रोक लिया और बच्चों को उतारने लगा। पास ही खड़े ठेले वालों और अन्य राहगीरों ने भी तत्परता दिखाते हुए आनन-फानन में स्कूल वाहन से सभी बच्चों को निकाल कर दूर खड़ा करा दिया। देखते ही देखते मैजिक वाहन धू-धू कर जलने लगा और आग की ऊंची-ऊंची लपटें उठने लगी। सूचना पर थाना कटघर के प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार अपनी टीम और अग्निशमन अधिकारी शिवकुमार दमकल वाहन के साथ मौके पर पहुंच गए। दमकल विभाग की टीम ने मशक्कत करके 10 मिनट के अंदर आग पर काबू पा लिया। लेकिन, जब तक आग बुझाई गई तब तक मैजिक वाहन बुरी तरह जलकर राख हो चुका था। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि आग लगने की सूचना पर वह टीम के साथ मौके पर गए थे। गनीमत रही कि चालक और वहां मौजूद कुछ ठेले वालों और राहगीरों ने समय रहते बच्चों को बाहर निकाल लिया था, इसलिए कोई जनहानि नहीं हुई। घटना के बाद बच्चों को दूसरे वाहन से स्कूल भेजा गया। आग की घटना से रेलवे फाटक के पास काफी देर तक अफरा-तफरी मची रही।

### चालक की सूझबूझ से बची बच्चों की जान

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** स्कूल वाहन के चालक विशाल शर्मा की सूझबूझ से अनहोनी टल गई और बच्चे सुरक्षित बच गए। बताया जा रहा है कि जैसे ही चालक को मैजिक वाहन में गड़बड़ी होने की आशंका हुई उसने कोई रिस्क नहीं लिया। चालक ने तत्काल वाहन को बीच सड़क पर रोककर उसमें बैठे बच्चों को उतार दिया। बच्चे मैजिक वाहन से नहीं उतारे जाते तो बड़ी अनहोनी हो सकती थी।

> पंडित नगला बाईपास पर एक स्कूल वाहन में आग लग गई थी। सूचना पर टीम ने मौके पर पहुंच कर आग बुझा दी। प्रथम दृष्टया वाहन में खराब वायरिंग के कारण शार्ट सर्किट होने से आग लगना प्रतीत हो रहा है। फिलहाल इस मामले की जांच कराई जा रही है।
>
> –ज्ञान प्रकाश शर्मा, एफएसओ

# गैस लीक होने से फटा सिलेंडर राजमिस्त्री के घर में लगी आग

- टीवी, फ्रिज, कूलर व बेड समेत जला लाखों रुपये का सामान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** गुरुवार को कटघर क्षेत्र में राजमिस्त्री ठेकेदार के घर में गैस लीक होने पर आग लग गई और सिलेंडर फटने से धमाका हो गया। आग ने चंद मिनटों ने ही इतना भयंकर रूप ले लिया कि परिवार के लोगों ने बमुश्किल जान बचाई। आधा घंटे में टीवी, फ्रिज, कूलर और बेड समेत सारा सामान जलकर राख हो गया। पीड़ित परिवार के लोग अग्निशमन विभाग को फोन करते रहे, लेकिन मदद के लिए कोई नहीं पहुंचा। आसपास के लोगों की मदद से राजमिस्त्री के परिजनों ने ही आग पर काबू पाया। आग से राजमिस्त्री को लाखों रुपये का नुकसान हुआ है।

थाना कटघर क्षेत्र के मैनाठेर की पुलिया निवासी राजमिस्त्री शराफत ठेकेदार गुरुवार सुबह काम पर गए हुए थे। उनका बेटा सलमान, उसकी पत्नी शाइस्ता, दूसरे बेटे शानू की पत्नी शाहिन और तीन बच्चे घर में थे। सलमान ने बताया कि उसकी पत्नी शाइस्ता दोपहर लगभग दो बजे चाय बनाने के लिए रसोईघर में गई थी। इस दौरान गैस लीक होने पर आग लग गई। आग लगने पर किसी तरह शाइस्ता ने अपनी जान बचाई। आग ने थोड़ी ही देर में इतना भयंकर रूप ले लिया कि घर का सामान जलने लगा। चूल्हे के बाद रसोईघर में रखा फ्रिज धू-धू कर जला उठा। सिलेंडर फटने से इतनी तेज आवाज हुई कि आसपास के लोग भी डर गए। बच्चे सहमकर घर से बाहर निकल गए। सूचना मिलने पर फत्तेहपुर खास से सलमान के बहनोई जहांगीर हुसैन भी पत्नी के साथ दौड़े चले आए। सलमान ने बताया कि अग्निशमन विभाग को कई बार फोन करके सूचना दी गई, लेकिन कोई आग बुझाने में मदद के लिए नहीं पहुंचा। जहांगीर हुसैन ने बताया कि आग लगने से डेढ़ लाख रुपये का सामान जला है। बच्चों के कपड़े भी जल गए हैं। फ्रिज, कूलर, टीवी सब कुछ जलकर राख हो गया है। बाकी बेड में रखे सामान के बारे में पता कर रहे हैं।

## अय्याशी का विरोध करने पर पति ने पत्नी को पीटा

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** पति के कई महिलाओं से अवैध संबंध और उनके साथ अय्याशी का विरोध करना पत्नी को भारी पड़ गया। विरोध पर पति ने अपने जीजा व भतीजे के साथ मिलकर पत्नी को बुरी तरह पीट दिया। घायल पत्नी का जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है। पीड़िता ने आरोपी पति समेत अन्य आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

थाना मझोला क्षेत्र की मियां कालोनी जयंतीपुर निवासी महिला नाजिया परवीन ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उसके पति जफर का कई महिलाओं से अवैध संबंध है और उनके साथ अय्याशी करता है। महिला जब इसका विरोध करती है तो पति उसके साथ मारपीट करता है। महिला का आरोप है कि बीती 27 जुलाई को उसने अपने पति जफर से अन्य महिलाओं से संबंध रखने से मना किया तो पति ने अपने जीजा असलम व भतीजे युनूस के साथ मिलकर जान से मारने की नीयत से उसकी पिटाई कर दी। मारपीट में वह बेहोश हो गई। बाद में उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया और अब भी उसका उपचार चल रहा है। पीड़िता की शिकायत पुलिस ने आरोपी जफर, उसके जीजा असलम व भतीजे युनूस के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच करनी शुरू कर दी है।



पहाड़ों पर हो रही बारिश से रामगंगा नदी का जलस्तर बढ़ गया है। लकड़ी का बना अस्थायी पुल पहली बारिश में ही बह चुका है। दो वक्त की रोटी के लिए बड़ी संख्या में गांवों से मजदूर आते हैं। शाम को नाव पर बैठकर अपने घरों को वापस जाते मजदूर। ● अमृत विचार

## पोल गिरने से पांच घंटे बिजली आपूर्ति बाधित

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** नया मुरादाबाद में गुरुवार की सुबह 33 हजार केवी का पोल गिर गया। जिससे नया मुरादाबाद के कई क्षेत्रों की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। पांच घंटे की मशक्कत के बाद दोपहर बाद आपूर्ति सुचारु हो पाई।

गुरुवार की सुबह करीब साढ़े नौ बजे नया मुरादाबाद हाईवे के पास से गुजर रही 33 हजार केवी की ट्रांसमिशन लाइन का पोल गिर गया, जिससे पूरे नया मुरादाबाद के सभी इलाके की बिजली गुल हो गई। जानकारी मिलते ही बिजली विभाग की टीम मौके पर पहुंची। जेई टीएन भास्कर ने बताया कि सुबह 33 केवी का हाइटेंशन पोल गिरने से पूरे इलाके की बिजली चली गई, जिसको पांच घंटे बाद आपूर्ति सुचारु कराई जा सकी। कहा कि नया मुरादाबाद में पुरानी बिजली लाइनों की वजह से आए दिन परेशानी उठानी पड़ रही है।



मुरादाबाद विकास प्राधिकरण कार्यालय में बेसमेंट को लेकर बैठक करते उपाध्यक्ष शैलेष कुमार। ● अमृत विचार

# अवैध बेसमेंट संचालकों पर होगी कार्रवाई

- एमडीए उपाध्यक्ष ने अधिकारियों के साथ की बैठक

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** दिल्ली में हुई बेसमेंट में संचालित कोचिंग सेंटर की घटना के बाद गुरुवार को मुरादाबाद विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष शैलेष कुमार सिंह ने कार्यालय में बैठक की। महानगर में बनाए गए बेसमेंट का सर्वेक्षण कराने के आदेश दिए। मानकों के विपरीत बेसमेंट की सूची शीघ्र उपलब्ध कराने के लिए कहा। जिससे ऐसे बेसमेंट संचालकों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जा सके।

एमडीए उपाध्यक्ष ने बैठक में कहा कि महानगर में बड़ी संख्या में बेसमेंट का उपयोग अनुमोदन के विपरीत अन्य कारणों के लिए किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सर्वे का कार्य खत्म होते ही सीलिंग व ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की जाएगी। उपाध्यक्ष ने बताया कि महानगर के लोग भी अवैध बेसमेंट के बारे में सूचना प्राधिकरण के अधिकारियों के सीयूजी नंबरों पर दे सकते हैं। उनका नाम गोपनीय रखा जाएगा। बड़ी संख्या में अवैध बेसमेंट के बारे में जानकारी आई भी है। जिनका सर्वे कराने के बाद अनधिकृत बेसमेंट बनाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। बैठक में एमडीए की सचिव अंजूलता, अमित कादियान, संपत्ति अधिकारी आरआरपी सिंह, जेएन जगूड़ी, पारुल तरार, मेधा यादव, इलियास खान, सागर गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### नल पर कपड़े धो रही महिला के साथ छेड़छाड़, रिपोर्ट

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** नल पर कपड़े धो रही महिला के साथ दबंग युवक ने छेड़छाड़ की। महिला ने विरोध किया तो आरोपी ने उसके साथ मारपीट की। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। थाना मझोला क्षेत्र के निवासी महिला ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि बीती 30 जुलाई की दोपहर 12 बजे वह अपने घर के बाहर लगे सरकारी नल पर कपड़े धो रही थी। आरोप है कि तभी वहां मोहल्ले का दबंग युवक सोनू आया और उसने अश्लील हरकतें करते हुए महिला के साथ छेड़छाड़ की। महिला ने विरोध किया तो आरोपी सोनू ने लोहे के पाइप से उसके साथ मारपीट की। जिससे महिला घायल हो गई। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी सोनू के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### युवती लापता, मोहल्ले के दो भाइयों पर आरोप

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मझोला थाना क्षेत्र में एक युवती अचानक लापता हो गई। युवती के पिता ने मोहल्ले के ही युवक पर आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। थाना मझोला क्षेत्र के पुराना मझरा निवासी सुरेश ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उसकी बेटी बीती 28 जुलाई को मोहल्ले के ही युवक शैंकी के बहलाने पर उसके साथ कहीं चली गई है। जिसमें शैंकी के भाई विशाल ने बेटी को भगा कर ले जाने में मदद की है। इतना ही नहीं जब वह शैंकी के घर गया तो उसके परिवार वालों ने गाली-गलौच की। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**मायूसी** मूंढापांडे हवाई अड्डे से लखनऊ के लिए विमान सेवा की शुरूआत कराने में जुटे हैं अधिकारी

# विमानों की उड़ान को अभी करना पड़ेगा इंतजार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** 10 मार्च को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों वर्चुअल लोकार्पण के बाद भी मुरादाबाद के भदासना स्थित हवाई अड्डे से विमान सेवा की उम्मीद अभी सपना है। विमानन कंपनी फ्लाई बिग और हवाई अड्डा प्राधिकरण के अधिकारी पहले देहरादून से उड़ान शुरू करने की बात कर रहे थे पर अब पहले चरण में लखनऊ की सेवा शुरू कराने के प्रयास में जुटने का दावा कर रहे हैं। हालांकि अभी भी तारीख फाइनल नहीं हो पाई है।

लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया की दौरान आजमगढ़ में आयोजित जनसभा में वहां के एयरपोर्ट के साथ मुरादाबाद के मूंढापांडे के भदासना हवाई अड्डे का लोकार्पण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस साल 10 मार्च को किया था। 17 जुलाई को विमान सेवा शुरू कर पहली फ्लाइट देहरादून के लिए भेजने की बात विमान सेवा प्रदाता कंपनी की ओर से की गई। लेकिन ऐन वक्त पर इसे भी टाल दिया गया। अब लखनऊ से विमान सेवा शुरू करने में जुटने का दावा अधिकारी कर रहे हैं। लेकिन तारीख तय नहीं है।




### फ्यूल स्टेशन का न होना बड़ी अड़चन

हवाई अड्डे से विमानों की उड़ान शुरू होने के लिए सबसे जरूरी फ्यूल स्टेशन है। लेकिन अभी तक इसकी स्थापना नहीं हो पाई है। जिससे विमानों की उड़ान शुरू होने में अड़चन बनी है। कई बार मीडिया रिपोर्ट्स में तारीख तय होने की बात सामने आने के बाद फिर कंपनी के कदम पीछे खिंच जाते हैं।

> मूंढापांडे के भदासना हवाई अड्डे से विमान सेवा शुरू कराने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। पहले लखनऊ की उड़ान होगी। लेकिन इसमें बाधा फ्यूल स्टेशन की स्थापना न होना है। इसके लिए आपत्तियों के निस्तारण व अन्य औपचारिकता पूरी कराई जा रही है। उड़ान की अभी कोई तारीख निश्चित नहीं है।
>
> –शिवानी जैन, महाप्रबंधक, विमान सेवा प्रदाता कंपनी फ्लाई बिग

**यह है हवाई अड्डे की स्थिति और विशेषताएं**

| | |
|---|---|
| स्वामित्व | एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया |
| एयरलाइन कंपनी | फ्लाई बिग |
| उद्घाटन | 10 मार्च 2024 |
| कुल क्षेत्रफल | 157.65 एकड़ |
| टर्मिनल भवन का क्षेत्रफल | 1250 वर्ग मीटर |
| व्यस्ततम समय में सेवा क्षमता | 100 यात्री |
| वार्षिक क्षमता | एक लाख यात्री |
| चेक इन काउंटर | 4 |
| कन्वेयर बेल्ट | 9 |
| एक्स बीआईएस मशीन | 2 |
| परियोजना लागत | 28.90 करोड़ रुपये |
| पार्किंग वे | 2 |
| पार्किंग क्षमता | 100 कारों के लिए |
| पहले चरण में विमान सेवा की क्षमता | 19 सीटर |

## बाजार से घर जा रहीं दो बहनों के साथ छेड़छाड़

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में बाजार से घर जा रहीं दो सगी बहनों के साथ मोहल्ले के युवक छेड़छाड़ कर दी। पीड़ित बहनें शिकायत करने आरोपी के घर गईं तो परिवार के लोगों ने उन्हें मारपीट कर जख्मी कर दिया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

थाना सिविल लाइंस क्षेत्र की रहने वाली युवती ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह अपनी बहन के साथ बाजार से घर जा रही थी। तभी रास्ते में अजीम नाम के युवक ने उन्हें रोका और छेड़छाड़ करते हुए गाली-गलौच करने लगा। बाद में दोनों बहनें जब आरोपी की शिकायत करने उसके घर गईं तो वहां बहन फरहीन, मां रिजवाना व अजीम ने गाली-गलौच करते हुए मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान अजीम ने एक बहन के सिर पर भारी वस्तु से वार कर दिया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# एजेंसी के पैसे मांगने पर नौकर ने मालिक को पीटा, रिपोर्ट दर्ज

- आरोपी नौकर व उसके भाई की पुलिस कर रही तलाश
- पीड़ित के पास है फिलिप्स कंपनी की एजेंसी, उसी पर रखा था काम पर

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** कटघर थाना क्षेत्र के अंतर्गत मालिक ने नौकर से एजेंसी के पैसे मांगे तो आरोपी ने अपने भाई के साथ मिलकर दुकानदार की पिटाई कर दी। पीड़ित दुकानदार ने आरोपी व उसके भाई के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

थाना मझोला क्षेत्र के लाइनपार निवासी जोगेंद्र ने थाना कटघर पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उसकी फिलिप्स कंपनी की एजेंसी है। जिस पर मोहल्ला महबुल्लागंज निवासी रवि कुमार काम करता है।

जोगेंद्र ने बताया कि जिन दुकानों पर वह अपनी एजेंसी का माल भेजते हैं, उन दुकानों से रवि कुमार पैसे लेकर आता है। काफी दिनों पहले रवि दुकानों से पैसा लाया, लेकिन अपने मालिक को नहीं दिया। मालिक जोगेंद्र ने एजेंसी के पैसे मांगे तो टालता रहा।

जोगेंद्र का आरोप है कि 28 जुलाई को वह अपने पैसे लेने के लिए रवि कुमार के घर गया था तो उसने अपने भाई के साथ मिलकर उसके साथ मारपीट की, साथ ही जान से मारने की धमकी दी।

थाना कटघर प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपी रवि कुमार और उसके भाई के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

## शहर में आज



☞ हरदोई में अधिवक्ता की हत्यारोपियों पर कार्रवाई के लिए दि बार एसोसिएशन एंड लाइब्रेरी का प्रतिनिधिमंडल जिलाधिकारी को ज्ञापन देगा 12 :00 बजे।

☞ लालबाग स्थित काली मंदिर में सायंकालीन आरती 7 :00 बजे।

## एक नजर

### मंडी इंस्पेक्टर महादेवी को सौंपा सचिव का कार्यभार

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मंडी सचिव का कार्यभार मंडी इंस्पेक्टर महादेवी संभालेंगी। मंडी सचिव ज्योति सिंह का तबादला होने के बाद कई दिनों से मंडी सचिव के पद का कार्य प्रभावित हो रहा था। जिसको देखते मंडी सभापति सिटी मजिस्ट्रेट किंशुक श्रीवास्तव ने बुधवार देर शाम सब्जी मंडी इंस्पेक्टर महादेवी को मंडी सचिव के पद भार की जिम्मेदारी सौंपी है। यह निदेशालय से मंडी सचिव तैनाती होने तक मंडी प्रभारी के रूप में कार्य देखेंगी।

### रवि यादव ने संभाला एक्सईएन का कार्यभार

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** बिजली विभाग में तबादलों का सिलसिला जारी है। गुरुवार को महानगर के डिवीजन प्रथम में नए एक्सईएन रवि यादव ने कार्यभार संभाल लिया है। एक्सईएन का बस्ती तबादला होने के बाद नोएडा में मुख्य अभियंता आफिस में तैनात एक्सईएन की यहां तैनाती की गई। वहीं द्वितीय डिवीजन में एक्सईएन के रिक्त पद पर गुरुवार को अरुण कुमार ने पदभार संभाल लिया।

### किशोरी के अपहरण में रिपोर्ट

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** कटघर थाना क्षेत्र में एक किशोरी लापता हो गई। किशोरी के पिता ने युवक पर अगवा करने का आरोप लगाते हुए उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। थाना कटघर क्षेत्र निवासी 17 वर्षीय किशोरी बुधवार रात घर से लापता हो गई। उसके पिता ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि ताजपुर निवासी अभिषेक उसकी बेटी को बहला फुसलाकर अगवा करके ले गया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

### 9 तक होंगे एमएड में दाखिले

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** हिंदू कॉलेज में एमएड प्रथम वर्ष सत्र 2024-25 में दाखिले नौ अगस्त तक होंगे। प्राचार्य प्रो. एसएस रावत ने बताया कि एमएड प्रथम वर्ष के लिए विवि द्वारा आयोजित प्रवेश परीक्षा में शामिल होने वाले छात्र ही दाखिले के लिए अर्ह हैं। वे सभी छात्र-छात्राएं ओपन मेरिट व बीएड अंक पत्र के साथ आठ अगस्त दोपहर दो बजे तक हिंदू कॉलेज की बेवसाइट पर रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं।



झांकी के साथ हरिद्वार से गंगाजल लेकर आते शिवभक्त। ● अमृत विचार



हरिद्वार से गंगाजल लेकर आता कांवड़ियों का जत्था। ● अमृत विचार

# सावन की शिवरात्रि पर जलाभिषेक को उमड़े शिवभक्त

## दिल्ली और कांठ रोड पर गूंजे बम-बम भोले के जयकारे, डीजे की धुन पर नाचते-गाते गुजरे कांवड़ियों के जत्थे

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** महानगर की सड़कों पर कांवड़ियों के जत्थे भगवान भोलेनाथ के जयकारों के साथ अपने गंतव्य की ओर बढ़ते रहे। हर ओर भगवा रंग देखने को मिल रहा है। कांठ रोड हो या दिल्ली रोड कांवड़ियों के जत्थे दिख रहे हैं। यह जत्थे हरिद्वार और बृजघाट से कांवड़ में गंगाजल लेकर आ रहे हैं। जहां देखो भोलेनाथ की भक्ति में मस्त कांवड़िये आगे बढ़ रहे हैं। भोले के भक्त शुक्रवार को सावन की शिवरात्रि पर अपने आराध्य का जलाभिषेक करेंगे।

सावन का महीना भगवान शिव को समर्पित होता है। शुक्रवार को शिवरात्रि है। इसके लिए कांवड़िये हरिद्वार और बृजघाट से गंगाजल लेकर आ रहे हैं। महानगर की सड़कों पर कांवड़ियों के बड़े जत्थे दिख रहे हैं। कांठ रोड पर बरेली, बदायूं, रामपुर, मिलक समेत अन्य शहरों के कांवड़िये हरिद्वार से गंगाजल लेकर आ रहे हैं। ट्रैक्टर-ट्राली, डीसीएम पर बड़े-बड़े डीजे और उसके पीछे सैकड़ों कांवड़िये माहौल भक्तिमय बना रहे हैं। कांवड़िये शिवभक्ति में मस्त पैरों में घुंघरु, भगवा रंग के वस्त्र पहने भोलेनाथ के भजनों पर नाचते गाते अपने गंतव्य की ओर बढ़ रहे हैं। महानगर के कांवड़िये ही हरिद्वार और बृजघाट से गंगाजल लेकर आ रहे हैं। महानगर के शिवालयों में भी शिवरात्रि की तैयारी पूरी हो गई है। कांवडिये तड़के से ही जलाभिषेक करेंगे।



### आज शिक्षण संस्थानों में रहेगा अवकाश

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** दो अगस्त को सावन की शिवरात्रि पर जिलाधिकारी अनुज सिंह ने जिले के सभी शिक्षण संस्थानों में अवकाश घोषित कर दिया है। जिलाधिकारी ने जारी आदेश में बताया कि सावन की शिवरात्रि पर बड़ी संख्या में शिवभक्त कांवड़िये मंदिरों में जलाभिषेक करते हैं। कांवड़ियों की अधिक संख्या के चलते जगह-जगह जाम की स्थिति होती है, जिससे दुर्घटना और शांति भंग होने की आशंका रहती है। इसको देखते हुए जिले के बेसिक शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा के अधीन यूपी बोर्ड, सीबीएसई, आईसीएसई बोर्ड, उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा, व्यवसायिक शिक्षा और चिकित्सा शिक्षा से संबंधित सभी स्कूल, कालेजों और संस्थानों में 2 अगस्त शुक्रवार को अवकाश घोषित कर दिया गया है। यदि किसी संस्था में किसी बोर्ड, विश्वविद्यालय या आयोग की ओर से कोई परीक्षा निर्धारित है तो वह अवकाश के दिन भी पूर्व की तरह कराई जाएगी।

### जिलाधिकारी ने अधिकारियों को सौंपी जिम्मेदारी

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** शुक्रवार को सावन महीने की शिवरात्रि पर महानगर के चौरासी घंटा मंदिर, ढाप वाला मंदिर सहित अन्य मंदिरों में जलाभिषेक किया जाएगा। इसको सकुशल कराने के लिए जिलाधिकारी अनुज सिंह ने प्रशासनिक अधिकारियों को जिम्मेदारी दी है। महानगर में अपर जिलाधिकारी नगर ज्योति सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट किंशुक श्रीवास्तव आदि कानून व्यवस्था की निगरानी करेंगी। उनके साथ पुलिस अधिकारी भी अपनी भूमिका का निर्वाह करेंगे। मंदिरों व आसपास के क्षेत्र में प्रशासनिक अधिकारी निगरानी करेंगे। वहीं जिलाधिकारी ने बिजली, स्वास्थ्य, सड़कों को ठीक कराने के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया है। कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए। मंदिरों के आसपास सफाई व पथ प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए नगर निगम के अधिकारियों से कहा है।



कलश में गंगाजल भरकर लाता शिवभक्त। ● अमृत विचार

### 19 अगस्त तक चलेगी कांवड़ यात्रा

माना जाता है कि जो लोग कांवड़ यात्रा करते हैं, उन्हें भगवान शिव के जलाभिषेक के लिए गंगाजल लेकर अपने आसपास के शिव मंदिरों में शिवरात्रि के दिन किसी भी हाल में पहुंचना होता है। सावन शिवरात्रि के दिन जलाभिषेक के बाद ही कांवड़ यात्रा पूरी होती है और उसका शुभ फल मिलता है। हालांकि, कांवड़ यात्रा सावन शिवरात्रि के बाद भी जारी रहती है, जो लोग सावन शिवरात्रि पर भोलेनाथ का जलाभिषेक नहीं कर पाते हैं, वे सावन मास की पूर्णिमा तक शिवलिंग का जलाभिषेक कर सकते हैं। कांवड़ यात्रा 19 अगस्त तक चलेगी।

### शिवरात्रि पर है जलाभिषेक का खास महत्व

हरथला शिवमंदिर के पंडित मनोज शास्त्री ने बताया कि वैसे तो सावन माह के किसी भी दिन जलाभिषेक किया जा सकता है, लेकिन कांवड़ियों के लिए जलाभिषेक के लिए सावन की शिवरात्रि का दिन खास होता है। इस दिन में वे अपने क्षेत्र के शिव मंदिरों में जलाभिषेक करते हैं।

### आज न्यायिक कार्य से विरत रहेंगे अधिवक्ता

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** हरदोई में अधिवक्ता की हत्या के विरोध और सावन माह की शिवरात्रि पर रास्ते बंद होने के कारण शुक्रवार को अधिवक्ता न्यायालय में न्यायिक कार्य से विरत रहेंगे। दि बार एसोसिएशन एंड लाइब्रेरी के महासचिव अभिषेक भटनागर ने बताया कि दोपहर में अधिवक्ता जिलाधिकारी को ज्ञापन देंगे।

# टीम ने सेल्स टैक्स कार्यालय के पीछे अतिक्रमण चिह्नित किया

● नाले व साइड पटरी पर अतिक्रमण करने वालों को दी चेतावनी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** नगर निगम की प्रवर्तन दल की टीम ने गुरुवार को सेल्स टैक्स कार्यालय के पीछे 24 मीटर रोड पर सार्वजनिक नाले व साइड पटरी पर अतिक्रमण चिह्नित किया। खोखा रखकर किए पक्के निर्माण से जल निकासी अवरूद्ध होने पर चेतावनी देते हुए अतिक्रमणकारियों से कहा कि इसे स्वयं हटा लें। अन्यथा निगम की टीम कार्रवाई करेगी और सामान भी जब्त कर जुर्माना वसूलेगी। इस दौरान प्रवर्तन दल के प्रभारी एसके शाही के अलावा क्षेत्रीय निरीक्षक आदि मौजूद रहे।

वहीं निर्माण अनुभाग की ओर से लालबाग मनोकामना मंदिर वाली गली का निर्माण कार्य कराया गया। इसी क्रम में जयंतीपुर, पंडित नगला, भोलानाथ कॉलोनी, जाहिद नगर करूला में मड पंप लगाकर जलनिकासी कराई गई। कई अन्य स्थानों पर नाला निर्माण कराया गया। नगर निगम के जलकल अनुभाग की टीम ने जन शिकायत के आधार पर वार्ड नंबर 2, 8, 20, 34, 46, 58, 59 और 60 में पेयजल पाइपलाइन की लीकेज की मरम्मत कराई गई। वार्ड 16, 20, 21, 44, 46 में सीवर की सफाई कराई गई। वार्ड 2, 19, 21, 31, 64 में गंदा पानी आने की शिकायत पाइपलाइन की सफाई व मरम्मत कर कराया गया।

## आज सुबह आठ बजे तक नहीं चलेगा कोई वाहन

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** शिवरात्रि पर कांवड़ियों की ज्यादा भीड़ तय मानकर गुरुवार शाम पांच बजे से दिल्ली हाईवे पर सभी तरह के वाहनों का संचालन रोक दिया जाएगा। यह व्यवस्था शुक्रवार सुबह आठ बजे तक के लिए रहेगी। इस पाबंदी के बीच मुरादाबाद-दिल्ली रूट पर कार और बाइक भी नहीं चलेंगी। हाईवे की दोनों लेन सिर्फ कावंड़ियों के लिए आरक्षित रहेंगी। एसपी यातायात सुभाष चंद्र गंगवार ने बताया कि शिवरात्रि शुक्रवार की है। इस अवधि में बृजघाट से इधर आने वाले कांवड़ियों की संख्या अधिक होगी, इसीलिए यह पाबंदी लगाई जा रही है। एसएसपी सतपाल अंतिल ने बताया कि हाईवे समेत सभी कांवड़ रूटों की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। पाबंदी के दौरान पुलिस वाहन, एंबुलेंस और इमरजेंसी सेवा में लगे वाहनों को छूट रहेगी।

# प्रसाद समझकर भांग का न करें सेवन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** रामगंगा विहार स्थित एक बैंक्वेट हॉल में गुरुवार को सत्संग का आयोजन किया गया। इसमें आचार्य धीरशान्त दास अर्द्धमौनी ने बताया कि समुद्र मंथन में चौदह रत्नों की प्राप्ति हुई। सबसे पहले हलाहल विष प्रकट हुआ। जिसे महादेव शिव ने धारण किया और नीलकंठ कहलाये।

बताया कि महादेव शिव परम वैष्णव हैं इनको भांग, धतूरा एवं विषैले तत्वों को अर्पित कर सकते हैं। लेकिन, इनको प्रसाद समझकर सेवन नहीं करना चाहिए। संसार को विष से बचाने के लिए भोलेनाथ ने विष धारण किया। लेकिन, कुछ अज्ञानी एवं अति उत्साहित लोगों ने महादेव की बूटी बताकर, समाज को नशे की लत लगा दी जो सही नहीं है। वास्तव में तो शिव भक्तों को भांग के प्रसाद से भी बचना चाहिए। जगत को भोग्य रूप में देखने वाले देहाभिमानी स्त्री-पुरुषों के लिए विष की प्राप्ति होती है। कार्यक्रम में लीना रस्तोगी, रतिश रस्तोगी, आयुष रस्तोगी, केके मिश्रा, विपिन गुप्ता, अलका रस्तोगी, सुमेधा, विशाल, चांदनी, उदय, नलिन चौधरी, कोकिल, कार्तिकेय, महन्त गुरविंदर सिंह, ज्ञानेंद्र गांधी, संजीव कुमार, सुधांशु अग्रवाल, मनोज रस्तोगी, अनुज रस्तोगी, रविन्द्र गोयल, गोविन्द राम गुप्ता, रवि टंडन आदि भक्त मौजूद रहे।



सत्संग में भजन सुनते लोग। ● अमृत विचार

मांगा सहयोग | जीआईएस सर्वे की आपत्तियों के समाधान व कर लगाने के बारे में हुई चर्चा

# आईएमए पदाधिकारियों संग नगर आयुक्त ने की बैठक

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** जीआईएस सर्वे की आपत्तियों के निस्तारण व कर वसूली को लेकर नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल ने आईएमए के अध्यक्ष डॉ. रवि गंगल व अन्य चिकित्सकों के साथ गुरुवार को बैठक की। चिकित्सकों को क्लीनिक, नर्सिंग होम व उनके भवन के टैक्स निर्धारण के बारे में जानकारी देकर सहयोग मांगा गया।

नगर आयुक्त ने बताया कि आईएमए के पदाधिकारियों व चिकित्सकों के साथ बैठक में उनके अस्पताल, क्लीनिक, नर्सिंग होम पर टैक्स लगाने के बारे में जानकारी दी गई। उनसे सुझाव लिए गए। जीआईएस सर्वे के अनुसार संपत्ति कर जमा करने के लिए कहा गया। कहा गया कि यदि किसी को आपत्ति हो तो वह बैनामा, स्वीकृत मानचित्र आदि के कागज के साथ 15 अगस्त तक साक्ष्य कार्यालय में दे दे। जिसका परीक्षण व स्थलीय जांच करने के बाद आपत्ति निस्तारित कर दिया जाएगा। चिकित्सकों को भवन के टैक्स निर्धारण की भी जानकारी निगम के अधिकारियों ने दी। नगर आयुक्त ने बताया कि किराया दरों की एक छायाप्रति आईएमए के अध्यक्ष डॉ. रवि गंगल को दी गई। बैठक में अस्पताल, नर्सिंग होम, क्लीनिकों के स्वामियों ने कर निर्धारण में छूट मांगा। जिस पर नगर आयुक्त ने बताया कि उत्तर प्रदेश नगर निगम अधिनियम 1959 के प्रावधान के अन्तर्गत स्व कर नियमावली 2014 के नियमों के अनुसार ही छूट मिलेगी। नगर आयुक्त ने सभी चिकित्सकों व आईएमए के पदाधिकारियों से सहयोग मांगा। कहा कि यदि किसी को कोई समस्या हो तो वह सीधे उनके मोबाइल नंबर पर संपर्क कर सकता है। सभी से कर वसूली में सहयोग करने के लिए कहा। बैठक में अपर नगर आयुक्त अतुल कुमार, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी आरती सिंह, आईएमए की सचिव डॉ. श्रुति खन्ना, कोषाध्यक्ष डॉ. अनंत राणा व महानगर के अन्य चिकित्सक आदि शामिल रहे।



आईएमए अध्यक्ष व अन्य पदाधिकारियों के साथ बैठक करते नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल, साथ में अपर नगर आयुक्त प्रथम अतुल कुमार।



नगर विधायक रितेश गुप्ता को ज्ञापन देते व्यापारी। ● अमृत विचार

# नगर विधायक से मिले व्यापारी

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** व्यापारी सुरक्षा फोरम के प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को नगर विधायक रितेश गुप्ता से मुलाकात की। व्यापारियों ने स्मार्ट सिटी के नाम पर नगर निगम के अधिकारियों पर उत्पीड़न करने का आरोप लगाकर इसे रोकने की मांग की।

फोरम का प्रतिनिधिमंडल अध्यक्ष विजय मदन की अध्यक्षता में मिला। नगर विधायक से गुलजारीमल धर्मशाला रोड पर नगर निगम प्रशासन द्वारा व्यापारियों का उत्पीड़न और शोषण करने का आरोप लगाया। । नगर विधायक ने व्यापारियों को आश्वस्त किया कि किसी की दुकान नहीं तोड़ने दी जाएगी। वह सभी व्यापारियों के साथ हैं। प्रतिनिधिमंडल ने नगर विधायक को अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन दिया। इस दौरान नितिन राज, अजय नारंग, संजय मेहता, पार्षद देशरत्न कत्याल, गौरव श्रीवास्तव, अजय कक्कड़, अशोक रहेजा, मनीष नारंग, सुनील गुलाटी, नीरज बंसल, नाम अवतार रस्तोगी आदि उपस्थित थे।

ROHILKHAND CANCER INSTITUTE
150 बेड का विश्वस्तरीय कैंसर हॉस्पिटल
RADIOTHERAPY
TRUE BEAM STX LINAC
यह SRS, SBRT, IGRT, IMRT, VMAT और 3D CRT जैसी फोटॉन थेरेपी (6 Mv, 10Mv, 15Mv) पद्धतियाँ प्रदान करने में सक्षम है।

BRACHYTHERAPY
24 Channel

PET CT SCAN
बरेली मंडल की एक मात्र मशीन

FDG -PET CT
PSMA- PET CT (प्रोस्टेट कैंसर)
सोडियम फ्लोराइड बोन पीईटी
DOPA -PET CT (पार्किंसंस आवर्तक ब्रेन ट्यूमर, आदि)
द्वितीय पीढ़ी की मशीन जिससे कैंसर के स्टेज का पता चलता है
Immunotherapy & Chemotherapy
Dedicated Cancer Modular OT's
आयुष्मान कार्ड से 5 लाख तक का इलाज
हमारे विशेषज्ञ
डॉ. अर्जुन अग्रवाल (सर्जिकल ऑन्कोलॉजिस्ट)
डॉ. लक्ष्मण पांडे (रेडिएशन ऑन्कोलॉजिस्ट)
डॉ. आमिर मलिक (हेड एंड नेक कैंसर सर्जन)
डॉ. सिद्धार्थ अरोड़ा (क्लिनिकल ऑन्कोलॉजिस्ट)
डॉ. संदीप (मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट)
डॉ. चीना गर्ग (ऑन्कोपैथोलॉजिस्ट)
डॉ. अंकित कुमार (न्यूक्लियर मेडिसिन ऑन्कोलॉजिस्ट)
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 92581 16087, 78912 35003
रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल कैम्पस, सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

## एक नजर



रामगंगा विहार में खत्री समाज द्वारा सम्मानित किए गए छात्र-छात्राएं।

### गुरुजनों व मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** एलिट खत्री क्लब की ओर से गुरु वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम का आयोजन स्वतंत्रता सेनानी राजर्षि पुरुषोत्तम दास टंडन की जयंती पर किया गया। कार्यक्रम में हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट में 75 प्रतिशत से ज्यादा अंक लाने वाले 30 विद्यार्थियों को सम्मानित किया। गुरु वंदन में कैप्टन डॉ. मीनू मेहरोत्रा एवं शिरडी साई स्कूल के प्रधानाचार्य संदीप खन्ना को सम्मानित किया गया। साथ ही 28 अध्यापकों को भी सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. नीरज खन्ना रहे। इस दौरान डॉ. हरी खन्ना, सीए मनु मेहरोत्रा, नीरज सेठ, डॉ. संतोष मेहरोत्रा, अनिल कपूर, रत्न खन्ना, सुवेश कपूर, प्रदीप टंडन, आरके कपूर आदि मौजूद रहे।

# शूटरों ने मनाया तीसरे पदक का जश्न

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



शूटिंग प्रतियोगिता में स्वप्निल के कांस्य पदक जीतने पर खुशी मनाते खिलाड़ी।

- स्वप्निल कुसाले ने जीता कांस्य पदक, शूटरों के साथ महानगरवासियों में भी खुशी

**अमृत विचार:** महानगरवासियों के साथ-साथ स्थानीय शूटरों ने गुरुवार को ओलंपिक में मिले तीसरे पदक का जश्न मनाया। स्वप्निल कुसाले ने पेरिस ओलंपिक में इतिहास रचते हुए महानगर के लोगों को एक बार फिर झूमने का मौका दिया। इससे पहले मनु भाकर ने एकल और मनु भाकर, सरबजोत सिंह की जोड़ी ने कांस्य पदक जीतकर महानगरवासियों को खूब खुशी से झुमाया था। अब स्वप्निल कुसाले ने भी कांस्य पदक जीतकर देश का मान बढ़ाया है। खिलाड़ियों के साथ अन्य खेल प्रशंसक भी इस जीत का जश्न मनाते नजर आए।

भारतीय निशानेबाजों ने पेरिस ओलंपिक में ऐतिहासिक प्रदर्शन किया है। टूर्नामेंट के इतिहास में पहली बार भारत ने इस खेल में तीन पदक हासिल किए हैं। भारत को पेरिस ओलंपिक के छठे दिन 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन में अपना तीसरा मेडल मिला। स्वप्निल कुसाले ने अपने पहले ओलंपिक में भारत के लिए कांस्य पदक हासिल किया। 451.4 अंक हासिल करते हुए उन्होंने भारत की झोली में यह मेडल डाला। भारत को तीसरा पदक मिलने पर खिलाड़ी और खेल प्रशंसकों ने एक दूसरे का मुंह भी मीठा कराया। महानगर के शूटरों ने इस जीत को ऐतिहासिक बताया। शूटिंग कोच मुकुल टंडन ने कहा कि यह जीत स्थानीय शूटरों के लिए भी अहम है। इससे खिलाड़ियों को नई ऊर्जा मिलेगी। वहीं शूटर वंशिका विश्नोई ने कहा कि भारतीय शूटर इस बार कमाल कर रहे हैं। उनकी कड़ी मेहनत रंग ला रही है।

## दो निजी व्यक्ति काम करते पाए गए, डीएम ने नोटिस जारी करने के दिए निर्देश

# निरीक्षण में 19 अधिकारी व कर्मचारी मिले गैरहाजिर

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- कार्यालय संचालन में नियमों के पालन की दी हिदायत, बोले- निजी व्यक्तियों का नहीं हो दखल
- जिलाधिकारी ने कार्यालयाध्क्षों से स्पष्टीकरण तलब किया, संबधित अधिकारियों को दी चेतावनी

**अमृत विचार:** सरकारी कार्यालयों में सभी व्यवस्थाओं को दुरुस्त बनाने और कार्यालयों में निजी व्यक्तियों से कार्य न कराने की पड़ताल के लिए शासन के निर्देश पर गुरुवार को जिलाधिकारी अनुज सिंह ने विभिन्न कार्यालयों का प्रशासनिक अधिकारियों से औचक निरीक्षण कराया। 9 कार्यालयों के औचक निरीक्षण में 19 अधिकारी-कर्मचारी नदारद मिले। जबकि दो निजी व्यक्ति कर्मचारी के रूप में काम करते मिले। निरीक्षण कर रहे अधिकारियों ने संबंधित को चेतावनी भी दी है।

अधिकारियों की टीम नगर पंचायत अगवानपुर, संभागीय परिवहन अधिकारी कार्यालय, तहसील सदर, जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय, वित्त एवं लेखाधिकारी बेसिक शिक्षा कार्यालय, उप निबंधक प्रथम व द्वितीय, अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खंड प्रथम और द्वितीय, जिला अस्पताल तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय पहुंची। नगर पंचायत अगवानपुर में निरीक्षण के दौरान लेखराज नाम का प्राइवेट व्यक्ति कार्यालय में उपस्थित पाया गया साथ ही तहसील सदर में जरीफ अहमद नाम का निजी व्यक्ति मिला। संभागीय परिवहन अधिकारी कार्यालय में क्षेत्रीय निरीक्षक तकनीकी अजय तिवारी गैरहाजिर मिले। वित्त एवं लेखाधिकारी बेसिक शिक्षा कार्यालय में वित्त एवं लेखाधिकारी भी निरीक्षण के दौरान मौके पर नहीं मिले।

अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खंड प्रथम और द्वितीय के कार्यालय में असिस्टेंट अकाउंटेंट राशि औलख, कार्यकारी सहायक पवन कुमार, चंद्रशेखर भटनागर, अंकुर शर्मा, विकास यादव, गुलशन प्रकाश, गार्गी सहायक और टेक्नीशियन ग्रेड-2 हरीश कुमार अनुपस्थित मिले। मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में जिला एपिडेमियोलॉजिस्ट अजीजुररहीम, डेटा कम अकाउंट असिस्टेंट सचिन कुमार, अरशद कमाल, विनीत कुमार, मीनाक्षी शर्मा, मुनिशफल, करन सिंह और हरप्रकाश अनुपस्थित पाए गए। जिलाधिकारी ने प्राइवेट व्यक्तियों एवं गैरहाजिर अधिकारी व कर्मचारियों के संबंध में इन कार्यालयों के कार्यालयाध्यक्षों से स्पष्टीकरण तलब किया है। साथ ही गैरहाजिर अधिकारी एवं कार्मिकों के विरुद्ध कार्रवाई के लिए भी निर्देशित किया है। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया है कि कार्यालय संचालन में शासन के निर्देशों का सख्ती से अनुपालन होना चाहिए।

किसी भी रूप में सरकारी कार्यों में प्राइवेट व्यक्ति का दखल नहीं होना चाहिए। कर्मचारी और अधिकारी समय से अपने कार्यालय में उपस्थित होकर अपने पदीय दायित्वों का निर्वहन करें। भविष्य में औचक कराए जाने वाले निरीक्षण के दौरान यदि ऐसी अव्यवस्थाएं पाई जाती हैं तो कठोरतम कार्रवाई की जाएगी।

## सड़क पार कर रहे युवक को मारी टक्कर, मौत

**पाकबड़ा, अमृत विचार:** सड़क पार कर रहे युवक को कार ने टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही वह रोड पर जा गिरा और सामने से आ रही रोडवेज बस के नीचे आ गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे टीएमयू में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

सावन माह को लेकर ट्रैफिक को वन वे किया गया है। हाईवे पर एक बैंक्वेट हॉल के सामने एक युवक सड़क पार कर रहा था। दिल्ली की तरफ से आ रही कार ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही वह रोड पर जा गिरा और सामने से आ रही रोडवेज बस के नीचे आ गया। राहगीरों ने उसे बस के नीचे से निकाला। मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे तुरंत टीएमयू में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने बताया युवक की शिनाख्त इस्तकार (35) पुत्र सददर निवासी बांसनंगली थाना भोट जिला रामपुर के रूप में हुई है। वहीं दूसरे हादसे में बंगला गांव निवासी आकाश सैनी पाकबड़ा अपनी ससुराल जा रहा था। दिल्ली की ओर से आ रही सेंट्रो कार ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही वह गंभीर रूप से घायल हो गया। साथ जा रहे साथी आकाश को लेकर चले गए। चालक कार लेकर फरार हो गया।

# अवैध शराब की बिक्री रोकने को करें कार्रवाई

## जिले में शराब की दुकानों का निर्धारित समय-सीमा में कराया जाए संचालन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



छापेमारी के दौरान पकड़ी गई अवैध कच्ची शराब के साथ आबकारी विभाग की टीम। ● अमृत विचार

- जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई आबकारी विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी अनुज सिंह ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट में आबकारी विभाग के कार्यों की बैठक में समीक्षा की। जिला आबकारी अधिकारी को निर्देश दिया कि जिले में शराब की दुकानों का संबंधित आबकारी इंस्पेक्टर नियमित निरीक्षण करें और विभाग के नियमों के अनुसार विक्रय सुनिश्चित कराएं।

जिलाधिकारी ने कहा कि शराब की दुकान निर्धारित समय-सीमा में ही संचालित होनी चाहिए। साथ ही आबकारी नियमों के अनुरूप ही शराब की बिक्री की जाए। मानकों की किसी भी दशा में अनदेखी नहीं होनी चाहिए। अवैध शराब निर्माण और बिक्री के विरुद्ध भी अभियान में तेजी लाने के लिए जिलाधिकारी ने निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि सभी आबकारी इंस्पेक्टर अपने क्षेत्र में सतर्क दृष्टि बनाए रखें। नियमित रूप से औचक छापेमारी और अवैध शराब में लिप्त लोगों के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस के साथ कार्रवाई सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न की जाए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सत्यम मिश्र, अपर जिलाधिकारी नगर ज्योति सिंह के अलावा सभी आबकारी इंस्पेक्टर मौजूद रहे।

### छापेमारी में चार लोग पकड़े गए, 104 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** जिलाधिकारी अनुज सिंह के निर्देश पर जिले में अवैध मदिरा के निर्माण एवं बिक्री के विरुद्ध अभियान चलाया गया। इसमें आबकारी टीम ने आदर्श कालोनी, पंडित नगला, कटघर के अलावा करसरा, बिलारी, फौंदापुर, डिलारी और ठाकुरद्वारा में छापेमारी की गई। जिसमें चार लोग पकड़े गए व 104 लीटर अवैध कच्ची शराब पकड़ी गई। जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि छापेमारी के दौरान 104 लीटर अवैध कच्ची शराब पकड़े जाने के दौरान इस कार्य में लगे 4 लोग पकड़े गए। 350 किलोग्राम लहन मौके पर नष्ट कराया गया। उन्होंने बताया कि आगे भी अवैध मदिरा के निर्माण और बिक्री के विरुद्ध छापेमारी की जाएगी।

## सीए हत्याकांड में चार आरोपियों पर गैंगस्टर

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** सीए श्वेताभ तिवारी हत्याकांड के चार आरोपियों पर मझोला पुलिस ने गैंगस्टर की कार्रवाई की है। थाना मझोला प्रभारी निरीक्षक केके वर्मा की ओर से इस मामले में सरगना विकास शर्मा उर्फ गुग्गू, मूंढापांडे के पूर्व ब्लॉक प्रमुख ललित कौशिक, शूटर केशव सरन शर्मा और सहयोगी खुशवंत उर्फ भीम के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज की गई है।

थाना सिविल लाइंस क्षेत्र की रामगंगा विहार साईं गार्डन कालोनी निवासी सीए श्वेताभ तिवारी दिल्ली रोड मझोला स्थित बंसल कॉम्पलेक्स में अपना कार्यालय चलाते थे। 15 फरवरी 2023 को रात लगभग नौ बजे वह कार्यालय से घर के लिए निकले थे, इसी बीच बाइक सवार दो बदमाशों ने ताबड़तोड़ गोलियां बरसा कर उनकी हत्या कर दी थी। 31 मार्च 2023 को मझोला पुलिस ने पाकबड़ा के गांव गिदौड़ा निवासी शूटर केशव सरन शर्मा और कोतवाली के रेती स्ट्रीट निवासी मास्टर माइंटर विकास शर्मा उर्फ गुग्गू को गिरफ्तार कर हत्याकांड का खुलासा किया था। इसी के चलते एसएचओ मझोला की ओर से आरोपियों पर गैंगस्टर की कार्रवाई के लिए पत्रावली तैयार कर जिलाधिकारी के पास भेजी थी।



नवजात की मौत के बाद मौके पर पहुंची पुलिस। ● अमृत विचार

# प्रसव के दौरान नवजात की मौत होने पर परिजनों ने किया हंगामा

संवाददाता, पाकबड़ा

**अमृत विचार:** प्रसव पीड़ा के दौरान पाकबड़ा थाना क्षेत्र के नया मुरादाबाद सेक्टर 5 स्थित एक निजी अस्पताल में गुरुवार की सुबह प्रसूता को भर्ती कराया था। नवजात शिशु की प्रसव के दौरान मौत हो गई। परिजनों ने डॉक्टर पर उपचार में लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर कार्रवाई के लिए पुलिस को तहरीर दी है।

संभल जिले के असमोली थाना क्षेत्र स्थित ग्राम मढन टांडा कोठी निवासी किरन पत्नी अनिल उर्फ गुड्डू गर्भवती थी। प्रसव पीड़ा होने पर परिजनों ने गुरुवार की सुबह लगभग 11 बजे पाकबड़ा थाना क्षेत्र के नया मुरादाबाद सेक्टर 5 अल्फा हेल्थ केयर अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां चिकित्सक ने नार्मल डिलीवरी से ही बच्चा पैदा करने का आश्वासन दिया।। परिजनों का आरोप है नॉर्मल डिलीवरी के दौरान डॉक्टर की लापरवाही से बच्चे की जान चली गई। जिस पर परिजनों ने हंगामा शुरू कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझाने का प्रयास किया। परिजन नहीं माने और कार्रवाई की मांग पर अड़े रहे। परिजनों ने अस्पताल संचालक व डॉक्टर के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है। थाना प्रभारी सतेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि इस संबंध में तहरीर प्राप्त हुई है जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## 10 महीने के बच्चे का अपहरण, बरामद

**बरेली/मुरादाबाद, अमृत विचार :** थाना सुभाषनगर क्षेत्र में बुधवार को एक युवक महिला के घर से 10 महीने के बच्चे उठाकर ले गया। वह महिला का फोन भी ले गया। महिला ने थाना सुभाषनगर में रिपोर्ट दर्ज कराई। हालांकि पुलिस ने गुरुवार को मुरादाबाद के मझौला से बच्चे को बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

मूलरूप से किला छावनी निवासी खुशी राठौर सुभाषनगर में किराए के मकान में रह रही हैं। खुशी का आरोप है कि बुधवार को मुरादाबाद निवासी शिवा कमरे से उनके 10 महीने के बेटे डुग्गू और मोबाइल लेकर भाग गया। पुलिस ने मोबाइल लोकेशन के आधार पर बच्चे को बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

# दहेज की खातिर विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाला

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के अंतर्गत पति व ससुराल वालों ने दहेज के खातिर विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाल दिया। पीड़िता ने आरोपी पति व ससुराल वालों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

थाना सिविल लाइंस क्षेत्र निवासी राहिल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसका निकाह 18 जून 2020 को मझोला थाना के भोगपुर मिठौनी सिरकोई भूड़ निवासी शमीम के साथ हुआ था। महिला ने आरोप लगाया कि निकाह के बाद से पति शमीम, जेठ सलीम, ननद शहनाज, नंदोई शाहरूख, मूंढापांडे के गांव सैजना निवासी दूसरी ननद मेहनाज व नंदोई अय्यूब दहेज में बाइक की तीन लाख रुपये की मांग करने लगे। मांग पूरी न होने पर प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। पीड़िता के अनुसार 27 जून को दोनों मासूम बेटियों के साथ आरोपियों ने पीड़िता को घर से निकाल दिया।पीड़िता के अनुसार छह जुलाई को वह मायके में थी, तभी पति शमीम अपने दोस्त सलीम के साथ आया और गाली गलौज कर मांग पूरी कराने के लिए कहने लगा। बाद में मारपीट कर तीन तलाक दे दिया। जिसके बाद पीड़िता ने पुलिस को तहरीर दी। थाना सिविल लाइंस प्रभारी निरीक्षक मनीष सक्सेना ने बताया कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर पति समेत अन्य ससुरालियों के खिलाफ दहेज प्रताड़ना, मारपीट, तीन तलाक समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जांच कराई जा रही है।

## रोटरी क्लब मुरादाबाद ग्रेट ने मनाया अधिष्ठापन समारोह

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** रोटरी क्लब मुरादाबाद ग्रेट की ओर से गुरुवार को एक होटल में अधिष्ठापन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आरंभ मुख्य अतिथि द्वारा मां सरस्वती के चित्र के आगे दीप प्रज्जवलित कर किया गया।

मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक्ट गवर्नर दीपा खन्ना ने नये अध्यक्ष रामचंद्र सोती, सचिव अनिल शर्मा सहित बोर्ड सदस्यों को पद, निष्ठा एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। क्लब के अध्यक्ष रामचन्द्र सोती ने वर्ष (2024-25) के लिए सामाजिक सेवा प्रकल्प, क्लब की आगामी गतिविधियां और इस वर्ष को महिला सशक्तिकरण वर्ष मनाने का संकल्प लिया। पिछले वर्ष की अध्यक्ष इला सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया। सभा का संचालन रोटेरियन डॉ. गोविंद नौन्याल ने किया। इस दौरान सुशील साहू, दिवाकर अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल, प्रशांत सिंहल, संजीव सक्सेना, विजय अरोरा, राकेश कुमार रस्तोगी, नीरू रस्तोगी आदि मौजूद रहे।


## कार्यालय मुरादाबाद विकास प्राधिकरण, मुरादाबाद

### सार्वजनिक सूचना

जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की आवासीय / व्यवसायिक / रेन्ट / नजूल / इम्प्रूवमेंट-ट्रस्ट योजनाओं के निम्नलिखित आवेदकों द्वारा उनके नाम के सामने अंकित सम्पत्ति का हस्तांतरण / नामान्तरण किये जाने हेतु प्राधिकरण में प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत किया गया है:-

| क्र. सं. | मूल आवंटी का नाम | भूखण्ड/ भवन संख्या | योजना का नाम | मृत्यु/विक्रय विलेख दिनांक | मूल आवंटी के उत्तराधिकारी/ क्रेता का नाम | उत्तराधिकारी के पक्ष में अनापत्तिकर्ताओं का नाम | मूल आवंटी से आवेदक का सम्बन्ध |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. | 7. | 8. |
| 1. | श्री अनिल कुमार गुप्ता पुत्र श्री आर०सी० गुप्ता निवासी :- 284, रामनगर, गाजियाबाद। | M.I.G 292 (भूखण्ड) | आजाद नगर योजना | विक्रय विलेख दिनांक 25.11.2023 | श्री मुशाहिद अली पुत्र श्री मुजफ्फर हुसैन निवासी :- भीकनपुर कुलवाडा, मुरादाबाद। मो०न०- 7728988411 | — | विक्रेता/क्रेता |
| 2. | श्री राधे रमन उपाध्याय पुत्र स्व०श्री सुरेन्द्र नाथ उपाध्याय निवासी :- बृज भवन, निकट के०जी०के० कालेज, लाईनपार, मुरादाबाद। | A1-05 (भूखण्ड) | आशियाना द्वितीय योजना | विक्रय विलेख दिनांक 06.06.2024 | श्री बोध कुमार गौतम पुत्र श्री युधिष्ठिर गौतम निवासी :-म०न०:-101, आकाश ग्रीन्स, सी०एल० गुप्ता आई इस्टीटयूट के सामने रामगंगा विहार द्वितीय, मुरादाबाद। (मो० नं०- 7617663555) | — | विक्रेता/क्रेता |
| 3. | श्री फैसल माजिद पुत्र श्री अब्दुल माजिद निवासी :- ईदगाह रोड, मुरादाबाद। | व्यवसायिक (भूखण्ड) सं0-01 | आशियाना प्रथम योजना | विक्रय विलेख दिनांक 04.05.2024 | श्री अरविन्दर सिंह पुत्र श्री हरभजन सिंह निवासी :- रियासत रोड, हिन्दू चौधरियन सियोरा जिला- बिजनौर। (मो० नं 6396694338) | — | विक्रेता/क्रेता |
| 4. | श्रीमती अनिता ठाकुर पत्नी श्री अभिताम शर्मा, निवासी-169, मालती नगर, डिप्टी गंज, जनपद मुरादाबाद, उ०प्र०। | 11-D-70 (भूखण्ड) | नया मुरादाबाद | विक्रय विलेख दिनांक 25.11.2021 | श्री विश्वदीप सिंह व धीरेन्द्र प्रताप सिंह, पुत्रगण-श्री दिनेश सिंह निवासीगण-सी-68, हनुमान नगर, लाईनपार, तहसील व जिला मुरादाबाद, (मो०नं० 9412665032) | — | विक्रेता/क्रेता |
| 5. | श्रीमती उर्मिला पत्नी स्व० सुनील कुमार शर्मा, श्री आशीष कुमार मिश्रा व श्री आलोक कुमार मिश्रा, निवासीगण-म०नं 196, वीरपाल कालोनी, सेक्टर-73, सर्फाबाद, नोएडा, गौतमबुद्ध नगर | 8-B-591 (भूखण्ड) | नया मुरादाबाद | विक्रय विलेख दिनांक 01.05.2024 | श्री पंकज कुमार गौतम पुत्र श्री राज कुमार, निवासी-पुलिस चौकी के सामने, गौतम नगर, खुशहालपुर, तहसील व जिला मुरादाबाद, उ0प्र0। (मो०नं० 7037585858) | — | विक्रेता/क्रेता |

उपर्युक्त नामान्तरण के आवेदन के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को आपत्ति हो, तो वह साक्ष्य सहित प्रकाशन तिथि से 15 दिनो के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्राप्त करा दें। निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति प्राप्त न होने पर प्राधिकरण अभिलेखों में कॉलम-06 में अंकित व्यक्ति के नाम दर्ज कर लिया जायेंगा तथा उसके बाद किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

**प्रभारी सम्पत्ति**


**बैठक** — राज्य कर विभाग के कक्ष 12 में जोनल टैक्स बार एसोसिएशन की कार्यकारिणी सभा का आयोजन

# विभागीय कार्रवाई न होने पर जताई नाराजगी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद




जोनल टैक्स बार एसोसिएशन की कार्यकारणी सभा में मौजूद पदाधिकारी व अन्य अधिवक्ता।

**अमृत विचार:** राज्य कर विभाग के कक्ष 12 में जोनल टैक्स बार एसोसिएशन की कार्यकारिणी सभा गुरुवार को हुई। इसकी अध्यक्षता गुफरान माजिद ने और संचालन महासचिव शाहवेज मलिक ने किया। अध्यक्ष गुफरान माजिद ने कहा कि हमारे द्वारा व्यापारियों व अधिवक्ताओं के सामने आ रही समस्याओं को लेकर सीजीएसटी / एसजीएसटी विभाग में एक ज्ञापन दिया गया था। वहीं सांसद रुचि वीरा को भी ज्ञापन दिया गया था। इससे संबंधित एक पत्र एडिशनल कमिश्नर ग्रेड-1 अनुपम गोयल को भी दिया गया था। लेकिन, विभाग द्वारा अभी तक समस्याओं पर विचार तक नहीं किया गया है। इससे अधिवक्ताओं में नाराजगी है।

अध्यक्ष ने सबकी सहमति से अगली रणनीति के तहत शासन में शिकायत करने का जानकारी दी। बताया कि जब तक व्यापारियों और अधिवक्ताओं की समस्याओं का निस्तारण नहीं हो जाता है, यह लड़ाई तब तक जारी रहेगी। एसोसिएशन हड़ताल करने के विरोध में है। वकील की कलम में ताकत होती है, हम इस कलम की ताकत के बल पर यह लड़ाई लड़ेंगे और जीतेंगे भी। कार्यकारिणी की सभा में नए सदस्यों को सदस्यता प्रदान की गई। महासचिव ने कहा कि हमारी कार्यकारिणी गुलदस्ता देने के लिए नहीं बनी है। कार्यकारिणी अधिवक्ताओं और व्यापारियों के हितों के लिए संघर्ष करती रहेगी। इस दौरान एल्डर कमेटी के चेयरमैन संजीव महेश्वरी, एल्डर कमेटी के सदस्य संजीव बिहारी भटनागर, पूर्व अध्यक्ष शाहिद हुसैन, पूर्व अध्यक्ष विचित्र शर्मा, उपाध्यक्ष राजीव विश्नोई, विनीत वर्मा, रवि प्रकाश राय, अखिलेश सक्सेना, रोहित हरि अग्रवाल, गौरव गुप्ता आदि अधिवक्ता उपस्थित रहे।

## एक नजर

### अज्ञात वाहन की चपेट में आने से दंपति घायल

**डिलारी, अमृत विचार :** गुरुवार को ठाकुरद्वारा से ढकिया रोड पर ग्राम लूथपुरा के पास मोटरसाइकिल चालक अल्लाहदिया (55) व उनकी पत्नी इशरत जहां (50) निवासी गांव मिलक अमावती थाना भोजपुर बाइक से रिश्तेदारी में जा रहे थे। तभी ढकिया की तरफ से आ रहे अनियंत्रित अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे दंपति गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद लोगों ने पुलिस को घटना की सूचना दी। जिस पर पुलिस ने घायलों को सीएचसी डिलारी में भर्ती कराया। जहां अल्लाहदिया गंभीर रूप से घायल है व उसकी पत्नी इशरत जहां के दायें पैर की हड्डी टूट गई है। दोनों घायलों को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया है।

### दिव्यांगों के लिए आज लगेगा चिह्नांकन शिविर

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की ओर से विकास खंड सभागार में शुक्रवार एवं शनिवार को कृत्रिम हाथ, पैर, कैलीपर्स, ट्राईसाइकल, बैसाखी, व्हीलचेयर, कान की मशीन, स्मार्ट छड़ी, एमआर किट एवं लेप्रोसी किट आदि सहायक उपकरणों का चिह्नांकन शिविर लगाया जा रहा है।

# भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करेंगे कांवड़िये

## शिवरात्रि आज, पुलिस-प्रशासन ने सुरक्षा के किए व्यापक प्रबंध, मंदिरों में तैयारियां पूरी

संवाददाता, छजलैट

**अमृत विचार:** सावन की शिवरात्रि पर शुक्रवार को मंदिरों में शिवभक्त कांवड़िये भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करेंगे। जिसके मद्देनजर पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए हैं। वहीं मंदिरों में सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। दूसरी ओर कांवड़ यात्रा में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाने के लिए थाने में बैठक हुई। जिसमें सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देश दिए गए।

कांठ क्षेत्राधिकारी अपेक्षा निम्बाडिया ने निरीक्षक, उप निरीक्षक व समस्त स्टाफ की मौजूदगी में कांवड़ यात्रा में कानून एवं शांति व्यवस्था के लिए दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कांवड़िये हरिद्वार से पवित्र गंगाजल लेकर छजलैट मार्ग से गुजर रहे हैं। उनकी सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए जाएं। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। इसलिए जिस अधिकारी व कर्मचारियों को ड्यूटी पर तैनात किया जाता है वहां किसी भी प्रकार की ऐसी घटना न घटे, जिससे कि कोई समस्या उत्पन्न हो। सभी अधिकारियों व पुलिस कर्मियों को कांवड़ यात्रा के दौरान कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए।



छजलैट थाने में बैठक में दिशा निर्देश देतीं सीओ कांठ अपेक्षा निम्बाडिया।

### भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा ने कांवड़ियों पर बरसाए फूल

**कांठ, अमृत विचार :** नगर में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चे द्वारा कांवड़ियों का पुष्प वर्षा एवं जलपान द्वारा स्वागत किया गया। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने नगर में कांवड़ियों का पुष्प वर्षा, फल, पानी व कोल्ड ड्रिंक वितरण कर स्वागत किया। कांवड़ियों ने आयोजकों का आभार जताया। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के मंडल अध्यक्ष साजिद इदरीसी ने भी उनको शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर जैनुल बशर, सुभान राना, नसीम खान, इमरान आदि उपस्थित रहे।


ठाकुरद्वारा से हरिद्वार के लिए रवाना होता कांवड़ बेड़ा। ● अमृत विचार

### विश्व कल्याण की कामना के लिए कांवड़ियों का जत्था हरिद्वार के लिए हुआ रवाना

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** विश्व कल्याण के लिए शिव शक्ति कांवड़ बेडे में शामिल शिव भक्त गंगाजल लेने के लिए गुरुवार को हरिद्वार के लिए रवाना हुए। शिव शक्ति कावंड़ बेड़ा विश्व कल्याण की कामना के साथ गंगाजल लेने के लिए हरिद्वार के लिए रवाना हुआ। इस बीच शिव भक्तों के साथ परिजनों ने भी हर हर महादेव के जयकारे लगाए। इसमें पवन कुमार पुष्पद, विनीत कुमार, गौरव चौहान, हर्ष कुमार, प्रशांत चौहान, विपिन कुमार, हिरदेश कश्यप, राहुल कुमार, सागर कुमार, सौरभ कुमार, अनमोल सागर, शरद कुमार, अमन वाल्मीकि आदि मौजूद रहे।


महिलाओं की जांच करते चिकित्सक। ● अमृत विचार

# गर्भवती महिलाओं को दी खानपान की जानकारी

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार:** प्रधानमंत्री जननी सुरक्षा योजना के तहत गर्भवती महिलाओं की सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जांच की गई और 33 गर्भवती महिलाएं चिह्नित की गई। उनको ठीक तरह से खानपान, उपचार और नियमित देखभाल के लिए बताया गया।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजीव सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री जननी सुरक्षा योजना के तहत अधिक से अधिक प्रसव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में हों इसके लिए विभाग के पास सभी व्यवस्थाएं हैं। उन्होंने कहा कि जो गर्भवती महिलाएं हैं, उनमें से 100 महिलाओं की जांच की गई जिसमें 33 महिलाओं में हीमोग्लोबिन एवं अन्य जो कमी आई हैं उन्हें पूरा करने के लिए उन्हें पर्याप्त मात्रा में दवा उपलब्ध कराने, फल आहार एवं खानपान की व्यवस्था दुरुस्त रखने के लिए कहा गया है। क्योंकि जो महिला शारीरिक रूप से कमजोर होगी उसका बच्चा कुपोषित हो सकता है। सरकार कुपोषण को मिटाने के लिए तरह-तरह की योजनाएं चला रही हैं जिससे कोई भी बच्चा कुपोषित न हो। इसके लिए आंगनबाड़ी केंद्रों पर भी समय-समय पर एडवाइजरी दी जाती है। उन्होंने कहा कि सभी को योजना का लाभ मिले सब स्वस्थ रहें। इसके लिए सभी स्वास्थ्य कर्मी प्रयास करें। इस अवसर पर डॉ. शैली वर्मा, बीपीएम चंद्रशेखर यादव, आशा आदि स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे।

# मंडल स्तरीय प्रतियोगिता को छात्र चयनित

संवाददाता, छजलैट

**अमृत विचार:** जिला स्तरीय योगासन प्रतियोगिता में ग्राम कुचावली स्थित राजकीय हाई स्कूल के छात्र अंकुल का मंडल स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। जिस पर स्टाफ व छात्र के अभिभावकों ने हर्ष व्यक्त किया।

केजी के इंटर कॉलेज लाइनपार मुरादाबाद में मंगलवार को जिला स्तरीय योगासन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। इस प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न विद्यालयों के छात्रों ने प्रतिभाग किया। जिसमें राजकीय हाईस्कूल कुचावली के कक्षा 10 के छात्र अंकुल ने खेल शिक्षिका गीतांजली दक्ष के मार्गदर्शन में प्रतिभाग किया और मंडल स्तरीय योगासन प्रतियोगिता के लिए अंडर-17 आयु वर्ग में जिला स्तरीय टीम में स्थान पाया। छात्र की उपलब्धि पर स्कूल के प्रधानाचार्य एवं समस्त स्टाफ ने बधाई दी है।


चयनित छात्र अंकुल को शुभकामनाएं देते शिक्षक-शिक्षिकाएं। ● अमृत विचार

### श्रीकृष्ण इंटर कॉलेज में हुई बैडमिंटन प्रतियोगिता

**छजलैट, अमृत विचार :** ग्राम पठंगी स्थित श्रीकृष्ण इंटर कॉलेज में संकुल स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। संकुल स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में डीएसएम इंटर कॉलेज, राजकीय इंटर कॉलेज बेगमपुर, महर्षि दयानंद इंटर कॉलेज कांठ, श्रीकृष्ण इंटर कॉलेज पठंगी के छात्रों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का आरंभ प्रधानाचार्या डॉ. रहीस अहमद ने किया। डीएसएम इंटर कॉलेज के व्यायाम शिक्षक कुलदीप एवं महर्षि दयानंद इंटर कॉलेज के व्यायाम शिक्षक पदम सिंह निर्णायक मंडल में थे। प्रतियोगिता में सब जूनियर वर्ग में महर्षि दयानंद इंटर कॉलेज के दिव्यांशु ने प्रथम, सीनियर वर्ग के एकल में शौर्य बिश्नोई ने प्रथम व डबल में आरुष चौधरी व अभिनव राजपूत ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सीनियर वर्ग में एकल में अनंत शर्मा ने एवं डबल में अनंत शर्मा और कार्तिकेय सारस्वत ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में व्यायाम शिक्षक हरिनाथ यादव, अश्वघोष राहुल, सर्वेश कुमार आदि शिक्षक शिक्षिकाओं का योगदान रहा।

# खंड शिक्षा अधिकारी पर लगाए मानसिक उत्पीड़न के आरोप

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** दो परिषदीय स्कूलों की अध्यापिकाओं ने खंड शिक्षा अधिकारी पर मानसिक उत्पीड़न का आरोप लगाया है। जिलाधिकारी से जांच कराकर कार्रवाई की मांग की है। वहीं खंड शिक्षा अधिकारी ने आरोप को निराधार बताया है।

तहसील क्षेत्र के सुरजन नगर रोड स्थित एक परिषदीय विद्यालय की अध्यापिका ने डीएम को शिकायती पत्र देकर कहा कि 10 अप्रैल की सुबह विद्यालय आते समय उनकी अचानक तबीयत बिगड़ गई थी। इस वजह से वह सीएल भी नहीं दे सकी। डाक्टर ने की सलाह पर उन्होंने 10 अप्रैल को ही 12 से 18 अप्रैल तक चिकित्सीय अवकाश के लिए आवेदन किया। मगर खंड शिक्षा अधिकारी ने अवकाश स्वीकृत नहीं किया, बल्कि विद्यालय पहुंचकर 10 और 12 अप्रैल की अनुपस्थिति उपस्थिति पंजिका में लगाकर चले गए। इसके बाद 25 अप्रैल को उनको निलंबित कर दिया गया। उन्होंने खंड शिक्षा अधिकारी पर मिलने से इनकार करने पर निलंबन की कार्रवाई का आरोप लगाया है। साथ ही दूसरे विद्यालय की अध्यापिका ने भी खंड शिक्षा अधिकारी पर सीएल एवं मेडिकल अवकाश के नाम पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। वहीं खंड शिक्षा अधिकारी विगिस गोयल का कहना है कि शिकायतकर्ता अध्यापिकाएं विद्यालय में शिक्षण कार्य नहीं करना चाहती हैं। विद्यालय भी नहीं जाती हैं। अनुपस्थित मिलने पर एक शिक्षिका का निलंबन किया गया है। कार्रवाई रोकने के लिए अनुचित दबाव बनाने का प्रयास किया जा रहा है।

# अस्पताल के लिए प्रस्तावित भूमि सौंपी

संवाददाता, बिलारी

**अमृत विचार:** नगर में काफी समय से चल रहे राजकीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी चिकित्सालय के निर्माण के लिए भूमि शाहबाद रोड स्थित लक्ष्मण दास की मणि पर प्रस्तावित है। जिसको लेकर सामाजिक कार्यकर्ताओं ने अभियान चलाकर अधिकारियों से चिकित्सालय का निर्माण कराने की मांग की थी।

बीते सप्ताह मंडलायुक्त के आदेश के अनुसार भूमि आयुर्वेदिक एवं यूनानी चिकित्सालय को दे दी गई। इस आदेश के क्रियान्वन के लिए गुरुवार को उप जिलाधिकारी द्वारा तहसील प्रशासन, नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम गठित की गई। इस दौरान लक्ष्मण दास की मणि पर नायब तहसीलदार अनिल कुमार मिश्रा ने राजस्व निरीक्षक एवं लेखपालों की टीम द्वारा पहले सारी भूमि की पैमाइश की गई। बाद में नगर पालिका परिषद द्वारा उसमें पोल गड़वा कर व तारबंदी कराई गई। अतिक्रमण की गई भूमि से पर जेसीबी द्वारा कब्जा हटवाया गया। इस दौरान मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष रघुराज सिंह यादव, व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजय जैन, पतंजलि संस्थान के सुनील आर्य, नायब तहसीलदार अनिल कुमार मिश्रा, राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय की प्रभारी ज्योति चौधरी, ममता पांडे, डॉ. राकेश रफीक, तिलक राज चादंना, निहाल सिंह लाठर, नोमान जमाल, केपी सिंह राणा आदि मौजूद रहे।


अस्पताल के लिए प्रस्तावित भूमि की पैमाइश के दौरान मौजूद अधिकारी व अन्य।

● नायब तहसीलदार व लेखपालों की टीम ने की भूमि की पैमाइश


अनिश्चितकालीन धरने-प्रदर्शन पर बैठे भाकियू टिकैत के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

# विद्युत अव्यवस्था को लेकर भाकियू का धरना प्रदर्शन

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार:** भारतीय किसान यूनियन टिकैत का क्षेत्र में निरंतर हो रही विद्युत अव्यवस्था को लेकर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन तहसील परिसर में शुरू हो गया है।

तहसील अध्यक्ष चौधरी दर्शन सिंह के नेतृत्व और पश्चिमी यूपी उपाध्यक्ष चौधरी ऋषिपाल सिंह के नेतृत्व में भारतीय किसान यूनियन टिकैत द्वारा क्षेत्र में निरंतर हो रही विद्युत अव्यवस्था को लेकर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन तहसील परिसर में शुरू हो गया है। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि धरना प्रदर्शन जब तक जारी रहेगा जब तक इस मुख्य समस्या का निवारण स्थायी रूप से नहीं हो जाता। रात के भोजन की व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने अधिक से अधिक संख्या में कार्यकर्ताओं व किसानों से प्रदर्शन में भाग लेने की अपील की।

# नारद मोह की कथा सुन मंत्रमुग्ध हुए श्रद्धालु

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** नगर की सिंचाई विभाग कॉलोनी में स्थित शिव मंदिर पर चल रही शिव महापुराण कथा के दौरान कथा वाचक ने ऋषि नारद मोह की कथा का वर्णन किया। जिसे सुनकर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए।

गुरुवार को कथावाचक पं. नितिन भारद्वाज ने कहा कि नारद जी ने एक आश्रम में जन्म लिया था। उनकी मां उस आश्रम की सेविका थी। नारद जी का बचपन ऋषि कुमारों के साथ खेलकूद कर बीता। ऋषि महर्षियों के संग ने उनके मन में छिपी हुई आध्यात्मिक जिज्ञासा को जगा दिया। उन्होंने अपनी तपस्या के बल पर सिद्धियां प्राप्त की और सदा के लिए अमर हो गए। अमर होते ही नारद जी को यह अभिमान हो गया कि उनसे बढ़कर इस पृथ्वी पर कोई दूसरा विष्णु भगवान का भक्त नहीं है।

कथा वाचक ने कहा कि उनका व्यवहार भी इस भावना से प्रेरित होकर कुछ बदलने लगा। एक दिन नारद जी भगवान विष्णु के साथ वन में जा रहे थे कि अचानक विष्णु जी रुककर बोले, नारद जी हम तो थक गए हैं प्यास भी लगी है। कहीं से पानी मिल जाए तो लाओ। प्यास के कारण गला सूख रहा है। भगवान विष्णु के आदेश का पालन करते हुए कहा कि प्रभु अभी जल लेकर आता हूं। यह कहकर नारद जी पानी लेने चले गए। कार्यक्रम में मास्टर तनु सिंह, वेद प्रकाश सिंह, अक्षय गौड, वीरेंद्र कुमार शर्मा, प्रियंका यादव, प्रमोद देवी, शांति देवी, संतोष देवी, गीता शर्मा आदि मौजूद रहे।


ठाकुरद्वारा में शिव महापुराण कथा सुनते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

● सिंचाई विभाग कॉलोनी स्थित मंदिर में चल रही कथा

### फर्जी आधार व पैन कार्ड पर की नौकरी, फरार

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** फर्जी आधार व पैन कार्ड लगाकर युवक ने पार्सल डिलीवरी की नौकरी हासिल कर ली और बाद में 10 हजार की नकदी व पार्सल लेकर फरार हो गया। कारोबारी ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

नया मुरादाबाद निवासी प्रमोद कुमार ने मझोला थाना पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि वह अपना व्यवसाय करते हैं और लोगों को होम डिलीवरी देते है। उन्होंने बताया कि बीती पांच अप्रैल को उनके पास सचिन कुमार नाम का युवक आया जिसे उन्होंने नौकरी पर रख लिया। युवक ने मांगने पर आधार व पैन कार्ड की फोटो कॉपी दे दी। प्रमोद ने सचिन को पीतल नगरी इलाके के लिए 35 पार्सल वितरित करने के लिए दिए। आरोप है कि सचिन पार्सल के 10 हजार रुपये लेकर फरार हो गया। बाद में पता चला कि आधार कार्ड व पैन कार्ड फर्जी हैं।


शिक्षक कोमल राम को सम्मानित करते प्रधानाचार्य राजीव कुमार शर्मा। ● अमृत विचार

# उत्कृष्ट कार्य पर हिंदी विभाग के शिक्षक को किया सम्मानित

संवाददाता, बिलारी

**अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र के आरपी विद्या मंदिर इंटर कॉलेज स्योडारा में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें हिंदी विभाग के शिक्षक को प्रधानाचार्य द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया।

गुरुवार को विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में हिंदी विभाग के शिक्षक कोमल राम को कॉलेज के प्रधानाचार्य राजीव कुमार शर्मा ने स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। यह सम्मान उनको हिंदी की विभिन्न प्रतियोगिताओं को कॉलेज में समय-समय पर आयोजन कराने एवं हिंदी विषय में छात्र-छात्राओं को निपुण बनाने के उपलक्ष्य में दिया गया। इस दौरान कार्यक्रम में दीपक शर्मा, डॉ. अनुपम गुप्ता, फरहीन खान, ममता रानी, पूजा यादव, प्रवक्ता सुदेश कुमार, हरिशंकर शर्मा, मनमोहन कौशिक, नीरज दुबे आदि मौजूद रहे।

**लापरवाही** शिकायत के बाद भी जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान, नागरिकों में आक्रोश, साफ-सफाई कराने की मांग

# नगर में जगह-जगह कूड़े के ढेर, बीमारियों का खतरा

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** नगर में जगह-जगह गंदगी के ढेर लगे हैं। इससे लोगों को संक्रामक बीमारियां फैलने का डर सता रहा है। लेकिन जिम्मेदार अधिकारी इससे बेखबर हैं।

शासन की ओर से लगातार स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। लोगों को अपने आसपास सफाई रखने के लिए विशेष जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं। इसके बावजूद नगर में सफाई नहीं हो रही है। नगर पालिका प्रशासन की ओर से घर-घर कचरा संग्रह करने के लिए योजना चलाई जा रही है, लेकिन नगर में विभिन्न चौराहों और गली में गंदगी की ढेर लगे हैं। पालिका प्रशासन द्वारा चौराहों व मोहल्लों में जगह-जगह कूड़ेदान रखवाए गए थे। लोग इनमें घरों का कूड़ा डाल देते थे, लेकिन लोहे के कूड़ेदान खराब होने पर उन्हें उठवा लिया गया। लेकिन नए कूड़ेदान रखने की कोई व्यवस्था नहीं की गई। जिससे लोग कूड़ा खुले में डाल रहे हैं। इससे गंदगी से उठ रही दुर्गंध से लोगों को सांस लेने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नगलिया रोड स्थित पूर्व विधायक मोहम्मद उल्ला चौधरी के आवास के मुख्य गेट के सामने रखे ट्रांसफार्मर के पास तिराहे पर लोग घरों का कूड़ा डाल रहे हैं।

नगर पालिका की टीम सुबह 10 बजे के बाद कूड़ा उठाती है। इसके बाद भी यहां कूड़े का ढेर लगा रहता है। कई बार शिकायत करने के बावजूद भी नगर पालिका प्रशासन इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। मोहल्ला जमुनावाला, हरिहर मंदिर, मोहल्ला ताली सहित कई मोहल्लों में गंदगी पसरी रहती है।


नगलिया रोड स्थित कॉलोनी के पास सड़क पर पड़ा कूड़ा। ● अमृत विचार


सड़क पर पड़े कूड़े को खाते छुट्टा पशु। ● अमृत विचार

### जिम्मेदारों की अनदेखी से भटक रहे गोवंश

**कांठ, अमृत विचार :** जिम्मेदारों की अनदेखी के कारण गोवंश दर-दर भटकने के लिए मजबूर हैं। पशुओं का संरक्षण नहीं हो पा रहा है। जिससे जहां पशु हादसों का शिकार हो रहे हैं, वहीं आम लोग भी इनसे टकराकर घायल हो रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सख्त निर्देश हैं कि गोवंश सड़कों पर छुट्टा हालत में नहीं घूमने चाहिए। उनका गोशालाओं में संरक्षण किया जाए। इसके लिए कांठ तहसील में सादकपुर खिचड़ी, मानपुर मुजफ्फरपुर और उमरी कला में तीन गोशालाएं भी संचालित हैं। परंतु क्षेत्र में तीन-तीन गोशालाएं होने के बाद भी छुट्टा पशु सड़कों पर भारी तादाद में घूम रहे हैं। जिसके चलते क्षेत्र में लगातार सड़कों पर दुर्घटनाएं हो रही हैं। क्षेत्र के लोग इनसे टकराकर लगातार घायल हो रहे हैं। दूसरी ओर छुट्टा पशुओं से क्षेत्र के किसानों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

# नोडल अधिकारी ने सीज की पैथोलॉजी लैब, रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, कांठ

● जांच के दौरान मिली थी लैब में अनेक खामियां

**अमृत विचार:** नोडल अधिकारी ने शिकायत की जांच के आधार पर एक पैथोलॉजी लैब को सील किया। साथ ही अवैध रूप से लैब का संचालन करने के मामले में संचालक के खिलाफ धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

स्वास्थ्य विभाग के नोडल अधिकारी उपमुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नरेंद्र सिंह ने ग्राम सराय खजूर में डीके पैथोलॉजी लैब पर मंगलवार को जांच की थी। जिसमें निरीक्षण के समय पैथोलॉजी लैब में नौशाद पुत्र दिलशाद निवासी सराय खजूर शैक्षिक योग्यता डीएमएलडी छात्र अंतिम वर्ष लैब में मौजूद मिला। लैब का पंजीकरण मुख्य चिकित्सा अधिकारी के कार्यालय में नहीं है। नोडल अधिकारी को पैथोलॉजी लैब से एक सेल काउंटर, एक माइक्रोस्कोप प्रिंटर, बायोकेमेस्ट्री, एक फ्रिज, कंप्यूटर, वायरल रिकॉर्ड रजिस्टर आदि मौके पर मिले। निरीक्षण के दौरान अर्चना की रिपोर्ट मिली जो डॉक्टर राहिल खातून वी यूएस द्वारा रेफर की थी। नौशाद द्वारा नोडल अधिकारी को बताया गया कि उसके हस्ताक्षर से रिपोर्ट तैयार होती है।

फर्जी तरीके से लैब का संचालन बिना रजिस्ट्रेशन करने एवं अन्य खामियों को गंभीरता से लेते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने मेडिकल काउंसिल एक्ट एवं मेडिकल बायो बेस्ट के अंतर्गत आने वाली धाराओं के तहत अभियोग पंजीकृत छजलैट थाने में कराया है। पुलिस ने अभियोग पंजीकृत कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है।

### असहयोग आंदोलन से डर गई थी सरकार

**बिलारी, अमृत विचार:** बहोरनपुर नरौली स्थित प्रेम शांति हायर सेकेंडरी स्कूल में प्रधानाचार्य विजय पाल सिंह राघव ने कहा कि 1 अगस्त 1920 को गांधी जी के असहयोग आंदोलन से अंग्रेज हुक्मरान डर गए थे।

गुरुवार को आयोजित कार्यक्रम में प्रधानाचार्य ने बताया कि असहयोग आंदोलन का मुख्य उद्देश्य भारत की भूमि से ब्रिटिश सरकार को खत्म करना था। यह गांधीजी का पहला संगठित जन आंदोलन था। आंदोलन के दौरान छात्रों ने सरकारी स्कूल कॉलेज जाना बंद कर दिया व वकीलों ने सरकारी कार्य करने से मना कर दिया। इस आंदोलन को शुरू करने का मुख्य कारण रोलिंग एक्ट और क्रूर जलियांवाला बाग हत्याकांड था। 12 फरवरी 1922 को आंदोलन वापस ले लिया गया। इस दौरान आदित्य, शिवम, मनोज कुमार, सुषमा, परीक्षा, आकांक्षा, राधा आदि स्टाफ मौजूद रहा।

## एक नजर



बच्चों को जागरूक करते सुमित कुमार।

### छात्र-छात्राओं को पढ़ाया कानून का पाठ

**रामपुर, अमृत विचार :** ट्रैफिक पुलिस ने हॉल मैन पब्लिक स्कूल में गोष्ठी की। इसमें छात्र-छात्राओं को यातायात के नियमों के प्रति जागरूक किया गया। पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र के निर्देश पर हॉल मैन पब्लिक स्कूल में हुई गोष्ठी में दरोगा सुमित कुमार ने छात्र-छात्राओं को कानून का पाठ पढ़ाया। बताया कि सभी को वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करना चाहिए। 18 साल से कम उम्र के लोगों को वाहन नहीं चलाना चाहिए। इस मौके पर यातयात निरीक्षक विजेंद्र सिंह, उप निरीक्षक सुमित कुमार, हेड कांस्टेबल मनोज यादव, स्कूल के प्रबंधक अफसान खान, प्रिंसिपल अमन खान, मौलाना नौशाद, तराना खान, सद्दाम, अमजद रजा आदि मौजूद रहे।

### दंपति से मारपीट में पांच के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**शाहबाद, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव चकरपुर भूड़ निवासी लल्ला बाबू ने गांव के ही फूल सिंह, कमल सिंह, धान सिंह, गजराम एवं वीर सिंह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़ित के मुताबिक बुधवार की शाम उसका भाई रघुराज व भाई की पत्नी काजल हिम्मतपुर से आ रहे थे। दो दिन पूर्व शादी में हुए विवाद के चलते आरोपियों ने दंपति को घेर लिया और गाली-गलौज की। इन लोगों से बचते हुए वह घर आ गए। इसके बाद पांचों आरोपी लाठी-डंडे लेकर आ गए और मारपीट की। इस दौरान गांव वालों ने आकर बीच-बचाव कराया। इसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए।

### टीकाकरण में लापरवाही पर पांच एएनएम को नोटिस

**रामपुर, अमृत विचार :** नियमित टीकाकरण कार्यक्रम को लेकर सीएमओ की अध्यक्षता में बैठक हुई। मॉनीटरिंग फीडबैक में जानकारी में आया कि शाहबाद क्षेत्र की एएनएम शीतल सैनी, नीतू यादव, स्वार क्षेत्र की रुखसार, टांडा की लक्ष्मी सैनी और नैनतारा द्वारा नियमित टीकाकरण में लापरवाही बरती जा रही है। लापरवाही पर पांचों एएनएएम को कारण बताओ नोटिस देकर एक दिन का वेतन काटने की संस्तुति की गई है।

# एआरटीओ व बीएसए ऑफिस में छापे से हड़कंप

## कमिश्नर की टीम ने एआरटीओ ऑफिस में काम करते मिले बाहरी व्यक्ति को पुलिस को सौंपा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** कमिश्नर कार्यालय की टीम ने गुरुवार दोपहर को एआरटीओ और बीएसए ऑफिस में छापा मारा। इससे दोनों ऑफिसों में हड़कंप मच गया। बीएसए ऑफिस में कुछ कर्मचारी गैर हाजिर मिले। जबकि एआरटीओ ऑफिस में एक बाहरी व्यक्ति काम करते हुए मिला। सिटी मजिस्ट्रेट के निर्देश पर पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया। मौके पर काफी देर तक अफरा-तफरी मची रही। एआरटीओ आफिस में दलालों पर अंकुश लगाने की हिदायत दी गई है।

गुरुवार दोपहर को मंडलायुक्त की टीम में शामिल अपर आयुक्त सर्वेश गुप्ता, एडी बेसिक बुद्ध प्रिय सिंह और सिटी मजिस्ट्रेट ने छापेमारी की। एआरटीओ ऑफिस में बाहरी व्यक्ति काम करता मिला। टीम ने उससे पूछताछ की मगर वह संतोषजनक जवाब नहीं दे सका। इस पर उसे पुलिस ने हिरासत में ले लिया। सूत्रों के अनुसार पकड़ा गया युवक अर्जुन करीब 15 साल से यहां काम कर रहा था।

इसके बाद टीम ने बेसिक शिक्षा अधिकारी के कार्यालय में छापा मारा। इस दौरान मुख्य गेट अंदर से बंद कर दिया गया। कर्मचारी और अधिकारियों से जानकारी की गई। अपर आयुक्त सर्वेश गुप्ता ने बताया कि एआरटीओ ऑफिस में बाहरी व्यक्ति काम करता मिला। सिटी मजिस्ट्रेट ने उसे पुलिस के हवाले कर दिया। इसके अलावा बीएसए ऑफिस में कई कर्मचारी गैर हाजिर मिले। वित्त एवं लेखाधिकारी और उनका अस्टिटेट भी ऑफिस में नहीं मिला। कुछ लोगों के प्रार्थना पत्र पोर्टल पर थे। मगर वह न तो स्वीकृत किए गए और न ही कैसिंल किए गए थे।


बीएसए से जानकारी लेते मुरादाबाद से आए अधिकारी। ● अमृत विचार

**एआरटीओ ऑफिस में पहले भी पकड़े जा चुके बाहरी आदमी**

एआरटीओ ऑफिस में बाहरी व्यक्तियों का पकड़ा जाना कोई नई बात नहीं है। कुछ माह पहले भी अधिकारियों ने यहां छापा मारा था। उस समय भी कई बाहरी व्यक्ति काम करते मिलते थे। इसके बाद सख्त आदेश जारी किए गए थे, लेकिन स्थिति जस की तस बनी है।

> गुरुवार को एआरटीओ और बीएसए ऑफिस में निरीक्षण किया गया। एआरटीओ कार्यालय में एक बाहरी व्यक्ति मिला। उसे पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। बीएसए ऑफिस में कई कर्मचारी गैरजाहिर मिले। एडी बेसिक को कार्रवाई करने के लिए कहा गया है।
> **-सर्वेश गुप्ता, अपर आयुक्त, मुरादाबाद**

**टीम को देख बीएसए ऑफिस से फरार हुआ युवक**

सूत्रों के मुताबिक बीएसए ऑफिस में एक व्यक्ति बैठा था। दोपहर के समय मुरादाबाद की टीम ने ऑफिस में छापा मारा तो एक युवक मौका पाकर दूसरे गेट से फरार हो गया।

**अवकाश रद्द करने को लेकर कई बार की थी शिकायत**

कुछ शिक्षक नेताओं का कहना है कि कुछ दिन से अवकाश के लिए दिए जाने वाले प्रार्थना पत्रों को पोर्टल पर डाला जाता है। इसके बाद उसे कैंसिल कर दिया जाता है। इस बारे में कई बार उच्च अधिकारियों को बताया गया था। ताकि शिक्षकों की इस समस्या का समाधान हो सके।

### महिला प्रधान के ससुर से लूट में पांच पर रिपोर्ट

**स्वार, अमृत विचार :** दबंगों ने घर में घुसकर महिला प्रधान के ससुर से तमंचा के बल पर 60 हजार रुपये लूट लिए। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने दो को नामजद कर तीन अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव रायपुर निकट चुन्नावाला की महिला प्रधान के ससुर नूरहसन हैं। प्रधान ने कुछ दिन पूर्व गांव में पंचायत घर का निर्माण कराया था। पंचायत घर की भूमि पर गांव के ही कुछ लोगों ने कब्जा कर रखा था। इसे प्रधान व राजस्व टीम ने कब्जा मुक्त कराया था। इसी को लेकर आरोपपी उससे रंजिश रखने लगे। 29 अप्रैल को आरोपी तमंचा व धारदार हथियार लेकर उसके घर में घुस आए और तमंचे की बटों से मारपीट करने लगे। विरोध करने तमंचा कनपटी पर रखकर घर में रखे 60 हजार रुपये लूट लिए। मामले की तहरीर पुलिस को दी लेकिन पुलिस ने टरका दिया।

तब पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई। वहां भी कुछ नहीं हुआ। इसके बाद पीड़ित ने कोर्ट की शरण ली। कोर्ट के आदेश पर गुरुवार को पुलिस ने नूरहसन की ओर से वसीम अहमद, मौलाना जहुरूल हसन तथा तीन अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।


गांव रामजीवनपुर में वन विभाग के खिलाफ प्रदर्शन करते किसान ● अमृत विचार

# किसानों ने पिंजरा लगाने के लिए किया प्रदर्शन

संवाददाता, मसवासी

**अमृत विचार :** पट्टीकला क्षेत्र में गुरुवार की सुबह तेंदुआ दिखने से लोगों में दहशत फैल गई। क्षेत्र के किसानों ने वन विभाग के खिलाफ प्रदर्शन कर तेंदुए को पकड़ने की मांग की है।

गुरुवार की सुबह पट्टी कला की सीमा से सटे रामजीवनपुर मार्ग पर कुछ लोगों ने तेंदुए को घूमते हुए देखा। लोगों को देखकर तेंदुआ खेतों में घुस गया। किसान गौरव कुमार ने बताया कि उनके खेत में लगे ट्यूबवेल पर पानी पीने के बाद तेंदुआ गन्ने के खेत में गया था। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे सुल्तानपुर पट्टी वन विभाग के दरोगा हसन अली ने बताया की पानी की तलाश में जानवर आबादी में आ रहे हैं। जल्द ही जाल लगाकर उन्हें पकड़कर जंगल में छोड़ दिया जाएगा। उधर कई किसानों ने वन विभाग के खिलाफ प्रदर्शन कर तेंदुए से असुरक्षा जताते हुए पिंजरा लगाने की मांग की। प्रदर्शन करने वालों में राम सिंह, रमेश पाल, सूरज सिंह, राम भरोसे, कृष्णकुमार, रामप्रसाद, मुकेश कुमार आदि शामिल रहे।

# सरकारी स्कूलों के बच्चे सर्दी में खाएंगे चौलाई के लड्डू

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** बेसिक स्कूलों के बच्चों को शारीरिक रूप से मजबूत करने के लिए सर्दी में सप्ताह में एक दिन गुरुवार को सप्लीमेंट्री न्यूट्रीशन दिया जाएगा। इसमें बच्चों को मिड डे मील के साथ मूंगफली की चिक्की, गुड़-तिल व मूंगफली का गजक, चौलाई का लड्डू और भुना चना दिया जा सकता है। विभाग ने बीईओ को इसका आदेश भेज दिया है।

जिले में 1596 सरकारी स्कूल हैं। इनमें पढ़ने वाले बच्चों के लिए शासन की ओर से समय-समय पर नए आदेश जारी किए जाते हैं। ताकि उन्हें हर प्रकार की सुविधा मिल सके और बच्चे मजबूत बन सकें। शासन ने सर्दी की तैयारी अभी से शुरू कर दी है। इस बार सरकारी स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों को ठंड से बचाने के लिए पीएम पोषण योजना के तहत मिड डे मील में सप्ताह में हर गुरुवार को सप्लीमेंट्री न्यूट्रीशन दिया जाएगा। इसके तहत बाजरे का लड्डू, मूंगफली की चिक्की, गुड़-तिल प मूंगफली का गजक, चौलाई का लड्डू और भुना चना में किसी एक चीज को दिया जाएगा। यह योजना नवंबर 2024 से मार्च 2025 तक चलेगी।

**गुरुवार को अवकाश होने पर अगले दिन बांटा जाएगा**

शासन का स्पष्ट निर्देश है कि अगर गुरुवार को स्कूलों में अवकाश रहता है तो अगले कार्यदिवस में इनका वितरण किया जाएगा। इसमें प्रत्येक बच्चे को कम से कम 50 ग्राम भुना चना दिया जाएगा।

> नवंबर में बच्चों को मिड डे मील में गुरुवार को चौलाई का लड्डू या फिर गजक खाने के लिए दी जाएगी।
> **-राघवेंद्र सिंह, बीएसए**

### प्रधान पर कब्रिस्तान की भूमि पर कब्जा कराने का आरोप

**शाहबाद, अमृत विचार :** परौता गांव के प्रधान पर सांठगांठ कर कब्रिस्तान की भूमि पर कब्जा कराने का आरोप है। जिलाधिकारी ने लेखपाल और चौकी इंचार्ज को जांच के आदेश दिए हैं।

तहसील क्षेत्र के गांव परौता निवासी गुफरान अली ने उपजिलाधिकारी सुनील कुमार को बताया कि गांव के कुछ दबंग लोग कब्रिस्तान के भूमि पर मकान बना रहे हैं। उपजिलाधिकारी ने तहसीलदार शिवकुमार शर्मा को मौके पर भेजा। उन्होंने निर्माण रुकवा दिया। इसके बाद शिकायतकर्ता ने भाकियू टिकैत के प्रतिनिधि मंडल के साथ जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह से शिकायत की। उन्होंने कब्जा धारकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के आदेश दिए हैं। प्रतिनिधिमंडल में होम सिंह यादव, कमरुद्दीन, इश्तियाक, यामीन खां, फुरकान आदि शामिल रहे।

# मोहल्ला चिरान में फैल रहा संक्रामक रोग

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** मोहल्ला चिरान लोक निर्माण कार्यालय के सामने बनी कॉलोनी के लोग जल निगम के अधिकारियों की अनदेखी के चलते लंबे समय से जलभराव का दंश झेल रहे हैं। इस समस्या का समाधान कराने के लिए एक्सईएन, एई और जेई से कहा गया, लेकिन जिम्मेदार अंजान बने हैं। इसी वजह से लोगों के घरों में जलभराव की स्थिति बनी हैं। लोग संक्रामक रोगों की चपेट में आ रहे हैं।

मोहल्ला चिरान में लोक निर्माण विभाग के कार्यालय के सामने बनी कॉलोनी की स्थिति बदतर है। कॉलोनी के बाहर स्थित सीवर ओवरफ्लो हो गया है। सीवर का गंदा पानी लोगों के घरों में आ रहा है। घरों के आगे जलभराव है। गंदे पानी में मच्छर पनप रहे हैं। मोहल्ला निवासी नरेंद्र कुमार यादव व नियामत ने बताया कि मैनहोल की समस्या का समाधान कराने के लिए जल निगम के अधिकारियों को बताया। मगर सिर्फ आश्वासन दिया गया। आते-जाते लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सीवर खुला होने से कभी भी हादसा हो सकता है।



> मोहल्ला चिरान में लंबे से जलभराव की समस्या है। इसमें मच्छर पनप रहे हैं। लोग बीमार हो रहे हैं। सुनवाई नहीं हो रही है। **- जुनैद**



> सड़क के बीचों बीच सीवर खुला होने से कभी भी हादसा हो सकता है। इसे सही कराने की सुध नहीं ली जा रही हैं। **- नियामत**



> लोक निर्माण विभाग के कार्यालय के सामने स्थित मैनहोल ओवरफ्लो हो रहा है। इससे गंदा पानी घरों में आ रहा है। सामान भी खराब हो रहा है। **- भूरा**



> जलभराव की समस्या का समाधान कराने के लिए जल निगम के अधिकारियों को बताया जा चुका है। मगर सिर्फ आश्वासन ही मिल रहे हैं। **- नरेंद्र कुमार यादव**

> मोहल्ल चिरान में सीवर ओवरफ्लो होने का मामला संज्ञान में हैं। इसके लिए संबंधित को निर्देश देकर जल्द ही समस्या का समाधान करा दिया जाएगा।
> **-मोहित राय, अधिशासी अभियंता नगरीय, जल निगम**

### नगर पालिका की टीम ने अतिक्रमण हटाया

**रामपुर, अमृत विचार :** थाना सिविल लाइंस क्षेत्र में नगर पालिका परिषद की टीम ने होटलों और फड़ विक्रेताओं का अतिक्रमण हटाया। इस कार्रवाई से अन्य दुकानदारों ने दुकानों के आगे रखा सामान खुद ही समेट लिया।

ईओ दुर्गेश्वर त्रिपाठी के निर्देश पर गुरुवार को राजस्व निरीक्षक के नेतृत्व में अतिक्रमण हटाने के लिए टीम सड़कों पर उतरी। सिविल लाइंस क्षेत्र से चर्च तक टीम ने अतिक्रमण हटवाया। दुकानों के आगे रखे सामान को जेसीबी से हटा दिया। खोखे, फड़ विक्रेताओं व राजमा चावल के ठेलों को भी पीछे करा दिया। दुकानों के आगे टीनशेड को जेसीबी से ध्वस्त करा दिया। एक घंटे की इस कार्रवाई से दुकानदारों में खलबली मची रही। ईओ ने बताया कि कोई भी दुकानदार बाहर सामान कतई न रखें अन्यथा जुर्माने के साथ कार्रवाई भी की जाएगी। इस दौरान टीम के साथ पुलिस भी मौजूद रही।


हुनर हाट का निरीक्षण करते डीएम। ● अमृत विचार

# डीएम ने दिए हुनर हाट में 24 घंटे सुरक्षा रखने के निर्देश

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह ने नगर मजिस्ट्रेट संदीप कुमार वर्मा के साथ नुमाइश ग्राउंड में बने हुनर हाट की दुकानों का निरीक्षण किया।

इस दौरान जिलाधिकारी ने नगर मजिस्ट्रेट व सचिव को निर्देश दिए कि हुनर हाट में बनी दुकानों का जीर्णोद्धार पूरा कराएं। ताकि इसका लाभ लोगों को मिल सके। जिलाधिकारी ने हुनर हाट की सुरक्षा के लिए 24 घंटे सुरक्षा गार्ड की तैनाती के निर्देश दिए। सफाई समय से कराने तथा पौधों की देखभाल के लिए माली की तैनाती करने के लिए भी निर्देश दिया। नगर मजिस्ट्रेट ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश पर नई चहारदीवारी बनाने का काम शुरू करा दिया है।

### मजदूरी के पैसे मांगने पर युवक को दोस्तों ने पीटा

**बिलासपुर, अमृत विचार :** मजदूरी के पैसे मांगने पर दो दोस्तों ने युवक को लात-घूंसों से पीटकर घायल कर दिया। घायल युवक को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस को मामले की सूचना दे दी गई है।

पिपलिया गोपाल का मझरा गांव निवासी राजीव कुमार ने बताया कि वह बुधवार सुबह अपने दो दोस्तों के साथ खेत में खाद डालने की मजदूरी पर गया था। आरोप है कि मजदूरी के पैसे उसके दोनों दोस्तों ने अपने पास रख लिए। देर शाम वह दोस्तों के साथ हाईवे स्थित एक होटल पर गया था। वहां मजदूरी के पैसे मांगने पर दोनों दोस्तों ने लात-घूसों से पीटकर उसे बुरी तरह घायल कर दिया। इस दौरान आरोपियों ने उसकी जेब में रखे रुपये व मोबाइल भी छीन लिया। पीड़ित ने पुलिस को घटना की सूचना दे दी है।

# शाहबाद में ई-रिक्शा की टक्कर से दो कांवड़िये जख्मी, जाम लगाया

संवाददता, शाहबाद

**अमृत विचार :** शाहबाद-सिरौली मार्ग पर ई-रिक्शा ने कांवड़ियों को टक्कर मार दी। इस हादसे में दो कांवड़िये जख्मी हो गए। उन्हें सीएचसी में भर्ती कराया गया है। वहीं, ई-रिक्शा चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर अन्य कांवड़ियों ने जमकर हंगामा किया।

कोतवाली क्षेत्र के गांव टांडा के करीब 45 शिवभक्तों का जत्था जनपद बरेली के सिरौली थाना क्षेत्र के गुलड़िया गौरी शंकर शिव मंदिर पर कांवड़ लेकर जा रहा था। इस दौरान सिरौली की ओर आ रहे ई-रिक्शा ने कांवड़ लेकर जा रहे आकाश (17) और रोहित (20) को टक्कर मार दी। हादसे में दोनों कांवड़िए बुरी तरह जख्मी हो गए। हादसे से मौके पर अफरा-तफरी मच गई। गुस्साए कांवड़ियों ने जाम लगा दिया। सूचना पर पहुंचे पुलिस-प्रशासन के पसीने छूट गए। उधर, घायल कांवड़ियों को तुरंत सीएचसी लाया गया। चिकित्साकों ने प्राथमिक उपचार देकर उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। मौके पर पहुंचे उपजिलाधिकारी सुनील कुमार और क्षेत्राधिकारी संगम कुमार से कांवड़ियों ने आरोपी ई-रिक्शा चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की। इसके बाद कांवड़ियों की ओर से पुलिस को तहरीर दी गई। करीब पौन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद कांवड़ियों ने जाम खोला। अन्य कांवड़िए गौरी शंकर मंदिर के लिए रवाना हो गए। बाद में एसपी विद्यासागर मिश्र और अरुण श्रीवास्तव भी मौके पर पहुंचे।


घायल कांवड़ियों को लेकर अस्पताल पहुंची पुलिस। ● अमृत विचार


छुरियों का मातम करते अजादार। ● अमृत विचार

# 25 मोहर्रम को निकला अलम का जुलूस

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** हजरत जैनुअल आबेदीन की याद में मोहल्ला लाल कब्र स्थित इमामबाडा मिर्जा मोहम्मद जफर बेग से गुरुवार की सुबह 10 बजे अलम का जुलूस निकला। इससे पहले इमामबाड़ा में मौलाना अली मोहम्मद नकवी ने मजलिस को खिताब किया।

25 मोहर्रम को निकले अलम के जुलूस में बनारस, रायबरेली, बाराबंकी, मुजफ्फर नगर, सैंथल, सिरसी, मेमन सदात, नौगावां सादात, शाहपुर, कुंदरकी से आई अंजुमनों ने नोहाख्वानी की और मातम किया। अलम का जुलूस चौकी बजरिया से कटरा जलालुद्दीन, गुइया तालाब, किला पूर्वी गेट, मजार चुपशाह मियां, बांस मंडी होते हुए इमामबाड़ा डॉ. अमजद अली खां में देर रात पहुंचा। अजादारों ने गुइया तालाब से किला पूर्वी गेट तक छुरियों का मातम किया। इस मौके पर तंजीम ए सज्जादिया के सदर सैयद मुर्तजा हसन जैदी, नायब सदर मिर्जा मुजतबा अली बेग, सेक्रेट्री मसूद जैदी, खजांची कमल रिजवी, काजिम अब्बास, इकबाल मेहंदी, मिर्जा राशिद बेग आदि शामिल रहे।

### रेत लदे डंपर ने हॉकर को कुचलने का किया प्रयास

**मसवासी, अमृत विचार :** गुरुवार की सुबह लगभग छह बजे समाचार पत्र वितरक रूप किशोर मौर्य अखबार का वितरण कर रहे थे। मुरादाबाद चौराहे पर पट्टीकला दिशा की ओर से तीव्र गति से आ रहे डंपर ने उन्हें टक्कर मारने की कोशिश की। मगर वह बाल-बाल बच गए। फोटो खींचने पर डंपर चालक और खनन माफिया ने उनका मोबाइल भी छीन लिया। इस दौरान चेक पोस्ट पर मौजूद लेखपाल और पुलिसकर्मी मूकदर्शक बने रहे। आसपास के लोगों ने किसी तरह बीच बचाव कर मामले को शांत किया और उनका मोबाइल वापस कराया।

चौराहे के दुकानदारों का आरोप है कि नो एंट्री के बाद भी सुबह के समय रेत के ओवरलोड वाहन तेज गति से गुजरते रहते हैं। इससे हादसे की आशंका रहती है। चौकी इंचार्ज राहुल गंगवार ने घटना की जानकारी से इनकार किया है।

**परेशानी** | लोगों ने बताया कि लो वोल्टेज और ब्रेक डाउन की रहती है दिक्कत

# नगर में मिल रही पांच-छह घंटे बिजली

संवाददाता, दढ़ियाल

**अमृत विचार :** क्षेत्र गांवों के लोगों को शेड्यूल के अनुसार बिजली आपूर्ति नहीं मिल रही है। इसके कारण लोगों का गर्मी में बुरा हाल है। कई बार लोगों ने शेड्यूल के अनुसार बिजली देने की मांग की, लेकिन समस्या जस की तस है।

नगर सहित क्षेत्र के गांवों में शेड्यूल के अनुसार बिजली नहीं मिल रही है। इसके कारण गर्मी में लोगों का बुरा हाल है। एक तरफ बिजली की आंख मिचौली से लोग परेशान हैं तो दूसरी तरफ गर्मी ने जीना मुहाल कर रखा है। बिजली के आने-जाने का भी कोई निर्धारत समय नहीं है। दिन भर ट्रिपिंग होती रहती है। वोल्टेज भी कम आते हैं। लोगों ने बताया कि लो वोल्टेज और ब्रेक डाउन की भी दिक्कत रहती है। नगर में पांच-छह घंटे ही बिजली मिल रही है। शेड्यूल के अनुसार बिजली न मिलने से लोगों में विभाग के खिलाफ आक्रोश है।



> एक तरफ गर्मी पड़ रही है तो दूसरी तरफ बिजली कटौती की जा रही है। गर्मी में तो विभाग को बिजली शेड्यूल के अनुसार देनी चाहिए। जिससे लोगों को गर्मी में राहत मिल सके।
> **- यामीन मालिक, नगर अध्यक्ष उद्योग व्यापार मंडल**



> नगर में 5-6 घंटे ही बिजली आपूर्ति मिल रही है। बिजलीघर से आ रही लाइन को बार-बार ब्रेक डाउन में डाल दिया जाता है। बिजली नहीं मिलने के कारण गर्मी में लोग बेहाल हैं।
> **- खुर्शीद अहमद अध्यक्ष, नगर पंचायत**



> बिजली आने-जाने का कोई समय नहीं है। कभी भी बिजली आपूर्ति को बंद कर दिया जाता है। ऊपर से बार-बार फाल्ट के चलते दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। **- नबी हसन**



> गर्मी से लोगों बुरा हाल है। इस दौरान बिजली की आंख-मिचौली ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। बिजलीघर में फोन करने पर ऊपर से लाइट न आने का बहाना बनाया जाता है। **- वीरेंद्र सिंह**

### अशोकनगर बिजलीघर पर ग्रामीणों ने की नारेबाजी

**बिलासपुर, अमृत विचार :** शेड्यूल के मुताबिक विद्युत आपूर्ति न देने के विरोध में ग्रामीणों ने अशोकनगर बिजलीघर पर नारेबाजी की। बाद में अधिशासी अभियंता को संबोधित ज्ञापन उपखंड अधिकारी को सौंपा।

गुरुवार की दोपहर ग्रामीण अशोकनगर बिजली घर पहुंचे। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में शेड्यूल के मुताबिक विद्युत आपूर्ति न करने पर नारेबाजी की। बाद में अधिशासी अभियंता को संबोधित ज्ञापन उपखंड अधिकारी को सौंपा। ज्ञापन में कहा कि 18 घंटे विद्युत आपूर्ति का शेड्यूल होने के बावजूद क्षेत्र में मात्र 8-10 घंटे ही आपूर्ति मिल रही है। उन्होंने शेड्यूल के मुताबिक विद्युत आपूर्ति करने, विद्युत उपकेन्द्र ग्राम बेगमाबाद पर खराब पड़े उपकरणों को यथाशीघ्र सही कराकर आपूर्ति सुचारु कराने की मांग की। इस मौके पर राजकुमार गंगवार, हरप्रीत सिंह, सत्येंद्र सिंह, हरजिंदर सिंह आदि मौजूद रहे।


गोमुख से जल लेकर आते शिवभक्त। ● अमृत विचार

# आज भगवान शिव का जलाभिषेक करेंगे भक्त

संवाददाता, स्वार

**अमृत विचार :** सावन की शिवरात्रि पर भगवान शिव का जलाभिषेक करने के लिए कांवड़िए डीजे की धुन पर नाचते हुए गंतव्य पर पहुंच रहे हैं। वह शुक्रवार को तड़के चार बजे भगवान शिव का जलाभिषेक करेंगे।

सावन की शिवरात्रि पर भगवान शिव का जलाभिषेक करने के लिए कांवड़ियों के जत्थे गोमुख, हरिद्वार व बृजघाट से गंगा जल लेने गए थे। गुरुवार को कांवड़िए गंतव्य पर पहुंच रहे हैं। जगह-जगह कांवड़ियों पर श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर जलपान कराया।

इस अवसर पर जगदीश सरन गुप्ता, पंडित शिवओम शर्मा, रमेश सैनी, प्रशांत शर्मा, लक्ष्मीकांत सैनी, महेन्द्र सैनी, डॉ. कृष्णलाल चन्द्रा, पंकज सैनी आदि मौजूद रहे। सुरक्षा की दृष्टि से भारी पुलिस बल भी तैनात रहा।

### छह डंपरों का चालान कर 12 हजार रुपये जुर्माना वसूला

**स्वार, अमृत विचार :** गंगा एक्सप्रेसवे के डंपरों की आड़ में नो एंट्री के बावजूद बड़े वाहन धड़ल्ले से दौड़ रहे है। पुलिस ने छह डंपरों का चालान कर 12 हजार रुपये जुर्माना वसूला।

स्वार, रामपुर, बिलासपुर, बाजपुर, काशीपुर, मुरादाबाद मार्ग पर बेतरतीब दौड़ रहे वाहन हादसों कारण बने थे। इस पर भारी वाहनों के आवागमन पर नो एंट्री लगा दी गई थी। जिलाधिकारी की सख्ती के बावजूद गंगा एक्सप्रेसवे पर चल रहे कार्य के चलते उनके डंपरों की आड़ में भारी वाहन धड़ल्ले से दौड़ रहे हैं। गुरुवार को पुलिस ने गंगा एक्सप्रेसवे के डंपरों की आड़ में दौड़ रहे छह डंपरों का चालान कर 12 हजार रुपये जुर्माना वसूला। इस कार्रवाई से भारी वाहनों के चालकों में खलबली मच गई।

## एक नजर


मंडलायुक्त से मुलाकात करते संदीप सोनी।

### मंडलायुक्त से की मंदिर के सेवादार ने मुलाकात

**रामपुर, अमृत विचार :** श्री पातालेश्वर शिवालय सेवा ट्रस्ट के प्रमुख सेवादार संदीप अग्रवाल सोनी ने मंडलायुक्त आंजनेय कुमार से मुलाकात की। उन्होंने बताया कि भमरौआ महादेव मंदिर में कई समस्याएं हैं। सड़कों का चौड़ीकरण, रोड पर लाइट न होना बताया। उन्होंने मंडलायुक्त से मंदिर के लिए 10 किलोवाट के सोलर सिस्टम की मांग भी की। मंडलायुक्त ने धर्मार्थ के कार्य में आ रही बाधाओं को दूर करने का आश्वासन दिया है। इस मौके पर गजेटियर दो को लेकर भी चर्चा हुई। इसमें प्राचीन भमरौआ मंदिर का जिक्र है। गजेटियर टू में भमरौआ मंदिर का प्राचीन इतिहास लिखा गया है। इस अवसर पर संदीप अग्रवाल सोनी ने कहा कि धर्म के काम में यदि कोई परेशानी आएगी तो वह मुख्यमंत्री से भी मुलाकात करेंगे।

# गर्मी से बेहोश हुई कक्षा छह की छात्रा, स्कूल में मचा हड़कंप

## प्रधानाध्यापक ने छात्रा को होश में लाने के बाद अपने वाहन से घर पहुंचाया

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** गुरुवार को कक्षा छह की छात्रा उमस भरी गर्मी के चलते स्कूल में बेहोश होकर गिर गई। इससे स्कूल में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में प्रधानाध्यापक ने उसके चेहरे पर पानी के छींटे मारे, उसके पैरों के तलवे सहलाए। होश आने पर छात्रा को प्रधानाध्यापक अपने वाहन से उसे घर छोड़कर आए।

उमस भरी गर्मी से लोगों का हाल-बेहाल है। पिछले कई दिन से मौसम अचानक बदल रहा है। लोग पसीने में तर बतर हो रहे हैं। बच्चों को स्कूल जाने में परेशानियां आ रही हैं। उमस भरी गर्मी में बच्चे बेहोश होकर गिर रहे हैं, लेकिन प्रशासन सरकारी स्कूलों का समय नहीं बदल रहा है।

टांडा के गांव कसिया कुडा निवासी शकील की 12 साल की बेटी गुलजार पूर्व माध्यमिक विद्यालय करखेडा में कक्षा छह की छात्रा है। गुरुवार को 11 बजे वह गर्मी में बेहोश होकर गिर गई। इससे छात्रों ने चीख-पुकार मचा दी। प्रधानाध्यापक मौके पर पहुंचे और छात्रा को होश में लाने के लिए उसके चेहरे पर पानी के छींटे मारे। उसके हाथ व पैरों के तलवों पर मालिश की। इसके बाद छात्रा होश में आ गई। तब प्रधानाध्यापक उसे अपने वाहन से घर छोड़कर आए।


छात्रा को होश में लाने का प्रयास करते प्रधानाध्यापक एवं छात्राएं।

> करीब 11 बजे उमस भरी गर्मी से कक्षा छह की छात्रा बेहोश होकर गिर गई। उसके चहेरे पर पानी के छींटे मारकर होश में लाया गया। इसके बाद छात्रा को घर छोड़ा गया।
>
> –जय प्रकाश, प्रधानाध्यापक पूर्व माध्यमिक विद्यालय करखेडा

### दो दिन पहले भी गर्मी से बेहोश हुए थे सात बच्चे

दो दिन पहले भी उमस भरी गर्मी के कारण जिले के कई सरकारी स्कूलों के सात छात्र-छात्राएं बेहोश हो गए थे। इसके बाद भी जिला प्रशासन द्वारा अभी तक स्कूलों का समय नहीं बदला गया है। बच्चे सुबह आठ से दोपहर दो बजे स्कूलों में पढ़ाई कर रहे हैं। बेसिक शिक्षा अधिकारी ने अधिशासी अभियंताओं को पत्र लिखकर बिजली कटौती रोकने के लिए कहा था, लेकिन अभी भी समय से बिजली नहीं मिल रही है।


उपजिलाधिकारी को ज्ञापन देते भाकियू भानू से जुड़े किसान।

# सरकारी अस्पताल में अव्यवस्थाओं के खिलाफ धरने पर बैठे किसान

संवाददाता, शाहबाद

**अमृत विचार :** सरकारी अस्पताल में अव्यवस्थाओं के विरोध में किसान धरने पर बैठ गए। उन्होंने चिकित्सकों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए नारेबाजी की। इसके बाद उपजिलाधिकारी सुनील कुमार को ज्ञापन देकर कार्रवाई की मांग की। उपजिलाधिकारी के आश्वासन के बाद किसानों ने धरना समाप्त कर दिया।

गुरुवार को भारतीय किसान यूनियन भानू की पंचायत में क्षेत्र की समस्याओं को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में व्याप्त अव्यस्थाओं को लेकर किसान भड़क गए। वह जिला उपाध्यक्ष आकिल खां के नेतृत्व में सरकारी अस्पताल पहुंचे और धरने पर बैठ गए। सूचना पर चिकित्सा अधीक्षक मोहित रस्तोगी उनसे वार्ता करने पहुंचे। किसानों ने आरोप लगाया कि सरकारी अस्पताल में बिजली जाने पर एक्स-रे नहीं किया जाता है। गर्भवती महिलाओं के अल्ट्रासाउंड न करने की भी शिकायत की। कहा कि मरीजों के प्रति चिकित्सकों का रवैया सही नहीं है। चिकित्सा अधीक्षक ने उन्हें समझाने का प्रयास किया, लेकिन किसान नहीं माने। इस पर उपजिलाधिकारी ने मौके पर पहुंचकर उनकी समस्याएं सुनी और जल्द ही सुधार कराने का आश्वासन दिया। इस पर किसानों ने धरना समाप्त कर दिया। इस दौरान अबरार मलिक, झंडू सिंह, रामनाथ मौर्य, अमरपाल सिंह, हरिश्चन्द्र एवं महिपाल आदि मौजूद रहे।


स्कूल में बच्चों को समझाते डीआईओएस। ● अमृत विचार

# अभ्यास करके प्रश्नों को आसान बनाने पर दिया जोर

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** जिला विद्यालय निरीक्षक मुन्ने अली ने रजा इंटर कॉलेज में सुबह 9:30 पर निरीक्षण किया। इस दौरान विद्यालय की साफ-सफाई पर जोर दिया।

इस्पायर एवार्ड में नामांकन कराने एवं पू-डायस प्लस के कार्य को अतिशीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। कक्षा 10 के छात्रों के साथ विज्ञान व गणित की बारीकियों को साझा किया। गणित एवं विज्ञान के प्रश्नों का श्यामपट पर अभ्यास कराया। छात्रों को बताया कि यदि कोई प्रश्न समझ में नहीं आता है तो बार-बार अध्यापक से पूछने पर संकोच न करें। उन्होंने अभ्यास करके प्रश्नों को आसान बनाने पर जोर दिया। निरीक्षण में फैजान सईद ने सहयोग किया। इस मौके पर विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# जंगल में हों तो छोटे एवं घने पेड़ों की शरण लें : डीएम

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह ने नागरिकों को वज्रपात से बचाव और सुरक्षा के लिए एडवाइजरी जारी की है।

बताया कि आमतौर पर वज्रपात होने की सबसे अधिक संभावना ऊंचे इलाके जैसे पहाड़ या ऊंचे पेड़ पर होती है। इसके अलावा जहां पानी अधिक मात्रा में होता है वहां भी ब्रजपात हो सकता है। बिजली के लिए पानी कंडक्टर का काम करता है। इसलिए पानी के स्त्रोत के आसपास वज्रपात होने का खतरा अधिक होता है। वज्रपात से बचने के लिए पक्के मकान में शरण लें। सफर में हैं तो वाहन में ही रहें। यदि जंगल में हों तो छोटे एवं घने पेड़ों की शरण लें। घायल को तत्काल अस्पताल ले जाएं। स्थानीय रेडियो एवं अन्य संचार साधनों से मौसम की जानकारी लेते रहें।

### खेत खलिहान में बिजली गिरने पर यह करें

खेत खलिहान में काम करते समय जहां हैं वहीं रहें। हो सके तो पैरों के नीचे सूखी चीजें जैसे-लकड़ी, प्लास्टिक, बोरा या सूखे पत्ते रख लें। पैरों को आपस में सटा कर दोनों हाथों को घुटनों पर रख कर सिर को जमीन की तरफ झुका लें। कान बंद करें और सिर को जमीन से न सटने दें। जमीन पर न लेटें। आकस्मिक स्थिति में राज्य हेल्पलाईन नंबर 108 पर कॉल करें।

### आकाशीय बिजली गिरने पर यह न करें

खिड़कियों, दरवाजों व बरामदे के समीप और छत पर न जायें। फ्रिज, टेलीफोन आदि को न छूएं। तालाब और जलाशय के समीप न जाएं। बिजली के उपकरण या तार से दूर रहें। बिजली के उपकरणों के प्लग हटा दें। समूह में न खड़े हों। पैदल जा रहे हों तो धातु की डंडी वाले छातों का उपयोग न करें।

### वज्रपात की चपेट में आने पर यह करें

वज्रपात से पीड़ित व्यक्ति को प्राथमिक उपचार देने से उसकी जान बच सकती है। पीड़ित को सुरक्षित स्थान पर ले जाएं। दरअसल, आकाशीय बिजली गिरने पर इंसान की एनर्जी खत्म हो जाती है। उसके दिल को झटका लगता है। धड़कन बंद हो जाती है या बेहद धीमी हो जाती है। सांस लेने में दिक्कत होने लगती है। ऐसे में पीड़ित को तुरंत सीपीआर (कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन) दें। उसकी हथेलियों और तलवे को जोर-जोर से रगड़ें।

### सलाह

- स्थानीय रेडियो एवं अन्य संचार साधनों से मौसम की जानकारी लेते रहें
- व्रजपात से घायल हुए व्यक्ति को तत्काल अस्पताल पहुंचाएं

### दामिनी ऐप से लें वज्रपात की सही जानकारी

सरकार ने वज्रपात का अलर्ट देने के लिए दामिनी ऐप लॉन्च किया है। यह आम लोगों के साथ किसानों के लिए भी फायदेमंद है। इस ऐप की मदद से बिजली गिरने की सही जानकारी मिलती है। यह ऐप यूजर के मोबाइल के जीपीएस लोकेशन के आधार पर 20 से 40 किलोमीटर के दायरे में वज्रपात की संभावना का पता लगाता है। यह ऐप वज्रपात की गड़गड़ाहट और गति भी बताता है। बिजली गिरने से करीब 7-8 मिनट पहले ही अलर्ट भेज देता है।

# आसरा कॉलोनी के मकानों में आ रही सीलन

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** आसरा कॉलोनी डूंगरपुर में मकानों के अंदर सीलन व उनकी जर्जर हालत, रोशनी की समस्या को लेकर जनसेवा समिति के पदाधिकारियों ने एसडीएम सदर को ज्ञापन सौंपा। इसमें उनका कहना है कि सीवर सिस्टम ब्लॉक होने से गदंगी बहकर सड़कों पर आ रही है। ऐसे में संक्रामक रोग फैलने की आशंका है।

जनसेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष वसीम उल हसन के नेतृत्व में पदाधिकारी तहसील पहुंचे। उन्होंने आसरा कॉलोनी डूंगरपुर की समस्या को लेकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। इसमें कहा कि कॉलोनी के लोग बहुत परेशान हैं।

कॉलोनी के मकान जर्जर हैं। जगह-जगह से प्लास्टर गिर रहा है। सीवर सिस्टम ब्लॉक होने से सीवर से गंदगी सड़कों पर आ रही है। स्ट्रीट लाइट पूरी तरह से बंद हैं। इससे रात में अंधेरा छा जाता है। छतों पर पानी की टंकियों से पानी बह रहा है।



एसडीएम सदर को ज्ञापन देते प्रदेश अध्यक्ष व अन्य। ● अमृत विचार

- जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा

ज्ञापन देने वालों में प्रदेश उपाध्यक्ष सैयद विक्की मियां, जिलाध्यक्ष रेहान खान, नगर अध्यक्ष हारिस शमसी, सालिम खान, साहिल खान, फरीद खान, वसी खान, शेबू खान, उमैर अहमद, इरफान उस्ताद, ऋषभ शर्मा, अशोक कुमार, हरमीत सिंह आदि मौजूद रहे।

# अल्पसंख्यक युवा प्रतिभा को अलग पहचान देंगे पीएम

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के मार्गदर्शन में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा देश के अल्पसंख्यक युवाओं को डॉ. कलाम स्टार्टअप यूथ अवार्ड देगा। मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी के नेतृत्व में कार्यक्रम की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। छह अगस्त तक मोर्चा की वेबसाइट पर रजिस्ट्रेशन होगा।

अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय सह मीडिया प्रभारी फैसल मुमताज ने बताया कि दिल्ली स्थित भाजपा के केंद्रीय कार्यालय पर अवॉर्ड कार्यक्रम की समीक्षा बैठक हुई। इसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी ने कहा कि मोर्चा की वेबसाइड के माध्यम से अवॉर्ड के रजिस्ट्रेशन शुरू हो चुके हैं। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है कि जो युवा प्रतिभागी इस अवॉर्ड कार्यकर्म में प्रतिभाग करेंगे, सरकार से उन्हें मदद दिलाने के लिए सिफारिश करने का काम भी भाजपा करेगी। यह अपने आप में नई कोशिश है जो सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास का खुला प्रमाण है।

कार्यक्रम के लिए अल्पसंख्यक मोर्चा की राष्ट्रीय सोशल मीडिया सह प्रभारी मरियम फारूकी को राष्ट्रीय प्रभारी नियुक्त किया गया है। इसमें सभी प्रदेशों से 7-7 युवाओं का चयन किया जाएगा। अवॉर्ड के लिए छह अगस्त तक आवेदन किए जाएंगे। चयनित युवाओं के नामों की सूची 12 अगस्त (अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस) के अवसर पर जारी की जायेगी।



दिल्ली में पदाधिकारियों के साथ अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय सह मीडिया प्रभारी फैसल मुमताज।

- छह अगस्त तक मोर्चा की वेबसाइट पर होगा रजिस्ट्रेशन

## महोत्सव | भारत विकास परिषद की तीज क्वीन बनीं राजश्री गुप्ता

# शिखा व मोहनी ने गाए सावन के गीत, झूमी महिलाएं

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** भारत विकास परिषद ने तीज महोत्सव मनाया। इसमें तीज क्वीन राजश्री गुप्ता को चुना गया। शिखा सक्सेना एवं मोहनी पाहवा ने सावन गीत प्रस्तुत किये।

भारत विकास परिषद की ओर से गांधी समाधि स्थित चम्पाकुंवरि धर्मशाला में तीजोत्सव कार्यक्रम हुआ। इसमें अनीता अग्रवाल, परीशा अग्रवाल, सतनाम चावला, पूनम अग्रवाल ने दीप प्रज्ज्वलन एवं माल्यार्पण के साथ कार्यक्रम का प्रारम्भ किया। पुष्पा गुप्ता ने तीजोत्सव का महत्व समझाया। बच्चों के गेम्स में आरोही प्रथम, अवनीश द्वितीय व आरब सिंह तृतीय रहे। महिलाओं के गेम्स में इन्दु अग्रवाल प्रथम, सुधा रस्तोगी द्वितीय, स्वाति अग्रवाल तृतीय, कपल गेम में अनीता सुनील अग्रवाल प्रथम, शालनी आलोक अग्रवाल द्वितीय, अल्का महेश जुनेजा तृतीय रहीं। ललिता पुन्डीर, श्वेता वर्मा, सुमन गप्ता एवं राशि अग्रवाल ने सावन के गीत प्रस्तुत किए गए। कोमल रस्तोगी, पूनम अग्रवाल, राजश्री गुप्ता, मीनू आर्या, अजूं जैन एवं वीरा मागंलिक ने खेलों का आयोजन किया। कार्यक्रम में तीज क्वीन राजश्री गुप्ता एवं इन्दु अग्रवाल को रनर चुना गया। कार्यक्रम में हाऊजी सतनाम चावला तथा अर्चना कश्यप द्वारा आयोजित की। मीनू गुप्ता, मंजू गुप्ता ने कार्यक्रम में सहयोग किया।

परिषद के अध्यक्ष रवीन्द्र गुप्ता ने बताया कि आज परिषद परिवार में तीन नये सदस्य भारत भूषण गुप्ता, सुनील अग्रवाल एवं राजीव अग्रवाल को शामिल कर परिषद की पिन भेंट की। मुख्य शाखा के 25 वर्ष पूर्ण होने पर संस्थापक सदस्य ललित अग्रवाल ने सदन को पूर्ण जानकारी दी। ललित अग्रवाल, माधव गुप्ता, सतीश सक्सेना, रमेश पाठक एवं राजीव मांगलिक को सम्मानित किया गया।


तीज क्वीन के साथ मौजूद महिलाएं। ● अमृत विचार

### यह लोग रहे मौजूद

कार्यक्रम में पूर्व में हुए भगवान जगन्नाथ रसकथा महोत्सव के आयोजक को सम्मानित किया गया। सभा में माधव गुप्ता, जगन्नाथ चावला, डाक्टर गौरव वार्ष्णेय, दीपक पुण्डीर, प्रशान्त गुप्ता, सतीश सक्सेना, उमेश रस्तोगी, राजीव अग्रवाल, अजय अग्रवाल, अभय शंकर, अभय, विपुल गुप्ता, रविन्द्र पाल सिंह, विकास गुप्ता, राजेश, राकेश जुनेजा, राजेन्द्र जैन, रामेन्द्र गुप्ता, अनुज सक्सेना, कृष्ण कान्त सिंह, समीर वात्सल्य, मुकेश आर्या इत्यादि उपस्थित रहे।

# ब्लड कंपोनेंट सेपरेशन यूनिट को लाइसेंस नंबर मिला

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- अब लोगों को प्लेटलेट्स और प्लाज्मा के लिए नहीं काटने पड़ेंगे ब्लड बैंकों के चक्कर

**अमृत विचार :** जिला अस्पताल के ब्लड कंपोनेंट सेपरेशन यूनिट को स्वीकृति मिल गई है। बुधवार को लखनऊ से लाइसेंस नंबर मिल गया है। अब यह जल्द ही संचालित हो जाएगा। इसके संचालित होने पर प्लेटलेट्स व प्लाज्मा के लिए तीमारदारों को भटकना नहीं पड़ेगा।

जिला अस्पताल के ब्लड बैंक में ब्लड कंपोनेंट सेपरेशन यूनिट की सुविधा नहीं थी। इसके चलते स्वास्थ्य विभाग ने अगस्त 2021 में शासन को ब्लड कंपोनेंट सेपरेशन यूनिट लगाने के लिए प्रस्ताव भेजा था। मंजूरी मिलने के बाद शासन ने इसके निर्माण के लिए 5.5 लाख रुपये दिए थे। फरवरी 2022 में ब्लड कंपोनेंट सेपरेशन यूनिट का भवन तैयार हो गया था। मशीनें लगने के बाद टीम ने इसका निरीक्षण किया था। इस दौरान भवन में टीम को मानकों के हिसाब से कई आपत्तियां मिलीं थी। बाद में इन्हें भी ठीक करा दिया गया था। इसके बाद दिल्ली से यूनिट को चलाने की स्वीकृति मिल चुकी है। बुधवार को लखनऊ से यूनिट का लाइसेंस नंबर भी आ गया है।

> लखनऊ से ब्लड कंपोनेंट सेपरेशन यूनिट का लाइसेंस नंबर मिल गया है। अब जल्द ही यूनिट को शुरू कराया जाएगा। इसके बाद लोगों को निजी ब्लड बैंकों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे।
>
> –डॉ. एचके मित्रा, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक जिला अस्पताल

## सार संक्षेप

### आधार कार्ड बनवाने में आ रही समस्या की शिकायत की

**रामपुर, अमृत विचार :** आधार कार्ड बनवाने में जनता को आ रही समस्या को लेकर भारतीय किसान यूनियन इंडिया के पदाधिकारी जिलाधिकारी से मिले। उन्होंने समस्या के बारे के जिलाधिकारी को बताया। गुरुवार को भारतीय किसान यूनियन इंडिया के जिलाध्यक्ष बाबू अली के नेतृत्व में पदाधिकारी कलक्ट्रेट पहुंचे। जिलाध्यक्ष ने कहा कि आधार कार्ड बनवाने और संशोधन कराने में जनता को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सिटी पोस्ट ऑफिस के सामने रात में भी आधार कार्ड बनवाने के लिए लोग सड़क पर बैठे रहते हैं। पहले कई पोस्ट ऑफिस एवं बैंक शाखाओं में आधार केंद्र खोले गए थे। इससे लोगों को राहत मिली थी। इसी तरह आधार केंद्र खोल दिए जाएं। ज्ञापन देने वालों में नजमी, इमरान, फहीम खां, अनस खां, असलम खां, जुनैद खां, आरिफ खां और फिरोज आदि मौजूद रहे।

### बमनपुरी स्टेडियम में हुई जनपद स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता

**रामपुर, अमृत विचार :** जनपदीय सब जूनियर हॉकी प्रतियोगिता बालक- बालिकाओं का आयोजन बमनपुरी स्टेडियम में जैन इंटर कॉलेज के द्वारा किया गया। इसमें आइडेंटी एजुकेशनल एकेडमी बगी, जुल्फिकार इंटर कॉलेज व कन्या इंटर कॉलेज की टीमों ने भाग लिया। आइडेंटी एजुकेशनल एकेडमी ने कन्या इंटर कॉलेज को 4-2 हराकर फाइनल जीतकर प्रतियोगिता पर कब्जा किया। आइडेंटी एजुकेशनल एकेडमी की टीम 11 अगस्त को सब जूनियर हॉकी बालिका में मंडल हॉकी प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेगी। आइडेंटी एजुकेशनल की तरफ से इकरा, बुशरा और काजल ने एक-एक गोल किया। कन्या इंटर कॉलेज की तरफ से नाजिया और साहिब ने एक-एक गोल किया। अंपायरिंग तुषार शर्मा, मोहम्मद वकार व रावत ने की।

### प्रधानाचार्य सुमेधा को दिया चंदन और रुद्राक्ष का पौधा

**रामपुर, अमृत विचार :** श्री त्रिपुरेश्वरी शक्तिपीठ के आचार्य महायोगी डॉ. राधेश्याम शर्मा वासंतेय ने बताया कि चोटीपुरा गांव में श्रीमद दयानन्द कन्या गुरुकुल महाविद्यालय में संपन्न हुए कार्यक्रम में भाग लेने का सौभाग्य मिला। भारत की नारी शक्ति की दिव्यता देखकर अतीत की गुरुकुल परंपरा का दर्शन हुआ। साधारण गांव की साधारण कन्या आचार्य सुमेधा ने चोटीपुरा में जो वृक्ष लगाया, वह भारतीय ऋषि कन्याओं के अतीत की वर्तमान झांकी है। छात्राओं में ऋषि परंपराओं का आलोकिक आदर्श साहस, अनुशासन भरने वाली आचार्या सुमेधा एक दृढ़ स्तंभ सी दिखाई दीं। बालिकाओं ने जो कार्यक्रम प्रस्तुत किए उनकी अनुभूति की अभिव्यक्ति असंभव है। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सर संघ चालक मोहन भागवत के साथ सम्पूर्ण गुरुकुल परिवार बेहद घुला-मिला था। कार्यक्रम के विसर्जन पर उन्होंने प्राचार्या आचार्या सुमेधा को चंदन और रुद्राक्ष का पौधा भेंट किया।


प्रधानाचार्य सुमेधा को पौधा भेंट करते डॉ. राधेश्याम। ● अमृत विचार

### निजी बस की टक्कर से दो लोग घायल

**टांडा, अमृत विचार :** मोहल्ला टंडोला निवासी कमल (26) व कपिल (27) चचेरे-तहेरे भाई हैं। गुरुवार की दोपहर वह अपनी रिश्तेदारी में आयोजित भंडारे में शामिल होने मुरादाबाद जा रहे थे। भगतपुर की पुलिस चौकी मॉनपुर के पास वह सड़क किनारे खड़े होकर किसी का इंतजार करने लगे। तभी मुरादाबाद की ओर से आ रही तेज रफ्तार निजी बस ने दोनों को टक्कर मार दी। इसमें दोनों गम्भीर रूप से घायल हो गए। उनकी बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई। घायलों को सीएचसी लाया गया। घायलों के परिजनों ने बस के चालक व परिचालक के खिलाफ भगतपुर थाने में तहरीर दे दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### सफाई कर्मचारियों ने अध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन

**दढ़ियाल, अमृत विचार :** चेयरमैन खुर्शीद अहमद व अधिशासी अधिकारी विवेक गौड़ को उत्तर प्रदेशीय सफाई मजदूर संघ के अध्यक्ष रावत वाल्मीकि के नेतृत्व में सफाई मजदूरों ने अपनी मांगों का निस्तारण कराने को लेकर ज्ञापन दिया। सफाई मजदूरों की मांग है कि उन्हें शासनादेश के अनुसार 410 रुपये दैनिक मजदूरी दी जाये। वेतन से काटा गया ईपीएफ का पैसा उनके खातों में जमा कराया जाए। उनका परिवार सहित ईएसआई कार्ड बनवा जाए। मौसम के अनुसार वर्दी व सफाई उपकरण दिलाये जाएं। नगर की जनसंख्या के अनुसार सफाई कर्मी बढ़ाए जाएं। ज्ञापन देने वालों में राकेश वाल्मीकि, कुंवर सिंह, रवि वाल्मीकि, विपिन वाल्मीकि, राहुल, सुनील, उमेश, राजा, सुदेश, सोनू आदि शामिल रहे।

### 10 से 12 अगस्त तक मनेगा तुलसीदास जयंती महापर्व

**बिलासपुर, अमृत विचार :** श्री सनातन धर्म मंदिर कमेटी के महामंत्री योगेश कुमार अग्रवाल ने बताया कि मंदिर में श्रीमद् गोस्वामी तुलसीदास जयंती का 34वां पर्व 10 से 12 अगस्त तक प्रात: आठ से पूर्वाह्न 11 एवं रात आठ से 11 बजे तक धूमधाम से मनाया जाएगा। इसमें बाशिम महाराष्ट्र से मानस महारथी पंडित निर्मल कुमार शुक्ला, जबलपुर मध्य प्रदेश से डॉ. बृजेश कुमार दीक्षित तथा सीधी मध्य प्रदेश से पंडित राजेंद्र कुमार मिश्रा प्रवचन करेंगे। 10 अगस्त को सुबह छह बजे नगर में प्रभातफेरी निकाली जाएगी। उन्होंने श्रद्धालुओं से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का आह्वान किया।

### तहसील में भ्रष्ट्राचार चरम पर

**रामपुर, अमृत विचार :** अधिवक्ता संघ के पदाधिकारियों ने गुरुवार को तहसीलदार सदर को ज्ञापन दिया। इसमें कहा कि तहसील में भ्रष्ट्राचार चरम सीमा पर है। इससे जनता और अधिवक्ताओं में रोष है। लेखपाल जानबूझकर अपने अपने हलके में न जाकर कार्यालय में बैठकर बिना पूछताछ के ही खतौनियों में अंश निर्धारण कर देते हैं। इसमें कमियां मिल रही हैं। इस मौके पर नाजिम खान, शहजाद हसन, मोहम्मद रेहान, भूरा अली, मोहम्मद ताहिर, मोहम्मद आमिर, शावेज अंसारी आदि मौजूद रहे।

### खालसा महाविद्यालय में नया सत्र शुरू

**बिलासपुर, अमृत विचार :** महाविद्यालय के प्रबन्धक गुरकीरत सिंह औलख ने फीता काटकर नए शैक्षिक सत्र का आरंभ किया। इस दौरान प्रथम सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं का स्वागत किया गया। बाद में प्रबंधक ने छात्र-छात्राओं से कक्षाओं में नियमित रूप से उपस्थित रहने की अपील की। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने भी विचार प्रस्तुत किए। इस मौके यशपाल गंगवार, सगीर हसन आदि शिक्षक मौजूद रहे।

### मरम्मत के चलते बंद रहेगी बिजली

**बिलासपुर, अमृत विचार :** गांव कुआंखेड़ा और खौंदलपुर के बिजली घर में भूमिगत केबल शिफ्टिंग के चलते तीन और चार अगस्त को चार घंटे विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। उपखंड अधिकारी प्रदीप कुमार प्रसाद ने बताया कि तीन अगस्त को गांव कुआंखेड़ा के विद्युत उपकेन्द्र पर 11 हजार केवीए की लाइन को भूमिगत किया जाएगा। जबकि चार अगस्त को गांव खौंदलपुर स्थित विद्युत उपकेन्द्र पर 33 केवीए डबल पोल शिफ्टिंग एवं इण्डस्ट्री फीडर पर 11 केवीए डबल पोल रेक्टिफिकेशन का काम किया जाएगा। इसके कारण दोनों बिजली घरों से चार-चार घंटे के लिए आपूर्ति बाधित रहेगी।

### सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत : भीम अनार्य

**रामपुर, अमृत विचार :** भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज (भावाधस) भीम के राष्ट्रीय प्रमुख वीरेश भीम अनार्य ने सुप्रीम कोर्ट के आरक्षण पर दिए फैसले का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि समस्त दलित समाज को इस फैसले का स्वागत करना चाहिए। इस फैसले से अति दलित वाल्मीकि समाज को लाभ होगा, जो वर्षों से गटर में जान दे रहा है। नगर पालिकाओं में ठेके पर काम कर रहा है। छह दिसंबर 1996 को भावाधस भीम ने दिल्ली के जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर अलग आरक्षण की मांग की थी। तत्कालीन राजनाथ सिंह सरकार ने उत्तर प्रदेश में इसे लागू भी किया था, लेकिन हाईकोर्ट ने इसे निरस्त कर दिया था। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद भावाधस भीम ने मिठाइयां बांटीं। इस अवसर पर शंकर बल्लू, कमल द्रविड़, विनय चौधरी, अभिषेक बाबू आदि मौजूद रहे।

### नवनियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र सौंपे

**रामपुर, अमृत विचार :** दस्तावेज लेखक संघ के मुख्य कार्यालय सेंट्रल बैंक की गली राजद्वारा में चुने गए नवनियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र सौंपे गए। प्रवीण अग्रवाल को अध्यक्ष, विशाल सक्सेना को उपाध्यक्ष, राजकुमार सक्सेना को महासचिव, सैयद शादाब मियां को मंत्री, तुषार सक्सेना और मोहम्मद शाहजेब को प्रचार मंत्री बनाया गया। सैयद अली जाफर को कोषाध्यक्ष बनाया गया। पदाधिकारियों का माला पहनाकर स्वागत किया गया। इसके बाद नियुक्ति पत्र दिए गए। इस मौके पर वीरेंद्र सक्सेना, प्रमोद सक्सेना, दयाराम आदि मौजूद रहे।

### पंचायत में समस्याओं पर हुई चर्चा

**रामपुर, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) की पंचायत ग्राम मंडैयान स्थित कार्यालय में हुई। इसमें किसानों की समस्याओं पर चर्चा हुई। पंचायत में मंडल उपाध्यक्ष खलील अहमद ने कहा कि काशीराम कालोनी में आपात्र लोग रह रहे हैं। साठगांठ करके उन्हें आवास दे दिए हैं। इस मौके पर सलीम अहमद, नोनीराम, गोपाल गिरी, भगवानदास, रुबीना, रिहाना बी, आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### जंगल में फंदे पर लटका मिला युवक का शव

**धनारी, अमृत विचार :** थाना धनारी क्षेत्र के गांव सिकरोरा भूड़ में युवक का शव जंगल में पेड़ से फंदे पर लटका मिला है। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। 22 वर्षीय नेत्रपाल घर से जंगल के लिए कहकर गया था। इसके बाद दोपहर को उसका शव जंगल में पेड़ पर फंदे से लटका लोगों ने देखा। सूचना मिलने पर परिजन भी पहुंच गये। भाई वीरेंद्र की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची।

### किसान को सांड़ ने किया गंभीर रूप से घायल

**चन्दौसी/कुढ़फतेहगढ़, अमृत विचार :** खेत पर फसल की रखवाली कर रहे किसान पर सांड ने हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। उसका निजी चिकित्सक से उपचार कराया जा रहा है। थाना कुढ़फतेहगढ़ निवासी जयराम गुरुवार की शाम एसएस इंटर कॉलेज के पास स्थित खेत पर फसल की रखवानी करने गया था। तभी किसान पर सांड़ ने हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। शोर शराबा सुनकर खेतों में मौजूद किसान मौके पर पहुंचेऔर जयराम के घर सूचना दी। परिजन किसान को उपचार के लिए निजी चिकित्सक के पास ले गए।

# कक्षा 4 के लापता छात्र का पेड़ पर फंदे से लटका मिला शव

## जेब में बीड़ी मिलने की शिकायत पर पिता ने डांटा था, मचा कोहराम

**कार्यालय संवाददाता, संभल/ओबरी**



छात्र का शव मिलने के बाद बिलखती परिवार की महिलाएं। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** असमोली थाना क्षेत्र में मंगलवार की सुबह घर से ड्रेस पहन कर स्कूल जाने को निकले कक्षा चार के छात्र का शव गुरुवार को खेत में पेड़ पर फंदे से लटका मिला। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच की, साथ ही फोरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए। बताया जाता है कि जेब में बीड़ी मिलने की शिकायत पर पिता ने बेटे को डांटा था।



छात्र अरुन।

थाना क्षेत्र के गांव बेला मिलक निवासी किसान प्रतिपाल का इकलौता बेटा अरुन (14 वर्ष) गांव टांडा कोठी स्थित जीशान फात्मा पब्लिक स्कूल में कक्षा चार का छात्र था। मंगलवार को सुबह अरुन बस्ता लेकर साइकिल से स्कूल जाने के लिए निकला था। कुछ देर बाद पिता प्रतिपाल स्कूल पहुंचा लेकिन वहां बेटा नहीं मिला। परिवार के लोगों ने रिश्तेदारों और परिचितों के यहां तलाश किया लेकिन अरुन का कोई पता नहीं चला। गुरुवार को सुबह मिलक बेला और टांडा कोठी के बीच मुस्तफा के खेत में यूकेलिप्टस के पेड़ पर फंदे से छात्र का शव लटका दिखा। घास लेने गई महिलाओं ने सूचना दी तो परिवार के लोग पहुंचे। बताया जाता है कि स्कूल के शिक्षक ने बच्चों की शिकायत पर अरुन की जेब की तलाशी ली तो उसमें बीड़ी मिली थी। इसकी शिकायत करने पर पिता प्रतिपाल ने बेटे को डांट दिया था।

## छात्र को नशीला पदार्थ सुंघा कर किया अगवा

**संभल/सौंधन, अमृत विचार :** कैला देवी थाना क्षेत्र के सौंधन में दुकान खोलने जा रहे किशोर का कार सवारों ने अपहरण कर नशीला पदार्थ सुंघाकर बेहोश कर दिया। छात्र को होश आया तो वह अमरोहा जनपद के चंदनपुर में सड़क किनारे पड़ा था।

सौंधन गांव निवासी थानसिंह का 12 वर्षीय बेटा हरिराम कक्षा 5 छात्र है। वह एक दुकान पर कार्ड छापने का काम सीख रहा है। हरिराम का कहना है कि बुधवार को बाजार में पीछे आये कार सवार लोगों ने रास्ता पूछने के बहाने रोककर मुंह पर नशीला रुमाल लगा दिया। जिससे छात्र बेहोश हो गया और कार सवार कार में डालकर ले गए। परिजनों ने सौंधन पुलिस चौकी जाकर घटना की जानकारी दी। हरिराम ने बताया उसे जब होश आया तो वह अमरोहा जनपद के चंदनपुर में सड़क किनारे था। रोते रोते किसी तरह वह चंदनपुर में कावड़ियों के भंडारे में पहुंचा गया। देर रात दूसरे के फोन से अपने परिजनों को जानकारी दी। रात्रि को परिजन गाड़ी से चंदनपुर पहुंचे और उसे लेकर घर आए। इस मामले को लेकर परिजनों ने रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई है।

# अंतिम संस्कार से लौटते समय पलटी ट्रैक्टर ट्राली, एक की मौत

**संवाददाता, गुन्नौर**



गुन्नौर में हादसे के बाद एकत्र भीड़ व घायलों को ले जाती एंबुलेंस। ● अमृत विचार

- **डिवाइडर पर चढ़ कर पलट गई ट्रैक्टर ट्राली, डेढ़ दर्जन लोग हुए घायल**

**अमृत विचार :** राजघाट गंगा घाट मुक्तिधाम में बुजुर्ग का अंतिम संस्कार कर लौट रहे लोगों की ट्रैक्टर की ट्रॉली पलट गई। हादसे में ट्राली सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि डेढ़ दर्जन लोग घायल हो गए। घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया। इनमें दो को हायर सेंटर रेफर किया गया।

बदायूं जनपद के जरीफनगर थाना क्षेत्र के गांव खरखौल (मझौला की मढ़ैया) निवासी बुजुर्ग कोमल सिंह की मौत हो गई थी। गुरुवार को राजघाट गंगा तट स्थित मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार के बाद ग्रामीण ट्रैक्टर ट्राली से गांव लौटने लगे। कोतवाली क्षेत्र में मेरठ बदायूं राजमार्ग पर गांव सैंजना मुस्लिम में ट्रैक्टर डिवाइडर पर चढ़ कर पलट गई। ट्राली पलटते ही चीख पुकार मच गई। आसपास के लोग दौड़े और राहत बचाव में जुट गए। हादसे में ट्राली में बैठे बदायूं जनपद के जरीफनगर इलाके के करियावैन निवासी राजेश्वर उर्फ राजेश (55 वर्ष) पुत्र हरद्वारी की मौके पर ही मौत हो गई जबकि ट्राली में बैठे खरखौल निवासी टुंडी, कल्याण, राम खिलाड़ी, श्याम बाबू, हरिओम व अखिलेश, गांव दांदरा निवासी जुगलकिशोर व हरिसिंह, भोपा की नगरिया निवासी उदयवीर, करियावैन निवासी पूरन, डंबर, दुर्गेश, नरेश, कुमरपाल, अजीजपुर निवासी राजेंद्र व धर्मवीर आदि घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। हालत गंभीर देख डंबर (60 वर्ष) को मेडिकल कॉलेज अलीगढ़ और पूरन को जिला अस्पताल संभल रेफर कर दिया गया।

# अपहरणकर्ताओं से हर्षित को छुड़ाने की मां ने लगाई गुहार

**कार्यालय संवाददाता, संभल**

**अमृत विचारः** बेगम सराय निवासी ओमप्रकाश के इंस्टाग्राम पर अपहरण करने के बाद अपहरणकर्ताओं ने जो हर्षित के फोटो भेजे थे उसमें हर्षित के मुंह व आंखों पर काले रंग के कपड़े की पट्टी बंधी थी, लेकिन हाथ व पांव खुले थे। हर्षित को इस हाल में जमीन पर पड़ा देखकर उसकी मां प्रभा की चीख निकल गई और रो रोकर बुरा हाल हो गया। प्रभा ने अपने पति ओमप्रकाश से सब कुछ बेचकर अपहरणकर्ताओं से हर्षित को छुड़ाने की गुहार लगाई। प्रभा ने कहा कि अपहरणकर्ता बार बार पुलिस को सूचना देने पर बेटे हर्षित को जान से मारने की धमकी दे रहे थे। बेटे के साथ अनहोनी के डर की वजह से पुलिस को सूचना नहीं दी।

> संभल के बेगम सराय से किशोर का अपहरण कर फिरौती वसूलने के मामले में तहरीर मिलने के बाद पुलिस जांच में जुट गई है। सीसीटीवी फुटेज से सब कुछ सामने आने की उम्मीद है। जल्द ही पुलिस निष्कर्ष पर पहुंच जायेगी।
> **-श्रीश्चंद्र अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी संभल**



बरामदगी के बाद मां से लिपटा किशोर। ● अमृत विचार




अपहरणकर्ताओं द्वारा भेजा गया संदेश व हर्षित के फोटो।




अपहरणकर्ताओं व हर्षित के पिता के बीच हुई बातचीत।

### पुलिस के डर से यहां वहां भागते रहे अपहरणकर्ता

**संभल, अमृत विचार :** हर्षित को छोड़ने के बदले जब फिरौती की बात तय हो गई तो अपहरणकर्ताओं ने परिजनों को घंटों तक यहां से वहां घुमाया। पहले मैसेज किया कि सुबह 5 बजे चंदौसी रोड पर पार्क के पास पहुंचें। इसके बाद फिर से मैसेज भेजकर रकम लेकर गोमा श्मशान के पीछे आने को कहा। यहां न तो हर्षित नजर आया और न ही अपहरणकर्ता। फिर मिला कि रुपयों का बैग झाड़ियों में डालकर वहां से वापस चले जायें। बेटा कहां मिलेगा यह बता दिया जायेगा। रकम का थैला डाल दिया तो हर्षित को बाईपास से ले जाने का मैसेज दिया गया। फिर चंदौसी रोड पर फत्तेहपुर गांव से पहले आने को कहा गया। यहां परिजनों को हर्षित आंखों पर पट्टी बंधी हालत में खड़ा मिला। हर्षित ने बताया कि अपहरणकर्ता नशा सुंघाने के बाद उसे ऑटो में डालकर ले गये थे।

# मंदिर में बकरी जाने को लेकर चले लाठी-डंडे, हुआ पथराव

**कार्यालय संवाददाता, संभल/ओबरी**



असमोली के अहरोला माफी का मंदिर जिसमें बकरी जाने को लेकर विवाद हुआ।

**अमृत विचार :** असमोली थाना क्षेत्र में शिव मंदिर में बकरी जाने को लेकर विवाद के बाद दो समुदाय के लोगों में लाठी-डंडे चले और ईंट पत्थर फेंके गए। जिसमें एक वर्ग के चार लोग घायल हो गए। जिन्हें अस्पताल पहुंचाया गया। एहतियातन मौके पर पुलिस तैनात कर दी गई है।

थाना क्षेत्र के गांव अहरौला माफी में शिव मंदिर है। जिसमें एक वर्ग के लोगों की मुर्गी और बकरियां आये दिन मंदिर व उसके आसपास घरों जाकर चरती हैं। गुरुवार को सुबह भी बकरी मंदिर में चली गई। वहां मौजूद एक वर्ग के लोगों ने दूसरे वर्ग के लोगों से बकरियों को बांधकर रखने के लिए कहा। इसी बात को लेकर विवाद बढ़ गया। आरोप है कि दूसरे वर्ग के लोगों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। दोनों तरफ से मारपीट के साथ पथराव भी किया गया। जिसमें चंद्रपाल सिंह, मनोज सिंह,, प्रेमशंकर शर्मा,कौशल शर्मा घायल हो गए। हर्ष गुप्ता का मोबाइल भी तोड़ दिया गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। घायलों को उपचार के लिए सीएचसी भिजवाया।

## सार संक्षेप



बैंक शाखा के बाहर प्रदर्शन करते भाकियू असली के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### भाकियू असली ने प्रदर्शन कर उठाई आवाज

**संभल, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन असली के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक कार्यालय पर किसान क्रेडिट कार्ड पर रिजर्व बैंक की गाइडलाइन से अधिक चार्ज लिए जाने के विरोध में प्रदर्शन किया। बैंक के अध्यक्ष को ज्ञापन भेजकर मांग उठाई। गुरुवार को भारतीय किसान यूनियन असली के पदाधिकारी और कार्यकर्ता प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक कार्यालय पहुंचे। जहां प्रदर्शन करने के बाद बैंक के अध्यक्ष को ज्ञापन भेजा। जिसमें किसान क्रेडिट कार्ड पर रिजर्व बैंक की गाइडलाइन से अधिक चार्ज लिए जाने का विरोध किया। कहा कि सभी बैंकों में केसीसी के एक वर्ष में नवीनीकरण के समय ब्याज जमा करके नवीनीकरण कर दिया जाता है जबकि 27 जुलाई से पहले बैंक में भी नवीनीकरण इसी तरह किया जा रहा था लेकिन इसके बाद आदेश सभी बैंक शाखाओं में पहुंचा और नवीनीकरण उसी दिन करने पर रोक लगा दी गई। जिससे किसान परेशान हैं। कहा कि आदेश वापस करके चार्ज सही किया जाए, अन्यथा अध्यक्ष कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया जाएगा।



एसडीएम को ज्ञापन देते बार एसोसिएशन के सदस्य। ● अमृत विचार

### अधिवक्ता के हत्यारों की गिरफ्तारी की उठी मांग

**संभल, अमृत विचार :** संभल बार एसोसिएशन की ओर से मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा गया। जिसमें हरदोई में अधिवक्ता कनिष्क मेहरोत्रा की हत्या पर दुख व्यक्त करते हुए अपराधियों की जल्द गिरफ्तारी और कठोर कार्रवाई करने की मांग उठाई। संभल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रदीप कुमार गुप्ता की अगुवाई में एसडीएम विनय कुमार मिश्र को सौंपे ज्ञापन में कहा गया कि अधिवक्ता कनिष्क मेहरोत्रा के परिजनों को एक करोड़ रुपये सहायता राशि तथा परिवार के एक व्यक्ति को सरकारी नौकरी दी जाए। उत्तर प्रदेश में अधिवक्ताओं की सुरक्षा को देखते हुए प्राथमिकता के आधार पर शस्त्र लाइसेंस जारी करने, प्रदेश में अधिवक्ताओं पर हो रहे हमलों और हत्या के दृष्टिगत एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग उठाई। इस दौरान सचिव डॉ .अमित कुमार उठवाल, राजीव भटनागर, राजबहादुर सक्सेना, सुभाष त्यागी, चंद्रप्रकाश, मुकेश राघव, दानिश अली, राकेश कुमार गुप्ता आदि रहे।

### शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म, रिपोर्ट दर्ज

**संभल/सौंधन, अमृत विचार :** कैला देवी थाना क्षेत्र में शादी का झांसा देकर युवती से युवक ने दुष्कर्म किया। युवती की तहरीर पर पुलिस ने युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक युवती ने बुधवार को पुलिस को तहरीर देकर कहा कि अमरोहा जनपद की रहरा कोतवाली क्षेत्र के युवक ने शादी का झांसा देकर उसे प्रेम जाल में फंसाया। युवक 23 जुलाई को गांव के बाहर बुलाकर उसे खेत में ले गया और वहां दुष्कर्म किया। उसके बाद भी शादी का झांसा से देकर लगातार दुष्कर्म करता रहा। घर जाकर किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। युवती ने परिजनों को जानकारी दी तो उन्होंने युवक से शादी करने को कहा। तब युवक ने शादी करने से इनकार कर दिया। युवती की तहरीर पर पुलिस ने अंसार निवासी गांव पोरारा थाना रहरा अमरोहा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### किसान संगठन के पदाधिकारियों को किया नजरबंद

**गुन्नौर/धनारी, अमृत विचार :** संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर एकता किसान यूनियन शक्ति संगठन द्वारा गुरुवार को केंद्र सरकार पुतला दहन को लेकर पुलिस प्रशासन ने जगह-जगह पदाधिकारियों को नजर बंद कर दिया। गांव गुन्नौर सैमला में जिलाध्यक्ष रविन्द्र कुमार, उदरनपुर अजमतनगर में जिला उपाध्यक्ष जसपाल यादव, राष्ट्रीय संरक्षक रणवीर सिंह शास्त्री को बगढैर, दिनेश कुमार मंडल अध्यक्ष मुरादाबाद को न्यौरा में नजरबंद किया गया। पदाधिकारी कार्यकर्ता जगह-जगह इकट्ठे हुए। जिलाध्यक्ष रविन्द्र कुमार यादव ने तहसीलदार को ज्ञापन दिया। थाना अध्यक्ष धनारी नरेश कुमार ने जिला उपाध्यक्ष जसपाल यादव का ज्ञापन लिया। राष्ट्रीय संरक्षक रणवीर सिंह यादव का ज्ञापन नायब तहसीलदार ने लिया। मंडल अध्यक्ष दिनेश कुमार, अजीत सिंह का ज्ञापन एसआई रजपुरा ने लिया। इस दौरान युवा जिलाध्यक्ष ऋषिपाल सिंह उर्फ आरपी, अवधेश कुमार, विनीत कुमार, रामनाथ, जगदीश, राजेश यादव, राजवीर सिंह, अतर सिंह आदि रहे।

### तराई किसान संगठन का हुआ विस्तार

**संभल, अमृत विचार :** तराई किसान संगठन के जिला उपाध्यक्ष नवाब अली की मौजूदगी में सिरसी में किसान पंचायत हुई। जिसमें किसानों को संगठन से जोड़ने को लेकर चर्चा करते हुए संगठन का विस्तार किया गया। मोहम्मद रजा को मीडिया प्रभारी संभल, इब्राहीम ब्लाक अध्यक्ष संभल, अख्तर खान जिला सचिव, अबरार ठेकेदार नगर अध्यक्ष संभल, मेहंदी खां तहसील उपाध्यक्ष संभल, इसरार आलम जिलाध्यक्ष युवा, कल्लू खां जिला उपाध्यक्ष युवा बनाए गए। संगठन की नीतियों की जानकारी दी गई।

# शिक्षक ने साथी के कमरे में फंदे से लटककर दी जान

**संवाददाता, बबराला**

- **सुसाइड नोट में लिखी पारिवारिक कलह की वजह से जान देने की बात**

**अमृत विचार :** प्राथमिक विद्यालय के एक शिक्षक ने साथी शिक्षक के कमरे में फंदे से लटक कर जान दे दी। मृतक के पास से सुसाइड नोट मिला है जिसमें पारिवारिक कारणों का जिक्र है।

विकास खंड गुन्नौर के प्राथमिक विद्यालय वहीपुर में नियुक्त सहायक अध्यापक मुजफ्फरनगर जनपद के तिगरी निवासी आकाश भारद्वाज का शव गुरूवार को बबराला के लेखपाल कॉलोनी स्थित उनके साथी शिक्षक रजत कुमार के कमरे में पंखे में प्लास्टिक की रस्सी से लटका मिला। गुरुवार को प्राथमिक विद्यालय सैंजना अहरान में नियुक्त रजत कुमार स्कूल गये थे। रजत कुमार गैरमौजूदगी में आकाश दोपहर करीब 11 बजे रजत के कमरे पर पहुंचा। इसके बाद किसी ने कमरे में उसे लटका देखा तो चीख निकल गयी। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने आसपास लोगों से पूछताछ के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। बताया गया है कि करीब एक साल पहले ही आकाश की शादी हुई थी। मौके पर शिक्षक आकाश का सुसाइड नोट मिला है जिससे आत्महत्या की वजह पारिवारिक कलह लिखी बताई गई है। पुलिस ने सुसाइड नोट को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। खंड शिक्षा अधिकारी देवेंद्र सिंह ने बताया कि आकाश दो दिन के मेडिकल अवकाश पर था। इसलिए गुरुवार को भी वह विद्यालय नहीं गया।

## ट्रैक्टर ट्राली ने बाइक में मारी टक्कर, तीन घायल

**संभल/जुनावई, अमृत विचार :** जुनावई थाना क्षेत्र में बदायूं मेरठ हाईवे पर पेट्रोल पंप के सामने भूसे से भरी ट्रैक्टर ट्राली ने बाइक सवारों को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार तीन लोग घायल हो गए।

थाना क्षेत्र के गांव घौंसली वाहन निवासी धर्मेंद्र पुत्र रमेश चंद्र, इंद्रपाल पुत्र राजेंद्र और भुवनेश पुत्र गुड्डू बाइक पर सवार होकर गांव से बबराला जा रहे थे। गांव के शिव भक्त हरिद्वार से कावड़ लेकर वापस आ रहे थे। उनमें शामिल होने के लिए बबराला तीनों बाइक सवार जा रहे थे। जैसे ही बाइक जुनावई बदायूं मेरठ हाईवे पर पेट्रोल पंप के पास पहुंची तो भूसे से भरी ट्रैक्टर ट्राली ने टक्कर मार दी। बाइक गिरने से धर्मेंद्र, इंद्रपाल और भुवनेश बुरी तरह घायल हो गए। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जुनावई ले जाया गया। डॉक्टर ने गंभीर हालत में धर्मेंद्र और इंद्रपाल को रेफर कर दिया। वहीं ट्रैक्टर ट्राली छोड़कर चालक भाग गया।

# दुष्कर्म के बाद फोटो वायरल किए, पीड़िता ने निगला जहर

**कार्यालय संवाददाता, संभल**

- **फोटो महिला के पति के पास भेज युवक सऊदी अरब चला गया**

**अमृत विचारः** हयातनगर थाना क्षेत्र में महिला के साथ दुष्कर्म कर वीडियो व फोटो महिला के पति के पास भेजकर युवक सऊदी अरब चला गया। आरोपी युवक के बहनोई ने भी महिला के अश्लील फोटो वीडियो रिश्तेदारों व मुहल्ला के लोगों को भेज दिए। पुलिस ने भी नहीं सुनी तो आहत महिला ने जहरीला पदार्थ निगल लिया।

थाना क्षेत्र में सरायतरीन निवासी महिला ने गुरुवार को बताया कि वह बाजार जा रही थी तब युवक अपने बहनोई व दो साथियों के साथ मिलकर उसे बहला फुसलाकर अपने घर ले गया। युवक ने दरवाजा बंद कर दुष्कर्म किया। फिर युवक किसी बहाने से बुलाकर महिला को अलीगढ़ होटल में ले गया। वहां उसने दो साथियों की मदद से फिर दुष्कर्म किया और मोबाइल से वीडियो व फोटो खींचकर वायरल कर दिये।

महिला का कहना है कि उसने बार बार तहरीर देकर पुलिस से युवक व उसके साथियों के खिलाफ कार्रवाई करने की गुहार लगाई, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। आहत महिला ने गुरुवार को घर में रखा जहरीला पदार्थ निगल लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने महिला को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। थाना प्रभारी संत कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर जुबैर उसके बहनोई मुज्जमिल व उवैश और आमिर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

## खेत में किशोरी से तीन युवकों ने किया दुष्कर्म

**संभल/रजपुरा, अमृत विचार :** रजपुरा थाना क्षेत्र में शौच को गई किशोरी से गन्ने के खेत में तीन युवकों ने सामूहिक दुष्कर्म किया। आरोपियों ने घर जाकर बताने पर परिवार को जान से मारने की धमकी दी। मामले में पुलिस को तहरीर दी गई है।

थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक व्यक्ति ने थाने में तहरीर देकर कहा कि 25 जुलाई की शाम को उसकी बेटी शौच करने के लिए खेत पर गई थी। तभी तीन युवकों ने किशोरी को अकेला देखकर दबोच लिया। आरोप है कि युवकों ने गन्ने के खेत में किशोरी से दुष्कर्म किया। जिसके बाद घर जाकर बताने पर पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। घर पहुंची किशोरी ने घटना की जानकारी दी। व्यक्ति ने पुलिस से कार्रवाई करने की गुहार लगाई। थाना प्रभारी निरीक्षक अमरपाल सिंह ने बताया कि मामला संदिग्ध लग रहा है। तहरीर मिली है, जांच पड़ताल की जा रही है।

# महिलाओं ने दुकान से चुराये 20 लाख के जेवर

**संवाददाता, संभल**



घटना के बाद सर्राफ से जानकारी लेते अन्य दुकानदार। ● अमृत विचार

- **सर्राफ की दुकान में खरीदारी करने आई थी बुर्कानशी**
- **पुलिस ने कहा, पहले कांवड़ यात्रा देख लें फिर देखेंगे क्या हुआ है**

**अमृत विचारः** सदर कोतवाली क्षेत्र में बुर्के में आई तीन महिलाओं ने दुकानदार की नजर बचाकर काउंटर की दराज खोलकर उसमें रखा बीस लाख रुपये कीमत के सोने के आभूषणों से भरा डिब्बा चोरी कर लिया।

कोतवाली क्षेत्र में सेठो वाली गली निवासी पंकज अग्रवाल मुहल्ला महमूद खां सराय में स्थित किराए की दुकान में अपने बेटे प्रियांक अग्रवाल के नाम से सोने चांदी के आभूषण बेचते हैं। गुरुवार की दोपहर तीन बजे बुर्के पहने एक महिला दुकान पर आई और सोने की गले में पहनने की चेन व पैरों में पहनने की चांदी की चेन और बिछुए पसंद कर लिए। जिसके बाद महिला ने दो महिलाओं को और बुला लिया। आभूषण दिखाने के लिए पंकज अग्रवाल ने जैसे ही खड़े होकर मुंह पीछे की ओर घुमाया तो काउंटर के पास बैठी महिला ने दराज खोलकर बीस लाख रुपयों से भरा सोने के आभूषणों का डिब्बा चोरी कर लिया। जिसके बाद तीनों महिलाएं सड़क से ई रिक्शा में बैठकर चली गईं। आभूषण चोरी करने का वीडियो दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। पंकज अग्रवाल ने महिलाओं के जाते ही दराज खोलकर देखा तो आभूषणों से भरा डिब्बा गायब था। व्यापारियों का कहना है कि पुलिस आई थी और यह कहकर चली गई कि पहले कांवड़ यात्रा देख लें फिर देखेंगे कि क्या हुआ है। कोतवाली प्रभारी अनुज कुमार तोमर ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। पुलिस जांच में जुटी है।

### सीसीटीवी में कैद हुई चोरी की वारदात

**संभल, अमृत विचार :** सदर कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला महमूद खां सराय में स्थित सर्राफ पंकज अग्रवाल की दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज में बुर्का पहने एक महिला काउंटर के पास बेंच पर और दूसरी महिला अलग स्टूल पर बैठी हुई दिख रही है। जबकि तीसरी महिला आने जाने वाले लोगों पर निगाह रखने के लिए दुकान में खड़े होकर बार बार बाहर की ओर देख रही है। बेंच पर बैठी महिला मौका मिलते ही बार बार खोलकर दराज में चोरी करने के लिए हाथ ड़ालती है, लेकिन मौका नहीं मिलने की वजह से महिला आभूषण चोरी करने के प्रयास में दो बार कामयाब नहीं हो पाती। तीसरी बार पंकज अग्रवाल के खड़े होते ही महिला आभूषणों से भरा डिब्बा चोरी कर लेती है।

# शहर और गांवों में चरमराई विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था

**संवाददाता, चन्दौसी/कुढफतेहगढ़**

- **नियमित विद्युत आपूर्ति नहीं मिलने पर किसानों की सूख रही धान की फसल**

**अमृत विचार :** शहर व देहात क्षेत्रों में जमकर विद्युत कटौती की जा रही है। जिससे उमस भरी गर्मी में उपभोक्ता परेशान हैं। वहीं किसानों की फसलें भी सूखने के कगार पर पहुंच गई। शिकायत के बाद भी समस्या का समाधान नहीं होने से किसानों में रोष व्याप्त है।

शहरी क्षेत्र में किसी समय भी बिजली गुल हो जाती है। जो एक से दो घंटे बाद आती है। इसके बाद ट्रिपिंग होनी शुरू हो जाती है।

वहीं ग्रामीण क्षेत्र के थाना कुढ़फतेहगढ़ में बेरनी, स्योंडारा व दारनी बिजलीघर से ग्रामीणों को लगातार बिजली नहीं मिल रही है। आरोप है कि 24 घंटे में पांच से छह घंटे ही आपूर्ति दी जा रही है। जिससे किसानों की फसलें सूखने के कगार पर पहुंच गई है। जबकि प्रदेश सरकार की ओर से ग्रामीण क्षेत्रों को 18 घंटे बिजली देने के दावे किए जा रहे हैं। क्षेत्र के जयहिंद, भूरे, रोहताश, हरिश्चंद्र, नेमचंद्र, खंजन, प्रेमपाल, शक्ति सिंह आदि के नलकूप है। मगर नियमित रूप से बिजली नहीं मिलने से किसान परेशान है।

> गर्मी अधिक होने से ट्रांसफार्मर व विद्युत लाइनों में फाल्ट की समस्या बनी रहती है। विद्युत कर्मचारियों द्वारा मौके पर पहुंच समस्या का समाधान किया जाता है। इसके बाद आपूर्ति सुचारू कर दी जाती है।
> **-अजय कुमार शुक्ला, एसडीओ प्रथम, विद्युत वितरण खंड**

## एक नजर

### शिवरात्रि पर विद्यालयों में आज रहेगा अवकाश

**बहजोई, अमृत विचार :** डीएम के निर्देश पर श्रावण मास को लेकर 2 अगस्त को शिवरात्रि के पर्व पर रूट डायवर्जन के कारण शिक्षकों शिक्षिकाओं तथा बच्चों के स्कूल पहुंचने को लेकर आ रही समस्याओं को देखते हुए दो अगस्त को सभी बोर्ड के स्कूलों में अवकाश रहेगा। यह जानकारी जिला विद्यालय निरीक्षक वेदराम ने देते हुए बताया कि शिक्षकों व बच्चों की समस्याओं को देखते हुए जिलाधिकारी के निर्देश पर शिवरात्रि का अवकाश घोषित किया गया है। अगले दिन स्कूल अपने नियत समय पर खुलेंगे। सभी स्कूलों के लिए कड़ाई से इस आदेश का पालन करने के निर्देश जारी किए गए हैं।

### प्रधान के पति पर छेड़छाड़ का आरोप

**संभल/मनोटा, अमृत विचार :** ऐंचौड़ा कम्बोह थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक महिला खेत पर पशुओं के लिए चारा काट रही थी। आरोप है कि प्रधानपति ने महिला के साथ छेड़छाड़ की। किसी तरह महिला वहां से भाग कर घर पहुंची। पीड़िता ने पुलिस से कार्रवाई की गुहार लगाई। थाना प्रभारी रेनू सिंह का कहना रहा कि मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है।

# एडीओ और कंप्यूटर ऑपरेटर सचिव से 10 हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार

## दो महीने का वेतन निकालने के नाम पर मांगी थी रकम

संवाददाता, बहजोई (संभल)



एडीओ पंचायत को गिरफ्तार कर ले जाती एंटी करप्शन टीम। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** बहजोई विकास खंड में पंचायत सचिव से वेतन आहरित करने के लिए 10 हजार की रिश्वत लेते एंटी करप्शन टीम ने कंप्यूटर आपरेटर व एडीओ पंचायत को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। एडीओ का इशारा मिलने पर कंप्यूटर ऑपरेटर ने जैसे ही रिश्वत के रुपए रखे वैसे ही एंटी करप्शन टीम ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया। बहजोई कोतवाली में एडीओ पंचायत व कंप्यूटर ऑपरेटर के खिलाफ केस दर्ज कराया गया है।

बहजोई विकासखंड में तैनात पंचायत सचिव सुग्रीव सिंह का मई तथा जून महीने का वेतन रुका हुआ था। जिसको लेकर एडीओ पंचायत गुरदयाल सिंह से पंचायत सचिव की वेतन निकालने को लेकर वार्ता हुई। सुग्रीव का कहना है कि एडीओ गुरदयाल ने उनका वेतन निकालने के बदले 10 हजार रिश्वत की मांग की। पंचायत सचिव ने 29 जुलाई को एंटी करप्शन कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई तो पंचायत सचिव सुग्रीव सिंह के साथ एंटी करप्शन की टीम बहजोई पहुंची। सुग्रीव सिंह ने 10 हजार रुपये देने के लिए निकाले तो एडीओ पंचायत ने प्राइवेट कंप्यूटर ऑपरेटर आकाश कुमार को रुपए देने का इशारा किया। जैसे ही कंप्यूटर ऑपरेटर ने 10 हजार रुपए लिए, एंटी करप्शन की टीम में कंप्यूटर ऑपरेटर आकाश व एडीओ गुरदयाल को गिरफ्तार कर लिया।

### पहले भी वेतन निकालने के लिए ली थी धूस

**बहजोई, अमृत विचार :** पंचायत सचिव सुग्रीव सिंह ने बताया कि एडीओ गुरदयाल सिंह ने अप्रैल महीने का वेतन निकालने के लिए रिश्वत ली थी। उन्होंने तभी कहा था कि तीनों महीने का उनका वेतन निकाल दो लेकिन एडीओ ने उनकी एक नहीं मानी।

### एडीओ की गिरफ्तारी से विकास विभाग में हड़कंप

**बहजोई, अमृत विचार :** जैसे ही एडीओ व कंप्यूटर ऑपरेटर को एंटी करप्शन टीम ने गिरफ्तार किया तो ब्लॉक कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। उधर विकास विभाग के अधिकारियों में भी हड़कंप मचा हुआ था। पंचायत सचिव ब्लॉक परिसर को छोड़कर इधर-उधर भागने लगे तो वहीं थाने पर भी एडीओ के खिलाफ हो रही कार्रवाई की पल पल जानकारी लेते रहे।

# वाहन की टक्कर से युवक की मौत

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी


घटनास्थल पर जानकारी लेते सीओ डॉ. प्रदीप कुमार सिंह। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव कैथल के पास सैनिक चौराहा के निकट युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। सीओ पहुंचकर मौका मुआयना किया। युवक की मौत किसी वाहन की टक्कर से होना बताया जा रहा है। मृतक जनपद बदायूं के थाना बिसौली का निवासी है।


दरियाब सिंह।

गांव कैथल बाजार से पतरौआ जाने वाले मार्ग पर गुरुवार की सुबह आठ बजे सैनिक चौराहा करेली रोड के पास एक 38 वर्षीय युवक का शव पड़ा दिखाई दिया। उधर से गुजर रहे राहगीरों ने घटना से पुलिस को अवगत कराया। घटना की सूचना मिलने पर सीओ प्रदीप कुमार, प्रभारी निरीक्षक अतर सिंह मौके पर पहुंचे। मृत युवक के कपड़ों की तलाशी लेने पर एक आधार कार्ड मिला। उसकी पहचान दरियाव सिंह पुत्र रामदास निवासी गांव ढिलवारी थाना बिसौली जनपद बदायूं के रूप में हुई। पुलिस ने घटना की सूचना मृतक के परिजनों को दी। कुछ देर बाद मृतक का छोटा भाई मिथुन कुमार कुछ ग्रामीणों के साथ मौके पर पहुंचा। उसने बताया कि बुधवार को उसका भाई पैर की दवा लेने घर से निकला था। पुलिस ने बताया कि उक्त युवक की मौत अज्ञात वाहन की टक्कर से हुई है।

**हादसा**

- दवा लेने बुधवार को घर से चन्दौसी आया था युवक
- सैनिक चौराहा के निकट शव पड़ा मिला

"चन्दौसी कोतवाली क्षेत्र के सैनिक चौराहा-करेली रोड पर युवक का शव मिला है। घटनास्थल से साक्ष्य जुटाये गए है। युवक की मौत किसी अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से होना प्रतीत हो रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।"
-श्रीशचंद, एएसपी, संभल


मंदिर परिसर में सुरक्षा इंतजामों की जानकारी लेते डीआईजी मुनिराज जी।

# डीआईजी ने शिव तेरस पर देखे सुरक्षा इंतजाम, दिये निर्देश

संवाददाता, बहजोई

**अमृत विचार :** डीआईजी मुनिराज जी ने शिवरात्रि को लेकर प्राचीन पातालेश्वर महादेव मंदिर पर पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। वहीं साफ-सफाई रखने के निर्देश दिए। कांवड़ियों को जल अभिषेक करने में कोई समस्या न आए इसके लिए व्यवस्थाएं दुरुस्त करने की बात कही।

गांव सादात वाड़ी स्थित प्राचीन पातालेश्वर महादेव मंदिर पर डीआईजी मुरादाबाद मुनिराज जी व एसपी कुलदीप सिंह गुनावत के साथ पहुंचे। जहां उन्होंने कावड़ियों के आने वाले रास्ते का निरीक्षण किया तो वहीं वाहनों की पार्किंग को लेकर मंदिर से दूर पार्किंग बनाये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि मंदिर परिसर तक आने वाले कावड़ियों व शिव भक्तों को किसी प्रकार की समस्या न आए।

# शिवालयों की तरफ बढ़े कांवड़िये, गूंजे जयकारे

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** सावन महीने में शुक्रवार को शिव तेरस के मौके पर भगवान शिव का जलाभिषेक करने के लिए गुरुवार को देर रात तक कांवड़िये गंगाजल लेकर शिवालयों का रुख करते रहे। बम-बम भोले के जयकारों से माहौल भक्तिमय बना रहा। कांवड़ यात्रा मार्ग पर पुलिस बल मुस्तैद रहा तो भारी वाहनों को डायवर्जन प्लान के मुताबिक गंतव्य की ओर बढ़ाया गया।


कांवड़ लेकर उत्साह के साथ शिवालय की तरफ बढ़ते कांवड़िये। ● अमृत विचार

- सावन महीने में शिव तेरस को होगा भगवान शिव का जलाभिषेक
- हरिद्वार और ब्रजघाट से गंगाजल लेकर लौटे कांवड़िये, पुलिस तैनात

संभल और आसपास के जनपदों से बड़ी संख्या में कांवड़िये हरिद्वार और ब्रजघाट से कांवड़ में गंगाजल लेकर लौटे। गुरुवार को सुबह से ही संभल शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में हाईवे एवं मुख्य मार्गों से कांवड़ियों के लौटने का सिलसिला शुरू हो गया। पांव में घुंघरू की आवाज और जुबां पर भोलेनाथ के जयकारे लगाते हुए कांवड़िये शिवालयों की ओर बढ़ रहे हैं। पुरुष कांवड़ियों में जबरदस्त उत्साह दिखाई दिया तो कई महिला भक्त भी कांवड़ लेकर शिव मंदिरों की तरफ बढ़ती नजर आईं। कांवड़ियों की सुरक्षा में पुलिस बल मुस्तैद रहा।


शिवलिंग के स्वरूप वाली कांवड़।

संभल के सिद्धपीठ श्री पातालेश्वर महादेव मंदिर, सूर्यकुंड तीर्थ मंदिर, गुमसानी के झारखंडी महादेव मंदिर, फत्तेहपुर भाऊ के प्रकटेश्वर महादेव मंदिर समेत कई मंदिरों पर कांवड़ियों और भक्तों के जलाभिषेक के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गईं।

### कांवड़ियों की भीड़ से भगवा रंग में रंगा हाईवे

**बबराला, अमृत विचार :** आगरा-मुरादाबाद नेशनल हाईवे पर गुरुवार को कांवड़ियों की भीड़ बढ़ रही। भगवा रंग में रंगे हाईवे पर भोले के जयकारे लगाते कांवड़िए शिव मंदिरों की तरफ बढ़ते रहे। वहीं जलाभिषेक के लिए गंगा जल लेने राजघाट गंगा घाट को भी शिव भक्त रवाना हुए। राजघाट रोड स्थित अस्थायी योग पार्क में बनाए गए नगर पंचायत के कांवड़ यात्रा शिविर में कांवड़ यात्रियों को जलपान कराया गया। बम बम भोले के जयकारों से माहौल शिवमय बना रहा। कांवड़ियों की सुरक्षा के लिए जगह-जगह पुलिस बल तैनात रहा।

## सार संक्षेप


रक्तदान करता युवक व मौजूद संघ के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### शिविर में 50 लोगों ने किया रक्तदान

**चन्दौसी, अमृत विचार :** गुरुवार को ब्राह्मण शक्ति संघ के तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 50 लोगों ने रक्तदान किया। आवास-विकास स्थित ललित हाल में आयोजित रक्तदान शिविर का आरंभ कवि माधव मिश्र व बनवारी लाल पाठक ने संयुक्त रुप से फीता काटकर किया। एस के चैरिटेबल ब्लड बैंक के सहयोग से लगे शिविर में 50 रक्तदाताओं ने पहुंच रक्तदान किया। इस मौके पर कवि माधव मिश्र ने कहा कि रक्तदान को महादान की उपाधि दी गई है। प्रत्येक स्वस्थ मनुष्य को अवश्य रक्तदान करना चाहिए। किसी जरुरतमंद को समय रहते रक्त मिल जाए तो उसकी जान बचायी जा सकती है। इस अवसर संघ विवेक मिश्रा, विवेक शर्मा गुमथल वाले, मुकेश गौड़, अभिनव शर्मा, विकास उपाध्याय, अन्नू शर्मा, नितेंद्र तन्नू शर्मा, प्रशांत वशिष्ठ, शिव राम वत्स, निशांत शर्मा, गुड्डू भारद्वाज आदि मौजूद रहे। एस के चैरिटेबल के एमडी रवि मिश्रा के अलावा अमित शर्मा, नरेंद्र, सुमित चौधरी, अहमद फैजान ने सहयोग किया।

### सांसद ने बदायूं से दिल्ली तक ट्रेन चलाने की उठाई मांग

**बबराला, अमृत विचार :** लोकसभा में बुधवार को रेल बजट पर चर्चा के दौरान बदायूं के सांसद आदित्य यादव ने सरकार का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र बदायूं में रेल सेवाओं के विस्तार पर आकर्षित किया। उन्होंने बदायूं से दिल्ली और लखनऊ तक ट्रेन चलाने के साथ ही उझानी से बबराला को बड़ी रेल लाइन से जोड़ने की पैरवी की। सपा सांसद के अनुसार, उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि बदायूं से लखनऊ व दिल्ली तक ट्रेन चलाने की मांग काफी पुरानी है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में बदायूं लोकसभा क्षेत्र के साठ हजार से अधिक लोग रहते हैं। इसलिए दिल्ली और बदायूं को रेल सेवा से जोड़ने की जरूरत है। बदायूं से लखनऊ तक रेल सेवा शुरू करने की मांग भी की। संसदीय क्षेत्र में रेल सेवा के विस्तार की पैरवी करते हुए उन्होंने उझानी से सहसवान होते हुए संभल जनपद के बबराला तक नई रेल लाइन बिछाने की मांग सदन में रखी।

### व्यापारियों ने स्टेट बैंक के शाखा प्रबंधक को सौंपा ज्ञापन

**चन्दौसी, अमृत विचार :** अखिल भारतीय युवा उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने भारतीय स्टेट बैंक के शाखा प्रबंधक विवेक यादव को ज्ञापन सौंपा। व्यापार मंडल के नगराध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय ने शाखा प्रबंधक को बताया कि शहर में दो डाकघर में आधार कार्ड व उनका संशोधन किया जा रहा है। दोनों स्थानों पर रोजाना 100 आधार कार्ड बन पाते हैं। मगर आधार कार्ड बनवाने के लिए सैकड़ों की संख्या में छात्र-छात्राएं व अन्य लोग पहुंचते हैं। जिन्हें रोजाना मायूस होकर लौटना पड़ता है। अधिकांश लोग उमस भरी गर्मी में रोजाना शाम तक अपनी बारी आने का इंतजार करते हैं। आधार कार्ड बनवाने में वालों में शहर के अलावा ग्रामीण अंचल से भी लोग पहुंचते हैं। जबकि स्टेट बैंक में आधार कार्ड बनाने की मशीन मौजूद है। व्यापारियों ने अनुरोध किया कि मशीन से आधार कार्ड बनाने व संशोधन का कार्य आरंभ कराया जाएगा। इस अवसर पर प्रदेश मंत्री शाह आलम मंसूरी, सभासद अन्ना खान, सभासद नवकान्त शर्मा, तुसार क्रिस्टल, आकाश वार्ष्णेय, आयुष शंखधार रहे।



हरियाली तीज कार्यक्रम में मौजूद मंडल की पदाधिकारी व सदस्य। ● अमृत विचार

### साधना बंसल को तीज क्वीन चुना गया

**चन्दौसी, अमृत विचार :** श्री गीता सत्संग महिला मंडल की ओर से सीता रोड स्थित गीता सत्संग भवन में हरियाली तीज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें साधना बंसल को तीज क्वीन चुना गया। गुरुवार की शाम कार्यक्रम का आरंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके किया गया। इसके उपरांत मंडल की महिला पदाधिकारियों के बीच नृत्य तंबोला, वन मिनट गेम व लकी ड्रा जैसे कार्यक्रम हुए। इसके बाद महिलाओं ने सावन के गीत गाएं व नृत्य किया। मंडल की संयोजिका इंदु अग्रवाल ने कहा कि हरियाली तीज पर महिलाएं श्रंगार करती हैं। तीज के दिन भगवान शंकर व पार्वती की पूजा-अर्चना की जाती है। इस दिन महिलाएं व युवतियां झूला झूलकर गीत गाती है। महिलाओं ने एक-दूसरे को तीज की बधाई दी। इस अवसर पर अध्यक्ष क्षमा अग्रवाल, रानी अग्रवाल, मंजू अग्रवाल, कविता, मीरा, रेनू, मृदुला, नीतू, रुपाली, पूनम, मंजू, कमलेश, नीलम, निशा, शोभा, पूनम, सीमा, शशि, चंचल, कल्पना, ऊषा, रागनी, माधुरी, रेनू, अनु, सुनीता, शालू, सरिता आदि मौजूद रहीं।

### महिला ने पति के विरुद्ध दी तहरीर

**चन्दौसी, अमृत विचार :** महिला ने पति पर दूसरी महिला के साथ रहने व घर का खर्चा नहीं देने का आरोप लगाते हुए पुलिस में तहरीर दी है। वैष्णो विहार निवासी महिला रीना शर्मा ने तहरीर में कहा है कि उसकी शादी 24 वर्ष पहले हुई थी। उस समय पति पुलिस विभाग में एसआई के पद पर कार्यरत था। नौ महीने से उसका पति बनियाठेर थाना क्षेत्र के गांव गुमथल निवासी एक महिला के साथ रह रहा हैं और तभी से घर भी नहीं आया हैं। महिला के तीन बच्चे हैं, मगर पति खर्चे के लिए रुपये नहीं दे रहा है। महिला ने पति के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

# डीजे को लेकर कांवड़िये भिड़े, दो घायल

कार्यालय संवाददाता, संभल/ मनोटा

**अमृत विचार :** असमोली थाना क्षेत्र में जोया मार्ग पर स्थित गांव मनोटा में कांवड़ यात्रा के दौरान डीजे बजाने के मुकाबले को लेकर विवाद के बाद दो जत्थों के कांवड़ियों में मारपीट हो गई। जिसमें एक जत्थे के डीजे आपरेटर समेत दो लोग घायल हुए। मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो गया।


असमोली के मनोटा पुल पर झगड़े के बाद मौजूद कांवड़िये। ● अमृत विचार

गुरुवार को सुबह करीब 7.45 बजे संभल के दो मुहल्लों के कांवड़ियों के दो जत्थे हरिद्वार से कांवड़ लेकर संभल आ रहे थे। दोनों जत्थों के साथ डीजे थे। मुहल्ला नई बस्ती के जत्थे के साथ आरके तूफान डीजे अमरोहा और सोतीपुरा संभल के जत्थे के साथ आरके डीजे संभल था। दोनों जत्थे जब संभल-जोया मार्ग पर स्थित गांव मनोटा पुल के पास पहुंचे तो आरके डीजे के साथ कांवड़ियों ने आरके तूफान डीजे के वाहन चालक और आपरेटर के साथ मारपीट शुरू कर दी। आसपास मौजूद पुलिस ने मौके पर पहुंच कर दोनों पक्षों को शांत कराया। घायल वाहन चालक और ऑपरेटर को अमरोहा के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। बताया गया कि दोनों डीजे बजाने को लेकर विवाद के बाद मारपीट हुई। पूरे मामले को लेकर वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हुआ।

**विवाद**

- मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल
- दो जत्थे हरिद्वार से कांवड़ लेकर संभल आ रहे थे

### बहजोई रोड पर दुकान में चोरी का प्रयास

**चन्दौसी, अमृत विचार :** बुधवार की रात चोरों ने बहजोई रोड पर दुकान के ताले तोड़ लिए। मगर चोर दुकान से सामान चोरी नहीं कर सके। पीड़ित की ओर से घटना की तहरीर कोतवाली में दी गई है।

बहजोई रोड पर चोर पुलिस को खुली चुनौती दे रहे हैं। पिछले कई दिनों से रोजाना दुकान व मकान के ताले तोड़ चोरी की जा रही है। मगर पुलिस अभी तक किसी भी घटना खुलासा नहीं कर सकी है। दलवीर सिंह पुत्र जगदीश सरन निवासी मौलागढ़ की बहजोई रोड पर दुकान है। बुधवार की रात आठ बजे दुकान बंद करके घर चले गए। गुरुवार की रात सुबह आठ बजे दुकान पर पहुंचे तो शटर के ताले टूटे थे। दुकान के अंदर जाकर देखा तो दीवार में कूमल लगा हुआ था। गनीमत यह रही कि चोर दुकान से कोई सामान नहीं ले सके। रोजाना हो रही घटनाओं से व्यापारियों में रोष व्याप्त है।


बहजोई रोड पर डीजे की धुन पर नाचते कांवड़िये व युवतियां। ● अमृत विचार

# गंगा जल लेकर लौटे शिवभक्त

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार :** शिवतेरस पर महादेव का जलाभिषेक करने के लिए कांवड़िये गंगा घाटों से कांवड़ में जल लेकर लौटे। बहजोई रोड पर कांवड़ियों के स्वागत के लिए खानपान के स्टाल लगाए गए हैं। शुक्रवार को शिव मंदिर व शिवालयों में महादेव का जलाभिषेक किया जाएगा।

सावन माह की शिवतेरस का त्योहार शुक्रवार को मनाया जाएगा। शिवतेरस पर अपने ईष्ट देव महादेव का जलाभिषेक करने के लिए शिव भक्त राजघाट, नरौरा, हरिद्वार, ब्रजघाट सहित अन्य गंगा घाटों से कांवड़ में जल लेने के लिए रवाना हुए थे। यह शिव भक्त गुरुवार की सुबह से अपने गंतव्य के लिए आना आरंभ हो गए। राजघाट नरौरा गंगा घाट से सैकड़ों की संख्या में शिव भक्त हर-हर महादेव, बम-बम भोले के जयकारों के बीच कांवड़ में जल लेकर वापस आए। कुछ कांवड़ के साथ चल रहे ट्रैक्टरों पर डीजे लगे थे। जिस पर भगवान शिव के भजन चल रहे थे। भजनों की धुन पर शिवभक्त झूम रहे थे।

# आरोग्य मंदिर को मिला नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस सर्टिफिकेट

संवाददाता, बहजोई



आयुष्मान आरोग्य मंदिर उपकेंद्र चाटन।

**अमृत विचार :** बहजोई सीचसी के तहत आने वाले आयुष्मान आरोग्य मंदिर उपकेंद्र गांव चाटन को भारत सरकार की गाइडलाइन पूरी करने को लेकर भारत सरकार द्वारा नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस सर्टिफिकेट से सम्मानित किया गया है।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ. विरास यादव ने बताया कि यह सर्टिफिकेट भारत सरकार की गाइडलाइन के अनुसार सभी मानक पूरे करने पर मिलता है। इस वर्ष का सर्टिफिकेट हमारे आयुष्मान आरोग्य मंदिर उपकेंद्र चाटन को मिला है। इस उपलब्धि को हासिल करने में सीएमओ डॉ तरन्नुम रजा, एसीएमओ डॉ पंकज कुमार बिश्नोई, डॉ कुलदीप सिंह आदिम, अपर शोध अधिकारी महेश गौतम, जिला कार्यक्रम अधिकारी संजीव राठौड़, डीसीपीएम अरबाब मेहंदी एवं डैम शोभित चौहान का मार्गदर्शन रहा। बीपीएम रजपुरा सौरभ सेंगर व रोहतास कुमार बेम का कड़ी मेहनत व अथक प्रयास रहा।

- भारत सरकार की गाइडलाइन पर खरा उतरा केंद्र

**आयोजन** श्री कांवड़ सेवा समिति के कार्यक्रम में झांकियों ने मोहा मन, भजनों पर झूमे श्रद्धालु

# धूमधाम से निकाली भोलेनाथ की शोभायात्रा

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार :** श्री कांवड़ सेवा समिति की ओर से भगवान भोलेनाथ की शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें कई झांकियां शामिल हुईं और भजन गायक माहौल भक्ति मय बना दिया। शोभायात्रा के आखिर में शिव भक्त कांवड़ लेकर चल रहे थे।

गुरुवार की शाम छह बजे कैथल गेट स्थित शिव मंदिर से भगवान भोलेनाथ की शोभायात्रा निकाली गई। यात्रा का आरंभ फीता काटकर कमेटी पदाधिकारियों द्वारा किया गया। शोभायात्रा में सबसे पहले भजन गायक मनोज शर्मा द्वारा भगवान शिव के भजन प्रस्तुत किए जा रहे थे। इसके बाद शिव परिवार, ज्योर्तिलिंग, धनुष व शंकर जी की झांकी थी। हर झांकी के पीछे डीजे था। जिसकी धुनों पर युवा नृत्य करते चल रहे थे। कैथल गेट स्थित शिव मंदिर आरंभ हुई शोभायात्रा ब्रह्म बाजार, घास मंडी, बड़ा बाजार, घंटाघर, फड़याई बाजार से ब्रह्म बाजार होती हुई शिव मंदिर पर जाकर संपन्न हुई।


श्री कांवड़ सेवा समिति के पदाधिकारी व श्रद्धालु। ● अमृत विचार


शोभायात्रा में शामिल शिव परिवार की झांकी। ● अमृत विचार

इस अवसर पर विजय कुमाल, कमल कुमार, गिरीश चंद्र, तरुण नीरज, सौरभ गुप्ता, अंशु गुप्ता, गिरिराज किशोर, ज्ञान प्रकाश, कन्हैया वार्ष्णेय, श्याम वार्ष्णेय, राजीव कुमार, कपिल गुप्ता ओएलएफ, अमर शर्मा, नवल वार्ष्णेय, मुकेश अग्रवाल, संजीव वार्ष्णेय आदि मौजूद रहे।

## एक नजर



रहरा में गिरी गन्ने की फसल।

### बारिश के साथ तेज हवा से गन्ने की फसल गिरी

**रहरा, अमृत विचार :** क्षेत्र में बुधवार देर शाम हुई बारिश के साथ चली तेज हवा से गन्ने की फसल गिर गई। इससे किसानों को नुकसान हुआ है। किसानों ने बताया कि फसल उत्पादन में कमी आएगी। हालांकि इस बारिश से धान की फसल को लाभ हुआ है। इससे धान किसान खुश हैं।

### सात सफाई कर्मचारियों को किया निलंबित

**अमरोहा, अमृत विचार :** जिला पंचायत राज अधिकारी पारुल सिसोदिया ने कांवड़ यात्रा को देखते हुए जिले के सभी ब्लॉकों में स्वच्छता अभियान जारी रखने के निर्देश दिए थे। इस अभियान में लापरवाही बरतने वाले सात कर्मचारियों को निलंबित कर दिया है। गुरुवार को जिला पंचायत राज अधिकारी ने जिले के कई ब्लॉकों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्हें स्वच्छता अभियान में कमियां मिलीं। इस पर उन्होंने सफाई अभियान में लगाए गए सफाई कर्मचारियों को तलब किया। लेकिन सफाई कर्मचारी अधिकारी के समक्ष उपस्थित नहीं हो सके। इस पर उन्होंने सात सफाई कर्मचारियों को निलंबित कर दिया।

### डिग्री कॉलेज में अंगदान दिवस पर दिलाई शपथ

**मंडी धनौरा, अमृत विचार :** नगर में शेरपुर रोड स्थित अमर सिंह मेमोरियल पीजी कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से भारतीय अंगदान दिवस पर प्रतिज्ञा अभियान चलाया गया। इस अभियान के अंतर्गत छात्र-छात्राओं को अंगदान के लिए प्रेरित कर शपथ दिलाई। महाविद्यालय के प्रबंधक अशोक सैनी ने कहा कि मृत्यु के बाद अंगदान कर जरूरतमंद लोगों को नया जीवन देना पुण्य कार्य है। इस दौरान प्राचार्य डॉ. अशोक कटारिया, कार्यक्रम अधिकारी मुशर्रफ खान, अली अजीम, डॉ रूपा, निसार अहमद, जितेन्द्र सिंह, राजाराम, नितिन कुमार, शिवा सैनी, पूनम शर्मा, नीतू सिंह, अर्शी, समरपाल सैनी, निशिन सैनी, रविन्द्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

### शिविर में 78 दिव्यांगों ने भरवाए फॉर्म

**अमरोहा, अमृत विचार :** अमरोहा ब्लाक के सभागार में गुरुवार को लगे शिविर में 78 दिव्यांगों ने फार्म भरवाए। जिला विकलांग अधिकारी शिखा शर्मा ने बताया कि कृत्रिम अंग के लिए फॉर्म भरे गए हैं। ट्राई साइकिल, व्हीलचेयर, बैसाखी, कान की मशीन, कृत्रिम अंग दिए जांएगे। इस मौके पर एडीओ समाज कल्याण राजीव कुमार, नूर हसन, नरेंद्र पाल सिंह, कपिल देव, तनवीर खान, रजनीश कुमार आदि उपस्थित रहे।

### गर्मी से बेहाल रहे लोग

**अमरोहा, अमृत विचार :** जिले में बुधवार को हुई बारिश के बाद गुरुवार सुबह से ही तेज धूप से लोग बेहाल हो गए। इस दौरान बिजली की ट्रिपिंग ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी। लोग पसीने में तर हो गए। देर शाम तक गर्मी से राहत नहीं मिल सकी। हालांकि बिजली आपूर्ति मिलने पर लोगों को राहत मिली।



गजरौला में कांवड़ लेकर आते शिवभक्त। ● अमृत विचार



अमरोहा में बिजनौर रोड पर नाचते हुए जाते कांवड़िये। ● अमृत विचार



हसनपुर में कांवड़ियों से जानकारी लेते एएसपी राजीव कुमार, साथ में अन्य।

# सावन की शिवरात्रि आज, भोले का होगा जलाभिषेक

## जिलेभर में कांवड़ यात्रा मार्गों व मंदिरों पर कांवड़ियों की सुरक्षा के लिए रही कड़ी सुरक्षा व्यवस्था

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** जिले में गुरुवार को सड़कों पर हर हर महादेव के जयकारों से सुबह से देर रात तक माहौल शिवमय रहा। हरिद्वार से गंगा जल लेकर लौट रहे कावंड़िये देर रात तक गंतव्यों तक पहुंचते रहे। शुक्रवार को सावन की शिवरात्रि पर शिवभक्त भगवान भोलनाथ का जलाभिषेक करेंगे। इसके लिए मंदिरों पर पुलिस प्रशासन ने कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की है।

शुक्रवार को सावन माह की शिवरात्रि मनाई जाएगी। गुरुवार को कांवड़ियों के जत्थे बिजनौरा रोड से होते हुए टीपी नगर चौराहा, जोया रोड से अपने गंतव्य की ओर रवाना हुए। अमरोहा बिजनौर स्टेट हाईवे पर हर हर महादेव की गूंज से वातावरण शिवमय हो गया। कांवड़ियों की सेवा के लिए जगह-जगह भंडारे भी लगाए गए। सुरक्षा को लेकर पुलिस प्रशासन सतर्क रहा। शिवरात्रि को लेकर कांवड़ियां में उत्साह दिखा। नगर और हाईवे पर सुरक्षा के इंतजाम भी किए गए।

हाईवे पर रूट डायवर्ट रहा। नेशनल हाईवे पर ट्रैफिक को वनवे करके निकाला जा रहा है। उधर, नगर के वासुदेव मंदिर व अन्य मंदिरों पर जलाभिषेक के लिए प्रशासन की ओर से व्यवस्था की गई है। मंदिरों के मार्गों पर नगर पालिका की ओर से सफाई व्यवस्था को दुरुस्त किया गया है। स्ट्रीट लाइटें लगाकर मार्गों पर रोशनी की व्यवस्था की गई। शिवरात्रि पर सुबह चार बजे से मंदिरों में जलाभिषेक प्रारंभ हो जाएगा।



सैदनगली में कावंड़ के साथ कांवड़िये। ● अमृत विचार

### 11 दिन में रोडवेज निगम को 20 लाख का नुकसान

**अमरोहा, अमृत विचार :** कावंड़ यात्रा के दौरान हाईवे पर बसों का संचालन कम नहीं होने से परिवहन निगम को 21 जुलाई से 31 जुलाई तक 20 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। रोडवेज की बसों को मार्ग बदल कर चलाने से सवारियां नहीं मिल पा रही हैं। अमरोहा डिपो के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक मोहम्मद शफी ने बताया कि सवान में हर वर्ष रोडवेज को भारी नुकसान उठाना पड़ता है। इस नुकसान की भरपाई के लिए त्योहारों पर बसों के फेरे बढ़ाने पड़ते हैं और चालक-परिचालकों से ड्यूटी डबल करानी पड़ती है। उन्होंने बताया कि 21 जुलाई से कावंड यात्रा प्रारंभ होने पर प्रशासन ने हाईवे पर यातायात को बंद कर दिया था। इसके चलते रोडवेज की बसों को बदले मार्गों पर चलाया जा रहा है। सवारियां न मिलने के कारण रोडवेज की बसें खाली दौड़ रही हैं। मुरादाबाद जाने वाली रोडवेज की बसों को कैलसा, पाकबड़ा से होकर चलाया जा रहा है। बिजनौर, नजीबाबाद, चांदपुर, धामपुर, नूरपुर जाने वाली बसों को कांठ मार्ग से उमरी कलां से होकर चलाया जाता है। दिल्ली, मेरठ जाने वाली बसों को बिजनौर होकर चलाया जा रहा है।

### सुरक्षा में जुटी रही पुलिस

**अमरोहा, अमृत विचार :** बिजनौर रोड पर कावंड़ियों की सुरक्षा के लिए जगह जगह पुलिस तैनात रही। भारी वाहनों को हाईवे पर आने से रोक दिया गया। जबकि छोटे वाहनों को वनवे मार्ग से पास कराया गया। सीओ, एसडीएम व थाना प्रभारी हाईवे पर नजर बनाए रहे। हादसे से बचाव के लिए हाईवे पर पुलिस टीमों का मूवमेंट जारी रहा। हरिद्वार से जल भरकर ला रहे कांवड़ियां के जत्थे देर रात तक बिजनौर मार्ग से होते शहर से होते हुए जोया रोड की ओर जाते रहे। सुरक्षा के लिहाज से पुलिस के जवान जत्थे के आगे चल रहे थे।

### 101 लीटर जल लेकर हरिद्वार से लौटा कांवड़ियों का जथा

**सैदनगली, अमृत विचार :** हरिद्वार से पैदल 101 लीटर जल लेकर कांवड़ियों का जत्था गुरुवार दोपहर कस्बे में पहुंचा। जहां उनका फूल बरसाकर स्वागत किया गया। कस्बे में भाजपा के जिला महामंत्री अभिनव कौशिक ने शिव भक्तों के साथ जुलूस निकाला। शिव भक्त शगुन सैनी ने बताया कि जत्था हरिद्वार से जल लेकर पैदल आया है। रोजाना 15 किलोमीटर पैदल चलते थे। 15 किलोमीटर रात को और 15 किलोमीटर दिन में, ये कांवड़िये हरिद्वार से सात दिन में जल लेकर सैदनगली कस्बे आए हैं। कांवड़ यात्रा कस्बे के सभी मंदिरों पर होती हुई मथना रोड पर पहुंची। रात्रि विश्राम और भंडारा हुआ। शुक्रवार सुबह शिव मंदिर में भोले का जलाभिषेक किया जाएगा। इस मौके पर काविन्द्र सैनी, आदर्श, विनीत सैनी, सभासद अमित भाटी, नीटू भाटी, रोहित सैनी, पवन सैनी, विक्की सैनी, विशाल सैनी, वंश सैनी, प्रिंस कश्यप, शोभित सैनी, अमित सैनी, विजेंद्र सैनी, विनीत सैनी, अंकुर, अनमोल, कुलदीप प्रधान आदि लोग उपस्थित रहे।

## शिविर में एएसपी ने देखी व्यवस्था

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचारः** अपर पुलिस अधीक्षक ने शिविरों में शिव भक्तों की सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया।

सावन की शिवरात्रि पर भोलेनाथ का जलाभिषेक करने के लिए शिव भक्त हरिद्वार से गंगाजल लेकर अपने गंतव्य की ओर बढ़ रहे हैं। गुरुवार को अपर पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार ने कांवड़ यात्रा मार्ग पर व्यवस्थाएं देखीं। इस दौरान उन्होंने गजरौला-हसनपुर मार्ग, बाईपास, रहरा मार्ग पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। गजरौला मार्ग स्थित एक कोल्ड स्टोर पर गल्ला व्यापार मंडल की ओर से लगाए गए शिविर का भी निरीक्षण किया। व्यापारियों से वार्ता कर व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी की। अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि शासन के निर्देश अनुसार पुलिस की प्राथमिकता है कि प्रत्येक शिव भक्त सकुशल अपनी मंजिल तक पहुंचे। निरीक्षण के दौरान उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष अंकुर अग्रवाल, पुनीत अग्रवाल, नरेश चौहान, जागेश चौहान, संदीप अग्रवाल आदि रहे।

## औद्योगिक नगरी में गूंजे जयकारे

संवाददाता, गजरौला



गजरौला में कांवड़ लेकर जाते शिव भक्त।

**अमृत विचारः** कंधों पर कांवड़, जुबान पर बम-बम भोले का उद्‌घोष शिवभक्तों की कुछ ऐसी ही मनोहारी झलक हाईवे पर गुरुवार को दिखाई दी। शिवभक्तों ने भोले के जयकारे लगाए तो औद्योगिक नगरी गूंज उठी। महिलाओं, युवतियों और बच्चों के साथ पुरुषों ने उत्साह के साथ कांवड़ यात्रा में शामिल होकर भगवान शिव के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की।

शुक्रवार तड़के से ही सावन माह की शिवरात्रि पर भगवान शिव का जलाभिषेक करने के लिए शिवालयों में कांवड़िये उमड़ने शुरू हो जाएंगे। हरिद्वार व बृजघाट में बह रही गंगा से जल भरकर शिव भक्त कांवड़ियों के जत्थे गुरुवार को गजरौला से निकले। हरिद्वार से आने वाले कांवड़िये कुमराला तिराहा के पास से खेतों के मार्ग से निकलकर बसैली फाटक से होकर हाईवे पर पहुंचे। धनौरा मार्ग व हाईवे पर कांवड़ियों की संख्या अधिक देखने को मिली। शिव भक्त में सराबोर कांवड़िये कांवड़ पर तिरंगा झंडा लगाकर जाते नजर आए। सेवा शिविरों में डीजे पर कांवड़िये नाचते रहे। कांवड़ियों की सेवा के लिए धनौरा मार्ग व हाईवे पर सेवा शिविर भी लगाए गए। इनमें दवा, भोजन, आराम करने की व्यवस्था रही।

## जगह-जगह किया गया पौधरोपण

संवाददाता, मंडी धनौरा/हसनपुर

**अमृत विचारः** बाबा हरदेव सिंह महाविद्यालय के संरक्षक बाबा हरदेव सिंह के जन्मदिन पर शिक्षा समिति के सदस्यों ने पौधरोपण अभियान चलाया। नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पौधरोपण किया। तहसील परिसर, थाना परिसर में भी पौधरोपण किया।

धनौरा विधानसभा से प्रत्याशी रहे कपिल चंद्रा ने भी ब्लॉक परिसर में पौधे लगाए। कपिल चंद्रा ने कहा कि महाविद्यालय के सदस्यों की पहल सराहनीय है। इस मौके पर डॉ. अनिल कुमार, सचिन कुमार, धर्मवीर सिंह, राणा प्रताप सिंह, डॉ. मनदीप सिंह आदि मौजूद रहे।

उधर, हसनपुर में सहकारी समिति लिमिट भदौरा के सभापति व भारतीय किसान संघ के पूर्व जिलाध्यक्ष कृष्ण कुमार शर्मा ने वृद्धाश्रम में फल बांटे और पौधरोपण कर अपना जन्मदिन मनाया। कृष्ण कुमार शर्मा ने अपना पिछला जन्मदिन ब्रह्मवाद स्थित गोशाला पहुंचकर गोसेवा कर मनाया था। गुरुवार को वह साथियों के साथ डोमखेड़ा के पास स्थित वृद्धाश्रम पहुंचे। वहां फल वितरित किए और पौधरोपण किया।

इस दौरान नरेंद्र सिंह, चंद्रप्रकाश शर्मा, महीपाल सिंह, धर्मपाल सिंह, मोनू अग्रवाल, मनवीर सिंह आदि उपस्थित रहे।



मंडी धनौरा में पौधरोपण करते अध्यापक। ● अमृत विचार

## कॉलोनी में विद्युतीकरण करने के नाम पर ठगी

**गजरौला, अमृत विचारः** कॉलोनी में विद्युतीकरण करने के नाम पर ठेकेदार ने लोगों से तीन लाख, साठ हजार रुपये ठग लिए। एक वर्ष बाद भी विद्युतीकरण नहीं कराया। लोगों ने मुख्यमंत्री को संबोधित शिकायती पत्र भेजकर ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

शहर के नाईपुरा खादर की आवासीय कॉलोनी में अभी तक विद्युतीकरण नहीं हुआ है। गर्मी में लोगों को परेशानी होती है। आरोप है कि मोहल्ले वालों से एक ठेकेदार ने विद्युतीकरण करने के नाम पर तीन लाख साठ हजार रुपये हड़प लिए। ठेकेदार ने तीन माह में विद्युतीकरण करने का आश्वासन दिया था, लेकिन एक वर्ष बाद भी यह कार्य नहीं हुआ। शिकायती पत्र पर गजेंद्र, चंद्रपाल, संदीप, राजू आदि के हस्ताक्षर हैं।

## पुलिसकर्मी से भाकियू कार्यकर्ताओं की नोकझोंक

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचारः** बाइक की चाभी छीनने को लेकर भाकियू कार्यकर्ताओं व पुलिस कर्मी में नोकझोंक हो गई। हंगामा होने के बाद दरोगा के हस्तक्षेप करने पर मामला निपट गया।

गुरुवार दोपहर भाकियू युवा के प्रदेश सचिव रोहित, युवा ब्लॉक अध्यक्ष विपिन चौधरी व आकाश एक बाइक पर बैठकर एसडीओ कार्यालय आ रहे थे। आंबेडकर पार्क पर तैनात पुलिस कर्मियों ने एक बाइक पर तीन लोगों को बैठा देखा तो उन्होंने उन्हें रोक लिया। इसे लेकर भाकियू कार्यकर्ताओं व पुलिसकर्मी के बीच कहासुनी होने के बाद नोकझोंक होने लगी। भाकियू कार्यकर्ताओं ने फोन करके संगठन के पदाधिकारी को घटना की जानकारी दी तो भाकियू के ब्लॉक अध्यक्ष काले सिंह व अन्य कार्यकर्ता मौके पर पहुंच गए। इसके बाद उनके बीच नोकझोंक हुई।

दरोगा मोईन अली व पुलिस कर्मियों ने मामले को सुलझाने का प्रयास किया तो पुलिस कर्मी ने चाभी देने से इनकार कर दिया। कहा कोतवाल के सामने बाइक की चाभी दूंगा। इसे सुनकर भाकियू कार्यकर्ता भड़क गए। लेकिन मामला तूल पकड़ने से पहले ही पुलिस स्टाफ ने सिपाही को समझा कर भाकियू कार्यकर्ता को बाइक की चाभी को वापस दिलवा दी। इस दौरान काफी देर तक आंबेडकर पार्क पर अफरा तफरी मची रही।



पुलिस से नोकझोंक करते भाकियू के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार



प्रतियोगिता में प्रतिभाग करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

## प्रतियोगिता में पूजा प्रथम, शालू रहीं द्वितीय

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचारः** रोजेज सखी ग्रुप की ओर से हरियाली तीज का महोत्सव मोहल्ला मंडी चौब निवासी नीता माहेश्वरी के आवास पर मनाया गया। नीता माहेश्वरी ने बताया कि इस दौरान हरी मैचिंग प्रतियोगिता में पूजा माहेश्वरी प्रथम, शालू महेश्वरी द्वितीय स्थान पर रहीं।

महिलाओं ने मानसूनी गीतों पर आधारित पर्ची लगाकर खूब मनोरंजन किया। महिलाओं ने रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। इस मौके पर शालिनी माहेश्वरी, योगेश मालीवाल, शिल्पा माहेश्वरी, वर्षा माहेश्वरी, पूजा माहेश्वरी, गुंजन माहेश्वरी, रीना महेश्वरी, शिवानी महेश्वरी, डिंपल डावर, सोनल महेश्वरी और अपर्णा अग्रवाल आदि मौजूद रहीं।

**पंचायत** — नौ अगस्त को ट्रैक्टर से तिरंगा यात्रा निकालेंगे किसान, विद्युत ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ने की मांग उठाई

# किसानों ने समस्याओं को लेकर बिजली घर पर दिया धरना

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचारः** गजरौला मार्ग स्थित बिजली घर पर गुरुवार को भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने किसानों की समस्याओं को लेकर धरना प्रदर्शन किया। बताया कि नौ अगस्त को किसान ट्रैक्टर तिरंगा यात्रा निकालेंगे।

ब्लॉक अध्यक्ष काले सिंह ने कहा कि गांव करनपुर माफी में 63 केवीए के ट्रांसफार्मर से 150 घरों के कनेक्शन हैं। ट्रांसफार्मर की क्षमता वृद्धि होनी चाहिए। लाइनमैन को झकडी फीडर से हटाया जाए। गांव बेगपुर मुंडा में शिव मंदिर के पास रखे ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाई जाए। गांव सहसौली के किसानों को गजरोला बिजली घर से विद्युत आपूर्ति होती है, इन्हें सिहाली बिजली घर से जोड़ा जाए। उन्होंने कहा कि छुट्टा पशुओं को पकड़कर गोशालाओं में भेजा जाए। इस दौरान शीशपाल सिंह, संजीव बालियान, सीता आर्य, रोहित, उमेश कुमार, आकाश चौधरी, रामवीर सिंह, बाबू अली, महेंद्र सिंह आदि रहे।



हसनपुर में किसानों की पंचायत में बोलते ब्लॉक अध्यक्ष काले सिंह। ● अमृत विचार

### भाकियू ने एसडीएम को दिया ज्ञापन

**अमरोहा, अमृत विचार :** भाकियू लोकशक्ति के कार्यकर्ताओं ने नौगांवा सादात तहसील में धरना प्रदर्शन किया। एसडीएम को ज्ञापन देकर समस्याओं का समाधान कराने मांग की। गुरुवार को भाकियू लोकशक्ति के राष्ट्रीय सचिव डॉ. सुमित नागर के नेतृत्व में कार्यकर्ता तहसील पहुंचे। चीनी मिलों से बकाया भुगतान कराने की मांग की।

### फौंदापुर में भाकियू की पंचायत में उठा छुट्टा पशुओं का मुद्दा

**गजरौला, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन संयुक्त मोर्चा की एक पंचायत गुरुवार को क्षेत्र के गांव फौंदापुर में नितिन चौधरी के आवास पर हुई। इसमें छुट्टा पशुओं की समस्या और विद्युत आपूर्ति को लेकर किसानों ने विरोध जताया। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विजय वीर सिंह ने कहा कि जिले में छुट्टा पशुओं को पकड़ा जाए। छुट्टा पशुओं ने किसानों की फसलों को बर्बाद कर दिया है और सड़कों पर राहगीरों पर हमले कर रहे हैं। किसान देवेन्द्र सिंह ने ट्यूबवेलों पर मीटर लगाने का विरोध किया। उन्होंने कहा कि बिजली बिलों में भी गड़बड़ी की जा रही है। उन्होंने कहा कि बिजली बिल सही नहीं किए गए तो विद्युत निगम के खिलाफ आंदोलन किया जाएगा। नितिन चौधरी को मंडल उपाध्यक्ष युवा और गांव की कार्यकारिणी बनाई गई। इस दौरान नरेश चौधरी, विजय वीर चौधरी, देवेन्द्र सिंह, विकास चौधरी, सुधीर चौधरी, रवि चौधरी, मयंक चौधरी, अजय राय आदि लोग मौजूद रहे।

न विना परवादेन रमते दुर्जनोजनः।
काक :सर्वरसान भुक्ते विनामध्यम न तृप्यति ॥

लोगों की निंदा किए बिना दुष्ट व्यक्तियों को आनंद नहीं आता। जैसे कौवा सब रसों का भोग करता है। परंतु गंदगी के बिना उसकी तृप्ति नहीं होती।

## संपादकीय

# खनिजों का महत्व

दुनिया स्वच्छ ऊर्जा और डिजिटल चमत्कारों द्वारा संचालित भविष्य की ओर बढ़ रही है। भविष्य की वैश्विक अर्थव्यवस्था उन प्रौद्योगिकियों पर आधारित होगी जो लिथियम, ग्रेफाइट, कोबाल्ट, टाइटेनियम और दुर्लभ जमीनी तत्वों जैसे खनिजों पर निर्भर हैं। महत्वपूर्ण खनिज देश के आर्थिक विकास और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए आवश्यक हैं। ऊर्जा परिवर्तन और वर्ष 2070 तक शुद्ध-शून्य कार्बन उत्सर्जन का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए भारत की प्रतिबद्धता को देखते हुए महत्वपूर्ण खनिजों का महत्व बढ़ गया है। केंद्रीय बजट 2024-25 में भी ऊर्जा सुरक्षा को एक प्रमुख प्राथमिकता के रूप में चिह्नित किया गया है, जहां लिथियम सहित विभिन्न महत्वपूर्ण खनिजों के लिए लक्षित सीमा शुल्क छूट का प्रस्ताव किया गया है। महत्वपूर्ण खनिजों की उपलब्धता की कमी या कुछ भौगोलिक स्थानों में उनके निष्कर्षण या प्रसंस्करण की एकाग्रता से आपूर्ति श्रृंखला में कमजोरी और यहां तक कि आपूर्ति में व्यवधान भी हो सकता है। इसके अलावा खनन क्षेत्र में प्रमुख सुधार के लिए महत्वपूर्ण खनिजों पर ध्यान केंद्रित करते हुए खान और खनिज (विकास और विनियमन) संशोधन विधेयक को मंजूरी मिल चुकी है। संशोधन विदेशी प्रत्यक्ष निवेश और कनिष्ठ खनन कंपनियों को आकर्षित करने के लिए अनुकूल कानूनी वातावरण मिलने के लिए आवश्यक था। इससे महत्वपूर्ण और गहराई में प्राप्त होने वाले खनिजों के लिए अन्वेषण लाइसेंस की शुरुआत हुई। बारह परमाणु खनिजों की सूची से छह खनिज लिथियम, बेरिलियम, टाइटेनियम, निओबियम, टैंटलम और जिरकोनियम को हटा दिया गया है। ये खनिज प्रौद्योगिकी और ऊर्जा के लिए महत्वपूर्ण हैं, जिनका उपयोग अंतरिक्ष उद्योग, इलेक्ट्रॉनिक्स, प्रौद्योगिकी और संचार, ऊर्जा क्षेत्र, इलेक्ट्रिक बैट्री में किया जाता है और शुद्ध-शून्य उत्सर्जन का लक्ष्य प्राप्त करने में भारत की प्रतिबद्धता के लिए महत्वपूर्ण हैं।

इन खनिजों को परमाणु खनिजों की सूची से हटाने पर खनिजों की खोज और खनन निजी क्षेत्र के लिए खुल जाएगा। परिणामस्वरूप देश में इन खनिजों की खोज और खनन में उल्लेखनीय वृद्धि का रास्ता बना। साथ ही देश में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश और कनिष्ठ खनन कंपनियों को आकर्षित करने के लिए अनुकूल कानूनी वातावरण मिला। गौरतलब है कि भारत महत्वपूर्ण खनिजों के प्रति अधिक समग्र दृष्टिकोण अपनाकर आर्थिक प्रगति को पर्यावरण संरक्षण के साथ बेहतर ढंग से संरेखित कर सकता है और सतत ऊर्जा एवं इलेक्ट्रिक मोबिलिटी की ओर वैश्विक संक्रमण के बीच अपनी स्थिति को सुदृढ़ कर सकता है। भारत को महत्वपूर्ण खनिज संबंधी कूटनीतिक प्रयासों को तेज करना चाहिए और संसाधन संपन्न देशों के साथ रणनीतिक साझेदारी स्थापित करनी चाहिए। महत्वपूर्ण खनिजों की सुरक्षा भारत की भू-राजनीतिक स्थिति और सौदेबाजी की शक्ति को बढ़ाएगी।

# महंगी होती शादियों का अर्थशास्त्र



अविनाश झा
डीएफएमओ, चित्रकूट

भारत में नवंबर 2023 माह से लेकर मार्च 2024 तक लगभग 38 लाख से अधिक शादियों के आयोजन संपन्न किए गए, जिनमें लगभग 4.75 लाख करोड़ की राशि का व्यय होने की संभावना व्यक्त की जा रही है, जबकि पिछले वर्ष की इसी अवधि में 35 लाख शादियों पर 3.75 लाख करोड़ रुपए की राशि का व्यय हुआ था।

अक्सर लोग शादियों में जमकर खर्च करते हैं। इनमें से जो हैसियत और रसूख वाले हैं वो अपना स्टेटस मेंटेन करने के लिए ऐसा करते हैं तो वो लोग भी, जिनकी हैसियत उतनी नहीं है, उनसे प्रभावित होकर सामाजिक प्रतिष्ठा के लिए खर्च करते हैं। प्रदर्शन की इच्छा तो गरीबों की भी होती है तो वो इसे पूरा करने के लिए कर्ज में डूब जाते हैं। पिछले दिनों अंबानी परिवार के वैवाहिक समारोहों को लेकर मीडिया में शादियों में किया जाने वाला खर्च, प्रदर्शन और उसकी उपयोगिता बहस का मुद्दा बन गया है, लेकिन इसका एक पक्ष और है, जो हमारी बाजार और हमारे देश की अर्थव्यवस्था से जुड़ा हुआ है। एक अनुमान के अनुसार अंबानी परिवार की इस शादी में लगभग पांच हजार करोड़ रुपए खर्च किए गए, जो उनकी हैसियत का 0.5 प्रतिशत ही था। अक्सर सामान्य लोग अपने घर की शादियों में अपनी हैसियत का 5 से 15 प्रतिशत तक खर्चा कर लेते हैं।

शादियों में किया गया यह खर्च भी अर्थव्यवस्था के विकास में योगदान देता है। इकोनॉमिक टाइम्स की एक रिपोर्ट के अनुसार देश में विवाहों पर सालाना करीब 3.75 लाख करोड़ रुपये खर्च होता है। विवाहों का यह बाजार प्रतिवर्ष 25 से 30 प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है। देश में हर साल करीब एक करोड़ शादियां होती हैं। आमतौर पर एक आदमी अपनी जिंदगी की 20 प्रतिशत कमाई शादी पर खर्च कर देता है, जिसमें सबसे ज्यादा हिस्सा सोना-हीरा और आभूषणों पर किया जाता है। शादी समारोहों के दौरान अकेले आभूषणों पर 2.9 से 3.3 लाख करोड़ रुपये खर्च किए जाते हैं। वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल के अनुसार इस वर्ष विवाहों के सीजन में 139 टन सोने की मांग का अनुमान है। शादी के समारोह स्थल पर कुल खर्च का 13-18 प्रतिशत खर्च किया जाता है। छोटे बड़े शहरों में मैरिज हालों की लगातार बढ़ती संख्या से जाहिर है कि यह इंडस्ट्री बढ़ रही है। बड़े होटलों के अलावा डेस्टीनेशन वेडिंग का प्रचलन तेजी से बढ़ा है। पर्यटन स्थलों के अलावा ऐतिहासिक महलों में शादियां आयोजित करने का प्रचलन बढ़ा है। अंबानी परिवार के भव्य सेट बनाकर शादी कराने के बाद तो बड़ी शादियों में फिल्मी सेटों का प्रचलन बढ़ने की संभावना है। शादियों में खानपान पर कुल खर्च

शादियों में किया गया यह खर्च भी अर्थव्यवस्था के विकास में योगदान देता है। इकोनॉमिक टाइम्स की एक रिपोर्ट के अनुसार देश में विवाहों पर सालाना करीब 3.75 लाख करोड़ रुपये खर्च होता है। विवाहों का यह बाजार प्रतिवर्ष 25 से 30 प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है। देश में हर साल करीब एक करोड़ शादियां होती हैं।

का लगभग 20 से 25 प्रतिशत खर्च होता है, जिससे कैटरिंग एजेंसी सहित खान-पान की वस्तुओं का बाजार तेजी से बढ़ रहा है। इसी प्रकार कपड़ों पर 10 से 15 प्रतिशत खर्च किया जाता है। कपड़ा इंडस्ट्री के जानकारों के अनुसार लोग शादी के सीजन में जमकर खरीदारी करते हैं। इसमें केवल दूल्हा-दुल्हन ही नहीं, बल्कि उसके परिवार या शादी के मेहमान भी शामिल हैं। इसी तरह डेकोरेशन पर 7 से 11 प्रतिशत खर्च किया जाता है। इसके अतिरिक्त मेकअप पर 3 से 8 प्रतिशत, फोटोग्राफी पर 5 से 7 प्रतिशत, हनीमून पर 8 से 11 प्रतिशत और दूसरी चीजों पर 10 प्रतिशत खर्च हो रहा है। मनोरंजन पर 1.9 से 2.1 लाख करोड़ रुपये खर्च किए जाते हैं। अभी अंबानी परिवार की शादी में जिस तरह से देशी विदेशी कलाकारों ने प्रदर्शन किया, उसी प्रकार सभी आदमी अपनी हैसियत के अनुसार शादियों में लोगों के मनोरंजन का इंतजाम करते हैं, जिससे हजारों लोगों को रोजगार मिलता है।

भारत में नवंबर 2023 माह से लेकर मार्च 2024 तक लगभग 38 लाख से अधिक शादियों के आयोजन संपन्न किए गए, जिनमें लगभग 4.75 लाख करोड़ की राशि का व्यय होने की संभावना व्यक्त की जा रही है, जबकि पिछले वर्ष की इसी अवधि में 35 लाख शादियों पर 3.75 लाख करोड़ रुपए की राशि का व्यय हुआ था। कंफेडरेशन आफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के अनुसार भारत में इस वर्ष विवाहों के मौसम में सबसे अधिक खर्च करने का विश्व रिकार्ड बनाया जा सकता है। पिछले वर्ष इसी अवधि की तुलना में इस वर्ष एक लाख करोड़ रुपए अधिक राशि विवाहों पर खर्च होने जा रही है। स्पष्ट है कि इतनी बड़ी व्यय की जाने वाली धनराशि भारतीय बाजारों को बूस्ट अप करता है। इसमें लगे करोड़ों लोगों के रोजगार सृजन में योगदान देता है। मैरिज इंडस्ट्री के इस विशाल आकार को देखते हुए ही प्रधानमंत्री ने हाल में लोगों से आग्रह किया है कि विदेशों में की जा रही डेस्टिनेशन वेडिंग के बजाय घरेलू आयोजन स्थलों का चयन करें, जिससे यहां रोजगार सृजन हो और बाजार में प्रगति हो।

जेफरीज की एक रिपोर्ट के अनुसार भारत में शादी समारोहों से जुड़ा बाजार करीब 10.7 लाख करोड़ रुपये का है, जो देश में खाद्य और किराना बाजार के बाद दूसरा सबसे बड़ा बाजार है। भारत में शादी का बाजार अमेरिका के 5.8 लाख करोड़ के शादी के बाजार से लगभग दोगुना है, लेकिन चीन के 14.1 लाख करोड़ के बाजार से छोटा है। विवाह समारोहों की संख्या को देखते हुए भारत में हर साल 80 लाख से एक करोड़ तक विवाह समारोह होते हैं, जबकि चीन में यह आंकड़ा 70 से 80 लाख प्रति वर्ष और अमेरिका में 20-25 लाख है। स्पष्ट है कि प्रति शादी चीन और अमेरिकी परिवार भारतीयों की तुलना में ज्यादा खर्च करते हैं। भारतीय विवाह समारोहों के दौरान परिवार पर पड़ने वाला आर्थिक बोझ बहुत बड़ा होता है। भारत में विवाहों पर औसतन 12.5 लाख रुपये खर्च होते हैं। पिछले कुछ सालों में औसतन शादियों पर खर्च भी बढ़ा है। ऑनलाइन विवाह विक्रेता निर्देशिका ने 2021 और 2022 के लिए अपनी रिपोर्ट प्रकाशित की, जिसमें 14.6 प्रतिशत की बढ़त देखी गई है, जहां खर्च बढ़कर 15 लाख रुपये हो गया है। धूमधाम से होने वाली विवाहों पर औसतन 20-30 लाख रुपए खर्च होते हैं, लेकिन एक शादी पर खर्च होने वाला औसत व्यय यानी 12.5 लाख रुपये, भारत की जीडीपी की प्रति व्यक्ति आय का लगभग पांच गुना है।

अमेरिका में विवाहों पर होने वाला खर्च वहां की शिक्षा पर होने वाले खर्च का आधा है, जबकि एक आम भारतीय शिक्षा की तुलना में शादी पर दोगुना खर्च करते हैं। इसके पीछे भारतीय सनातन संस्कृति के अंतर्गत शादी के समय विभिन्न प्रकार के संपन्न किए जाने वाले संस्कारिक आयोजन हैं, जबकि पश्चिमी देशों में तो विवाह नामक संस्था ही विलुप्त हो रही है। लव मैरिज और लिव इन रिलेशनशिप आदि ने वहां वैवाहिक समारोहों के आयोजन का औचित्य ही समाप्त कर दिया है। अक्सर मध्यम वर्ग अमीरों की भव्य, असाधारण शादियों की ओर आकर्षित होता है। ऐसी महंगी शादियां समाज में दबाव पैदा करती हैं। अगर उसके लिए कर्ज लेने की आवश्यकता हो तो उसे भी लेते हैं। उपभोक्ता संस्कृति से प्रभावित होकर युवा पीढ़ी जीवन का भरपूर आनंद लेना चाहती है। लोगों के व्यवहार में बदलाव के कारण ऐसे भव्य विवाह समारोह आयोजित करने की प्रवृत्ति बढ़ रही है। अमीर और प्रसिद्ध लोगों की हाई-प्रोफाइल शादियां मध्यम वर्ग और गरीबों के लिए अनुकरणीय रूप से ऊंचे मानक स्थापित कर देती हैं, जिससे अनावश्यक सामाजिक दबाव पैदा होता है।

कंफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स की एक रिपोर्ट बताती है कि एक आम भारतीय अपनी शादी पर औसतन 12 लाख रुपए खर्च करता है, जबकि भारतीयों की प्रति व्यक्ति सालाना आय 1 लाख 72 हजार रुपए है। अर्थात एक आम भारतीय शादी पर अपने 7 साल की कमाई खर्च कर देता है। वर्ष 2017 में बिहार के सुपौल से लोकसभा सांसद रंजीता रंजन ने शादी की फिजूलखर्ची को रोकने के लिए सख्त कानून बनाने संबंधी एक बिल लोकसभा में पेश किया था। इसमें मेहमानों की संख्या सीमित करने के अलावा पांच लाख रुपये से अधिक खर्च करने पर रोक लगाने की भी सिफारिश की गई थी। अगर किसी ने तय की गई राशि से अधिक पैसे खर्च किए तो उस पर 10 प्रतिशत का टैक्स लगाया जाए और टैक्स का ये पैसा गरीब लड़कियों की शादियों पर खर्च किया जाए। इसके द्वारा सरकार शादी में आने वाले मेहमानों-रिश्तेदारों और बारात की संख्या के साथ-साथ शादी और रिसेप्शन में परोसे जाने वाले व्यंजनों की भी सीमा तय कर सकती थी ताकि शादियों में होने वाली खाने की बर्बादी पर लगाम लगाई जा सके। हालांकि यह बिल संसद में पास नहीं हो सका। महंगी शादियों के बोझ से मुक्ति के लिए सामूहिक विवाहों का आयोजन एक अच्छा कदम है। इसे सरकार भी प्रोत्साहित कर रही है। निजी संस्थानों, गैर सरकारी संगठनों द्वारा इस दिशा में प्रयास किया जा रहा है। मंदिरों में शादी, कोर्ट मैरिज इत्यादि ऐसी विधाएं, जिससे खर्च से बचा जा सकता है।

## प्रसंगवश

# सर्पदंश का भरोसेमंद इलाज

सर्पदंश से मौतों का सिलसिला फिर शुरू हो गया है। लगभग रोज ही अखबार सांप के काटने से किसी न किसी की मृत्यु की दुखद खबर देते रहते हैं। कभी कोई किसान धान की रोपाई करते समय या फिर कोई बच्चा घर के स्टोर से कुछ खाने की वस्तु उठाते वक्त या फिर कोई महिला अलसुबह घर आंगन साफ करते वक्त सांप के डसने से मृत्यु को प्राप्त हो जाती है। ऐसा लगता है कि ग्रामीण क्षेत्रों में अभी भी सर्पदंश को लेकर अज्ञानता, गलत धारणाएं और लापरवाही बनी हुई है।



दुखद आश्चर्य है कि अभी तक भी एमबीबीएस के पाठ्यक्रम में सर्पदंश प्रबंध पर कोई पाठ समाहित नहीं है, जिससे कई एलोपैथी चिकित्सक भी सर्पदंश उपचार से कतराते हैं, किंतु उनको इतना प्रशिक्षण तो मिला ही रहता है कि स्वविवेक से स्थिति को संभाल सकें। यदि उनसे भी सर्पदंश का कोई केस नहीं संभला या चूक होती है तो फिर हरि इच्छा बलवती मानिए।

आज की तारीख में सर्पदंश का सबसे भरोसेमंद इलाज एंटीवेनम ही है, जो सांपों के विष से ही उसकी काट के तौर पर तैयार होता है। यही जीवनदायी चमत्कारिक औषधि है। सोचिए जरा कि विगत दशक की लगभग आधी शती तक जब एंटीवेनम की सुलभता नहीं थी तब क्या परिदृश्य रहा होगा। विषैले सर्पदंश की तब एक ही परिणति थी- यातनाभरी मृत्यु, किंतु आज एंटीवेनम की सुलभता के बावजूद लोग मंत्र-तंत्र ओझा बिरई और झाड़फूंक में समय गंवाते हैं। नतीजतन टाली जा सकने वाली मृत्यु भी अपरिहार्य हो जाती है। इधर उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल के कई जिलों में किलर नंबर वन करईत बना हुआ है। यह रात में डसता है। चारपाई पर भी चढ़ जाता है और डस लेता है। यदि विष की मात्रा भरपूर हुई तो दंशित सुबह के सूरज उगने के पहले प्राण त्याग देता है। मुश्किल यह है कि इसके विषदंत के निशान कोब्रा (फन वाला नाग) जैसे स्पष्ट नहीं होते।



डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

ऐसा समझ सकते हैं, जहां कोबरा के विषदंत दो बड़े सूजे के चुभने जैसा निशान छोड़ते हैं। करैत के निशान सूई के धंसने जैसे होते हैं। कोबरा दंश में लगभग सूजन तुरंत शुरू होकर प्रत्यक्ष होती जाती है, करैत में सूजन स्पष्ट नहीं होती। हालांकि दोनों के विष की रासायनिक संघटन प्रमुखतः एक सा ही होता है- दोनों स्नायुमंडल पर आघात करते हैं। इसलिए बुद्धिमानी इसी में है कि जब भी सर्पदंश की घटना घटे, तुरंत उपयुक्त चिकित्सा केंद्र, जिला अस्पताल या ऐसी प्राइवेट क्लीनिक जहां एंटीवेनम चिकित्सा की समुचित व्यवस्था हो पहुंचना चाहिए। न झाड़फूंक और न ही घरेलू खरबिरइया न घी, नीम की पत्ती या कोई और उपचार। और न यह ही कि विषैले सांप ने काटा है या फिर विषहीन सांप ने, क्योंकि यह विशेषज्ञता का क्षेत्र है। विवाद का नहीं। क्या पता जिसे निरापद समझ लिया जाए, किंतु मौत की टिक-टिक चल पड़ी हो। एक कुशल चिकित्सक आगे की स्थिति संभाल लेगा। जहां वह एंटीवेनम संवेदनशीलता की जांच कर कितनी मात्रा में और कब तक एंटीवेनम तथा अन्य जीवनदायी कार्टीसोन औषधियों को देगा यह सुनिश्चित करना उसका काम है।

हालांकि दुखद आश्चर्य है कि अभी तक भी एमबीबीएस के पाठ्यक्रम में सर्पदंश प्रबंध पर कोई पाठ समाहित नहीं है, जिससे कई एलोपैथी चिकित्सक भी सर्पदंश उपचार से कतराते हैं, किंतु उनको इतना प्रशिक्षण तो मिला ही रहता है कि स्वविवेक से स्थिति को संभाल सकें। यदि उनसे भी सर्पदंश का कोई केस नहीं संभला या चूक होती है तो फिर हरि इच्छा बलवती मानिए। मगर ज्यादातर मामलों में देखा गया है कि अब कुशल चिकित्सक सर्पदंश चिकित्सा को अच्छी तरह हैंडल कर लेते हैं और एंटीवेनम की उपलब्धता हर सरकारी अस्पताल में अनिवार्य हो गई है और सरकार इस दिशा में तत्पर रहती है।

# समय की मांग है उत्तराखंड में सशक्त भू-कानून

पहाड़ी राज्य और देवभूमि कहे जाने वाले उत्तराखंड में वहां के लोग एक सशक्त भू कानून बनाने की मांग पृथक राज्य बनने के बाद से ही करने लगे थे, लेकिन चौबिस साल बाद भी प्रदेश सरकार इस दिशा में कुछ नहीं कर पाई है। हिमाचल प्रदेश सहित हिमालय के अन्य पहाड़ी राज्यों ने पुरखों से मिली जमीन की विरासत को बचाने के प्रबंध किए हैं, लेकिन उत्तराखंड में जमीनों की खरीद-फरोख्त और लूट खसोट में लगाम लगाने का कोई नियम नहीं है।

यही कारण है कि राज्य बनने के बाद बीते 23 सालों में यहां की अधिकांश जमीनों को भू-माफियाओं, बिल्डरों, प्रॉपर्टी डीलरों और पूंजीपतियों ने खरीद कर अपने कब्जे में ले लिया है। नवंबर 2000 में उत्तराखंड राज्य बनने के साथ ही पहाड़ की जमीन और विरासत को बचाने के लिए अनुच्छेद 371 की तरह एक कानून बनाए जाने की मांग उठने लगी थी। यह कानून जमीन की स्वायत्तता बनाए रखने के लिए सरकार को कुछ विशेष अधिकार देता है। 1972 में पड़ोसी राज्य हिमाचल बना।

हिमाचल के प्रथम मुख्यमंत्री यशवंत सिंह परमार ने 1972 में ही वहां की जमीनों को बचाने के लिए हिमाचल टीनैंसी एंड लैंड रिफॉर्म एक्ट बनाया। इस एक्ट के तहत कोई भी गैर कृषक वहां की जमीन नहीं खरीद सकता और न ही उसे जमीन दी जा सकती है। यदि किसी को जरूरी कार्य से जमीन खरीदनी भी हो तो उसे पहले वहां की सरकार से अनुमति लेनी होगी। अनुमति मिली भी तो वह केवल 500 वर्ग मीटर जमीन ही खरीद सकता है। इससे ज्यादा जमीन खरीदने की अनुमति नहीं दी जा सकती। इसी तरह नॉर्थ ईस्ट के सिक्किम राज्य में भी एक सख्त कानून लागू



दीपक नौगांई 'अकेला'
शिक्षक, हल्द्वानी

उत्तराखंड में जमीनों को बेचने और खरीदने का खेल जोरों पर है। यही क्रम रहा तो जल्दी ही पहाड़ की आने वाले पीढ़ी अपनी मूल जमीन से वंचित हो जाएगी।

है, जिसके तहत वहां के मूल निवासी ही जमीन को खरीद और बेच सकते हैं। अन्य पहाड़ी राज्यों में भी इसी तरह के सख्त भू-कानून लागू है, लेकिन उत्तराखंड में कोई भी कहीं से भी आकर कितनी ही जमीन खरीद सकता है। हिमाचल के सीएम परमार की तरह उत्तराखंड में अभी तक ऐसी दूर दृष्टि वाला कोई सीएम सत्ता में नहीं आया।

हालांकि ऐसा नहीं है कि उत्तराखंड में इसको लेकर कुछ नहीं किया गया है। सन 2002 में नारायण दत्त तिवारी की कांग्रेसी सरकार ने जमीन से जुड़े दो कानूनों को मामूली संशोधन के साथ लागू किया। एक था 1960 का जमीदारी एक्ट और दूसरा उत्तर प्रदेश में लागू यूपी जमींदारी एक्ट कानून। सरकार ने इस कानून में हिमाचल प्रदेश की तरह प्रावधान दिया की गैर कृषक उत्तराखंड में 500 वर्ग मीटर से ज्यादा नहीं खरीद सकता। उनके बाद आए भाजपा सरकार के मुख्यमंत्री भुवन चंद खंडूरी ने 2008 में इस कानून में कुछ संशोधन करते हुए 500 वर्ग मीटर की जगह 250 वर्ग मीटर कर दिया। यानी खंडूरी सरकार ने इस कानून को थोड़ा और सख्त बनाया। कानून तो बना, लेकिन इसमें भी एक बहुत बड़ी कमी थी। इसकी धारा 2 में उल्लेख था कि यह कानून नगर निगम, नगर पालिका, नगर पंचायत व कैंटोनमेंट बोर्ड में लागू नहीं होगा। इसलिए इस कानून का कोई ज्यादा फायदा नहीं हुआ और जमीन खरीदने बेचने वालों ने इसका पूरा लाभ उठाया।

2018 में प्रदेश की त्रिवेंद्र सरकार ने इस कानून के मायने ही बदल दिए। सरकार ने एक विधायक के द्वारा कानून में संशोधन करते हुए और धारा 143 (ए) के तहत कृषि भूमि के भू उपयोग को बदल दिया। जमीन खरीदने के लिए कृषक होने का नियम भी बदल दिया गया। नतीजन जमीन बिकती चली गई और कोई रोक-टोक नहीं रही। सरकार का तर्क था कि पूंजीपति-उद्योगपति जमीन खरीद कर उद्योग लगाएंगे और लोगों को रोजगार मिलेगा, पर ऐसा कुछ नहीं हुआ। पहाड़ की जमीन बिकी तो वहां बड़े-बड़े होटल, रिसोर्ट व बंगले बनते चले गए और गांव के मूल निवासियों को पलायन के लिए बाध्य होना पड़ा। इसके बाद भी इस कानून में संशोधन होते गए।

पुराने कानून में शर्त थी कि कोई व्यवसाय किसी जमीन को खरीदने के दो साल बाद यदि उस जमीन का उपयोग उस कार्य के लिए नहीं करता, जिस कार्य के लिए उसने जमीन खरीदी थी तो राज्य सरकार जमीन को वापस ले सकती है, लेकिन जून 2022 में इस प्रावधान को भी हटा दिया गया। मौजूदा प्रदेश सरकार ने भू-कानून बनाने के लिए एक पांच सदस्यीय समिति गठित की थी। समिति ने सरकार को अपनी रिपोर्ट सौंप दी है, पर समिति ने क्या कहां, इसकी रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं की गई है। इस बीच उत्तराखंड में जमीनों को बेचने और खरीदने का खेल जोरों पर है। यही क्रम रहा तो जल्दी ही पहाड़ की आने वाले पीढ़ी अपनी मूल जमीन से वंचित हो जाएगी।

## सोशल फोरम

# परिंदे की तरह उड़ चुका प्रेम

जिस समय हम लोगों ने होश संभाला था दुनिया इतनी बुरी नहीं थी। अब कितनी बुरी हो गई है इसका अंदाजा लगाना मुश्किल हो गया है। उस दौर में असहमतियों के बावजूद आपसी संबंध बने रहते थे। लोगों में लंबी-लंबी बहसें होती थी तो लगता था कि अब दुश्मनी की शुरुआत हो जाएगी, लेकिन ऐसा नहीं होता था। लोग आत्मीयता के साथ मिलते थे। कोई बात दिल में नहीं रखते थे।



स्वप्निल श्रीवास्तव
फैजाबाद

जीवन का कारोबार चलता रहता था। बड़े लोग जो राय देते थे और हम उस पर अमल करते थे और समृद्ध होते थे। सीखने की अद्भुत ललक थी। अपवादों को छोड़ दिया जाए तो अब पहले जैसी स्थिति नहीं रह गई है। आप किसी को अच्छी राय देकर देखिए वह आपके खिलाफ मोर्चा खोल देगा। वह समझता है कि वह इतना योग्य है कि उसे किसी के सलाह या राय की जरूरत नहीं है। कोई असहमति को बर्दाश्त नहीं करता। आत्ममुग्धता का भाव प्रबल हो गया है। सब अपने आपको महान समझने का भ्रम पाले हुए हैं। जबकि असहमति नहीं है तब तक विचारों का विकास संभव नहीं है। विनम्रता जैसे भाव लुप्त हो गए। उस जगह पर अहंकार काबिज हो गया है। 20 वीं शताब्दी के अंतिम वर्षों में हमने सोचा था कि 21 वीं सदी का चेहरा बदल जाएगा, लेकिन उसकी शक्ल पहले से ज्यादा डरावनी हो गई है। लोगों के स्वभाव में मौलिक बदलाव आ गया है। हाथ तो मिलाए जाते हैं, लेकिन दिल नहीं मिलते। प्रेम हमारे बीच से परिंदे की तरह उड़ चुका है। मित्रताएं संदिग्ध हो चुकी है। उसमें यूज एंड थ्रो की संस्कृति आ चुकी है, जिसके पास पूंजी और ओहदे की ताकत है वही आज के समय का नायक है। उसके पास प्रबंधन की कला है।

यह बाजार का समय है, जिसमें खोटे उत्पादन बिक जाते हैं। अच्छे प्रोडक्ट की कोई कीमत नहीं मिलती। अर्थशास्त्र का नियम है कि बाजार में खोटे सिक्के खूब चलते हैं और अच्छे सिक्कों को चलन से बाहर कर दिया जाता है। यह समाज का भी नियम बन गया है।

-फेसबुक वॉल से

# एक दूसरे के पूरक बने जाति व्यवस्था और भारतीय राजनीति

"जनम जात मत पूछिए, का जात अरु पात।/रैदास पूत सब प्रभु के, कोए न जात कुजात।।" स्वामी रैदास, कबीर दास आदि महान संतों ने जाति विहीन परंपरा का समर्थन किया। ऐसा करते-करते आज हमारे समाज में कबीरपंथ नामक नई जाति बन गई। कुछ स्थान विशेष पर (जहां रैदास मंदिर संस्थान आदि स्थापित हैं।) रैदास समर्थक बड़ी शान से अपनी मोटर साइकिलों पर "पूत चमारा दे" लिखवाते हैं बिल्कुल वैसे ही जैसे हरियाणा में, एनसीआर में गाड़ियों पर 'जाट छोरा' अथवा 'छोरा जाट का' लिखा मिलता है। उत्तर प्रदेश, बिहार, राजस्थान में शान से पंडितजी, यादवजी, क्षत्रिय, कुर्मी, चौहान, राठौर आदि और भी बहुत कुछ ऐसा ही आसानी से देखने को मिल जाता है।

कहने का तात्पर्य केवल इतना है कि आधुनिकीकरण, पाश्चात्यीकरण और तमाम शहरीकरण, आधुनिक शिक्षा के बावजूद जातियां समाज में वजूद में है और रहेंगी भी। भारत का प्राचीन सामाजिक ताना-बाना (वर्ण) कालांतर में जाति व्यवस्था के आधार पर ही बुना गया है। कोई भी व्यक्ति समाज से दो स्थितियों से जुड़ सकता है एक व्यक्तिगत और दूसरा समूह के माध्यम से। जाति वही समूह है, जो उसकी सामाजिक आवश्यकता को पूर्ण करता है। कोई भी व्यक्ति अपनी जाति के माध्यम से जन्म से ही एक बड़े समूह का हिस्सा बन जाता है, वो भी बिना किसी प्रयास के। जाति "जात" शब्द से उत्पन्न है, भारतीय संस्कृति के षोडश संस्कारों में एक संस्कार जात



प्रियदर्शिनी दिव्या भारद्वाज
स्वतंत्र विचारक
उझानी, बदायूं

नेताओं को जाति के रूप में सजा सजाया मंच मिल रहा था, भीड़ मिल रही थी। पूर्व प्रधानमंत्री वीपी सिंह ने मंडल आयोग की दो सिफारिश पटल पर रखकर बोतल का जिन्न निकाल दिया था।

कर्म संस्कार भी है। इस संस्कार के माध्यम से जिस कुल में जातक ने जन्म लिया है सभी अग्रज उसे आशीर्वाद प्रदान करते हैं, विशेष रूप से पिता और पितामह। भारत में श्रीराम के राज्य में भी जाति का वर्णन मिला है। सीता जी के लिए नैरेटिव रचने वाले व्यक्ति का वर्णन मिलता है। सतयुग में राजा हरिश्चंद्र द्वारा डोम जाति से व्यवहार का वर्णन प्राप्त होता है। महाभारत में वर्णित धृतराष्ट्र का एक पुत्र की माता वन्य जनजाति से थी। विदुर के विषय में भी कुछ जातिगत कथ्य मिलते हैं। अर्थात जाति की अवधारणा भारत के मूल में बस गई थी। भयंकर जटिल सामाजिक व्यवस्था से सामान्य नागरिक कभी निकलता भी है तब तक चुनाव आ जाते है। जातीय समीकरण के आधार पर टिकट वितरण आदि-आदि घटनाएं प्रारंभ हो जाती हैं। फिर भी 'जाति एक बुराई है ' इस प्रकार के कथन आते हैं। मतलब हाथी के दांत खाने के और और दिखाने के और हैं। भारत में जाति कितनी महत्वपूर्ण है ये राहुल गांधी के हलवा क्षोभ से प्रकट हुआ। हाल ही में बीते चुनाव भी यही स्पष्टीकरण देते हैं कि भारतीय जाति व्यवस्था और भारतीय राजनीति एक दूसरे के पूरक बने हुए है। संविधान का अनुच्छेद 15 जातीय आरक्षण जो धर्म नस्ल, जाति लिंग या जन्मस्थान के आधार पर भारतीयों के साथ भेदभाव को रोकता है। इसी का 15 (4) संशोधन साफ करता है कि इस अनुच्छेद की कोई बात राज्य की सामाजिक और शैक्षणिक रूप से पिछड़े नागरिकों या एससी, एसटी का उत्थान करने से नहीं रोकेगी।" हलवा क्षोभ वक्तव्य से क्या माना जाए ? क्या किसी का उत्थान होने से रोका गया? या क्या राहुल गांधी ये कहना चाहते हैं कि उच्च संस्थानों में भी आरक्षण होना चाहिए?

आज हलवा क्षोभ है तो कल सेना के जनरल को भी मुद्दा बनाया जा सकता है कि मुझे कोई ओबीसी जनरल रैंक का अधिकारी नहीं दिख रहा। मंडल आयोग 1949 ने पिछड़ा जाति नामक वर्ग वर्गीकृत किया। इसका उद्देश्य सामाजिक एवं शैक्षिक रूप से पिछड़े वर्ग को पहचानना था। ध्यान देने योग्य बात ये है कि ये वर्ग (क्लास) था न की जाति कास्ट। प्रति व्यक्ति आय को आधार बनाकर 'पिछड़ा' तय किया जाना था, किंतु आय के स्थान पर जाति शब्द पिछड़े की परिभाषा में आ गया। अब पिछड़ा वर्ग और जाति दोनों अलग-अलग नहीं, बल्कि एक ही हो गए थे। जातीय खेल प्रारंभ हुआ जब जाति को डोमिनेंट जाति बनाने के सपने बुने जाने लगे। प्रत्येक को प्रमुख जाति ही बनना था। उसके लिए राजनैतिक बल, सामाजिक बल, आर्थिक बल जैसे मानक निर्धारित हो गए। कर्नाटक में लिंगायत और ओकोलिग, आंध्र में कम्मा और रेड्डी। महाराष्ट्र , उत्तर प्रदेश, बिहार आदि राज्यों में अगड़ा-पिछड़ा जाति में बंट गया भारत। अब जातीय प्रतिद्वंद्विता, जातीय गुटबाजी, सत्ता और प्रतिष्ठा के लिए जातीय संघर्ष शुरू हुए। अब जातीय आधार पर सांस्कृतिक पदानुक्रम बढ़ने लगा। अब एकता की स्थापना करने वाले लोग नहीं, बल्कि आसन सौदा पटाने वाले कार्यकर्ता चाहिए थे।

नेताओं को जाति के रूप में सजा सजाया मंच मिल रहा था, भीड़ मिल रही थी। पूर्व प्रधानमंत्री वीपी सिंह ने मंडल आयोग की दो सिफारिश पटल पर रखकर बोतल का जिन्न निकाल दिया था। डी. आर. गाडगिल के अनुसार "क्षेत्रीय दबावों से कहीं अधिक खतरनाक है कि वर्तमान में जाति व्यक्तियों को एकता के सूत्र में बांधने में बाधक सिद्ध हुई है। मंडल आयोग का मूल वाक्य था 'समानता केवल समान लोगों के बीच होती है, आसमान को समान के बराबर रखना असमानता को मजबूती प्रदान करना है।' आज जब विकसित भारत का स्वप्न देखते हुए यदि 'जाति पूछ' पर रुके रहेंगे तो हमें जरूर भविष्य के लिए सजग होना होगा। यदि हर जाति को उसका गौरव और सम्मान मिलेगा तो इस प्रकार के बेमतलब के वितंडे समाज की स्क्रीन से स्क्रॉल कर दिए जाएंगे। जात पांत के फेर मंहि, उरझि रहइ सब लोग। मानुषता कूं खात हइ, रैदास जात कर रोग॥"

## एक नजर

### पालिका की टीम ने बिजनौर मार्ग से हटाया अतिक्रमण

**अमरोहा, अमृत विचार :** सावन की शिवरात्रि को देखते हुए नगर में पालिका टीम ने बिजनौर मार्ग पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। ठेले व खोखे हटवाए। दुकान के बाहर रखे सामान को भी हटा दिया। नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी डॉ. ब्रजेश कुमार के निर्देश पर अतिक्रमण करने वालों को सूचना दी गई थी। उनसे नाले, नालियों एवं दुकान के बाहर सड़क पर अतिक्रमण करके सामान न रखने की चेतावनी दी थी। गुरुवार को नगर पालिका के अधिकारियों ने टीपी नगर से लेकर बिजनौर रोड पर अभियान चलाकर अतिक्रमण को हटा दिया। बताया कि कांवड़ यात्रा को लेकर रास्ते अतिक्रमण से खाली करा दिए गए हैं।

### घरों और खेतों में पौधरोपण करने की दिलाई शपथ

**गजरौला, अमृत विचार :** श्री दक्ष उत्तम प्रकृति संस्थान की बैठक गुरुवार को शहर के मोहल्ला अल्लीपुर भूड़ में संस्थापक राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. उत्तम सिंह प्रजापति के आवास पर हुई। इसमें कार्यकर्ताओं ने अपने घरों के आंगन और खेतों में औषधि, ऑक्सीजन युक्त पौधरोपण करने की शपथ ली। उन्होंने कहा कि भविष्य में यह शपथ प्रत्येक व्यक्ति को दिलाई जाएगी। इस दौरान सौरभ उर्फ विक्की जैन, राहुल जैन, प्रिंस कुमार, डॉ. सत्यदेव सैनी, गोपाल कृष्ण व रितिक कुमार आदि उपस्थित रहे।

### तिगरी में गंगा का 20 सेमी बढ़ा जलस्तर, लोग चिंतित

**गजरौला, अमृत विचार :** तिगरी में गंगा का जलस्तर एक बार फिर बढ़ने लगा है। गुरुवार को 20 सेंटीमीटर जलस्तर बढ़ने के बाद 200 सेमी पहुंच गया। खादर क्षेत्र के खेतों में पानी भरा हुआ है। इसे लोग चिंतति हैं। बिजनौर बैराज से गुरुवार को 1,18000 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। इससे तिगरी में गंगा का जलस्तर बढ़ गया। बुधवार को 199 .80 सेमी जलस्तर दर्ज किया गया था। तीन दिन से जलस्तर घटने पर गांवों में पानी सूख गया था। हालांकि खादर क्षेत्र के खेतों में अभी तक पानी भरा हुआ है। इससे पशुओं के लिए चारे का संकट हो गया है। अब जलस्तर बढ़ने पर ग्रामीण एक बार फिर चिंतित होने लगे हैं। बाढ़ खंड के जेई सुभाष कुमार ने बताया कि पहाड़ों पर बारिश की वजह से जलस्तर बढ़ रहा है।

# अनुपस्थित मिले चिकित्सकों का रुकेगा वेतन

## जिलाधिकारी को सरकारी अस्पतालों में मिलीं अव्यवस्थाएं, सीएमओ को फटकार

कार्यालय संवाददाता अमरोहा

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी ने मुन्नी देवी महिला अस्पताल, जिला अस्पताल व ड्रग वेयरहाउस का निरीक्षण किया। इस दौरान मुन्नी देवी अस्पताल में आशाओं का भुगतान, डाक पेंडिंग सहित अन्य अव्यवस्थाएं देखकर डीएम ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी सतपाल सिंह को फटकार लगाई।

गुरुवार को जिलाधिकारी बिना सुरक्षा कर्मियों और बिना सूचना दिए ही पैदल जिला अस्पताल, मुन्नी देवी महिला चिकित्सालय व ड्रग वेयरहाउस में पहुंच गए। मुन्नी देवी चिकित्सालय में स्टाफ अनुपस्थित मिला। आशाओं का भुगतान चार माह से नहीं किया गया था। कई कार्यों में मुख्य चिकित्साधिकारी व स्टाफ की लापरवाही सामने आई। सफाई, अभिलेखों के रखरखाव में कमियां मिलीं। इस पर जिलाधिकारी ने सीएमओ को फटकार लगाई। अनुपस्थित मिले कर्मचारियों का वेतन रोकने के निर्देश दिए। कहा कि आशाओं के भुगतान पर जिस स्तर पर लापरवाही की जा रही है उन पर कार्रवाई के लिए पत्र तैयार करें। जो संविदा कर्मचारी सही से कार्य नहीं कर पा रहे हैं, उनकी सेवाएं समाप्त कर उनकी जगह पर दूसरा स्टाफ नियुक्त किया जाए। कहा कि आशाओं का भुगतान समय से हो जाए। अस्पतालों में दवाएं अवश्य उपलब्ध हो। मुन्नी देवी चिकित्सालय मार्ग पर पानी भरा होने और सड़क टूटी होने पर मुख्य चिकित्साधिकारी से नाराजगी व्यक्त की। जिला अस्पताल में निरीक्षण के दौरान डॉ. अमित कुमार गुप्ता, डॉ. फैजान अशरफ, डॉ. इकराम खान, हिमांशु सिंह, आउटसोर्सिंग स्टाफ पैरामेडिकल स्टाफ, संविदा स्टाफ अनुपस्थित मिला। इस पर जिलाधिकारी ने इन लोगों का वेतन रोकने के निर्देश दिए। डीएम ने मरीजों का हाल जाना। इस दौरान मेडिकल स्टोर में पहुंच कर एक्सपायरी दवाइयां देखीं। कहा कि मेडिकल स्टोर में आवश्यक दवाएं अवश्य उपलब्ध हों। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्रा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक प्रेमा पंत, एडीएम सुरेंद्र सिंह, एडीएम माया शंकर यादव आदि रहे।



जिला अस्पताल में महिला मरीज से हाल पूछते जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी।

## कलेक्ट्रेट में सभासदों ने पालिका अध्यक्ष व ईओ के खिलाफ किया प्रदर्शन

**अमरोहा, अमृत विचार:** धनौरा नगर पालिका के सभासद एकत्र होकर कलेक्ट्रेट पहुंचे। उन्होंने नगर पालिका अध्यक्ष और अधिशासी अधिकारी के खिलाफ प्रदर्शन कर नारेबाजी की। सभासदों का आरोप है कि प्रधानमंत्री आवास योजना के नाम पर लोगों से अवैध वसूली की जा रही है।

गुरुवार को मंडी धनौरा नगर पालिका के सभासद मोहम्मद नौशाद, प्रशांत त्यागी, अशोक कुमार, राज बादशाह, राजीव दीक्षित, किशन लाल, मयंक गर्ग समेत अन्य सभासद कलेक्ट्रेट पहुंचे। जहां उन्होंने जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन अधिकारी को दिया। ज्ञापन में कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ अपात्रों को दिया जा रहा है। उन्होंने जिलाधिकारी से मामले की जांच कर अवैध वसूली रुकवाने की मांग की। सभासदों ने बताया कि नगर पालिका मंडी धनौरा में सौंदर्यीकरण का कार्य करने के लिए 25 लाख 36738 रुपये निकाले गए हैं।



मजलिस को खिताब करते मौलाना अब्बास नकवी देहली। ● अमृत विचार

## मजलिस के बाद ताबूत हुआ बरामद

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार:** नई बस्ती मजापोता स्थित बाबुल मुराद आजाखाना में अशरा की छटी मजलिस को मौलाना अब्बास नकवी देहली ने खिताब किया। इसके बाद ईमाम सज्जाद का ताबूत बरामद हुआ।

इस दौरान मौलाना ने बताया कि हजरत इमाम हुसैन के बेटे जैनुल अबेदीन और इमाम अल-सज्जाद के नाम से भी जाना जाता है। शिया समुदाय के 12 इमामों में से वह चौथे इमाम थे। अली इब्न हुसैन कर्बला की लड़ाई में बचे और उन्हें दमिश्क में यजीद के दरबार में ले जाया गया। मदीना लौटने की इजाजत दे दी थी, जहां उन्होंने उनके साथी के साथ एक अलग जिंदगी गुजारी। इमाम सज्जाद की जिंदगी के बारे में पूरी तरह से बयान नहीं किया जा सकता। इस्लाम के बताए रास्ते के लिए जिंदगी को कुर्बान कर दिया। जैनुल आबेदीन ने कर्बला की जंग के बाद इमामत संभाली। कर्बला में उन्हे जिंदा रखा गया था, ताकि वह कर्बला में हुए जुल्म को दुनिया को बता सके।

## मां ने किया किडनी प्रत्यारोपण फिर भी नहीं बची बेटे की जान

● हीसखेड़ा गांव की घटना, फेफड़ों में संक्रमण बना मौत की वजह

संवाददाता, रहरा/ सैदनगली

**अमृत विचार:** आठ माह पहले जिस मां ने बेटे की जिंदगी बचाने के लिए अपनी किडनी प्रत्यारोपण कर उसे जीवन दान दिया था, आखिर बीमारी के चलते बुधवार देर रात वह अपनी जिंदगी की जंग हार गया। अकेले बेटे की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है।



निखिल का फाइल फोटो

क्षेत्र के गांव हीसखेड़ा निवासी चमन कसाना भाकियू भानू के राष्ट्रीय प्रचार मंत्री हैं। आठ माह पहले उनके बेटे निखिल कसाना (24) की किडनी खराब हो गई थी। इसके बाद मां मुनेश देवी ने अपनी एक किडनी बेटे को प्रत्यारोपण कर जीवन दान दिया। चिकित्सकों के मुताबिक किडनी का सफल प्रत्यारोपण हो गया था। लेकिन कुछ समय बाद ही निखिल को डायलिसिस की समस्या हो गई। दिल्ली के एक निजी चिकित्सक के यहां उसका इलाज चल रहा था। आठ दिन पहले निखिल को अस्पताल से छुट्टी मिली थी। सोमवार सुबह निखिल को खून की उल्टी हुई। इसके बाद परिजनों ने उसे दिल्ली के अपोलो हॉस्पिटल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने उसे फेफड़ों में संक्रमण की समस्या बताई और आईसीयू में भर्ती कर लिया। बुधवार देर रात निखिल की तबीयत ज्यादा खराब हो गई और उसने दम तोड़ दिया।

बताया कि निखिल पढ़ने में बहुत होशियार था। कुछ समय पहले ही नोएडा के एक निजी इंजीनियरिंग कॉलेज से उसने बीटेक की पढ़ाई पूरी की थी।

## दिमागी बुखार से कक्षा दो के छात्र की जान गई

**रहरा, अमृत विचार:** एक सप्ताह पहले बुखार से पीड़ित कक्षा-दो के छात्र की निजी चिकित्सक के यहां इलाज के दौरान मौत हो गई।

रहरा थाना क्षेत्र के गांव फूलपुर निवासी रामनिवास का अकेला पुत्र मनीष रहरा के एक निजी विद्यालय में कक्षा-दो का छात्र था। सप्ताह पर पहले उसे बुखार आया था। इसके बाद परिजनों ने उसे मेरठ के एक निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया। हालत नाजुक होने पर परिजन उसे दिल्ली ले गए। हालत में सुधार न होने पर दो दिन पहले परिजनों ने उसे मुरादाबाद के एक निजी चिकित्सक के जहां भर्ती कराया था। इलाज के दौरान गुरुवार तीन बजे छात्र की मौत हो गई। परिजनों के मुताबिक चिकित्सकों ने छात्र मनीष को दिमागी बुखार बताया था। मनीष के अलावा उसके परिवार में उसकी तीन छोटी बहनें हैं।



राजानांगल गांव में प्रदर्शन करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

## गोवंशीय पशु के अवशेष मिलने के विरोध में ग्रामीणों का प्रदर्शन

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार:** क्षेत्र के गांव नूरपुर और राजानांगल मार्ग पर गुरुवार सुबह गोवंशीय पशु के अवशेष मिलने की सूचना पर ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए। ग्रामीणों का कहना है कि पुलिसकर्मियों ने गोवंशीय पशु के अवशेषों को गड्ढा खोदकर दबा दिया। इसके विरोध में ग्रामीणों ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर प्रदर्शन किया।

भाकिसं के जिला कार्यालय मंत्री महीपाल सिंह चौहान ने राजानांगल निवासी किसान सुभाष के घर से चोरी हुई गाय व गोकशी के बारे में सैदनगली थाना प्रभारी अशोक वर्मा से फोन पर सूचना दी तो उन्होंने घटना की जानकारी से इनकार कर दिया। इस दौरान महीपाल सिंह, समरपाल सिंह, धर्मपाल सिंह, चंद्रप्रकाश शर्मा, सुरेंद्र सिंह आदि रहे।

## सार-संक्षेप

### आंबेडकर पार्क बना अवैध पार्किंग स्थल

**हसनपुर, अमृत विचार :** नगर में आंबेडकर पार्क अवैध पार्किंग स्थल बन गया है। बाइकें और चार पहिया चालक चारों ओर वाहन खड़े कर देते हैं। इससे यहां पैदल निकलना भी दुश्वार हो गया है। लेकिन जिम्मेदार समस्या को लेकर बेखबर हैं। नगर में आंबेडकर पार्क चौराहा के करीब कई बैंक शाखाएं हैं। इनमें लोग कार्य के लिए बाइकों व कारों से आते हैं और पार्क के पास ही अपने वाहन खड़े कर देते हैं। इससे पैदल निकलना भी दुश्वार हो जाता है। सावन के चलते शिव भक्तों का आगमन भी नगर में हो रहा है। अवैध पार्किंग होने के कारण हादसे का डर रहता है। तहसील के अधिकारी दिन में एक दो बार इस चौराहा से होकर गुजरते हैं लेकिन इस अवैध पार्किंग को रोकने का प्रयास नहीं करते हैं। कई बार सामाजिक एवं व्यापारी संगठनों के सदस्यों ने इसे लेकर आवाज उठाई। लेकिन कार्रवाई न होने के कारण वे शांत हो गए। व्यापारी नेता मुकेश गुप्ता ने बताया कि अधिकारियों से आंबेडकर पार्क में अवैध पार्किंग की शिकायत की गई थी। एसडीएम सुनीता कुमारी ने बताया कि नगर पालिका प्रशासन को जानकारी दी गई है। जल्द कार्रवाई की जाएगी।



आंबेडकर पार्क चौराहे पर खड़े वाहन।

### चोरी के आरोपी को पंचायत में पंचों ने मारे पांच जूते

**रहरा, अमृत विचार :** चोरी के आरोपी को भरी पंचायत में पंचों ने पांच जूते मारने का फरमान सुनाया। इसके बाद पंचों ने उसे माफ कर दिया। मामला रहरा थाना क्षेत्र के गांव नानई का बुधवार देर रात का है। गांव निवासी अबरार देर रात खेत पर सिंचाई कर रहे थे। घर में उनकी पत्नी सलमा व बच्चे सोए हुए थे। इस बीच घर की छत से होकर एक ग्रामीण पास स्थित उनकी परचून की दुकान में घुस गया। जहां से उसने सिगरेट व कुछ खाने पीने का सामान चोरी कर लिया। गुरुवार सुबह खेत से लौटने के बाद जैसे ही अबरार ने दुकान खोली तो उसमें सामान बिखरा पड़ा था। घर पर लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज चेक की। इसमें गांव निवासी एक युवक दुकान के अंदर घुसता नजर आया। अबरार ने आरोपी को पहचान लिया। इसके बाद पीड़ित ने रहरा थाने में मामले की तहरीर दी, लेकिन बाद में गांव में एक पंचायत बैठी और पांच लोगों ने चोरी के आरोपी को पांच जूते मारकर माफ कर दिया। थाना अध्यक्ष रमेश सहरावत ने बताया कि आपसी विवाद का मामला था। आरोपी का शांति भंग में चालान कर दिया गया है।

### बिजली लाइन में फाल्ट होने से दो दिन से अंधेरा

**बुरावली, अमृत विचार :** बुरावली बिजली घर से जुड़े उपभोक्ता विद्युत लाइन में फाल्ट होने से दो दिन से परेशानी झेल रहे हैं। गांव में अंधेरा छाया हुआ है। बिजली घर से बुरावली में बिजली आपूर्ति दी जा रही है। इस लाइन में मंगलवार रात 9 बजे फाल्ट हो गया था। तभी से बिजली आपूर्ति बाधित है। शिकायत के बाद भी विद्युत कर्मचारियों ने फाल्ट को ठीक नहीं किया। इससे ग्रामीणों में रोष है। बिजली आपूर्ति नहीं होने से पेयजल व्यवस्था भी प्रभावित है। कुछ लोग दूसरे मोहल्ले के ट्रांसफार्मर से तार डालकर बिजली आपूर्ति ले रहे हैं। इससे दूसरे ट्रांसफार्मर पर लोड बढ़ रहा है। लोगों ने बताया कि घरों में इनवर्टर भी ठप हो गए हैं। पानी के लिए लोग तरस गए हैं। घरों में रोशनी के लिए वैकल्पिक साधनों का प्रयोग करना पड़ रहा है। दो दिन से लोग अंधेरे में गुजार रहे हैं। ग्रामीणों ने फाल्ट ठीक कराकर बिजली व्यवस्था दुरुस्त कराने की मांग की है। उधर, बुरावली में शिव मंदिर के पास रखे 100 केवी के ट्रांसफार्मर से 150 घरों को सप्लाई दी जा रही है। इस ट्रांसफार्मर से दूसरे मोहल्ले तक लाइन जुड़ी है। ग्रामीणों की मांग है कि इस ट्रांसफार्मर से केवल 40 घरों को ही बिजली आपूर्ति दी जाए।

### खेतों में भरा पानी, पशुपालक परेशान

**बुरावली, अमृत विचार :** क्षेत्र में बुधवार शाम 6 :30 बजे तेज हवा के साथ बारिश हुई। झमाझम बारिश से मौसम सुहाना हो गया। बारिश से खेतों में पानी भर गया। इसे पशुपालक पशुओं के लिए चारे का इंतजाम करने को परेशान रहे। भूसे का इंतजाम कर पशुओं का पेट भरा। गुरुवार को कभी धूप कभी छाया रही।

### दो पक्षों में मारपीट, कई लोग घायल

**हसनपुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में रुपयों के लेनदेन को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। इसमें दो लोग घायल हो गए। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। यह मामला क्षेत्र के गांव सोहरका में मंगलवार का बताया गया है। यहां दो पक्षों के बीच रुपयों के लेनदेन को लेकर विवाद हो गया। कुछ देर बाद दोनों पक्षों में मारपीट हो गई। दोनों पक्षों की ओर से लाठी डंडे व सरिये चले। दोनों पक्षों ने कोतवाली में तहरीर दी है। पुलिस ने दोनों घायलों को नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। मनौटा पुलिस चौकी इंचार्ज सत्येंद्र कुमार ने बताया कि वायरल वीडियो का मामला जानकारी में है। अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

### महिला अधिकारी से छेड़खानी के तीन आरोपी गिरफ्तार

**अमरोहा, अमृत विचार :** कलेक्ट्रेट जा रही महिला अधिकारी के साथ कार सवार युवकों ने अभद्रता और छेड़खानी की। इस मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। शहर में बिजनौर रोड स्थित एक पॉश कॉलोनी में रहने वाली महिला अधिकारी एक कर्मचारी के साथ मंगलवार को कलेक्ट्रेट जा रही थीं। आरोप है कि कार सवार पांच युवकों ने उनका पीछा किया। इस दौरान एक युवक ने अश्लील हरकत की। इसके बाद महिला अधिकारी ने कार का पीछा किया और पुलिस को सूचना दी। गांव कल्याणपुरा पहुंचने पर आरोपी वहां रुक गए और महिला अधिकारी ने जब उनका फोटो खींचने का प्रयास किया तो उनके साथ अभद्रता की थी। आरोप है कि आरोपियों ने उनका मोबाइल छीनकर फेंक दिया थी और मारपीट भी की थी। इस मामले में पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। जांच के बाद पुलिस ने आरोपी चन्द्रभान, आदेश व मनोज को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनके पास से कार बरामद की ही। थाना प्रभारी निरीक्षक प्रेमपाल सिंह ने बताया कि तीनों आरोपियों को ग्रीन फील्ड कॉलोनी कल्याणपुर के पास से गिरफ्तार कर लिया गया है। उनका चालान कर न्यायालय में पेश किया गया।

## बाइक गिरने से महिला की मौत, पति और बच्चे जख्मी

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार:** दिल्ली-लखनऊ नेशनल हाईवे पर बाइक फिसलकर गिर गई। हादसे में बाइक सवार महिला की मौत हो गई। पति व उसके दो बच्चे घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया।

जनपद संभल में थाना नखासा क्षेत्र के तुर्तीपुरा निवासी यासीन दिल्ली में शटरिंग लगाने का काम करते हैं। वह गुरुवार दोपहर दिल्ली से बाइक से अपनी पत्नी नरगिस, बेटी आयरा व बेटे अलीरजा के साथ अपनी ससुराल उझारी आ रहे थे। जब वे गजरौला में नेशनल हाईवे स्थित एक होटल के पास पहुंचे तो बाइक फिसलकर गिर गई। इससे मौके पर ही नरगिस की मौत हो गई। यासीन व उनके दोनों बच्चे घायल हो गए। राहगीरों ने घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई। कुछ देर के बाद मृतक के परिवार वाले मौके पर पहुंचे। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि मृतक के परिवार वाले ने कार्रवाई कराने से इनकार कर दिया। महिला का शव अपने साथ ले गए।

### तेज हवा से तीन मजदूरों पर गिरा पेड़, घायल

**हसनपुर, अमृत विचार :** क्षेत्र के गजरौला मार्ग पर बुधवार देर शाम तेज हवा और बारिश के बीच पेड़ टूटकर बाइक सवार तीन मजदूरों पर गिर गया। इससे तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद मजदूरों की हालत गंभीर देखकर चिकित्सक ने उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया। हादसे के बाद मार्ग पर वाहनों की लंबी लाइन लग गई। क्षेत्र के गांव सिरसा गुर्जर निवासी रोदास, खूबचंद, गंगाचोली निवासी तालेवर मजदूर हैं। बुधवार देर शाम तीनों गजरौला में मजदूरी कर बाइक से अपने घर आ रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक हसनपुर-गजरौला मार्ग पर दीपपुर गेट के पास पहुंची तो तेज आंधी व बारिश के बीच सड़क किनारे खड़ा पेड़ टूट कर उनके ऊपर गिर गया।

## ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से कांवड़िया घायल, आरोपी चालक को किया गिरफ्तार

**हसनपुर, अमृत विचार:** बृजघाट से गंगाजल लेकर लौट रहे कांवड़िये को गजरौला मार्ग पर ट्रैक्टर-ट्रॉली ने टक्कर मार दी। इससे वह घायल हो गया। ट्रैक्टर चालक को नगर के बाईपास मार्ग पर पकड़कर पुलिस को सौंप दिया।

कोतवाली क्षेत्र के गांव गांगट कोला निवासी रविंद्र का पुत्र शोविदर अपने साथियों के साथ बृजघाट से गंगाजल लेकर लौट रहा था। गुरुवार को सिहाली एवं मनौटा के बीच शिव भक्त शोविदर को गजरौला की दिशा से आ रही एक ट्रैक्टर ट्राली ने टक्कर मार दी। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। चालक मौके से ट्रैक्टर लेकर फरार हो गया। घायल शिव भक्त के परिजनों ने ट्रैक्टर ट्राली एवं चालक को नगर के बाईपास मार्ग पर पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। बताया कि ट्रैक्टर-ट्रॉली चालक जिला संभल के गांव मंडावली निवासी देवेंद्र सिंह की माता का अंतिम संस्कार करके तिगरी धाम से लौट रहा था।



एसपी को ज्ञापन सौंपते रामडोल कमेटी के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

## शोभायात्रा में सुरक्षा का प्रबंध किया जाए

● रामडोल कमेटी के सदस्यों ने एसपी को सौंपा ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** श्री धार्मिक रामडोल कमेटी के पदाधिकारियों ने पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह को ज्ञापन सौंपा। 27 अगस्त को शहर में निकलने वाली शोभायात्रा के दौरान अतिरिक्त पुलिस तैनात करने की मांग की।

गुरुवार को श्री धार्मिक रामडोल कमेटी के अध्यक्ष पं. कपिल शर्मा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल पुलिस अधीक्षक से मिला और उन्हें ज्ञापन सौंपा। कहा कि श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर नगर में निकलने वाली रामडोल शोभायात्रा 27 अगस्त को निकाली जाएगी। इसमें लगभग 50 हजार श्रद्धालु शामिल हो सकते हैं। इसमें सुरक्षा के लिए पर्याप्त स्थानों पर पुलिस बल तैनात करने का प्रबंध किया जाए। पुलिस अधीक्षक ने उन्हें आश्वासन दिया कि शोभायात्रा से पहले सभी तैयारियां पूरी कर ली जाएंगी। इस दौरान अजय चतुर्वेदी, विशाल गोयल, पीयूष शर्मा, कुंवर विनीत अग्रवाल, विवेक शर्मा, विमल यादव, मनु शर्मा एडवोकेट, राज शर्मा, अंकित बंसल आदि मौजूद रहे।

## खाटू श्याम के संकीर्तन में भजनों पर झूमे भक्त

**मंडी धनौरा, अमृत विचार:** नगर की टीचर कॉलोनी स्थिति नवदुर्गा सांई मंदिर के परिसर में श्री खाटू श्याम मित्र मंडल की ओर से संकीर्तन कराया गया। इसमें फूलों से श्रंगार कर लखदातार श्याम सरकार की ज्योति जलाकर बाबा का संकीर्तन शुरू किया गया।

संकीर्तन में बाबा के भजनों का श्याम अखाड़ा लगा। इसमें भजन गायक दीपक शर्मा ने हारा हूं, बाबा पर तुझपे भरोसा है। अर्पित कौशिक ने गाया कि शायद मेरे बाबा के ख्याल दिल में आया है। भजन गायक देव शर्मा ने बाबा का लेकर नाम करोंगे कोई काम तो काम होगा ही होगा। भजन गायक मीनू शर्मा ने मैंने मोहन को बुलाया है वो आता होगा। भजन गायक कृष वर्मा ने मैंने अर्जी लिखदी बाबा तेरे दरबार मे जैसे भजन सुनकर भक्त घूमने को मजबूर हो उठे और बाबा के जयकारों से पंडाल गूंज उठा। सेवादार दीपक शर्मा ने मोरछड़ी का झाड़ा लगाया। इस दौरान सर्वेश शर्मा, ज्योति, पुष्पेंद्र, अम्बर, रिंकी, पूनम, सुमन, सोनिया अग्रवाल, सचिन आदि रहे।

## पांच कमरों में लगती हैं 8 कक्षाएं, शिक्षक परेशान

**बुरावली, अमृत विचार:** गंगेश्वरी ब्लॉक क्षेत्र के गांव बुरावली के स्कूल में पांच कमरों में आठवीं तक की पढ़ाई होती है। इनमें शिक्षक बच्चों को पढ़ाते हैं। यहां छात्र और उनके अभिभावक के साथ शिक्षक भी परेशान हैं। विद्यालय के चार शिक्षक की छुट्टी पर रहने की वजह से केवल सात अध्यापक ही शिक्षा की व्यवस्था को संभाल रहे हैं। एक कमरे में दो-दो कक्षाओं के बच्चों को बैठाकर पढ़ाया जा रहा है। एक कक्षा के छात्र की पढ़ाई होती है तो दूसरी कक्षाओं के छात्रों को शांत बैठना पड़ता है। सहायक अध्यापक गौतम कुमार ने बताया कि विद्यालय में कमरों की कमी है। कमरे बनने चाहिए। विद्यालय में कक्षा एक से आठ तक 267 बच्चे नामांकित हैं। कंपोजिट विद्यालय बुरावली में कुल 11 अध्यापक तैनात हैं। इनमें प्रधानाचार्य सहित चार अध्यापक अवकाश पर हैं। प्रधानाचार्य यशवीर सिंह, शिक्षिका निधि गोस्वामी, नीरज रानी, शिक्षक प्रयत्न सिंह गुरुवार को छुट्टी पर ही थे।

**समस्या** लुहारी खादर गांव के विद्यालय की घटना, ग्राम प्रधान और अधिकारियों से शिकायत

# विद्यालय में भरा गंदा पानी, सड़क पर बैठकर पढ़ रहे बच्चे

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार:** क्षेत्र के एक गांव में स्थित कंपोजिट विद्यालय में गुरुवार को तालाब का गंदा पानी भर गया। इस कारण अध्यापकों ने सड़क पर ही बच्चों को बैठाकर पढ़ाया। मामले को लेकर अध्यापकों ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को जानकारी दी।

क्षेत्र के गांव लुहारी खादर के कंपोजिट विद्यालय में 238 छात्र एवं छात्राएं पंजीकृत हैं। विद्यालय परिसर में ही दो आंगनबाड़ी केंद्र भी हैं। इनमें 60 बच्चे आते हैं। कंपोजिट विद्यालय की प्रधानाचार्य कृष्णा गर्ग हैं। सहायक के रूप में प्रवेश गौड़, पल्लवी, रितु धामा, दिव्या, मनु कार्यरत हैं। आंगनबाड़ी केंद्र में कांता व देवंती कार्य करती हैं। गुरुवार सुबह विद्यालय परिसर व कक्षों में गांव के तालाब का गंदा पानी भर गया। इससे बच्चों को विद्यालय में प्रवेश करना मुश्किल हो गया। शिक्षिकाओं ने विद्यालय गेट के सामने सड़क पर बच्चों को बैठाकर पढ़ाया। सहायक अध्यापक प्रवेश गौड़ ने बताया कि तालाब का गंदा पानी विद्यालय में भर जाता है। कई बार इसकी शिकायत प्रधान से भी की गई। अधिकारियों को भी जानकारी दी है। इस मामले में एसडीएम सुनीता कुमारी ने बताया कि समस्या का निस्तारण कराने के लिए विभाग के अधिकारी को मौके पर भेजा गया है।




विद्यालय के बाहर सड़क पर बैठाकर बच्चों को पढ़ातीं शिक्षिकाएं।

## गंगेश्वरी में बिना गुरु जी के राम भरोसे चल रहे परिषदीय स्कूल

देव अमरीश कसाना, रहरा

**अमृत विचार विशेष**

**अमृत विचार :** गंगेश्वरी क्षेत्र के ढकिया खादर स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय में 56 छात्र छात्राएं पंजीकृत हैं। लेकिन विद्यालय में एक भी शिक्षक की स्थाई तैनाती नहीं है। यहां छात्र-छात्राओं के जीवन से खिलवाड़ किया जा रहा है। विद्यालय से एक किलोमीटर दूर स्थित प्राथमिक विद्यालय में तैनात शिक्षिका अंजू सप्ताह में एक-दो बार विद्यालय मे बच्चों को पढ़ाती हैं। उच्च प्राथमिक विद्यालय सुतावली में भी कोई शिक्षक स्थायी रूप से तैनात नहीं है। वहां तैनात शिक्षक मनोज कुमार का कुछ दिन पहले नायब तहसीलदार के पद पर चयन होने के बाद विद्यालय शिक्षक विहीन हो गया था। देहरी खादर स्थित परिषदीय विद्यालय के अकेले शिक्षक मनोहर शर्मा अस्थायी रूप से कक्षा 6, 7 व 8 के कुल 24 छात्र छात्राओं को पढ़ा रहे हैं। उच्च प्राथमिक विद्यालय पौरारा मुस्तकम में 21 छात्र-छात्राएं पंजीकृत हैं। विद्यालय में 31 मार्च 2018 को तैनात शिक्षक फतेहचंद सेवानिवृत हो गए थे। खंड शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार ने बताया कि अध्यापकों की तैनाती जिला स्तर से होती है। गंगेश्वरी में अध्यापकों की कमी है।

## एक नजर

### चकबंदी का एसडीएम के सामने किया विरोध

**संभल, अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के गांव मिलक धुरैटा में चकबंदी का विरोध करने की सूचना मिलने पर गुरुवार को एसडीएम विनय कुमार मिश्रा, सीओ चकबंदी राजकुमार वर्मा, चकबंदी विभाग एसओसी, एसीओ व कानूनगो रुमाल सिंह सहित अन्य अधिकारियों ने ग्रामीणों के साथ बैठक की। ग्रामीण संजीव यादव, भुवनेश यादव, भूप सिंह, किरनपाल, अमरपाल यादव, प्रेमपाल,दीपचंद, ने चकबंदी अधिकारियों पर रुपये मांगने का आरोप लगाकर हंगामा किया और चकबंदी नहीं होगी नहीं होगी नारेबाजी की।

### मारपीट में मां बेटा सहित तीन लोग घायल

**संभल, अमृत विचार :** गांव भारतल निवासी साबरी पत्नी कल्लू ने गुरुवार को पुलिस को तहरीर दी है। कहा कि बेटे नसीम ने अपने चचेरे बहनोई को फोन बेच दिया था और फोन के रुपये आने पर देने की बात कही थी। ससुराल आए नसीम के बहनोई गुरुवार को अपने घर जा रहे थे। नसीम ने रुपये मांगे। आरोप है कि इसी बात को लेकर नसीम के चाचा ने आकर मारपीट की। जिसके बाद चले लात घूसों में दानिश उसकी मां साबरी व बहन रानी घायल हो गई।

# सांड़ों से बचने में तीन वाहन भिड़े, दो महिलाओं की मौत

## गांव सिलहरी स्थित ढाबे के पास लड़ते हुए राजमार्ग पर आ गए थे सांड़

संवाददाता, कुंवरगांव (बदायूं)

**अमृत विचार :** मुरादाबाद-फर्रुखाबाद राजमार्ग पर कुछ सांड़ लड़ते हुए आ गए। उनसे बचने में दो बाइकें और कार की भिड़ंत हो गई। हादसे में दो महिलाओं की मौत हो गई और तीन लोग घायल हो गए।

वजीरगंज थाना क्षेत्र के गांव जखौलिया निवासी ज्ञानवती पत्नी राजू अपने देवर टीटू और ननद कामिनी के साथ शहर के एक अस्पताल में भर्ती अपने जेठ को देखकर बाइक से गांव जा रही थीं। वहीं कस्बा वजीरगंज के मोहल्ला गोपालपुर निवासी रजत अपनी मां ओमवती के साथ बाइक से वजीरगंज जा रहे थे। गांव सिलहरी के पटियाला ढाबा के पास कुछ सांड़ लड़ते हुए राजमार्ग पर आ गए। दोनों बाइकें और बिसौली की ओर से आई तेज रफ्तार कार आपस में टकरा गईं। हादसे में ज्ञानवती और ओमवती की मौके पर ही मौत हो गई जबकि कामिनी, टीटू और रजत गंभीर रूप से घायल हो गए।


मुरादाबाद-फर्रुखाबाद राजमार्ग पर पड़ी दोनों बाइकें और मौजूद लोग।

घायलों को जिला अस्पताल लाया गया। टीटू की हालत नाजुक होने पर चिकित्सक ने राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। पुलिस ने दोनों शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए। कार वजीरगंज में तैनात एक जेई की बताई जा रही है। जो ड्यूटी करने के बाद वापस लौट रहे थे। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह ने बताया कि एमएफ राजमार्ग पर गांव सिलहरी के पास सांड़ लड़ते हुए आ गए थे। जिसके चलते तीन वाहनों की भिड़ंत हो गई। हादसे में दो महिलाओं की मौत हो गई। किसी की तरफ से तहरीर प्राप्त नहीं हुई है।

## डीजे लगी ट्रॉली पलटी, कांवड़िया की मौत

**बदायूं, अमृत विचार :** बुधवार रात कांवड़ियों की डीजे लगी ट्रॉली पलट गई। हादसे में एक कांवड़िया की मौत हो गई जबकि तीन कांवड़िया घायल हो गए। घायलों को संभल के अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने डीजे और ट्रैक्टर-ट्रॉली थाना परिसर में खड़ा कराया है।

कोतवाली बिसौली क्षेत्र के गांव परवेजनगर निवासी कुछ कांवड़िया कछला भागीरथी घाट से गंगा जल लेकर ट्रैक्टर-ट्रॉली से वापस लौट रहे थे। ट्रॉली में डीजे लदा था। रात लगभग सवा बजे रास्ते में थाना मुजरिया क्षेत्र में कछला मार्ग स्थित गांव ज्योरा के पास ट्रॉली अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। हादसे में परवेज नगर निवासी अमित पुत्र रामप्रसाद की ट्रॉली के नीचे दबकर मौत हो गई जबकि उनका भाई पप्पू, गांव निवासी अंशुल पुत्र महेश, जिला संभल के थाना बहजोई क्षेत्र के गांव आदमपुर निवासी विशाल पुत्र मुन्ना लाल घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया।

# भाजपा कार्यकर्ता के पास पिस्टल देख भड़के एसएसपी

- फटकार लगाने के बाद लिखवाया माफीनामा

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** चेक प्रकरण में एसएसपी को ज्ञापन देने आए भाजपा कार्यकर्ताओं को कप्तान के आक्रोश का सामना करना पड़ा। भाजपा कार्यकर्ता की कमर में लगी पिस्टल देख एसएसपी का पारा चढ़ गया और उन्होंने पिस्टल जब्त करने का आदेश दिया। बाद में आग्रह करने के बाद कार्यकर्ता ने माफीनामा लिखकर मामला शांत करवाया।

गुरुवार को मुख्यमंत्री विवेकाधीन राहत कोष चेक प्रकरण के मुख्य षड्यंत्रकारी के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर भाजपा कार्यकर्ता कार्यालय पहुंचे और एसएसपी मंजूनाथ टीसी से मुलाकात की। उनका कहना था कि चेक प्रकरण महज छोटा सा प्रकरण था, लेकिन स्थानीय एक पूर्व जनप्रतिनिधि ने षडयंत्र के तहत मामले में झूठा प्रचार किया, जबकि चेक प्रकरण का मुख्य सूत्रधार सुरजीत शर्मा पूर्व जनप्रतिनिधि का करीबी है। ऐसे में पुलिस जांच कर मुख्य षड्यंत्रकारी के बेपर्दा करे।

कार्यकर्ता एसएसपी से बातचीत कर ही रहे थे कि अचानक उनकी नजर विधायक के करीबी भाजपा कार्यकर्ता पर पड़ी। देखा कि कार्यकर्ता कमर में पिस्टल लगाकर पुलिस कार्यालय के अंदर घुसा। जिस देखकर एसएसपी का पारा चढ़ गया और उन्होंने अधीनस्थों को पिस्टल जब्त करने का आदेश दिया। काफी जद्दोजहद के बाद कार्यकर्ताओं ने माफीनामा लिखकर मामले का पटाक्षेप किया और पिस्टल वापस कराई। इस मौके पर सुशील गाबा, केके दास, उपेंद्र चौधरी, सुनील यादव, मोहित चड्ढा आदि मौजूद रहे।

## कार ने बाइक में मारी टक्कर, मां की मौत

**संभल/बबराला, अमृत विचार :** गुन्नौर थाना क्षेत्र में स्विफ्ट कार की टक्कर से बाइक सवार मां की मौत हो गई जबकि बेटा गंभीर रूप से घायल हुआ। गुन्नौर थाना क्षेत्र के गांव सैंजना मुस्लिम निवासी नसीमा (55 वर्ष) और इसका बेटा यामीन गुरुवार को रात बाइक से कहीं जा रहे थे। यामीन ने बाइक में पेट्रोल डलवाया। यामीन जैसे ही बाइक लेकर मेरठ बदायूं मार्ग पर आया तो तेज रफ्तार स्विफ्ट कार ने टक्कर मार दी। हादसे में नसीमा की मौके पर ही मौत हो गई जबकि यामीन गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने घायल यामीन को सीएचसी गुन्नौर पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने उपचार करते हुए गंभीर घायल यामीन को हायर सेंटर रेफर कर दिया।

**नाम-परिवर्तन**

पहले मेरा नाम BEENA DAINIAL SINGH था। अब नाम BEENA SINGH रख लिया है। अब भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए। श्रीमती बीना सिंह पत्नी अमित सिंह नि. 285 निकट डॉ. मनचन्दा 10 सिविल लाईन मुरादाबाद।

### पुराने बस अड्डे से खाटू श्याम को सीधी बस सेवा शुरू

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली से खाटू श्याम के लिए 2 अगस्त से बस सेवा शुरू हो जाएगी। पुराने बस अड्डे से शाम 5 :30 बजे बस रवाना होकर दूसरे दिन सुबह 7 :10 बजे खाटू श्याम पहुंचेगी। वहीं वापसी में शाम 5 :30 बजे बस खाटू श्याम से चलकर दूसरे दिन सुबह 7 :10 बजे बरेली पहुंचेगी। कैंट विधायक संजीव अग्रवाल ने परिवहन मंत्री को पत्र भेजकर राजस्थान के जिला सीकर स्थित खाटू श्याम के लिए सीधी बस सेवा चलाने का आग्रह किया था। उन्होंने कहा था कि बरेली से काफी संख्या में तीर्थयात्री खाटू श्याम के दर्शन के लिए जाते हैं। अब प्रदेश सरकार ने खाटू श्याम के लिए सीधी बस सेवा की स्वीकृति दे दी है। एआरएम संजीव श्रीवास्तव ने बताया कि पुराने रोडवेज बस अड्डे से शाम को बस चलेगी। कैंट विधायक संजीव अग्रवाल बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे।

### भारतीय अंगदान दिवस पर छात्राओं को दिलाई शपथ

**चन्दौसी, अमृत विचार :** एनकेबीएमजी कॉलेज में हेल्थ एंड हाइजीन कमेटी की ओर से भारतीय अंगदान दिवस पर समाज में जागरूकता बढ़ाने के लिए छात्राओं को शपथ ग्रहण कराई गई। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर अलका रानी अग्रवाल ने छात्राओं को अंग व ऊतक प्रत्यारोपण के बारे में बताया। इस अवसर पर डॉ. रीता, आरती ओझा, अंजुली, नीता, बविता आदि मौजूद रहीं।


विद्यालय में शपथ लेती छात्राएं। ● अमृत विचार

### बारिश होने से उमस भरी गर्मी से मिली राहत

**चन्दौसी, अमृत विचार :** उमस भरी गर्मी ने लोगों को बेहाल कर रखा है। पंखे में भी लोगों का पसीना नहीं सूख पा रहे हैं। गर्मी से परेशान लोग दोपहर के समय घर से नहीं निकल रहे हैं। गुरुवार शाम हुई बारिश से लोगों ने गर्मी से थोड़ी राहत महसूस की। गुरुवार की सुबह से उमस भरी गर्मी ने सभी बेहाल कर दिया। दोपहर को तेज धूप में महिलाएं व विद्यार्थी धूप से बचने के लिए छाता लेकर सड़कों से निकले। वहीं शाम चार बजे हुई तेज बारिश से लोगों को गर्मी से राहत मिली। मात्र 15 मिनट की बारिश से स्टेशन रोड, गोशाला रोड, पंचशील कालोनी, विकास नगर आदि क्षेत्रों में जलभराव हो गया।

### जागेश्वर धाम मार्ग पर भूस्खलन से आया मलबा

**अल्मोड़ा, अमृत विचार :** अतिवृष्टि से मलबे और बोल्डर से पटी जागेश्वर की सड़कों पर आवाजाही सुचारू करने के लिए प्रशासन की ओर से जेसीबी लगा दी गई हैं। गुरुवार सुबह से ही जेसीबी मलबा हटाने के काम में जुटी हुई हैं। वहीं, तीन जगह भारी मात्रा में मलबा आने से आवाजाही बाधित हो गई है। दरअसल, बीते बुधवार जागेश्वर क्षेत्र में भारी बारिश हुई। बारिश से जीवन अस्त व्यस्त हो गया। जगह-जगह सड़के मलबे से पट गई। वहीं, भंडारा स्थल को जाने वाला पुल बह गया था। जबकि बारिश के चलते म्यूजियम के सामने वाली पार्किंग भी क्षतिग्रस्त हो गई थी। इधर, गुरुवार को प्रशासन की टीम ने सड़क पर पटे मलबे को हटाने का कार्य शुरू कर दिया है। देर शाम तक सड़क आवाजाही के लिए सुचारू कर ली जाएगी। वहीं, ऋण मोक्ष्मी मंदिर के पास जमींदोज सड़क को फिर से ठीक करने का काम शुरू कर दिया गया है।

### भीमताल-हल्द्वानी मोटर मार्ग पर आया मलबा

**भीमताल, अमृत विचार :** बारिश के बाद भीमताल-हल्द्वानी मोटर मार्ग में खतरा बढ़ गया है। मोटर मार्ग में जगह-जगह पहाड़ी से मलबा गिर रहा है। जिन स्थानों पर पत्थर गिरने की कोई संभावना नहीं थी वहां भी भारी मात्रा में मलबा सड़क में आ रहा है। फिलहाल मार्ग पूरी तरह से खुला है पर कब कहां से पत्थर सड़क पर आ गए कोई पता नहीं है। स्थानीय लोगों के अनुसार भीमताल से हल्द्वानी तक मोटर मार्ग में करीब एक दर्जन से अधिक स्थानों पर मलबा गिरा है। इधर, लोक निर्माण विभाग के कनिष्ठ सहायक अभियंता केके पाठक ने बताया कि मोटर मार्ग से मलबा हटाया जा रहा है। इसके लिए दो जेसीबी तैनात की गई हैं।

# बेहतर शिक्षा के लिए करें अच्छे कार्य

संवाददाता, बहजोई

**अमृत विचार :** मिशन शिक्षण संवाद टीम संभल की शिक्षा विमर्श गोष्ठी में डीएम ने मिशन के कार्य उद्देश्य पर विस्तृत रूप से चर्चा की। जनपद के मिशन सिपाही के रूप में जिन शिक्षकों ने इस पर कार्य किया है उनसे डीएम ने सीधा संवाद किया।

डीएम राजेंद्र पैंसिया ने मिशन सिपाही के रूप कार्य करने वाले शिक्षकों से सीधा संवाद किया जिसमें शुचि वार्ष्णेय बोलती किताब ,पढ़ाई से प्रतियोगिता तक के बारे में बताया। शैक्षिक दर्पण में खुशबू अग्रवाल और शुचि वार्ष्णेय कार्य कर रही है। टीएलएम का जनपद स्तर पर संकलन रजनी ने दिवसवार, विषयवार बताया। रीनू बंसल ने वर्कशीट और कविता संग्रह के बारे में विस्तार से बताया। अलका शर्मा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी जनपद संभल ने मिशन टीम की सराहना की।

### महावा नदी के जीर्णोद्धार की कार्य योजना तैयार करें : डीएम

**बहजोई, अमृत विचार :** महावा नदी के जीर्णोद्धार को लेकर डीएम ने अधिकारियों के चर्चा की। डीएम ने सीडीओ को अगली बैठक में जीर्णोद्धार की कार्य योजना तैयार कर प्रस्तुत किए जाने के निर्देश दिए। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में डीएम राजेंद्र पैंसिया को जिला विकास अधिकारी राम आशीष ने बताया कि जनपद में सोत नदी का जीर्णोद्धार किया गया था जो कि हमारे जनपद में 55 ग्राम पंचायत से होकर 112 किलोमीटर की लंबाई में बहती है। उन्होंने महावा नदी के जीर्णोद्धार को लेकर बिंदुवार अवगत कराया। डीएम ने सीडीओ से कहा कि महावा नदी के जीर्णोद्धार से संबंधित कार्यों की तैयारी अगली विकास कार्यों की बैठक से पूर्व ही पूर्ण कर ली जाए। जहां नदी की भूमि पर अवैध कब्जा है उसको संज्ञान में लेते हुए उसके खिलाफ कार्रवाई कर भूमि मुक्त करायी जाए।

# रुविवि में एमएससी पाठ्यक्रमों में प्रवेश शुरू, 15 तक होंगे पंजीकरण

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**पंजीकरण**

- जिन का स्नातक अंतिम वर्ष का परिणाम नहीं आया है, वह भी आवेदन कर सकेंगे

**अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने परिसर में संचालित एमएससी पाठ्यक्रमों में प्रथम वर्ष में प्रवेश शुरू कर दिए हैं। प्रवेश के लिए छात्रों को 15 अगस्त तक पंजीकरण कराना होगा। जिन विद्यार्थियों का स्नातक अंतिम वर्ष का परिणाम अभी नहीं आया है, वह भी आवेदन कर सकेंगे। मेरिट के आधार पर काउंसिलिंग की जाएगी।

कुलसचिव संजीव कुमार के मुताबिक परिसर में एमएससी रसायन विज्ञान की 33, भौतिक विज्ञान की 33, गणित की 50, वनस्पति विज्ञान की 33, जंतु विज्ञान की 33 और माइक्रोबॉयोलॉजी की 66 सीटें हैं। प्रवेश के लिए सामान्य और अति पिछड़ा वर्ग के छात्रों के स्नातक में 45 प्रतिशत अंक होने चाहिए। एमएससी रसायन विज्ञान और भौतिक विज्ञान की फीस 27050 रुपये, गणित की 17050 रुपये, वनस्पति विज्ञान और जंतु विज्ञान की 4800 रुपये और माइक्रोबॉयोलॉजी की 24180 रुपये है।

### प्री पीएचडी कोर्सवर्क की परीक्षा 7 को होगी

**बरेली, अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय के प्री पीएचडी कोसवर्क के संस्थागत और पूर्व छात्रों की परीक्षा 7 अगस्त को होगी। पहले प्रश्नपत्र की परीक्षा सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक और द्वितीय प्रश्नपत्र की परीक्षा दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक इलेक्ट्रिक इंजीनियरिंग विभाग में होगी।

**रोशन सिंह चौहान स्मारक महाविद्यालय**

(सम्बद्ध - एम०जे०पी० रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली)
ग्राम टाण्डा कोठी, पोस्ट खासपुर वाया पाकबड़ा,
(असमोली) जिला सम्भल-244102

**आवश्यकता है**

**एम०एस०सी०-** कैमेस्ट्री व जूलॉजी (1-1 पद)
**योग्यता-** नेट/पी०एच०डी०
**एम०ए०-** एजूकेशन व राजनीतिशास्त्र (1-1 पद)
**योग्यता-** नेट/पी०एच०डी०
**बी०एड० विभाग में प्रवक्ताओं की** (02 पद-महिला)
**योग्यता-** एन०सी०टी०ई० एवं यू०जी०सी० मानकानुसार
**फीमेल काउंसलर / कम्प्यूटर आपरेटर-** 01 पद

**प्रबन्धक - मनीष चौहान (एड०),**
**मो०- 9997746066**
**manish.chauhanmbd@gmail.com**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद अमरोहा जनपद-अमरोहा**

**सार्वजनिक नीलामी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद अमरोहा द्वारा नगर में पालिका की निम्न दुकानों की प्रीमीयम की सार्वजनिक नीलामी **दिनाँक 08.08.2024 को प्रातः 11 बजे** से कार्यालय नगर पालिका परिषद अमरोहा के सभागार मे की जायेगी-

| दुकान का विवरण | प्रीमीयम की बेस धनराशि | मासिक किराया | नीलामी मे प्रतिभाग हेतु जमानत राशि |
|---|---|---|---|
| 1. मौहल्ला मढैयां कमरूददीन में मण्डी समिति रोड पर नवनिर्मित पालिका मार्केट की छत। | 2000000 | 3000 | 100000 |
| 2. मौहल्ला बेगम सराय आजाद रोड स्थित मार्केट दुकान संख्या 10/184 | 1500000 | 2000 | 100000 |
| 3. मौहल्ला लकड़ा स्थित पालिका के सार्वजनिक शौचालय की छत। | 1200000 | 2000 | 100000 |

सार्वजनिक नीलामी में भाग लेने के लिये बोलीदाता द्वारा उपरोक्त नकद जमानत राशि दिनॉक 07.08.2024 को सॉय 03 बजे तक पालिका के कर अनुभाग मे जमा कर नीलामी मे प्रतिभाग करने हेतु पास/टोकन प्राप्त किया जा सकता है। दिनाँक 07.08.2024 को सायं 03 बजे के उपरान्त कोई पास/टोकन जारी नही किया जायेगा। सार्वजनिक नीलामी मे भाग लेने एवं आवंटन के सम्बन्ध मे निर्धारित शर्तो का अवलोकन किसी भी कार्यदिवस मे कार्यसमय के भीतर कार्यालय मे किया जा सकता है।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, अमरोहा

**कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी, रामपुर**

पंत्राक : सी०एम०ओ०/एन०यू०एच०एम०/ नग०आशा/2024-25/7853 — दिनांक 31/07/2024

**शहरी आशा चयन हेतु सूचना**

मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उ०प्र० के पत्र सं० एस०पी०एम०यू०/एन०यू०एच०एम०/ बजट / 2024-25 /61/1555-2 दिनांक 18.06.2024, शासनादेश संख्या 2505/05/10-15-9 (120) / 13 चिकित्साअनुभाग-10 लखनऊ दिनांक 01 जनवरी 2016 के क्रम एवं जिला स्वास्थ्य समिति, रामपुर अनुमोदनोपरान्त राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत नाम स्लम/स्लम एरिया मे आशाओ के स्वीकृत / रिक्त पद हेतु नगरीय क्षेत्र रामपुर, बिलासपुर एवं टाण्डा में निम्नलिखित बार्ड / मौहल्लों में शहरी आशाओं का चयन किया जाना है। पात्र इच्छुक महिलाये आवेदन पत्र पूर्ण कर स्थानीय वार्ड सदस्य से सत्यापित कराकर केवल पंजीकृत डाक से ही आवेदन कर सकती है, आवेदन पत्र पूर्ण विवरण एवं प्रमाण पत्रों सहित दिनांक 16/08/2024 को सांय 5:00 बजे तक कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी, रामपुर को प्रेषित किए जायें।

| क्र० सं० | शहर का नाम | आशा पदो की सं० | वार्ड संख्या/वार्ड व मौहल्ला |
|---|---|---|---|
| | न०प०प० बिलासपुर | 25 | 1-कस्बा राजपुर, 2-ज्यारत शीरी मिया-अ, 3-बाजार कलां ब, 4-टांडा हरमतनगर, 5-कायस्थान ब, 6-बाजार कला द,7-बाजार कला अ,8-बाजार कला द,9-विशारतनगर, 10-भटटी टोला ब, 11-बाजार कला स, 12-बाजार कला च, 13-साहूकारा स. 14-भटटी टोला अ, 15-भटटी टोला स. 16-साहूकारा द. 17 ज्यारतशीरी मिया स, 18-कायस्थान अ, 19-ज्यारतशीरी मिया द, 20-ज्यारतशीरी मिया द, 21-साहूकारा अ, 22-साहूकारा ब, 23-टाडा हुरमतनगर ब, 24-ज्यारतशीरी मिया ब, 25-साहूकारा द। |
| | न०प०प० टाण्डा | 25 | 1-भव्वलीपुरी दक्षिणी व हाजीपुरा, 2-टण्डोली व राहपुरा, 3-भव्वलीपुरी उत्तरी, 4-नवावपुरा, 5-आजादनगर व टण्डोला, 6-दूलीवाला, 7 मोतीनगर व काजीपुरा, 8 मरघटी, 9-मनिहारान, 10-मस्जिद खाम, 11-बरगद, 12-मस्जिद कोहना व समनदीन, 13-पुराना बाजार, 14-ईदामेला ग्राउंड, 15-ताजनगर व दायमपुरा, 16-युसूफ एवं चौक, 17-हाजीपुरा, 18-वफाउर्रहमान जामई व भव्वलीपुरी, 19-सेटाखेडा व गोदापुरी व बरगद, 20-काजीपुरा, 21-सराये व राहुपुरा, 22-नज्जुपुरा पूर्वी, 23-नज्जुपुरा पश्चिमी, 24-टन्डोली पश्चिमी, 25-टन्डोली पूर्वी। |
| | न०प०प० रामपुर | 48 | 4 इन्द्रप्रस्थ कालोनी, 8 साई विहार आगापुर रोड, 8 लक्ष्मी नगर, राम विहार, 8 राजमाता फार्म, इमामबाडा, 4 ज्ञानदीप स्कूल, 4 प्रेमपटवारी गली शशीमणी धर्मशाला, 1 बजरंग विहार, 2 बीपी कालोनी टैक्सी स्टेण्ड, 1 ईडन गार्डन स्कूल, 4 लेबर कालोनी, 42 मदीना मस्जिद, 24 ईमली बतनिया कुचानकलान, 42 पीपल टोला, 38 खारी कुआ, 20 मस्जिद पीलू, 37 महलकुमेदान, मोमका ताजिया, 14 दरखकेथ, 15 पुलिस लाईन, 40तालाब मुल्ला ऐरम, 16 सराय कलां, 30 कुचारमेश्वरी दाश, 22 आसरा कालोनी डूंगरपुर, 16 मदरसा कोन्हा, 22 बाबूगढ डूंगरपुर, 25 घेर मदरान खां, 16 आसरा कालोनी नालापार, 40 घेर मुबारक शाह, 18 राजद्वारा, 18 खोड, 40 घेर सरवदाल, 3 रामनाथ कालोनी बिजली घर, 3 हरिजन वस्ती आदर्श कालोनी, 12 पीडब्लूडी कालोनी गायत्रीपुरम कालोनी, 7 नूर महल, 33 बिस्मिल्ला इन्द्राकालोनी, 12 एकता विहार शक्तिपुरम, 10 शारस्त्रीनगर, 6 घेर मुल्ला गैरत, 37 फूटामहल, घेर उस्मान खां, 23 छिपियान, 23 चाहमोटे कल्लन, 25 बंगला आजाद खां, 14 घेर हसन खां, 25 बजरिया हिम्मत खां, 5 नई बस्ती विलासपुर गेट, 20 थाना हजयानी। |

**शहरी आशा के चयन की नियम व शर्ते-**

1-महिला की न्यूनतम शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल होनी चाहिए। 2-महिला सम्बन्धित चयनित क्षेत्र की निवासिनी होनी चाहिए। 3-महिला की आयु 20 से 45 वर्ष के मध्य हों। विवहिता/विधवा/तलाकशुदा/पति से अलग महिला को प्राथमिकता दी जायेगी। इसके प्रमाण के लिए नोटरी द्वारा प्रदत्त 10 रुपये के स्टाप पर शपथ पत्र संलग्न करना अनिवार्य है। 4 स्वास्थ्य विभाग के अर्न्तगत संचालित कार्यक्रम मे कार्य किया हो, तो उसका अनुभव प्रमाण पत्र की छाया प्रति संलग्न करना अनिवार्य है। 5-जे०एन०एन०यू०आर०एम०, यूनिसेफ एवं भारत सरकार द्वारा संचालित अन्य संस्थाओ के समुदाय स्तर पर कार्य करने वाले कर्मियो को अनुभव के आधार पर वरीयता प्रदान की जायेगी। अनुभव प्रमाण पत्र की छाया प्रति संलग्न करना अनिवार्य है। 6-नगरीय आशा का कोई मासिक मानदेय निर्धारित नहीं है, राज्य द्वारा प्रस्तावित दिशा निर्देशों द्वारा उनके प्रारम्भिक प्रशिक्षण के उपरान्त किये गये कार्यों एवं सत्यापन के आधार पर ही उनको प्रोहत्साहन राशि दी जायेगी। निर्धारित तिथि, समय के बाद प्राप्त होने वाले, अपूर्ण एवं बिना हस्ताक्षर के प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रो पर विचार नही किया जायेगा। 8-आशाओ की संख्या घट-बढ़ सकती है। 9-समाचार पत्रो के माध्यम से साक्षात्कार की तिथि घोषित की जायेगी।

**शहरी आशा चयन हेतु आवेदन पत्र मे अंकित की जाने वाली सूचनायें-**

1-वार्ड संख्या व मौहल्ला 2 अभ्यर्थी का पासपोर्ट साईज फोटो 3-आवेदनकर्ता महिला का नाम 4-पिता/पति का नाम 5 जन्म तिथि 6-जाति 7 स्थाई पता 8-पत्र व्यवहार का पता 9 मोबाईल नम्बर 10-शैक्षिक योग्यता का विवरण 11-अनुभव का विवरण 12-दिनांक व स्थान 13 अभ्यर्थी के हस्ताक्षर 14-कुल संलग्नको की संख्या।

**मुख्य चिकित्सा अधिकारी रामपुर।**


बैठक में अपनी बात रखते अरविंद कुमार गुप्ता। ● अमृत विचार


विद्यालय में पौधों के साथ संगठन के पदाधिकारी व बच्चे। ● अमृत विचार

# सिंगल यूज प्लास्टिक को लेकर हुई बैठक

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार :** प्रतिबंधित एवं सिंगल यूज प्लास्टिक की रोकथाम को लेकर पालिका प्रशासन व व्यापारियों की बीच बैठक हुई। व्यापारियों ने प्रतिबंधित पॉलथिन को विक्रय न करने का आश्वासन दिया। व्यापारियों ने भी अपनी समस्याओं को रखा। व्यापार मंडन के जिलाध्यक्ष अरविंद कुमार गुप्ता ने कहा कि सरकार द्वारा जारी शासनादेश से व्यापारियों को समय-समय पर अवगत कराया जाए। जिससे व्यापारियों को भी सहयोग प्रदान किया जाए। बैठक में व्यापारियों ने प्रतिबंधित पॉलीथिन का विक्रय बंद करने का आश्वासन दिया। साथ ही साथ प्रशासन का पूर्ण सहयोग करने को कहा। नगर पालिका परिषद में अधिशासी अधिकारी (उप जिलाधिकारी) नीतू रानी ने व्यापारियों को सैंपल दिखाकर समस्त जानकारियां दीं। उन्होंने कहा कि प्रतिबंधित प्लास्टिक व सिंगल यूज प्लास्टिक पूर्णतः बंद है। बैठक की अध्यक्षता पालिकाध्यक्ष लता वार्ष्णेय व उपजिलाधिकारी नीतू रानी ने की। इस मौके पर अखिलेश कुमार खिलाड़ी, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक प्रियंका सिंह, सुनील कुमार,चंद्रमोहन, प्रभाकर गुप्ता, लवित वार्ष्णेय, मुकुल शर्मा, के अलावा कपिल वार्ष्णेय, प्रमोद अग्रवाल, कमल कुमार, प्रमोद गुरु, हर्ष कुमार गुप्ता, मोहित कुमार, सचिन अग्रवाल आदि व्यापारी रहे।

### सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग बंद हो

**चन्दौसी, अमृत विचार :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से पर्यावरण के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया । जिसमें गतिविधि प्रांत सहप्रमुख शिखा शर्मा ने कहा कि सिंगल यूज प्लास्टिक अभियान स्कूल व महाविद्यालय से विश्वविद्यालय तक चलाया जा रहा है। कहा कि सिंगल यूजर प्लास्टिक मुक्त अभियान के तहत चार स्कूल में पौधरोपण किया गया है। सभी स्कूलों के बच्चों से घरों में पालीथिन का इस्तेमाल नहीं करने की बात कही। पर्यावरण संरक्षण को लेकर भी बच्चों को बताया गया। उक्त कार्यक्रमों का आयोजन शहीद गिरीश चंद्र कंपोजिट विद्यालय, प्राथमिक विद्यालय अमियापुर पचाक, रविंद्र नाथ टैगोर आदि में किया गया। इस अवसर पर शालिनी शर्मा, नीतू रस्तोगी, सीमा अग्रवाल, नीरू सिंह आदि मौजूद रहे।

# नजूल संपत्ति विधेयक विधान परिषद में लटका

## भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी के प्रस्ताव पर विधेयक प्रवर समिति को सौंपा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**अमृत विचार:** विधानसभा में बुधवार को पास होने वाला उत्तर प्रदेश नजूल सम्पत्ति (लोक प्रयोजनार्थ प्रबन्ध और उपयोग) विधेयक, 2024 गुरुवार को विधान परिषद में अटक गया। सत्ता पक्ष को अपने ही विधायकों के विरोध का सामना करना और विधेयक सदन की प्रवर समिति को भेज दिया गया है। जबकि अन्य छह विधेयक ध्वनिमत से पारित हुए।

विधान परिषद में नेता सदन केशव प्रसाद मौर्य ने उप्र. नजूल संपत्ति विधेयक सदन में रखा। नजूल भूमि विधेयक के खिलाफ भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी मुखर हो गए। उन्होंने नजूल भूमि और जनमानस के आवश्यकताओं को लेकर कई दलीले दीं। विधेयक प्रवर समिति को सौंपने का आग्रह किया। उस दौरान नेता सदन उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक ने भी कोई हस्तक्षेप नहीं किया। अंततः भूपेंद्र चौधरी के दोबारा प्रस्ताव पर विधेयक को सदन की प्रवर समिति को भेज दिया गया है। अगले दो माह में समिति अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। मालूम हो कि इस विधेयक को लेकर बुधवार को विधानसभा में विरोध हुआ था, विरोध करने वालों में भाजपा के सिद्धार्थनाथ सिंह और हर्षवर्धन बाजपेयी के अलावा सहयोगी दल में जनसत्ता दल (लोकतांत्रिक) के विधायक रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया ने खुलकर अधिनियम की खामियां गिनाई थीं।

### जनता को मिलेगी अनवरत बिजली: मुख्यमंत्री

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

● ऊर्जा इन्फ्रास्ट्रक्चर की उपलब्धियों और योजनाओं को मुख्यमंत्री ने सदन में रखा

**अमृत विचार :** ऊर्जा के क्षेत्र में प्रदेश में हो रहे कार्यों को मुख्यमंत्री ने विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान सदन में रखा। उन्होंने बताया कि प्रदेश की जनता को अनवरत बिजली मिल सके इसके लिए दो हजार करोड़ रुपए का प्राविधान इस अनुपूरक बजट में किया गया है। आने वाले कुछ साल में प्रदेश 8 हजार मेगावॉट अतिरिक्त बिजली का उत्पादन थर्मल पॉवर परियोजनाओं के जरिए करेगा। योगी ने कहा कि जिला मुख्यालयों को 24 घंटे, तहसील मुख्यालय को 20 से 22 घंटे और ग्रामीण इलाकों को 18 से 20 घंटे बिजली दे रहे हैं। प्रदेश के 31 जनपद में इस बार बारिश बहुत कम हुई है। हाइड्रो पावर के लिए पानी चाहिए, जिससे थोड़ी समस्या आई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऊर्जा के तीनों क्षेत्र में कार्य किया जा रहा है। इनमें, पॉवर जनरेशन, ट्रांसमिशन और डिस्ट्रिब्यूशन पर सरकार का विशेष ध्यान है। किसानों के ट्यूबवेल को सौर ऊर्जा से जोड़ेंगे।

### भाजपा ने रणनीति के तहत रोका विधेयक

कुछ भाजपा नेताओं का कहना था कि इस विधेयक के पास होने से होने वाले उप चुनाव के अलावा 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव में भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है। सत्ता पक्ष में संख्या बल प्रभावी होने के चलते विरोध के बावजूद अधिनियम पारित हो गया था। भाजपा विधायकों ने अपनी भावनाओं से संगठन को अवगत कराया और तय कार्यक्रम के तहत विधान परिषद में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के प्रयास से विधेयक को लागू होने रोक दिया गया है।

# अनुपूरक बजट के औचित्य पर योगी ने कहा, साधना है लक्ष्य

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** विधानसभा में चर्चा के दौरान नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने सवाल उठाया कि मूल बजट का बहुत सारा पैसा खर्च नहीं हुआ तो अनुपूरक बजट का क्या औचित्य था। जवाब में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 5 ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी के संकल्प को पूरा करने और प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी बनाने के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए अनुपूरक बजट लाया गया।

**एक स्वप्न टूटे, तो दूसरा गढ़े:** नेता प्रतिपक्ष को विशेष रूप से धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि वयोवृद्ध नेता प्रतिपक्ष ने कई महत्वपूर्ण सुझाव दिये हैं। हमेशा अपने से बुजुर्गों को सम्मान दिया है। कहा कि हमें विरासत में जैसा यूपी मिला था और आज जैसा यूपी आज है, वह सबके सामने है। हमने अटल जी की पंक्तियों से प्रेरणा प्राप्त की है, कि 'मनुष्य को चाहिए कि वह परिस्थितियों से लड़े, एक स्वप्न टूटे, तो दूसरा गढ़े...' मुख्यमंत्री ने कहा कि बीते फरवरी माह में वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए पारित मूल बजट की 44 फीसदी धनराशि जारी हो चुकी है और 20 फीसदी खर्च भी हुए हैं।

### बजट का पैसा बड़े निर्माण में लग रहा

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा कैपिटल एक्सपेंडिचर इस बात को दर्शाता है कि बजट का पैसा बड़े निर्माण में लग रहा है। ये अनुपूरक बजट निवेश बढ़ाने वाला है। प्रदेश की जीडीपी और प्रति व्यक्ति आय दोगुने से ज्यादा बढ़ी है।

### जीडीपी में शेयर को बढ़ाने में सफल हुआ उप्र

मुख्यमंत्री ने कहा कि उप्र राष्ट्रीय जीडीपी में अपने शेयर को बढ़ाने में सफल हुआ है। पहले हम 6-7 फीसदी की हिस्सेदारी रखते थे, जबकि आज ये शेयर 9 से 10 फीसदी तक पहुंच गया है।

## सार-संक्षेप

### स्पोर्टस हास्टलों में रखे जाएंगे 40 अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी

**अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार :** प्रदेश के स्पोर्ट्स हॉस्टलों में खिलाड़ियों को उत्कृष्ट प्रशिक्षण देने के लिए डेढ़ लाख रूपये प्रतिमाह मानदेय पर 40 अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों को रखा जाएगा। यह प्रशिक्षक विभिन्न खेलों में खिलाड़ियों को प्रशिक्षित करेंगे। जिससे खिलाड़ी राष्ट्रीय से अंतर्राष्ट्रीय स्तर की स्पर्धाओं में बेहतर प्रदर्शन कर सकें। पदक जीतकर देश का नाम रोशन कर सकें। प्रदेश के विभिन्न जिलों और मंडलों में 37 स्पोर्ट्स हॉस्टल संचालित हैं। इनमें प्रशिक्षण ले रहे खिलाडियों को उत्कृष्ट प्रशिक्षण दिए जाने की जरूरत है। इसके मद्देनजर अब अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों को रखा जाएगा। यह प्रशिक्षक हॉकी, तैराकी, वॉलीबॉल, जिम्नास्टिक, एथलेटिक्स, क्रिकेट, फुटबॉल, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, बास्केटबॉल, कबड्डी, कुश्ती, बॉक्सिंग, हैंडबॉल और जूडो खेल में रखे जाएंगे।

### अब्बास द्वारा जमीन कब्जाने के मामले में फैसला सुरक्षित

**प्रयागराज, अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मुख्तार अंसारी के बेटे अब्बास अंसारी द्वारा जमीन का जबरन बैनामा कराने के मामले में गुरुवार को हुई सुनवाई के दौरान फैसला सुरक्षित कर लिया है। वर्तमान जमानत याचिका की सुनवाई न्यायमूर्ति राजवीर सिंह की एकल पीठ के समक्ष हुई। मामले के अनुसार 12 अगस्त 2023 को अबू फकर खां द्वारा पुलिस स्टेशन कोतवाली, गाजीपुर में आईपीसी के विभिन्न धाराओं के तहत मुख्तार अंसारी, सुभासपा विधायक अब्बास अंसारी, अफशां अंसारी सहित तीन और अन्य लोगों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया गया था। प्राथमिकी में याची और उनके परिवार के खिलाफ यह आरोप लगाया गया था कि उन्होंने होम्योपैथिक कॉलेज, रौजा के सामने स्थित शिकायतकर्ता की एक जमीन को जबरन को कोई पैसा दिए बिना बैनामा अब्बास अंसारी के नाम पर करवा दिया गया था।

### एसएमजीआई इटावा ने अपने नाम किए तीन पेटेंट

**इटावा, अमृत विचार :** इटावा में गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्रदान करने के साथ शोध क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाने वाले शिक्षण संस्थान सर मदनलाल ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशन (एसएमजीआई) के फार्मेसी विभाग के शिक्षकों ने तीन पेटेंट अपने नाम पंजीकृत कराकर संस्थान के साथ जनपद को गौरवान्वित किया है। ये तीनों पेटेंट संस्थान में कॉलेज ऑफ फार्मेसी के निदेशक डॉ. उमा शंकर शर्मा, असिस्टेंट प्रोफेसर दानिश खान एवं एसोसिएट प्रोफेसर अखिलेश यादव ने इंडियन पेटेंट कार्यालय में कराए हैं। इनमें एक पेटेंट प्राकृतिक औषधियों के दर्द, सूजन एवं एंटी ऑक्सीडेंट गुणों को मापने वाला यंत्र, दूसरा खुराक प्रतिक्रिया वक्र को मापने वाला यंत्र तथा तीसरा पेटेंट आर्सेनिक के लिए सीमा परीक्षण यंत्र के लिए पंजीकृत हुआ है। डॉ. शर्मा ने बताया कि तीनों पेटेंट काफी उपयोगी एवं व्यावहारिक हैं। उनके साथी शिक्षक इन तीनों पेटेंट पर कई माह से काम कर रहे थे। अब संस्थान ने पेटेंट पंजीकरण में सफलता प्राप्त की है। संस्थान की सफलता पर चेयरमैन डा. विवेक यादव ने हर्ष जताया है।

### 54.58 करोड़ की लागत से सवरेगा शुकतीर्थ स्थल

**लखनऊ, अमृत विचार :** मुजफ्फरनगर स्थित धार्मिक स्थल शुकतीर्थ का सौन्दर्यीकरण 54.58 करोड़ रूपये से होगा। गंगा किनारे नया घाट, पर्यटक सुविधा केन्द्र और पार्किंग स्थल का जीर्णोद्धार किया जायेगा। साथ ही श्रद्धालुओं के दर्शन पूजन व ठहरने आदि की व्यवस्था की जाएगी। यह जानकारी गुरुवार को पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी। पर्यटन मंत्री ने गुरुवार को बताया कि श्रीमद्भागवत की कथा जिस स्थल पर पहली बार सुनाई गयी थी, वह यही स्थल है। यहां श्रद्धालु कथा सुनने के अलावा शुकतीर्थ के परिसर में अवस्थित वट वृक्ष के दर्शन और गंगा स्नान स्नान को आते हैं। उन्होंने बताया कि 21.25 करोड़ रूपये की लागत से टूरिस्ट फैसेलटी सेंटर और पार्किंग का निर्माण किया जा रहा है। आगन्तुकों के लिए कमरे बनाये जायेंगे। बेसमेन्ट में 45 कार पार्किंग और टीएफसी के पीछे 12 बसों की पार्किंग तैयार की जायेगी। इसके अलावा 20 करोड़ रूपये में गंगा किनारे घाट का निर्माण किया जायेगा। पर्यटन मंत्री ने बताया कि करीब साढ़े छः करोड़ की लागत से धाम तक जाने वाले मार्गों का विकास किया जा रहा है। घाट के कुछ स्थानों पर आरती स्थल, व्यू प्वाइंट, सीढ़ी बनाई जाएगी।

# पति की आत्महत्या के बाद पत्नी को सांप ने डसा, मौत

कार्यालय संवाददाता, महोबा

● पति-पत्नी की एक साथ उठी अर्थी देखकर ग्रामीणों की आंखों से छलके आंसू

**अमृत विचार:** थाना श्रीनगर के ग्राम बिलखी में कर्ज से परेशान किसान ने घर पर फांसी लगाकर जान दे दी, जिससे घर पर कोहराम मचा हुआ था। इसी बीच देर रात पत्नी को सांप ने डस लिया, जिससे उसकी भी मौत हो गई। पति-पत्नी की एक साथ अर्थी उठने से ग्रामीणों की आंखों से आसू छलक पड़े।

ग्राम बिलखी निवासी देशराज (22) का करीब तीन माह पहले थाना श्रीनगर क्षेत्र निवासी दुर्गा (20) के साथ विवाह हुआ था। देशराज द्वारा साहूकारों से लिए गए कर्ज की अदायगी रबी की फसल खराब हो जाने से नहीं हो सकी थी। किसान के ऊपर 5 लाख रुपये का कर्ज था। इसी से तनाव के चलते बुधवार की देर शाम देशराज ने घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसी रात को पत्नी दुर्गा को सांप ने काट लिया और उसकी मौत हो गई। पति-पत्नी की एक साथ अर्थी उठने से मृतकों के घर में चीख पुकार मच गईं। मृतक की मां को गहरा सदमा लगा है। उसका अस्पताल में इलाज चल रहा है।

# डिजिटल अरेस्ट की धमकी देकर ठगी करने वाले चार गिरफ्तार

**लखनऊ, अमृत विचार :** ठाकुरगंज पुलिस ने साइबर ठगों के गिरोह का खुलासा किया है। इस गिरोह के चार सदस्यों को गुरुवार को घैलापुल के पास से गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने टेलीग्राम पर लिंक भेजकर रकम दोगुना करने व डिजिटल अरेस्ट कर लोगों से एक करोड़ रुपये ठगे थे। पुलिस ने आरोपियों के पास से तीन मोबाइल, फर्जी आधार कार्ड व डेबिट कार्ड बरामद किया है। इंस्पेक्टर ठाकुरगंज श्रीकांत राय के मुताबिक गिरफ्तार आरोपी मड़ियांव के डिडौली का अभिषेक शुक्ला, फैजुल्लागंज का दिव्यांश श्रीवास्तव, डिडौली निवासी अभिषेक कुमार रावत व केशवनगर का अरविंद कश्यप है।

# अतीक हत्याकांड में पुलिस को क्लीन चिट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

● न्यायिक आयोग ने सौंपी विधानमंडल में जांच रिपोर्ट

**अमृत विचार :** उमेश पाल हत्याकांड के आरोपी रहे माफिया अतीक अहमद व अशरफ की हत्या की जांच के लिए गठित न्यायिक आयोग ने गुरुवार को विधानमंडल में अपनी रिपोर्ट पेश कर दी जिसमें पुलिस को 'क्लीन चिट' दी गई। आयोग ने कहा कि पुलिस की कोई लापरवाही नहीं है। उसके लिए घटना को टालना संभव नहीं था।

प्रयागराज में उमेश पाल हत्याकांड प्रकरण में पुलिस अभिरक्षा में रहे अतीक अहमद और उसके भाई खालिद अजीम उर्फ अशरफ की 15 अप्रैल 2023 को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। अभियुक्तों को पुलिस स्वास्थ्य



परीक्षण के लिए मोतीलाल नेहरू संभागीय चिकित्सालय ले गई थी। मीडिया से बातचीत के दौरान अचानक मीडिया कर्मियों के बीच से तीन लोगों ने दोनों को गोलियों से भून डाला था। इसकी जांच के लिए इलाहाबाद हाईकोर्ट के पूर्व मुख्य न्यायाधीश दिलीप बी भोसले की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय न्यायिक आयोग का गठन किया गया था।

### अतीक का पुत्र असद की पुलिस मुठभेड़ में मौत सही

**लखनऊ, अमृत विचार :** उमेश पाल हत्याकांड से जुड़े तीन मुठभेड़ की जांच के लिए उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश राजीव लोचन मेहरोत्रा की अध्यक्षता में गठित दो सदस्यीय न्यायिक आयोग ने पुलिस मुठभेड़ को सही करार दिया है। विधानमंडल में पेश रिपोर्ट में आयोग ने कहा कि अतीक का पुत्र असद समेत बाकी मुठभेड़ में पुलिस की कोई दुर्भावना नहीं थी। सभी मौखिक व अभिलेखीय साक्ष्य व घटना स्थल के स्थलीय निरीक्षण के बाद आयोग संतुष्ट है कि तीनों प्रकरणों में पुलिस की अभियुक्तों से मुठभेड़ हुई। इसमें फायरिंग की शुरुआत अभियुक्तों की ओर से की गई। पुलिस की ओर से अभियुक्तों को आत्म समर्पण के पर्याप्त अवसर दिये गये।

# इस माह भी होगी गांवों में घोषित बिजली कटौती

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

● पावर कॉरपोरेशन ने बिजली आपूर्ति को जारी की समय सारणी

**अमृत विचार:** प्रदेश के गांवों, नगर पंचायत व तहसील मुख्यालय क्षेत्र में इस माह भी घोषित बिजली कटौती जारी रहेगी। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन ने अगस्त माह के लिए बिजली आपूर्ति संबंधी समय सारिणी जारी कर दी।

रिपोर्ट के अनुसार गांवों में छह घंटे की बिजली कटौती जारी रहेगी। तहसील मुख्यालय व नगर पंचायत क्षेत्र में ढाई घंटे कटौती रहेगी। पिछले माह की तरह गांवों को 18 घंटे व नगर पंचायत-तहसील मुख्यालय क्षेत्रों को साढ़े 21 घंटे बिजली उपलब्ध होगी। राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने इस माह भी घोषित बिजली कटौती जारी रखने का कड़ा विरोध किया है। परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि जून में भीषण गर्मी के बाद भी पूरे प्रदेश के लिए 24 घंटे बिजली आपूर्ति निर्धारित थी। उत्पादन इकाइयों के ठप होने के बाद भी सभी क्षेत्रों में निर्धारित बिजली मुहैया कराने के प्रयास जारी थे। उन्होंने कहा कि कटौती के विरोध में राज्य विद्युत नियामक आयोग में याचिका दाखिल की थी, इस पर आयोग ने पावर कॉरपोरेशन ने जवाब तलब किया था।

### ओबरा की एक इकाई ठप

ओबरा बिजलीघर की दो सौ मेगावाट क्षमता की एक इकाई गुरुवार को ठप हो गई, जबकि बीते दिनों टांडा की 110 मेगावाट व अनपरा की पांच सौ मेगावाट की एक-एक इकाइयां चालू नहीं हो सकीं। इसे उत्पादन बिजलीघरों में बिजली संकट की स्थिति बनी रही।

# अग्निवीर अभ्यर्थियों के प्रमाणपत्रों में कराते थे खेल, आगरा से दो गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

● अभ्यर्थियों के अंकपत्रों में बढ़वाने, मेडिकल में पास कराने के एवज में होती थी वसूली

**अमृत विचार:** अग्निवीर भर्ती के लिए मांगे गए प्रमाणपत्रों में मेरिट बढ़वाने और मेडिकल में फर्जी प्रमाणपत्र लगाकर अभ्यर्थियों को अग्निवीर बनवाने के खेल को एसटीएफ ने उजागर किया है। आर्मी इंटेलीजेंस से मिले इनपुट के आधार पर एसटीएफ ने जाल बिछाया और दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। प्रत्येक अभ्यर्थी की नियुक्ति के नाम पर सात से आठ लाख रुपए वसूली की जा रही थी। एसटीएफ आगरा इकाई के एएसपी राकेश ने सूचनाओं का भौतिक रूप से सत्यापन किया तब कार्रवाई शुरू हुई। एसटीएफ ने दो आरोपी ओमकार सिंह निवासी आगरा एवं दुष्यंत सिंह निवासी सादाबाद हाथरस को गिरफ्तार कर लिया।

# लक्ष्य से ज्यादा संरक्षण, लेकिन सड़कों पर टहल रहे गोवंश

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

● सुल्तानपुर में 248 फीसद निराश्रित गोवंशों का संरक्षण, बरेली में 176 फीसद सुपुर्द



**अमृत विचार :** अभियान और भरण-पोषण में करोड़ों रुपये खर्च होने के बाद भी गोशालाओं में 100 फीसद गोवंश संरक्षित नहीं हो पाए हैं। नगर हो या ग्रामीण गोवंशों का झुंड सड़कों पर भूख-प्यास या फिर वाहनों से टकराकर दम तोड़ रहे हैं। जबकि कागजों में गोवंशों का संरक्षण और सहभागिता लक्ष्य से कई गुना अधिक है।

एक रिपोर्ट के मुताबिक 2019 से जून 2024 तक सुल्तानपुर में 248.59 फीसद, बाराबंकी 239.85, मुरादाबाद 227.71, सीतापुर 207.98, सम्भल 185.46 व लखनऊ में 130 फीसद गोवंश संरक्षित किये गए। लेकिन, हकीकत इससे अलग है। उन्नाव की स्थिति बेहद खराब है। हाईवे समेत अन्य सड़कों पर रोजाना झुंड में घूमते आठ से 10 गोवंश वाहनों से टकराकर मरते हैं, जबकि जिले की गोशालाएं खाली हैं। इधर, पकड़े गए गोवंश मुख्यमंत्री सहभागिता योजना के तहत बरेली में 176.27 फीसद, उन्नाव 151.36, चित्रकूट 151.09, गाजीपुर 141.22, सुल्तानपुर 136.12 फीसद पशुपालकों को भरण-पोषण के लिए दिये गए हैं।

### 20 जुलाई तक चला था लखनऊ-बरेली मंडल में अभियान

नगर व ग्रामीण इलाकों में निराश्रित गोवंशों को पकड़ने का अभियान नियमित चलता है। इसके बाद भी गोवंश संरक्षित नहीं हो पाए हैं। विभाग पशुपालकों को जिम्मेदार बताकर गोवंशों को सड़कों पर छोड़ना बताते हैं। पिछले वर्ष नवंबर से फरवरी तक 100 फीसद गोवंश अभियान में संरक्षित किये गए। इसके बाद 20 जलाई तक लखनऊ व बरेली मंडल में विशेष अभियान चलाया गया।

> जिलों में अभियान नियमित चलता है। 20 जुलाई तक लखनऊ व बरेली मंडल में विशेष अभियान चलाकर गोवंश संरक्षित किये गए हैं। इसी तरह अन्य मंडलों में विशेष अभियान चलाएंगे। जो कमियां होंगी वह दूर करेंगे। - **रवींद्र**, प्रमुख सचिव पशुधन

# हरदोई के अधिवक्ता की निर्मम हत्या पर जताया शोक

**प्रयागराज, अमृत विचार:** राज्य विधिज्ञ परिषद ने हरदोई के अधिवक्ता की निर्मम हत्या पर दुख जताते हुए राज्य सरकार से प्रदेश में जल्द से जल्द अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम लागू करने का अनुरोध किया है, जिसका प्रारूप बार काउंसिल ऑफ़ उत्तर प्रदेश ने काफी पहले ही प्रेषित कर दिया है। बार काउंसिल ने यह भी स्पष्ट किया कि अगर शीघ्र ही शासन द्वारा कोई सार्थक और प्रभावी कार्रवाई नहीं की जाती है तो अधिवक्ताओं को आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा।

## वर्ग पहेली-149

**बाएं से दाएं**

4. किसी मांगलिक अवसर घर के दरवाज़े पर बैठाई जाने वाली बाजे वालों की चौकी।

6. पत्नी के भाई अर्थात साले की पत्नी।

7. 1. तीर या बाण चलाने की विद्या, तीरंदाज़ी 2. शर का भाव।

8. 1. पवित्रता 2. निर्दोषता, निष्कलंकता 3. स्वच्छता, सफ़ाई 4. शुचिता।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. जिसके मन में कोई कामना हो 2. कामना-युक्त 3. इच्छुक, अभिलाषी 4. कामासक्त, विषयी।

2. रचनात्मकता, सर्जनशीलता, सृजन (निर्माण) करने की शक्ति।

3. दिन-प्रतिदिन होने वाले कार्य और विवरण लिखने की पुस्तिका, (डायरी)।

5. वे दो या अधिक व्यक्ति जिनका आपस में साथ हो, साथ देने वाला, साथ रहने वाला, दोस्त, सखा, संगी, मित्र।

6. 1. रास्ता, मार्ग 2. लकीर, रेखा 3. पगडंडी 4. परिपाटी, प्रथा, ढर्रा।



### वर्ग पहेली -148 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 बो | ल | शे | 2 वि | क | ■ |
| ■ | ■ | ■ | धा | ■ | 3 कृ |
| 4 स | ■ | 5 मा | न | व | ती |
| मा | ■ | ■ | मं | ■ | ■ |
| नु | ■ | 6 पिं | ड | रो | गी |
| 7 पा | तं | ज | ल | ■ | ■ |
| त | ■ | ड़ा | ■ | 8 या | जी |

## सुडोकू-62

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | | | | | 3 | | | 8 |
| | 9 | 7 | | 5 | | | | 4 |
| | 6 | | 7 | 2 | | | | 9 |
| | 7 | | 1 | | | 9 | | 6 |
| | | 8 | | | | 2 | | |
| 9 | | 3 | | | 6 | | 5 | |
| 1 | | | | 9 | 4 | | 7 | |
| 5 | | | | 1 | | 6 | 3 | |
| 7 | | | 3 | | | | | 1 |

### सुडोकू -61 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 9 | 4 | 2 | 5 | 7 | 8 | 3 | 1 |
| 2 | 1 | 8 | 6 | 9 | 3 | 4 | 7 | 5 |
| 3 | 7 | 5 | 1 | 8 | 4 | 2 | 9 | 6 |
| 5 | 2 | 7 | 4 | 6 | 8 | 9 | 1 | 3 |
| 8 | 3 | 6 | 9 | 1 | 5 | 7 | 2 | 4 |
| 9 | 4 | 1 | 3 | 7 | 2 | 5 | 6 | 8 |
| 1 | 6 | 2 | 5 | 4 | 9 | 3 | 8 | 7 |
| 7 | 5 | 9 | 8 | 3 | 1 | 6 | 4 | 2 |
| 4 | 8 | 3 | 7 | 2 | 6 | 1 | 5 | 9 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 2 अगस्त शुक्रवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-श्रावण, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-त्रयोदशी 15.26 तक तत्पश्चात चतुर्दशी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-वर्षा।

चन्द्रबल-मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर।

ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद।

नक्षत्र-आर्द्रा 10.59 तक तत्पश्चात पुनर्वसु।

**मेष:** आज विपरीत परिस्थितियों का सामना मजबूती से करें। धर्म-कर्म को लेकर आपकी रुचि बढ़ेगी। उच्च अधिकारी आपकी सराहना करेंगे। दोस्तों के साथ मनोरंजन भरा समय बिताएंगे। आपके विचारों को समाज में ख्याति मिलेगी।

**वृष:** आज ध्यान और प्राणायाम अवश्य करें। धन-सम्मान और कीर्ति में वृद्धि होगी। आडंबर की प्रवृत्ति से आपको बचना चाहिए। जीवनसाथी के स्वास्थ्य को लेकर चिंतित रहेंगे। आपके मन में एक साथ कई सारे विचार जन्म लेंगे। परिवार की जिम्मेदारियां बढ़ सकती है।

**मिथुन:** आज धन कमाने के नए स्तोत्र मिल सकते हैं। मित्रों के साथ बैठकर चर्चा करेंगे। पैतृक व्यवसाय में उन्नति होने के योग बन रहे हैं। अपनी जीवनशैली में बदलाव ला सकते हैं। वैवाहिक संबंधों में आनंद का भाव बढ़ेगा।

**कर्क:** आज व्यापार की परिस्थितियों में कुछ प्रतिकूलता रहेगी। बुरे लोगों की संगत से बचें। मूल्यवान वस्तुओं को संभालकर रखें। मन में निराशा का भाव रहेगा। किसी परिजन की सेहत को लेकर परेशानी हो सकती है। शरीर में अकड़न होने की संभावना है।

**सिंह:** आज निजी रिश्तों को लेकर तनाव दूर होगा। दिन की शुरुआत में ही कोई शुभ खबर मिलेगी। करियर में सुखद बदलाव हो सकते हैं। लक्ष्य को समय को तय समय पर पूर्ण कर लेंगे। रियल एस्टेट से जुड़े लोगों को बड़ा लाभ हो सकता है।

**कन्या:** आज दिन की शुरुआत से ही आप काफी उत्साहित रहेंगे। व्यापार में नए अनुबंध कर सकते हैं। जीवन में सकारात्मक बदलाव आएंगे। करियर में आप बदलाव का विचार बना सकते हैं। लोग आपकी प्रतिभा के कायल रहेंगे।

**तुला:** आज वाहनों के प्रयोग में सावधानी रखें। परिवार के सदस्य आपसे काफी अपेक्षा रखेंगे। इसका दबाव भी आपके ऊपर ज्यादा हो सकता है। कारोबार को लेकर कुछ महत्वपूर्ण निर्णय ले सकते हैं। मौसम में बदलाव के कारण आपको सेहत की समस्या हो सकती है।

**वृश्चिक:** आज अनावश्यक बातों में अपना समय बर्बाद न करें। परिजनों से किसी कारण बहस हो सकती है। करियर में उतार-चढ़ाव की स्थिति से परेशान हो सकते हैं। दूसरों के बजाय अपने विचारों को अधिक महत्व दें। नजदीकी लोग आपसे व्यथित हो सकते हैं।

**धनु:** आज पिता आपके प्रति गर्व का अनुभव करेंगे। परिजनों के साथ सुखद समय व्यतीत करेंगे। लव लाइफ का तनाव दूर होगा। कार्यक्षेत्र में आपका वर्चस्व बढ़ेगा। बड़े अधिकारियों और प्रभावशाली व्यक्तियों के साथ आपके संबंध प्रगाढ़ होंगे।

**मकर:** आज यदि आप कुछ नया सीखने के इच्छुक हैं तो दिन उत्तम रहेगा। वकालत के पेशे से जुड़े लोगों के लिए दिन बहुत अच्छा रहने वाला है। आलस्य को अपने ऊपर हावी न होने दें। महत्वपूर्ण निर्णयों को लेकर दुविधा की स्थिति उभर सकती है।

**कुंभ:** आज कारोबार को आगे बढ़ाने के लिए सरकारी योजनाओं का लाभ उठा सकते हैं। आपका आत्मविश्वास आपके लिए काफी सहयोगी रहेगा। नया व्यवसाय शुरू करने के लिए दिन विशेष रूप से उत्तम है। आय के कई स्तोत्र बन सकते हैं।

**मीन:** आज अनुभवी व्यक्ति आपका उत्तम मार्गदर्शन कर सकते हैं। अपनी योग्यता को सिद्ध करने का अवसर प्राप्त होगा। आप किसी सहयोगी कर्मचारी के ऊपर कुपित हो सकते हैं। परिवार की सुख-शांति को अपनी प्राथमिकता क्रम में सबसे ऊपर रखें।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
तकदीर का तमाशा — सुबह : 09.55
कातिलों का कातिल — रात : 07.00

**&pictures**
नाच लकी नाच — सुबह : 11.30
बवाल — रात : 08.00

**Sony Pix**
स्पाइडर मैन 2 — सुबह : 09.53
ओलिम्पस हेज फॉलेन — रात : 09.00

**Zee Cinema**
रक्षा बंधन — दोपहर : 12.39
पाथु थाला — रात : 09.00

**Colors Cineplex**
दसरा — सुबह : 11.08
स्पाइडर मैन : होमकमिंग — रात : 08.00

### आज की सुपरहिट फिल्म



जी सिनेमा दोपहर : 12.39 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

शक्की पत्नी का शक दूर करने के लिए पति ने दाढ़ी रख ली, पूजा-पाठ करने लगा और गीता, रामायण भी पढ़ने लगा। गरीबों की मदद करने लगा, सारे गलत काम छोड़ दिए और प्रभु की भक्ति में लग गया।
अब पत्नी फोन पर अपने पति के बारे में सहेली को बता रही थी- कमीना, अब स्वर्ग की अप्सराओं के चक्कर में लगा हुआ है।

मेहमान- और बताओ बेटा आगे का क्या प्लान है।
राम- बस आपके जाते ही बिस्कुट खाऊंगा।
वैसे भी नमकीन और मेवा तो आपने छोड़ी नहीं है।

## एक नजर

### सोना 550 रुपये मजबूत चांदी में 600 की तेजी

**नई दिल्ली।** घरेलू मांग तथा सकारात्मक वैश्विक रुख के कारण स्थानीय सर्राफा बाजार में गुरुवार को सोने का भाव 550 रुपये की तेजी के साथ 72,500 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। सोने और चांदी पर सीमा शुल्क में कटौती की केंद्र सरकार की बजट घोषणा के बाद से हुई तीव्र गिरावट से उबरते हुए सोने में लगातार तीसरे दिन तेजी आई है। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने कहा कि चांदी की कीमत भी 600 रुपये की तेजी के साथ 86,200 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई। इसका पिछला बंद भाव 85,600 रुपये प्रति किलोग्राम था।

## मुरादाबाद मंडी

**दालें:** दाल चना : 75 से 78 रुपये मसूर : 60 से 68 रुपये मलका : 62 से 68 रुपये अरहर : 140 से 150 रुपये उड़द : 100 से 110 रुपये धोआ उड़द : 110 से 130 रुपये मूंग धोआ : 104 – 106 रुपये मूंग छिलका : 95 से105 रुपये मूंग साबुत : 90से105 रुपये चना देसी : 60से 70 रुपये चना कावली : 90 से 130 रुपये राजमा लाल : 130 से140 रुपये राजमा चित्ता : 125 से 130 रुपये लोबिया लाल : 90से 110 रुपये लोबिया सफेद : 80 से 100 रुपये ।

## मेंथा बाजार भाव

**चन्दौसी :** शिवालिक– 950 फ्लैग– 1100 बोल्ड– 1160 डीएमओ– 850
**रामपुर :** शिवालिक–950 फ्लैग–1070 डीएमओ–810 बोल्ड–1125

## सर्राफा

मुरादाबाद

| | |
|---|---|
| सोना 24 कैरेट | 72,500 |
| चांदी आभूषण | 85,950 |

# 32,403 करोड़ के जीएसटी के लिए इंफोसिस को कारण बताओ नोटिस

## इंफोसिस ने जीएसटी भुगतान में चोरी से किया इनकार, कहा- सभी नियमों का हो रहा पालन

नई दिल्ली, एजेंसी



- विदेशी शाखा कार्यालयों के 2017 से 2022 के बीच हुए खर्चों पर जारी हुआ है नोटिस

कर्नाटक के जीएसटी अधिकारियों ने इंफोसिस के विदेशी शाखा कार्यालयों की ओर से किए गए खर्चों के लिए जुलाई 2017 से मार्च 2022 की अवधि के लिए 32,403 करोड़ रुपये के जीएसटी के भुगतान के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किया है। सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) क्षेत्र की बहुराष्ट्रीय कंपनी इंफोसिस ने वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) भुगतान में चोरी से साफ इनकार किया है।

कंपनी ने कहा कि उसने सभी जीएसटी बकाए का भुगतान कर दिया है और इस मामले में केंद्र और राज्य के नियमों का पूरी तरह से अनुपालन कर रही है। इंफोसिस ने शेयर बाजार को बताया कि यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि जीएसटी भुगतान आईटी सेवाओं के निर्यात के विरुद्ध क्रेडिट या रिफंड के लिए है न कि इंफोसिस के विदेशी शाखा कार्यालयों द्वारा किए गए खर्चों पर। कंपनी ने सरकार द्वारा हाल ही में जारी परिपत्र का हवाला देते हुए कंपनी ने कहा कि इंफोसिस का मानना है कि नियमों के अनुसार इन खर्चों पर जीएसटी लागू नहीं होती है। जीएसटी परिषद की सिफारिशों पर केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) और सीमा शुल्क द्वारा जारी हालिया परिपत्र के अनुसार, भारतीय संस्थाओं को विदेशी शाखाओं द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाएं जीएसटी के अधीन नहीं हैं। इंफोसिस ने कहा कि उसने नोटिस का जवाब दिया है। जीएसटी इंटेलिजेंस के महानिदेशक (डीजीजीआई) की बैंगलोर इकाई से जारी नोटिस के अनुसार, इंफोसिस को रिजर्व चार्ज मैकेनिज्म के तहत जीएसटी का भुगतान करना है।

### जीएसटी नोटिस भेजे जाने से नैसकॉम नाखुश

**नई दिल्ली।** आईटी कंपनियों का शीर्ष संगठन नैसकॉम इंफोसिस के समर्थन में खुलकर सामने आया। सॉफ्टवेयर एवं सेवा कंपनियों के संगठन नैसकॉम ने इंफोसिस का नाम लिए बगैर कहा कि 320 अरब से अधिक की जीएसटी की मांग हालिया रिपोर्ट उद्योग के परिचालन मॉडल के बारे में समझ की कमी को दर्शाती है। आईटी कंपनी ने इसे पूर्व-कारण बताओ नोटिस बताते हुए कहा है कि उसके हिसाब से इन खर्चों पर जीएसटी लागू नहीं होता है। इस संदर्भ में नैसकॉम पर इस पर जोर दिया है कि अनुपालन दायित्वों का कई व्याख्याओं के अधीन न होना अहम है।

## एचडीएफसी बैंक ने फर्जी निवेश मंचों को लेकर किया आगाह

**नई दिल्ली।** एचडीएफसी बैंक ने अपने ग्राहकों को निवेश के अवसर देने के नाम पर फर्जीवाड़ा करने वाले कारोबारी मंचों के बारे में गुरुवार को सतर्क रहने की सलाह दी। निजी क्षेत्र के सबसे बड़े बैंक ने कहा कि आकर्षक पेशकश सोशल मीडिया मंचों से आती हैं और इस सलाह का उद्देश्य ग्राहकों की सुरक्षा के लिए संभावित निवेश धोखाधड़ी के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। बैंक ने कहा कि निवेश धोखाधड़ी के मामलों में धोखेबाज आमतौर पर शेयर, आईपीओ, क्रिप्टोकरेंसी, बिटकॉइन जैसी परिसंपत्तियों में निवेश पर असामान्य रूप से अधिक रिटर्न का वादा करते हुए नजर जाते हैं। इस नकली स्वचालित निवेश मंच या ऐप बनाना भी शामिल है जहां पर पीड़ितों को निवेश में उच्च रिटर्न का संकेत देने वाले नकली डैशबोर्ड दिखाई देते हैं।

# दो हजार रुपये के 97.92% नोट बैंकों में वापस आए

मुंबई,एजेंसी



- केंद्रीय बैंक ने कहा- 7,409 करोड़ मूल्य के नोट अब भी लोगों के पास

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने गुरुवार को कहा कि 2,000 रुपये के 97.92% नोट बैंकों में वापस आ गए हैं। चलन से हटाये गये 7,409 करोड़ मूल्य के नोट अब भी लोगों के पास हैं। आरबीआई ने 19 मई, 2023 को 2,000 के नोट को चलन से हटाने की घोषणा की थी। उस समय 2,000 के नोट का कुल मूल्य 3.56 लाख करोड़ था। यह 31 जुलाई, 2024 को घटकर 7,409 करोड़ रह गया।

केंद्रीय बैंक ने कहा कि 19 मई 2023 तक चलन में मौजूद 2,000 रुपये के 97.92% नोट वापस आ गये हैं। दो हजार के नोट को जमा करने या बदलने की सुविधा 7 अक्टूबर 2023 तक उपलब्ध थी। 2,000 के नोट को बदलने की सुविधा रिजर्व बैंक के 19 निर्गम कार्यालयों में उपलब्ध है। आरबीआई के निर्गम कार्यालय नौ अक्टूबर, 2023 से लोगों और इकाइयों से उनके बैंक खातों में जमा करने के लिए भी 2,000 रुपये के नोट स्वीकार कर रहे हैं। लोग देश में भारतीय डाक से भी 2,000 के नोट आरबीआई के किसी भी निर्गम कार्यालय में भेज रहे हैं।

19 आरबीआई कार्यालय अहमदाबाद, बेंगलुरु, बेलापुर, भोपाल, भुवनेश्वर, चंडीगढ़, चेन्नई, गुवाहाटी, हैदराबाद, जयपुर, जम्मू, कानपुर, कोलकाता, लखनऊ, मुंबई, नागपुर, नयी दिल्ली, पटना और तिरुवनंतपुरम में हैं।

# सरकार 50 रुपये किलो बेचेगी टमाटर

नई दिल्ली, एजेंसी



- केंद्रीय खाद्य एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्री प्रह्लाद जोशी ने पहले दिल्ली और बाद में मुंबई में भी बिक्री शुरू करने की कही बात

सरकार लोगों को राहत देने के लिए दिल्ली और उसके आसपास तथा मुंबई के खुदरा बाजारों में सस्ती दर पर टमाटर बेचेगी। टमाटर की बिक्री शुक्रवार से 50 रुपये किलो के भाव पर होगी। अभी इसे 60 रुपये किलो बेचा जा रहा है।

केंद्रीय खाद्य एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्री प्रह्लाद जोशी ने दिल्ली में 60 रुपये किलो की रियायती दर पर टमाटर की बिक्री शुरू की थी। बाद में इसकी बिक्री मुंबई में भी शुरू हुई। जोशी ने कहा कि हमारे हस्तक्षेप के बाद टमाटर की कीमतें कम हुई हैं। उपभोक्ता मामलों की सचिव निधि खरे ने कहा कि दो अगस्त से दिल्ली और मुंबई में 50 रुपये किलो की दर पर टमाटर बेचना शुरू करेंगे। नेशनल कोऑपरेटिव कंज्यूमर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया लि. (एनसीसीएफ) मोबाइल वैन से टमाटर बेच रहा है। उपभोक्ता मामलों के विभाग के अनुसार, 31 जुलाई को टमाटर की अखिल भारतीय औसत कीमत 61.74 रुपये किलो थी। दिल्ली में बुधवार को औसत कीमत 70 रुपये किलो थी। पिछले महीने, टमाटर की कीमत 100 रुपये किलो से अधिक थी।

## घरेलू खाद्य बाजार के 2027 तक 47 प्रतिशत की दर से बढ़ने की उम्मीद

**चेन्नई।** घरेलू खाद्य बाजार में 2022 से 2027 के बीच 47% से अधिक की वृद्धि होने की उम्मीद है और इसके बढ़कर 1,274 अरब डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) फूडप्रो एक्सपो 2024 के चेयरमैन बी त्यागराजन ने कहा कि खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र वित्त वर्ष 2015-16 से वित्त वर्ष 2022-23 के बीच 5.35% की औसत वार्षिक दर से बढ़ रहा है। एयर-कंडीशनर और वाणिज्यिक रेफ्रिजरेटर बनाने वाली कंपनी ब्लू स्टार लिमिटेड के प्रबंध निदेशक त्यागराजन ने कहा कि 2022-23 में इस क्षेत्र का 2011-12 की कीमतों पर विनिर्माण में जीवीए (सकल मूल्य वर्धित) में 7.66% का योगदान था। रोजगार के मामले में, इस क्षेत्र में लगभग 41,500 पंजीकृत इकाइयों में लगभग 20 लाख श्रमिकों को रोजगार मिला हुआ है। 2022 में 866 अरब डॉलर के बाजार आकार के साथ खाद्य उद्योग की अर्थव्यवस्था की वृद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

# विनिर्माण की वृद्धि दर जुलाई में मामूली रूप से रही धीमी

नई दिल्ली, एजेंसी

- नए ठेके, उत्पादन की धीमी रफ्तार व लागत दबाव मुख्य कारण

भारत के विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर जुलाई माह में मामूली रूप से धीमी रही। नए ठेकों और उत्पादन की धीमी रफ्तार इसकी मुख्य वजह रही। दूसरी ओर लागत दबाव तथा मांग में मजबूती के कारण अक्टूबर 2013 के बाद से बिक्री कीमतों में सबसे अधिक वृद्धि हुई। गुरुवार को जारी मासिक सर्वे में यह जानकारी दी गई।

एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण क्रय प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) जुलाई में घटकर 58.1 हो गया जो जून में 58.3 था। पीएमआई के तहत 50 से ऊपर सूचकांक होने का मतलब उत्पादन गतिविधियों में विस्तार है जबकि 50 से नीचे का आंकड़ा गिरावट को दर्शाता है। एचएसबीसी के मुख्य भारत अर्थशास्त्री प्रांजुल भंडारी ने कहा कि भारत के मुख्य विनिर्माण पीएमआई में जुलाई में विस्तार की गति मामूली रही लेकिन अधिकतर घटकों के मजबूत स्तर पर बने रहने से यह छोटी गिरावट चिंता का कारण नहीं है।

## वाणिज्यिक एलपीजी की कीमत 6.5 रुपये बढ़ी

**नई दिल्ली।** विमान ईंधन (एटीएफ) की कीमत में गुरुवार को दो प्रतिशत की वृद्धि की गई। साथ ही वाणिज्यिक गैस सिलेंडर (19 किग्रा) की कीमत में 6.5 रुपये प्रति सिलेंडर की वृद्धि की गई। दिल्ली में एटीएफ की कीमत 1.9 प्रतिशत बढ़ाकर 97,975.72 रुपये प्रति किलोलीटर कर दी गई। विमान ईंधन की कीमतों में यह दूसरी मासिक वृद्धि है। तेल कंपनियों ने वाणिज्यिक गैस सिलेंडर की कीमत 6.5 रुपये बढ़ाकर 1,652.50 रुपये प्रति 19 किग्रा कर दी। वाणिज्यिक गैस सिलेंडर की कीमत अब मुंबई में 1,605 रुपये, कोलकाता में 1,764.50 रुपये है।



## एक नजर

### बिहार में वज्रपात से पांच लोगों की मौत

**पटना।** बिहार के दो जिलों में पिछले 24 घंटों के दौरान वज्रपात से पांच लोगों की मौत हो गई। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कार्यालय से गुरुवार को जारी बयान के अनुसार 24 घंटे के दौरान वज्रपात की चपेट में आकर जहानाबाद जिले में तीन और रोहतास में दो व्यक्तियों की मौत पर मुख्यमंत्री ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपदा की इस घड़ी में वह प्रभावित परिवारों के साथ हैं। नीतीश ने मृतकों के परिजनों को अविलंब चार-चार लाख रूपये अनुग्रह अनुदान देने केनिर्देश दिये हैं। मुख्यमंत्री ने लोगों से अपील की है कि वे खराब मौसम में पूरी सतर्कता बरतें। खराब मौसम होने पर वज्रपात से बचाव के लिये आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा समय-समय पर जारी किये गये सुझावों का अनुपालन करें और खराब मौसम में घरों में रहें और सुरक्षित रहें।

### मध्य प्रदेश के तीन जिलों में डायरिया से 17 की मौत

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश के जबलपुर संभाग के तीन जिलों में डायरिया से 17 लोगों की मौत हो चुकी है। गुरुवार को स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्रीय निदेशक संजय डी मिश्रा ने बताया कि डायरिया से कुल 800 लोग बीमार हुए हैं। इन 17 मौतों में से छह-छह मौतें जबलपुर और मंडला जिलों में हुई हैं, जबकि पांच मौतें डिंडोरी जिले में हुई हैं। मिश्रा ने बताया कि डायरिया के सबसे ज्यादा करीब 350 मरीज डिंडोरी जिले में पाए गए और इनमें से पांच की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि मंडला में डायरिया के करीब 180 मामले सामने आए हैं, जबकि जबलपुर में कुंडम, सिहोरा और पाटन ब्लॉक में 150 मामले सामने आए हैं। उन्होंने कहा कि मरीजों की जांच की गई है और कुछ स्थानों पर पानी में संदूषण पाया गया है।

# तालाबों से लेकर चुनाव की उम्र तक के उठे मुद्दे

## राज्यसभा में हिमाचल में निर्माणाधीन राष्ट्रीय राजमार्गों व मध्य प्रदेश के किसानों का मामला छाया रहा

नई दिल्ली, एजेंसी



मानसून सत्र के दौरान राज्यसभा में सांसदों की बात सुनते सभापति जगदीप धनखड़।

- एकलव्य विद्यालयों और बैंकों के क्रेडिट कार्ड बंद करने में आ रही समस्याओं पर भी की गई चर्चा

राज्यसभा में गुरुवार को सदस्यों ने शून्यकाल के दौरान बिहार में एकलव्य विद्यालयों की हालत से लेकर तालाबों के संरक्षण, चुनाव लड़ने की उम्र घटाने और बैंकों के क्रेडिट कार्ड बंद करने में आ रही समस्याओं जैसे मुद्दे उठाये।

राजद के मनोज झा ने कहा कि बिहार के एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों में ढांचागत सुविधा और शिक्षकों की कमी है। भाजपा के शंभू शरण पटेल ने बैंकों के क्रेडिट कार्ड को बंद करने की सेवाओं को सुगम बनाने का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि इन कार्डों को बंद करने के लिए बैंकों में विशेष डेस्क बनाये जाने की जरूरत है। भाजपा के सिकंदर कुमार ने हिमाचल प्रदेश में निर्माणाधीन राष्ट्रीय राजमार्गों के निर्माण में तेजी लाने की मांग की। कांग्रेस के दिग्विजय सिंह ने मध्य प्रदेश के किसानों की मूंग की फसल की सरकार द्वारा बिक्री सुनिश्चित करने की मांग की। उन्होंने केन्द्र सरकार से हस्तक्षेप की अपील की। आप के विक्रमजीत सिंह साहनी ने पंजाब को खेलो इंडिया योजना के तहत राशि मुहैया कराने की मांग की। भाजपा की संगीता यादव ने तालाबों के संरक्षण की मांग की। सपा के जावेद अली खान ने विवाह योजना में अल्पसंख्यक समुदाय से भेदभाव का मुद्दा उठाया। आप के राघव चड्ढा ने चुनाव लड़ने के लिए न्यूनतम आयु 21 वर्ष करने की मांग की। इससे पहले सभापति ने सदन की कार्यवाही शुरू करते हुए कहा कि सदन जापान की संसद के स्पीकर नुकागा फोकू और उनके साथ आये शिष्टमंडल का स्वागत करता है। यह शिष्टमंडल राज्यसभा की विशिष्ट दीर्घा में विराजमान है।

### श्रम बल में महिलाओं की भागीदारी बढ़ी है: मांडविया

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मंडविया ने राज्यसभा में कहा कि केंद्र सरकार महिला श्रमबल को बढ़ाने पर काम कर रही है। वर्ष 2017 में श्रमबल में महिलाओं की हिस्सेदारी 25 प्रतिशत थी, जो अब बढ़कर 41 प्रतिशत हो गयी है। 2017-18 में ग्रामीण श्रम बल में महिलाओं की हिस्सेदारी 27 प्रतिशत थी, जो अब बढ़कर 40 प्रतिशत हो गयी है और शहरी क्षेत्रों में भी यह 43 प्रतिशत से बढ़कर 47 प्रतिशत हो गयी है। मोदी सरकार ने विधायिका विशेषकर विधानसभा और लोकसभा में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था की है। वहीं कांग्रेस के रणदीप सुरजेवाला ने सदन में कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के कामकाज पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि सरकार बजट में कृषि के आवंटन को चार प्रतिशत से कम कर केवल 2.74 प्रतिशत पर ले आयी है।

# भाजपा के 18 विधायक निलंबित मार्शलों की मदद से किए गए बाहर

रांची, एजेंसी

- झारखंड विधानसभा से आज दोपहर दो बजे तक के लिए किए गए निलंबित
- विपक्षी विधायकों को बाहर निकाले जाने के विरोध में किए हंगामे पर की गई कार्रवाई

झारखंड में भाजपा के 18 विधायकों को गुरुवार को अशोभनीय आचरण के लिए दो अगस्त दोपहर दो बजे तक के लिए विधानसभा से निलंबित कर दिया गया तथा सदन से जाने से इनकार करने के बाद उन्हें मार्शलों की मदद से बाहर निकाला गया। विधानसभा अध्यक्ष रबींद्र नाथ महतो ने एक दिन पहले मार्शलों द्वारा विपक्षी विधायकों को बाहर निकाले जाने के विरोध में सदन में हंगामा करने के बाद भाजपा सदस्यों के खिलाफ कार्रवाई की।

ये विपक्षी विधायक बुधवार को रोजगार समेत विभिन्न मुद्दों पर उनके प्रश्नों का जवाब देने से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के इनकार के खिलाफ आसन के समक्ष प्रदर्शन कर रहे थे। महतो ने कहा कि उन्हें भाजपा के 18 विधायकों को निलंबित करने के लिए मजबूर होना पड़ा क्योंकि उन्होंने गुंडागर्दी की और सदन की मर्यादा का उल्लंघन किया। उन्होंने कहा कि भाजपा विधायकों ने पुरुष और महिला मार्शलों से दुर्व्यवहार किया और सदन के भीतर से सोशल मीडिया मंच पर वीडियो अपलोड कर नियमों का उल्लंघन किया। उन्होंने कहा कि मैं भाजपा विधायकों के आचरण से बहुत दुखी हूं। यह झारखंड के 24 साल के इतिहास में एक काला दिन है।

विपक्ष के नेता अमर कुमार बाउरी ने आरोप लगाया कि झारखंड में तानाशाही है क्योंकि भाजपा विधायकों ने सदन में बम नहीं फेंके जैसा कि 1929 में दिल्ली विधानसभा में क्रांतिकारियों ने किया था, बल्कि उन्होंने महात्मा गांधी के अहिंसक मार्ग का अनुसरण किया।

# सीयूईटी से प्रवेश के बाद बचीं सीटों पर विवि कराए परीक्षा :यूजीसी

नई दिल्ली, एजेंसी

- केंद्रीय विवि प्रवेश परीक्षा या योग्यता परीक्षा के अंकों पर छात्रों को दे सकता है प्रवेश

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने गुरुवार को घोषणा की कि यदि सीयूईटी से हुए प्रवेश के बाद स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में सीटें खाली रह जाती हैं तो केंद्रीय विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा कराकर या योग्यता परीक्षा के अंकों पर छात्रों को प्रवेश दे सकते हैं।

यूजीसी ने स्पष्ट किया कि कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट (सीयूईटी) के अंक छात्रों को प्रवेश देने के प्राथमिक मानदंड बने रहेंगे। यूजीसी के अध्यक्ष एम. जगदीश कुमार ने कहा कि कुछ केंद्रीय विश्वविद्यालयों में तीन या चार दौर की काउंसलिंग के बाद भी सीटें खाली रह जाती हैं। शैक्षणिक वर्ष में सीटें खाली रखना न केवल संसाधनों की बर्बादी है, बल्कि इससे केंद्रीय विश्वविद्यालयों में उच्च शिक्षा के इच्छुक छात्रों इससे वंचित होना पड़ता है। इसलिए केंद्रीय विश्वविद्यालयों को रिक्त सीटों को भरने में सुविधा प्रदान करने के लिए मानक संचालन प्रक्रियाएं तैयार की गई हैं।

## मिटकरी की कार में तोड़फोड़ के बाद 4 मनसे कार्यकर्ता हिरासत में

**अकोला (महाराष्ट्र)।** पुलिस ने दो दिन पहले अकोला में राकांपा के विधान परिषद सदस्य अमोल मिटकरी की कार पर हमले के संबंध में गुरुवार को महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के चार कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया। राकांपा विधान परिषद सदस्य ने एसपी कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करते हुए आरोप लगाया कि पुलिस आरोपियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कर रही है और उन्हें बचा रही है। मनसे कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को अकोला में मिटकरी की कार में तोड़फोड़ की थी।

# लोकसभा में आपदा प्रबंधन विधेयक 2024 पेश

नई दिल्ली, एजेंसी

- लोकसभा में केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने पेश किया विधेयक
- मनीष तिवारी ने इसे राज्य के अधिकारों का अतिक्रमण बताया

सरकार ने गुरुवार को लोकसभा में आपदा प्रबंधन (संशोधन) विधेयक, 2024 पेश किया जो आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 में संशोधन करके लाया गया है। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने सदन में विधेयक पेश किया।

इससे पहले विधेयक पुरःस्थापित किये जाने का विरोध करते हुए कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने आरोप लगाया कि इस विधेयक में राज्य सरकार के अधिकारों का अतिक्रमण किया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार को समवर्ती सूची में संशोधन करके उचित प्रविष्टि करनी चाहिए ताकि आपदा का विषय समुचित तरीके से समाविष्ट हो। तिवारी ने आपदा प्रबंधन के संदर्भ में विधायी अधिकारों को ठीक तरह से परिभाषित करने की भी जरूरत बताई। उन्होंने विधेयक में राज्य सरकारों को नगर निकायों को आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ बनाने की अनुमति देने संबंधी एक प्रावधान का जिक्र करते हुए कहा कि दिल्ली और चंडीगढ़ को इससे अलग रखा गया है। तिवारी ने कहा कि सरकार को इस पर स्पष्टीकरण देना चाहिए। टीएमसी के सौगत रॉय ने कहा कि विधेयक के अनुसार आपदा प्रबंधन के लिए कई सारे प्राधिकार बनने से विरोधाभास की स्थिति बढ़ेगी।

नित्यानंद राय ने कहा कि आपदा प्रबंधन समुचित हो, इसलिए अधिक निकाय बनाने का प्रावधान है। अनेक आपदा प्रबंधन विशेषज्ञों के परामर्श पर विचार करते हुए और उनकी चिंताओं को दूर करते हुए यह विधेयक लाया गया है। सदन ने ध्वनिमत से विधेयक को पुरःस्थापित करने की मंजूरी दे दी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को वायनाड त्रासदी पर चर्चा की थी।

### संपूर्ण रेल नेटवर्क पर कवच लगाने की तैयारी: वैष्णव

**नई दिल्ली।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि रेलवे में सुरक्षा की 'कवच' प्रणाली के आधुनिक संस्करण को देश के हर किलोमीटर रेल नेटवर्क पर लगाने की तैयारी की जा रही है। रेल मंत्रालय के नियंत्रणाधीन अनुदान की मांगों पर लोकसभा में दो दिन में हुई चर्चा के बाद वैष्णव ने बताया कि सामान्य डिब्बों की मांग पर ढाई हजार सामान्य कोच के उत्पादन का विचार है, 50 और अमृत भारत ट्रेन के निर्माण का फैसला है तथा कम दूरी वाले दो शहरों के बीच वंदे मेट्रो चलाई जाएंगी।

# अत्यधिक बारिश से गुंबद के शीशे से हुआ रिसाव, जल जमाव नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

- लोकसभा सचिवालय ने विपक्षी सदस्यों के दावे पर दी सफाई

लोकसभा सचिवालय ने संसद की लॉबी से पानी के रिसाव के विपक्षी सदस्यों के दावे पर गुरुवार को कहा कि यह मामूली रिसाव था जो अत्यधिक बारिश से भवन के गुंबद के शीशे से हुआ था। संसद परिसर में कहीं भी जल जमाव नहीं हुआ था और बारिश के तत्काल बाद पानी की निकासी हो गई थी। सचिवालय ने कहा कि लॉबी के ऊपर गुंबद के शीशे को फिक्स करने के लिए इस्तेमाल होने वाला एडहेसिव थोड़ा हट गया, जिससे लॉबी में पानी का मामूली रिसाव हुआ था।

### विपक्ष का कटाक्ष: बाहर पेपर लीक और संसद भवन में भी लीक

विपक्ष के कई नेताओं ने नए संसद भवन की लॉबी में पानी के रिसाव को लेकर गुरुवार को मोदी सरकार पर कटाक्ष करते हुए कहा कि पहले पेपर लीक हुआ और अब संसद के भवन में लीक हो गया है। कांग्रेस के मणिकम टैगोर ने 'एक्स' पर नए संसद भवन की लॉबी में छत से पानी रिसने और उसे इकट्ठा करने के लिए रखी बाल्टी का वीडियो पोस्ट किया।

## पूजा खेडकर को जमानत देने से कोर्ट का इनकार

**नई दिल्ली।** दिल्ली की अदालत ने भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) की पूर्व प्रशिक्षु अधिकारी पूजा खेडकर को अग्रिम जमानत देने से गुरुवार को इनकार कर दिया। उन पर धोखाधड़ी करने और गलत तरीके से अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) तथा पीडब्ल्यूडी (दिव्यांगजन) कोटा का लाभ उठाने का आरोप है।



अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश देवेंद्र कुमार जंगला ने कहा कि दिल्ली पुलिस को यह भी जांच करनी चाहिए कि क्या यूपीएससी में किसी ने खेडकर की मदद की थी। न्यायाधीश ने निर्देश दिया कि क्या अन्य उम्मीदवारों ने बिना पात्रता के ओबीसी और पीडब्ल्यूडी कोटे के तहत लाभ उठाया है।

# कोर्ट ने बिभव से पूछा, क्या गुंडे को सीएम आवास में काम करना चाहिए

नई दिल्ली, एजेंसी

मारपीट मामला



- कुमार ने इस साल मई में आप सांसद स्वाति मालीवाल पर कथित रूप से हमला किया था

उच्चतम न्यायालय ने गुरुवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सहयोगी बिभव कुमार को फटकार लगाते हुए पूछा कि क्या इस तरह के गुंडे को मुख्यमंत्री आवास में काम करना चाहिए। कुमार ने इस साल मई में आप सांसद स्वाति मालीवाल पर कथित रूप से हमला किया था।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने कुमार की जमानत याचिका पर सुनवायी अगले बुधवार के लिए सूचीबद्ध की। पीठ ने बिभव कुमार की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी से कहा कि अदालत दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा दर्ज की गई घटना के विवरण से हैरान है। बिभव कुमार ने मामले में जमानत देने से इनकार करने के दिल्ली उच्च न्यायालय के 12 जुलाई के आदेश को चुनौती दी है और दावा किया है कि उसके खिलाफ आरोप झूठे हैं। उसने यह भी कहा है कि जांच पूरी होने के कारण अब उसकी हिरासत की आवश्यकता नहीं है। शीर्ष अदालत ने बिभव कुमार की याचिका पर दिल्ली सरकार को एक नोटिस जारी किया। पीठ ने सिंघवी से पूछा कि क्या मुख्यमंत्री आवास एक निजी बंगला है? क्या इस तरह के गुंडे को मुख्यमंत्री आवास में काम करना चाहिए? सिंघवी ने कहा कि चोटें गंभीर नहीं थीं और 13 मई की घटना के तीन दिन बाद एक प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

### दिल्ली पुलिस को नोटिस

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सहयोगी बिभव कुमार को आप सांसद स्वाति मालीवाल पर कथित हमला करने के मामले में गुरुवार को दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी किया।



# पेरिस ओलंपिक 2024



## आज भारत के मुकाबले

- **गोल्फ :** पुरुषों के व्यक्तिगत फाइनल्स (दूसरा दौर) : शुभंकर शर्मा और गगनजीत भुल्लर – दोपहर 12.30 बजे
- **निशानेबाजी :** महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल क्वालीफिकेशन प्रिसिजन : ईशा सिंह और मनु भाकर – दोपहर 12.30 बजे
- **पुरुषों की स्कीट क्वालीफिकेशन पहला दिन :** अनंतजीत सिंह नरुका – दोपहर 1.00 बजे
- **तीरंदाजी :** मिश्रित टीम (1/8 एलीमिनेशन) : भारत (धीरज बोम्मादेवरा और अंकिता भकत) बनाम इंडोनेशिया– दोपहर 1.19 बजे
- **नौकायन :** पुरुषों का सिंगल स्कल्स फाइनल (फाइनल डी) : बलराज पंवार – दोपहर 1.48 बजे जूडो : महिलाओं का प्लस 78 किग्रा (एलीमिनेशन राउंड ऑफ 32) : तूलिका मान बनाम इडालिस ओर्टिज (क्यूबा) – दोपहर 2.12 बजे
- **पाल नौकायन :** महिला डिंगी (रेस तीन) : नेत्रा कुमानन – दोपहर 3.45 बजे, महिला डिंगी (रेस चार) : नेत्रा कुमानन – शाम 4.53 बजे पुरुष डिंगी (रेस तीन) : विष्णु सरवनन – शाम 7.05 बजे, पुरुष डिंगी (रेस चार) : विष्णु सरवनन – रात 8.15 बजे
- **हॉकी :** पुरुष टूर्नामेंट (ग्रुप चरण) : भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया – शाम 4.45 बजे
- **बैडमिंटन :** पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल : लक्ष्य सेन बनाम चाउ टिएन चेन (चीनी ताइपे) – शाम 6:30 बजे
- **एथलेटिक्स :** महिला पांच हजार मीटर (हीट एक) : अंकिता ध्यानी – रात 9.40 बजे
- **महिला पांच हजार मीटर (हीट दो) :** पारुल चौधरी – रात 10.06 बजे
- **पुरुष गोला फेंक (क्वालीफिकेशन) :** तेजिंदरपाल सिंह तूर – रात 11.40 बजे से होगा।

## खेल डायरी

### झानले ने 100 मीटर फ्रीस्टाइल में विश्व रिकॉर्ड बनाया

**नानटेरे (फ्रांस)।** चीन के पैन झानले ने पेरिस ओलंपिक की तैराकी प्रतियोगिता में पुरुषों की 100 मीटर फ्रीस्टाइल में 46.40 सेकंड का समय लेकर अपने ही पिछले विश्व रिकॉर्ड में सुधार करके स्वर्ण पदक जीता। पेरिस ओलंपिक में तैराकी प्रतियोगिता पिछले चार दिन से चल रही है लेकिन इससे पहले कोई विश्व रिकॉर्ड नहीं बना था। चीन का यह वर्तमान ओलंपिक खेलों में तैराकी में यह पहला स्वर्ण पदक है। पैन ने इससे पहले फरवरी में दोहा में विश्व चैंपियनशिप में 46.80 सेकंड का समय लेकर विश्व रिकॉर्ड बनाया था। इस 19 वर्षीय खिलाड़ी ने बाद में कहा यह वास्तव में जादुई पल है। यह रिकॉर्ड केवल चीन की टीम के लिए नहीं बल्कि पूरे विश्व के लिए है। यह इस रिकार्ड को तोड़ने की दिशा में उठाया गया छोटा कदम है। ऑस्ट्रेलिया के काइल चाल्मर्स ने 47.48 सेकंड का समय लेकर रजत और रोमानिया के डेविड पोपोविसी ने 47.49 का समय लेकर कांस्य पदक जीता।

### स्वदेश लौटने पर हुआ सरबजोत का जोरदार स्वागत

**नई दिल्ली।** भारतीय निशानेबाज सबरजोत सिंह का गुरुवार को स्वदेश लौटने पर जोरदार स्वागत किया गया। पेरिस ओलिंपिक में 10 मीटर मिश्रित युगल निशानेबाजी में कांस्य पदक जीतने वाले सरबजोत का दिल्ली हवाईअड्डे पर ढोल-नगाड़े के साथ शानदार स्वागत किया गया। भारतीय एथलीटों में सरबजोत सिंह, अर्जुन बाबूता, रमिता जिंदल, एलावेनिल वलारिवन, रिदम सांगवान, संदीप सिंह और अर्जुन सिंह चीमा स्वदेश लौट आए हैं। उल्लेखनीय है कि सबरजोत ने पेरिस ओलंपिक में निशानेबाज़ी में मनु भाकर के साथ कांस्य पदक जीता था।



### 20 किमी पैदल चाल में निराशाजनक प्रदर्शन

**पेरिस।** भारतीय खिलाड़ियों का गुरुवार को यहां पेरिस ओलंपिक खेलों की पुरुष और महिला दोनों वर्ग की 20 किलोमीटर पैदल चाल में निराशाजनक प्रदर्शन रहा। पुरुष वर्ग में विकास सिंह और परमजीत सिंह जहां क्रमश: 30वें और 37वें स्थान पर रहे, वहीं राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक अक्षदीप सिंह छह किमी के बाद हट गए। महिला वर्ग में राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक प्रियंका गोस्वामी 41वें स्थान पर रही। उन्होंने एक घंटा 39 मिनट और 55 सेकंड का समय निकाला जो उनके इस सत्र के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन एक घंटा 29 मिनट 48 सेकंड से काफी खराब प्रदर्शन है। प्रियंका का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन एक घंटा 28 मिनट और 45 सेकंड है।

### दीक्षा कार दुर्घटना में घायल होने से बचीं

**पेरिस।** पेरिस ओलंपिक में भाग लेने वाली भारतीय गोल्फर दीक्षा डागर की कार को अन्य वाहन ने टक्कर मार दी लेकिन गनीमत है कि उन्हें कोई चोट नहीं लगी जिससे वह अपनी स्पर्धा में तय कार्यक्रम के अनुसार हिस्सा लेंगी। कार में डागर परिवार दीक्षा, उनके पिता और कैडी कर्नल नरेन डागर, उनकी मां और भाई थे। मंगलवार रात 'इंडिया हाउस' में एक समारोह से लौटते समय एक अन्य वाहन ने उनकी कार को टक्कर मार दी थी। कर्नल डागर के अनुसार दीक्षा ठीक हैं और सात अगस्त से तय कार्यक्रम के अनुसार स्पर्धा में खेलेंगी और वह अभ्यास के लिए भी जा रही हैं।

### अल्जीरिया की मुक्केबाज पहले दौर में जीतीं

**विलेपिंटे (फ्रांस)।** अल्जीरिया की मुक्केबाज इमान खेलीफ गुरुवार को इटली की प्रतिद्वंद्वी एंजेला कारिनी के मुकाबले के महज 46 सेकेंड बाद हटने से पेरिस ओलंपिक का पहले दौर का मुकाबला जीत गईं। खेलीफ को 2023 विश्व चैंपियनशिप में 'लिंग जांच' में विफल होने के बाद 'डिस्क्वालीफाई' कर दिया था जिसके बाद से पेरिस में उनकी मौजूदगी चर्चा बनी हुई है। कारिनी और खेलीफ के बीच थोड़े ही मुक्के चले थे, लेकिन कारिनी ने मुकाबला छोड़ दिया जो मुक्केबाजी में बेहद असामान्य घटना है। कारिनी का हेडगियर दो बार हट गया था जिसके बाद हटने का फैसला किया। कारिनी ने खेलीफ से हाथ मिलाने से भी इनकार कर दिया और जाने से पहले वह रिंग में ही रो पड़ीं।

# स्वप्निल ने कांस्य भेदकर पूरा किया स्वप्न

## कुसाले ने 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशंस में भारत को पहला ओलंपिक कांस्य दिलाया

**शेटराउ, एजेंसी**

तेज होती दिल की धड़कनों को थामकर खाली पेट रेंज पर उतरे भारतीय निशानेबाज स्वप्निल कुसाले ने फोकस बनाए रखते हुए शानदार वापसी की और देश को ओलंपिक में पुरूषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशंस में पहली बार कांस्य पदक दिलाया।

क्वालीफिकेशन में सातवें नंबर पर रहे स्वप्निल ने आठ निशानेबाजों के फाइनल में 451.4 स्कोर करके तीसरा स्थान हासिल किया। एक समय वह छठे स्थान पर थे जिसके बाद उन्होंने तीसरा स्थान हासिल किया। भारत का इन खेलों में यह तीसरा कांस्य है। इससे पहले मनु भाकर ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल और सरबजोत सिंह के साथ 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम वर्ग में कांस्य जीता था। भारत के ओलंपिक इतिहास में पहली बार निशानेबाजों ने तीन पदक एक ही खेलों में जीते हैं।

चीन के लियू युकुन (463.6) ने स्वर्ण और यूक्रेन के सेरही कुलिश (461.3) ने रजत पदक जीता। पिछली बार भारतीय निशानेबाज लंदन ओलंपिक 50 मीटर राइफल में फाइनल में पहुंचा था जब जॉयदीप करमाकर 50 मीटर राइफल प्रोन में चौथे स्थान पर रहे थे। अब यह स्पर्धा ओलंपिक में नहीं है। कुसाले ने कहा मैंने स्कोरबोर्ड देखा ही नहीं। यह मेरी बरसों की मेहनत थी और मैं बस यही सोच रहा था। मैं चाहता था कि भारतीय समर्थक मेरी हौसलाअफजाई करते रहें। अपने आदर्श क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी की तरह रेलवे में टीसी कुसाले पहली स्टैंडिंग सीरिज के बाद चौथे स्थान पर थे। नीलिंग में उनका पहला शॉट 9.6 रहा लेकिन उन्होंने शानदार वापसी की। इसके बाद 10.6 और 10.3 स्कोर करके वह दूसरे नंबर पर पहुंचे लेकिन अगले दो शॉट 9.1 और 10.1 रहे जिससे वह चौथे स्थान पर आ गए। फिर 10.3 स्कोर करके वह तीसरे स्थान पर पहुंचे और अंत तक बने रहे।

उन्होंने कहा मैं रेलवे के काम के लिए नहीं जाता हूं। भारतीय रेलवे ने मुझे 365 दिन की छुट्टी दे रखी है ताकि मैं देश के लिये अच्छा खेल सकूं। मेरी निजी कोच दीपाली देशपांडे मेरी मां जैसी हैं जिन्होंने बिना शर्त के मेरी मदद की। पिछले 12 साल से अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खेल रहे कुसाले को ओलंपिक पदार्पण के लिये 12 साल तक इंतजार करना पड़ा।



"मैंने कुछ खाया नहीं है और पेट में गुड़गुड़ हो रही थी। मैंने ब्लैक टी पी और यहां आ गया। हर मैच से पहले रात को मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूं। आज दिल तेजी से धड़क रहा था। श्वास पर नियंत्रण रखा और कुछ अलग करने की कोशिश नहीं की।

– स्वप्निल कुसाले

### पदक तालिका

| देश | स्वर्ण | रजत | कांस्य | कुल |
|---|---|---|---|---|
| चीन | 11 | 7 | 3 | 21 |
| फ्रांस | 8 | 10 | 8 | 26 |
| जापान | 8 | 3 | 4 | 15 |
| ऑस्ट्रेलिया | 7 | 6 | 4 | 17 |
| अमेरिका | 6 | 13 | 12 | 31 |
| ग्रेट ब्रिटेन | 6 | 7 | 7 | 20 |
| द.कोरिया | 6 | 3 | 3 | 12 |
| इटली | 3 | 6 | 4 | 13 |
| कनाडा | 2 | 2 | 3 | 7 |
| जर्मनी | 2 | 2 | 2 | 6 |
| भारत | 0 | 0 | 3 | 3 |

### अंजुम, सिफत थ्री पोजीशंस फाइनल के लिए क्वालीफाई करने में विफल

**शेटराउ (फ्रांस)।** भारतीय निशानेबाज अंजुम मौदगिल और सिफत कौर सामरा गुरुवार को महिला 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशंस स्पर्धा के फाइनल के लिए क्वालीफाई करने में नाकाम रहीं। अंजुम 18वें और सिफत 31वें स्थान पर रहीं। अपने दूसरे ओलंपिक में भाग ले रही अंजुम ने महिलाओं की 3पी स्पर्धा के क्वालीफिकेशन में 584 अंक हासिल किये जबकि सिफत ने 575 अंक जुटाए। एशियाई खेलों की मौजूदा चैंपियन सिफत ने स्टैंडिंग में खराब प्रदर्शन कर 93 और 94 अंक हासिल किये जिससे वह निचले स्थान पर रहीं। नीलिंग चरण में उनका स्कोर 193 रहा और वह प्रोन में 195 अंक से वापसी की कोशिश में थीं लेकिन स्टैंडिंग सीरीज में 187 अंक के खराब प्रदर्शन ने उन्हें नीचे धकेल दिया।





"पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने पर स्वप्निल कुसाले को हार्दिक बधाई। वह पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन श्रेणी में पदक जीतने वाले पहले भारतीय बन गए हैं। पूरे निशानेबाज दल ने भारत को गौरवान्वित किया है। मैं आगामी प्रतियोगिताओं के लिए हमारे सभी खिलाड़ियों को अपनी शुभकामनाएं देती हूं। मैं कामना करती हूं कि स्वप्निल कुसाले भविष्य में और भी पदक जीतें।

**–द्रौपदी मुर्मु,** राष्ट्रपति



"स्वप्निल कुसाले का असाधारण प्रदर्शन, पेरिस ओलंपिक 2024 में पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन में कांस्य पदक जीतने के लिए उन्हें बधाई। उनका प्रदर्शन इसलिए खास है क्योंकि उन्होंने बेहतरीन लचीलापन और कौशल दिखाया है। वह इस श्रेणी में पदक जीतने वाले पहले भारतीय एथलीट भी हैं। हर भारतीय खुशी से भर गया है।

**–नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री

## प्रणय को हराकर लक्ष्य क्वार्टर फाइनल में पहुंचे

**पेरिस, एजेंसी**

लक्ष्य सेन ने पेरिस ओलंपिक की बैडमिंटन पुरुष एकल स्पर्धा के प्री क्वार्टर फाइनल में हमवतन भारतीय एचएस प्रणय को एकतरफा मुकाबले में सीधे गेम में हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण पदक विजेता और दुनिया के 24वें नंबर के खिलाड़ी लक्ष्य ने 39 मिनट चले अंतिम 16 के मुकाबले में 30वें नंबर के खिलाड़ी प्रणय को 21-12, 21-6 से शिकस्त दी। लक्ष्य की प्रणय के खिलाफ आठ मैच में यह पांचवीं जीत है। क्वार्टर फाइनल में हालांकि लक्ष्य की राह आसान नहीं होगी। गैर वरीय लक्ष्य अंतिम आठ में 12वें वरीय और दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी चीनी ताइपे के चाउ टिएन चेन से भिड़ेंगे जिन्होंने जापान के पांचवें वरीय कोडाई नाराओका को 21-12, 21-16 से हराया। प्रणय के खिलाफ लक्ष्य शुरुआत से ही शानदार लय में नजर आए। प्रणय मैच के दौरान बिल्कुल भी लय में नहीं दिए और उन्हें प्रत्येक अंक जुटाने के लिए काफी जूझना पड़ा।



### क्वार्टरफाइनल में हारे सात्विक-चिराग

**पेरिस।** भारतीय बैंडमिंटन खिलाड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी गुरुवार को पेरिस ओलंपिक 2024 खेलों में पुरुष युगल क्वार्टरफाइनल मैच में मलेशिया के आरोन चिया और सोह वूई यिक से हार गए। बैडमिंटन रैंकिंग में तीसरे स्थान पर काबिज और टोक्यो 2020 की कांस्य पदक विजेता चिया-सोह की जोड़ी ने सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी को 21-13, 14-21, 16-21 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। पहले सेट में भारतीय जोड़ी हावी रही। हालांकि चिया-सोह ने वापसी करते हुए आराम से दूसरा सेट जीत लिया। निर्णायक तीसरे सेट में मलेशियाई जोड़ी ने धैर्य बनाए रखा और सात्विक-चिराग के खिलाफ चार मैचों में पहली बार अपने करियर की नौवीं जीत दर्ज की। पिछले साल एशियाई खेलों के खिताब की राह पर सात्विक-चिराग ने सेमीफाइनल में चिया-सोह को हराया था। हालांकि इस आमने-सामने की टक्कर में भारतीय जोड़ी अपने तीन मैचों की जीत के सिलसिले को आगे नहीं बढ़ा सकी। चिया-सोह का सेमीफाइनल में चीन की शीर्ष वरीयता प्राप्त जोड़ी लियांग वेई केंग और वांग चांग से मुकाबला होगा।



## चीन की यू ने तोड़ा निकहत के पदक जीतने का सपना

**पेरिस, एजेंसी**

दो बार की विश्व चैंपियन निकहत जरीन (50 किलो) का ओलंपिक पदक जीतने का सपना गुरुवार को एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता चीन की वू यू से 0-5 से अप्रत्याशित और एकतरफा हार के साथ खत्म हो गया।

निकहत का यह पहला ओलंपिक था और उन्हें वरीयता नहीं मिली थी क्योंकि अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) अंतर्राष्ट्रीय मुक्केबाजी महासंघ (आईबीए) को मान्यता नहीं देती जो विश्व चैंपियनशिप कराता है। भारत की पदक की सबसे प्रबल दावेदारों में से एक निकहत पर मौजूदा फ्लायवेट (52 किलो) विश्व चैम्पियन यू ने पहले ही दौर से दबाव बना दिया। निकहत ने जवाबी हमले बोलने की कोशिश की लेकिन नाकाम रही। यू का फुटवर्क बेहतरीन था जिससे वह लगातार स्टांस बदलकर घूंसे बरसाती रही। दूसरे दौर में निकहत ने कुछ सीधे पंच लगाये लेकिन यू ने उनके चेहरे पर मुक्के लगाते हुए अंक बनाए। तीसरे दौर में भी यू की चपलता का निकहत के पास कोई जवाब नहीं था।



## तीरंदाज जाधव हारे पुरुष एकल में भारतीय चुनौती समाप्त

**पेरिस।** भारतीय तीरंदाज प्रवीण जाधव गुरुवार को व्यक्तिगत पुरुष रिकर्व स्पर्धा के पहले दौर में चीन के काओ वेनचाओ के खिलाफ सीधे सेट में हार के साथ पेरिस ओलंपिक से बाहर हो गए।

जाधव को राउंड ऑफ 64 में 0-6 (28-29 29-30 27-28) से शिकस्त का सामना करना पड़ा। जाधव ने मुकाबले के दौरान चार बार 10 अंक जुटाए लेकिन चीन का तीरंदाज तीनों सेट में भारतीय खिलाड़ी को एक अंक से पछाड़ने में सफल रहा। जाधव की हार के साथ पुरुष व्यक्तिगत स्पर्धा में भारतीय अभियान समाप्त हो गया। महिला व्यक्तिगत वर्ग में अनुभवी दीपिका कुमारी और 18 साल की भजन कौर की दावेदारी बरकरार है। दोनों शनिवार को प्री क्वार्टर फाइनल मुकाबले खेलेंगी।

## हॉकी: बेल्जियम से हारा भारत

**अंतिम ग्रुप मुकाबला**

- बेल्जियम ने भारतीय टीम को 2-1 से दी शिकस्त
- दोनो ही टीमों ने क्वार्टरफाइनल में पक्की की अपनी जगह

**पेरिस, एजेंसी**

भारतीय हॉकी टीम को गुरुवार को पूल बी के आखिरी ग्रुप मुकाबल में बेल्जियम से 2-1 से हार का सामना करना का सामना करना पड़ा है।

आज यहां खेले गये मैच में भारत फॉरवर्ड अभिषेक ने पहले हॉफ के 18वें मिनट में गोल दागकर भारत को बढ़त दिलाई। बेल्जियम ने दूसरे हॉफ में आक्रामक अंदाज में वापसी की। थिब्यू स्टॉकब्रोएक्स ने 33वें मिनट गोल कर हिसाब बराबर किया। इसके बाद जॉन-जॉन डोहमेन ने 44वें मिनट में गोलकर बेल्जियम को बढ़त दिला दी। पुरुष हॉकी पूल बी में यह भारत की पहली हार है। भारत ने अब तक टूर्नामेंट में अपने पिछले तीन मैचों में से दो जीते। हरमनप्रीत सिंह एंड कंपनी ने न्यूजीलैंड को 3-2 से हराया और आयरलैंड को 2-0 से हराया। अर्जेंटीना के खिलाफ उनका मुकाबला 1-1 से ड्रा रहा। दूसरी ओर बेल्जियम ने टूर्नामेंट में अपनी जीत का सिलसिला बरकरार रखा। इससे पहले, उन्होंने आयरलैंड को 2-0 से हराया, न्यूजीलैंड को 2-1 से हराया और टोक्यो 2020 के रजत पदक विजेता ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 6-2 से जीत हासिल की थी। दोनों टीमों का ग्रुप के शीर्ष चार में रहना तय है और इसी के साथ दोनों ने पुरुष हॉकी क्वार्टरफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है।



## नडाल ने सुनिश्चित नहीं किया पेरिस में दोबारा खेलेंगे या नहीं

**पेरिस, एजेंसी**

रोला गैरां की लाल बजरी के बादशाह राफेल नडाल इसको लेकर सुनिश्चित नहीं है कि वह फिर से पेरिस के इस ऐतिहासिक टेनिस स्थल पर खेल पाएंगे या नहीं जहां उन्होंने रिकॉर्ड 14 फ्रेंच ओपन खिताब जीते हैं। इस दिग्गज खिलाड़ी का पुरुष युगल में हारने के साथ ही ओलंपिक में सफर भी समाप्त हो गया।

नडाल और कार्लोस अल्काराज की स्पेनिश जोड़ी को ऑस्टिन क्राजिसेक और राजीव राम की चौथी वरीयता प्राप्त अमेरिकी जोड़ी ने 6-2, 6-4 से हराया। इससे पहले पुरुष एकल में नोवाक जोकोविच से हारने वाले नडाल से जब बाद में पूछा गया कि क्या उन्होंने यहां अपना आखिरी मैच खेल लिया है, उन्होंने कहा हो सकता है। मैं नहीं जानता। इस 38 वर्षीय खिलाड़ी ने अपना सामान उठाने के बाद चारों तरफ देखा। ऐसी जगह जो उनके लिए बहुत मायने रखती है। नडाल ने कहा अगर मैंने यहां आखिरी मैच खेल लिया है तो यह अविस्मरणीय अहसास और भावनाएं हैं। मुझे हमेशा यहां दर्शकों का अपार समर्थन और प्यार मिला। दर्शकों ने नडाल के लिए गीत गाए। नडाल ने कहा मुझे नहीं पता कि भविष्य में क्या होने वाला है, लेकिन अगर यह आखिरी बार है, तो मैंने इसका आनंद लिया। यह मैच कोर्ट फिलिप चैटरियर में खेला गया था।



### सेमीफाइनल से बाहर हुईं स्वियातेक

**पेरिस।** शीर्ष रैंकिंग पर काबिज इगा स्वियातेक गुरुवार को पेरिस ओलंपिक की महिला टेनिस स्पर्धा के सेमीफाइनल में चीन की झेंग किनवेन से हारकर बाहर हो गईं। झेंग ने पिछले पांच साल में चार फ्रेंच ओपन खिताब जीतने वाली स्वियातेक को 6-2, 7-5 से शिकस्त दी। शीर्ष रैंकिंग की खिलाड़ी स्वियातेक के लिए यह करारा झटका था। डब्ल्यूटीए रैंकिंग में सातवें स्थान पर काबिज झेंग जनवरी में ऑस्ट्रेलियन ओपन में उपविजेता रहीं थीं। शनिवार के स्वर्ण पदक मैच में 21 वर्षीय झेंग का सामना क्रोएशिया की 13वीं वरीयता प्राप्त डोना वेकिच और स्लोवाकिया की गैर वरीय अन्ना करोलिना श्मीडलोवा के बीच मुकाबले की विजेता से होगा।

## इम्पैक्ट प्लेयर का नियम समाप्त हो : दिल्ली कैपिटल्स

**मुंबई।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) और इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के टीम मालिकों के साथ हुई बैठक में इम्पैक्ट प्लेयर के नियम को समाप्त करने, नीलामी के दौरान राइट टू मैच का विकल्प सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा हुई।

बीसीसीआई की जारी विज्ञप्ति के अनुसार आईपीएल 2025 के रिटेंशन से जुड़ी बिंदुओं को लेकर हुई इस बैठक में दिल्ली कैपिटल्स के सह-मालिक पार्थ जिंदल ने कहा कि इम्पैक्ट प्लेयर के नियम को समाप्त किया जाना चाहिए। वहीं सनराइजर्स हैदराबाद की मालकिन काव्या मारन ने कहा कि विदेशी खिलाड़ियों की संख्या पर बिना कोई प्रतिबंध लगाए टीमों को कम से कम सात खिलाड़ियों को रिटेन करने दिया जाए। बैठक में नए खिलाड़ियों को स्काउट करने और उनकी प्रतिभा को आगे बढ़ाने के लिए क्या टीमों को इंसेंटिव को लेकर भी चर्चा हुई।

## राहुल बनाम ऋषभ मसला सुलझाने उतरेगा भारत

**कोलंबो, एजेंसी**

गौतम गंभीर की अगुवाई वाले भारतीय टीम प्रबंधन के पास श्रीलंका के खिलाफ शुक्रवार से शुरू होने वाली तीन मैच की एकदिवसीय श्रृंखला में यह फैसला करने का मौका होगा कि केएल राहुल और ऋषभ पंत में से कौन वनडे क्रिकेट में भारत का लंबे समय तक विकेटकीपर बल्लेबाज होगा।

इसमें कप्तान रोहित और स्टार बल्लेबाज विराट पर भी निगाहें टिकी रहेगी। भारतीय टीम प्रबंधन बाहर चल रही चर्चाओं पर ध्यान दिए बिना उचित टीम संयोजन तैयार करने पर ध्यान केंद्रित करेगा क्योंकि इस सत्र में चैंपियंस ट्राफी सहित कुछ महत्वपूर्ण वनडे प्रतियोगिताएं होनी हैं। इस संदर्भ में राहुल बनाम ऋषभ का मसला निश्चित तौर पर प्राथमिकता में होगा। पंत के चोट से उबरकर वापसी करने से पहले राहुल ने विकेटकीपर बल्लेबाज की भूमिका अच्छी तरह से निभाई थी। अब जबकि पंत की वापसी हो गई है तो यह देखना दिलचस्प होगा कि गंभीर बाएं हाथ के इस बल्लेबाज को प्राथमिकता देते हैं या पिछले टीम प्रबंधन की तरह राहुल पर ही विश्वास बनाए रखते हैं।



**मैच : दोपहर 2:30 बजे**

**भारत :** रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल (उपकप्तान), विराट कोहली, केएल राहुल (विकेटकीपर), ऋषभ पंत (विकेटकीपर), श्रेयस अय्यर, शिवम दुबे, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, वाशिंगटन सुंदर, अर्शदीप सिंह, रियान पराग, अक्षर पटेल, खलील अहमद, हर्षित राणा।

**श्रीलंका :** चरित असलांका (कप्तान), पाथुम निसांका, अविष्का फर्नांडो, कुसल मेंडिस, सदीरा समरविक्रमा, कामिंदु मेंडिस, जेनिथ लियानगे, निशान मदुश्का, वानिंदु हसरंगा, डुनिथ वेलालेज, चमिका करुणारत्ने, महीश थीक्षाना, अकिला धनंजय, एहसान मलिंगा, मोहम्मद शिराज, असिथा फर्नांडो। स्टैंडबाय : कुसल जेनिथ, प्रमोद मदुशन, जेफरी वेंडरसे।

### चैंपियंस ट्रॉफी के लिए सात करोड़ डॉलर का बजट मंजूर

**कराची।** आईसीसी ने पाकिस्तान में अगले साल होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी के आयोजन के लिए करीब सात करोड़ डॉलर के बजट को मंजूरी दी है। आईसीसी के एक करीबी सूत्र ने बताया कि बीसीसीआई सचिव जय शाह की अध्यक्षता वाली आईसीसी की वित्त और वाणिज्य समिति ने बजट को मंजूरी दी। सूत्र ने कहा अनुमानित बजट करीब सात करोड़ डॉलर का है और सिर्फ 45 लाख डॉलर अतिरिक्त खर्च के लिए आवंटित किये गए हैं। सूत्र ने कहा कि इसके लिए 45 लाख डॉलर काफी कम हैं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0591-3551286 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

## एक नजर

### ऑर्टबर्ग होंगे बोइंग के नये अध्यक्ष और सीईओ

**सैन फ्रांसिस्को।** अमेरिका कंपनी बोइंग ने रॉबर्ट के. केली ऑर्टबर्ग को नया अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) नियुक्त किया है और उनकी नियुक्ति 08 अगस्त से प्रभावी होगी। कंपनी की ओर से बुधवार को जारी बयान के मुताबिक कंपनी के नये अध्यक्ष एवं सीईओ के तौर पर ऑर्टबर्ग का चयन कंपनी के निदेशक मंडल ने किया। ऑर्टबर्ग डेव कैलहौन का स्थान लेंगे, जिन्होंने इस साल की शुरुआत में कंपनी से सेवानिवृत्त होने का इरादा जताया था।

### बीएसएनएल के पूर्व लेखा अधिकारी को सजा सुनाई

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में कोलकाता की सीबीआई अदालत ने सरकारी नियंत्रण वाली दूरसंचार कंपनी, बीएसएनएल के साथ धोखाधड़ी करने मामले में एक पूर्व विभागीय अधिकारी को गुरुवार को 25,000 रुपये के जुर्माने के साथ सात वर्षों की कठोर कारावास की सजा सुनाई है। बीएसएनएल कोलकाता के तत्कालीन दूरसंचार कार्यालय सहायक कैशियर चंदन बिस्वास को 2003 में बीएसएनएल से धोखाधड़ी करने के मामले में सात वर्षों की कठोर कारावास की सजा सुनाई गई है।

### द. अफ्रीका में दुर्घटना, पांच छात्रों की मौत, 20 जख्मी

**जोहान्सबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका में एक स्कूल बस और ट्रेन की टक्कर में पांच विद्यार्थियों की मौत हो गई और 20 अन्य घायल हो गए। परिवहन विभाग ने कहा कि बस और मालगाड़ी की टक्कर बुधवार अपराह्न में पूर्वी- दक्षिण अफ्रीका के मपुमलांगा प्रांत के मिडलबर्ग में एक लेवल क्रॉसिंग पर हुई। विभाग ने कहा कि दुर्घटना में पांच बच्चों की मौत हो गई और 20 बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। कानून प्रवर्तन अधिकारियों ने कहा कि दुर्घटना के बाद बस चालक घटनास्थल से भाग गया।

### यूक्रेन को नीदरलैंड से मिले छह लड़ाकू विमान

**यूक्रेन।** यूक्रेन को नीदरलैंड से छह एफ-16 लड़ाकू विमान मिले हैं। ब्लूमबर्ग ने बुधवार को सूत्रों के हवाले से बताया कि नाटो द्वारा आपूर्ति किए गए एफ-16 लड़ाकू विमानों का पहला बैच यूक्रेन पहुंच गया है। वहीं टेलीग्राफ अखबार ने बताया कि यूक्रेन को आपूर्ति किए गए एफ-16 ने वायु रक्षा क्षमता में अपनी पहली उड़ान भरी। द टाइम्स ने एक सूत्र के हवाले से बताया कि यूक्रेन को जल्द ही डेनमार्क से भी एफ-16 का एक नया बैच मिलेगा।

### अमेरिका-रूस ने बंदियों की सबसे बड़ी अदला-बदली की

**वाशिंगटन।** अमेरिका और रूस ने सोवियत इतिहास के बाद गुरुवार को बंदियों की अपनी सबसे बड़ी अदला-बदली पूरी की। इसके अंतर्गत मॉस्को ने वॉल स्ट्रीट जर्नल के रिपोर्टर इवान गेर्शकोविच और मिशिगन के कॉर्पोरेट सुरक्षा कार्यकारी पॉल व्हेलन को एक बहुराष्ट्रीय समझौते के तहत रिहा करने का फैसला किया। तुर्किये के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

# अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर घुसपैठ की कोशिश नाकाम, घुसपैठिया ढेर

**सांबा/जम्मू, एजेंसी**

जम्मू-कश्मीर के सांबा जिले में अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों ने एक पाकिस्तानी घुसपैठिये को ढेर कर दिया। एक वरिष्ठ अधिकारी ने गुरुवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने कहा कि जो कोई भी नापाक इरादे से भारत की धरती पर कदम रखेगा उसका यही हश्र होगा।

अधिकारियों ने बताया कि 45 वर्षीय गैरहथियारबंद घुसपैठिया बुधवार देर रात पाकिस्तान की तुगलियालपुर चौकी से इस ओर घुस आया था और उसे मंगूचक क्षेत्र में खोरा चौकी के पास मार गिराया गया। बीएसएफ के जम्मू फ्रंटियर के महानिरीक्षक डी के बूरा ने घटनास्थल के पास संवाददाताओं को बताया, रात करीब 10.15 बजे अग्रिम ड्यूटी बिंदू (सीमा सुरक्षा बल की) से पाकिस्तान से अंतर्राष्ट्रीय सीमा पार कर रहे एक व्यक्ति की गतिविधि देखी गई। उसकी गतिविधि पर नजर रखी गई और जब वह इस तरफ घुसा तो उसे चुनौती दी गई। भारी बारिश के बावजूद बूरा ने बीएसएफ के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों और पुलिस अधिकारियों के साथ सुबह क्षेत्र का दौरा किया और सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की। बूरा ने कहा, घुसपैठिए ने भागने की कोशिश की लेकिन सतर्क कर्मियों ने गोली चलाकर उसे ढेर कर दिया। इलाके की तलाशी अब भी जारी है।

### जम्मू कश्मीर के राजौरी में आतंकवादी ठिकाने का भंडाफोड़

**राजौरी/जम्मू।** जम्मू कश्मीर में राजौरी जिले के एक वन क्षेत्र में एक आतंकी ठिकाने का भंडाफोड़ कर कुछ हथियार तथा गोला बारुद बरामद किए गए। सुरक्षा अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि पुलिस, राष्ट्रीय राइफल्स और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल ने कालाकोट में धरमसाल इलाके के गुलाबगढ़ में संयुक्त घेराबंदी की एवं तलाश अभियान चलाया, जिसके दौरान इस ठिकाने का भंडाफोड़ हुआ। संदिग्ध गतिविधियों की सूचना मिलने के बाद बुधवार देर रात को यह तलाश अभियान शुरू किया गया। अधिकारियों ने बताया कि आतंकी ठिकाने से एक एके असॉल्ट राइफल, एक मैगजीन और कुछ कारतूस बरामद किए गए।

# बादल फटना सामान्य बारिश नहीं

बारिश गिरने के उच्चतम स्तर को बादल फटना कहते हैं। अचानक एकएक भारी वर्षा प्रकृति में क्रियाशील होती है। करीब 25 वर्ग किलोमीटर के क्षेत्र में 100 मिमी या 10 सेमी प्रति घंटे से अधिक वर्षा इस श्रेणी में आती है। भारत में अक्सर बादल फटने की घटनाएं दक्षिण-पश्चिम मानसून सक्रीय होने के दौरान होता है। आम तौर पर, बादल फटना समुद्र तल से 1000 से 2500 मीटर की ऊंचाई पर होता है। भारी बारिश के लिए क्यूम्यलोनिम्बस बादल ज़िम्मेदार होते हैं। बादल फटने का प्रभाव लोगों और संपत्ति को होने वाले नुकसान के पैमाने पर निर्भर करता है।

### क्यों फटते हैं बादल

जब बहुत ज्यादा नमी वाले बादल एक ही जगह पर इकट्ठे हो जाते हैं तो वहां मौजूद पानी की बूंदें आपस में मिलती हैं। इसके भार से बादल का घनत्व बढ़ जाता है और अचानक से बहुत तेज बारिश शुरू हो जाती है। ज्यादातर घटनाएं पहाड़ों पर घटती हैं, इसका कारण है कि पानी से भरे बादल हवा के साथ उड़ते हैं। ऐसे में कई बार वो पहाड़ों के बीच फंस जाते हैं और आगे नहीं बढ़ पाते हैं। इस बीच ये बादल पानी में परिवर्तित हो जाते हैं और एक ही जगह पर झरने की तरह बहने लगते हैं। चूंकि बादलों की डेंसिटी पहले से काफी ज्यादा होती है, इस कारण बहुत तेज बारिश होना शुरू हो जाती है।

### कितना है खतरनाक

बादल के फटने से भयावह स्थितियां पैदा हो जाती हैं। नदी, नालों में अचानक से पानी का स्तर बढ़ने के कारण बाढ़ के हालात पैदा हो जाते हैं। चूंकि पहाड़ों पर ढलान वाले रास्ते होते हैं, ऐसे में पानी रुक नहीं पाता बल्कि तेजी से नीचे की ओर बहता है। ऐसे में ये पानी अपने साथ मिट्टी, कीचड़, पत्थरों के साथ-साथ पशु, इंसान या जो भी चीजें सामने आती हैं, सबको बहाकर ले जाता है।

### भारत में सबसे बड़ी घटना

साल 2013 में उत्तराखंड के केदारनाथ में बादल फटने की घटना हुई थी। उस समय मन्दाकिनी नदी ने प्रचंड रूप धारण कर लिया था। इस हादसे में हजारों लोगों की मौत और कई हजार लोग लापता हो गए थे। वर्ष 2004 की सुनामी के बाद देश की सबसे खराब प्राकृतिक आपदा थी।

### इस तरह रहें सुरक्षित

आपातकालीन स्थिति में घबराहट कभी भी मदद नहीं करती है। बाहर जाने से बचें, भारी वर्षा के दौरान ब्लैकआउट आम बात है, ऐसे में जनरेटर या यूपीएस जैसा बैकअप पावर स्रोत पहले से तैयार रख सकते हैं। बारिश में खड़े न रहें या बाढ़ वाले इलाकों के पास न जाएं। बिजली के खंभों या तारों से हमेशा दूरी बनाए रहें।

# हम विकास का समर्थन करते हैं, विस्तारवाद का नहीं: मोदी

## क्षेत्र में चीन के सैन्य रुख के प्रति चिंताओं के बीच आयी प्रधानमंत्री की टिप्पणी

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

भारत और वियतनाम ने अपने रणनीतिक संबंधों को विस्तार देने के लिए गुरुवार को एक कार्ययोजना को मंजूरी दी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नियम आधारित हिंद-प्रशांत के लिए मिलकर काम करने का संकल्प लिया और इस बात पर जोर दिया कि भारत विकास का समर्थन करता है, विस्तारवाद का नहीं। यह टिप्पणी क्षेत्र में चीन के सैन्य रुख के प्रति चिंताओं के बीच आयी है।



प्रधानमंत्री मोदी के साथ बैठक करते वियतनाम के प्रधानमंत्री फाम मिन्ह चिन्ह।

मोदी और वियतनाम के प्रधानमंत्री फाम मिन्ह चिन्ह के बीच व्यापक वार्ता के बाद दोनों पक्षों ने विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए छह समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए तथा तीन अन्य दस्तावेजों को अंतिम रूप दिया। यह भी निर्णय लिया गया कि भारत वियतनाम को 30 करोड़ अमेरिकी डॉलर की ऋण सुविधा प्रदान करेगा, ताकि दक्षिण-पूर्व एशियाई देश की समुद्री सुरक्षा को मजबूत किया जा सके। डिजिटल भुगतान कनेक्टिविटी शुरू करने के लिए दोनों देशों के केंद्रीय बैंकों के बीच एक समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। चिन्ह मंगलवार रात तीन दिवसीय यात्रा पर दिल्ली पहुंचे थे। उनकी इस यात्रा का उद्देश्य दोनों देशों के बीच व्यापक रणनीतिक संबंधों को और आगे बढ़ाना है।

मोदी ने मीडिया वक्तव्य में कहा, हमारी एक्ट ईस्ट नीति और हमारी हिंद-प्रशांत दृष्टि में वियतनाम हमारा महत्वपूर्ण साझेदार है... हम विस्तारवाद का नहीं, विकासवाद का समर्थन करते हैं। कहा, हम एक स्वतंत्र, खुले, नियम-आधारित और समृद्ध हिंद-प्रशांत के लिए सहयोग जारी रखेंगे। दोनों पक्षों ने आतंकवाद और साइबर सुरक्षा मुद्दों से निपटने के लिए सहयोग को मजबूत करने का फैसला किया है।

### राष्ट्रपति मुर्मु से मिले वियतनाम के प्रधानमंत्री

**नई दिल्ली।** वियतनाम के प्रधानमंत्री फाम मिन्ह चिन्ह ने गुरुवार को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। उनका स्वागत करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि भारत-वियतनाम संबंध घनिष्ठ सांस्कृतिक और ऐतिहासिक संबंधों की मजबूत नींव पर बने हैं। दोनों नेताओं ने साझा बौद्ध विरासत और सभ्यतागत संबंधों पर ध्यान दिया और वियतनाम में विरासत स्थलों को पुनर्स्थापित करने के लिए चल रहे सहयोगात्मक प्रयासों पर संतोष व्यक्त किया। राष्ट्रपति मुर्मू ने विश्वास व्यक्त किया कि प्रधानमंत्री फाम मिन्ह चिन्ह की यात्रा भारत-वियतनाम व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने में काफी मददगार साबित होगी।

## श्रीलंका के नौसैनिक जहाज की टक्कर से मछुआरे की मौत

**चेन्नई।** श्रीलंकाई नौसेना के जहाज की टक्कर से एक भारतीय नौका के समुद्र में पलटने से तमिलनाडु के रामेश्वरम निवासी एक मछुआरे की मौत हो गई और एक अन्य लापता हो गया। इस संबंध में एक वरिष्ठ अधिकारी ने गुरुवार को कहा कि अवैध रूप से मछली पकड़ने को लेकर श्रीलंकाई नौसेना द्वारा यांत्रिक नौका पर सवार मछुआरों को गिरफ्तार करने की कोशिश किए जाने के दौरान यह नौका पलट गई।

अधिकारी ने कहा कि नौका में टक्कर लगने पर उसमें सवार रामेश्वरम के चार मछुआरे समुद्र में गिर गए। उन्होंने कहा कि घटना में मलयसामी (59) नामक एक मछुआरे की मौत होने तथा एक अन्य के लापता होने की खबर है, जबकि दो लोगों को श्रीलंकाई अधिकारियों ने हिरासत में ले लिया। अधिकारी ने कहा, हम समुद्र में हुई इस घटना के बारे में सूचनाएं जुटा रहे हैं तथा हम राज्य सरकार को विस्तृत रिपोर्ट सौंपेंगे। मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने मलयसामी की मौत पर दुख प्रकट किया तथा परिवार के लिए 10 लाख रुपये की अनुग्रह राशि घोषित की।

# हमास की सैन्य शाखा के प्रमुख दाइफ की मौत

**यरूशलम, एजेंसी**



- इजराइल की सेना ने पुष्टि की, 13 जुलाई को किया गया था हमला

इजराइल की सेना ने गुरुवार को कहा कि इस बात की पुष्टि हो गई है कि हमास की सैन्य शाखा का प्रमुख मोहम्मद दाइफ जुलाई में गाजा में हुए एक हवाई हमले में मारा जा चुका है। इजराइल ने 13 जुलाई को दाइफ को निशाना बनाते हुए गाजा के खान यूनिस शहर के बाहरी इलाकों में हमले किए थे, लेकिन दाइफ की मौत की तत्काल पुष्टि नहीं हो पाई थी।

गाजा के स्वास्थ्य अधिकारियों ने उस समय कहा था कि हमले में 90 से अधिक लोगों की मौत हुई है, जिनमें आसपास के तंबुओं में रह रहे विस्थापित लोग भी शामिल हैं। इजराइली सेना ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि खुफिया जानकारी के विश्लेषण के बाद इस बात की पुष्टि हो गई है कि मोहम्मद दाइफ हमले में मारा जा चुका है। वर्ष 1990 में हमास की सैन्य शाखा कस्साम ब्रिगेड की स्थापना के समय से इसके सदस्य रहे दाइफ ने दशकों तक इसका नेतृत्व किया। दाइफ के नेतृत्व में कस्साम ब्रिगेड ने इजराइल के खिलाफ दर्जनों आत्मघाती हमले किए।

### इजराइली हमले में ईरानी सैन्य सलाहकार की मौत

**तेहरान।** लेबनान की राजधानी बेरूत के दक्षिणी उपनगरों में इज़राइल की ओर से किये गए हमले में ईरान के सैन्य सलाहकार मिलाद बिदी की मौत हो गई। ईरान की अर्ध-सरकारी फ़ार्स समाचार एजेंसी ने बुधवार को अपनी रिपोर्ट बताया कि बिदी की मौत दहीह उपनगरों में एक इमारत पर इज़राइली हमले में हुई।

### गाजा संघर्ष समाप्त करने के आह्वान पर ध्यान नहीं

**तेल अवीव।** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा है कि इजराइल ईरान की बुराई की धुरी के खिलाफ युद्ध लड़ रहा है, इसलिए वह गाजा में संघर्ष को समाप्त करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के आह्वान पर ध्यान नहीं देंगे।

## ऑस्ट्रेलिया, जापान के निर्णय से निराश

**कैनबरा।** ऑस्ट्रेलियाई सरकार जापान के इस निर्णय से गहरी निराशा में है कि उसने विश्व की दूसरी सबसे बड़ी व्हेल प्रजाति को अपने वाणिज्यिक व्हेल शिकारियों द्वारा लक्षित प्रजातियों की सूची में शामिल कर लिया है। पर्यावरण मंत्री तान्या प्लिबरसेक ने फिन व्हेल का शिकार करने के जापान के निर्णय की आलोचना की – जो विश्व की दूसरी सबसे लम्बी व्हेल है तथा जिसे संकटग्रस्त माना जाता है। जापानी सरकार ने इस सप्ताह पुष्टि की कि वह अपने वाणिज्यिक शिकार के लिए 59 फिन व्हेल को पकड़ने की अनुमति देगी, जो देश के आर्थिक क्षेत्र तक ही सीमित है। ऑस्ट्रेलिया की पर्यावरण और जल मंत्री तान्या प्लिबरसेक ने गुरुवार को जापान के कदम की निंदा की।

# जमात-ए-इस्लामी, छात्र शाखा पर प्रतिबंध लगाया

**ढाका, एजेंसी**

- बांग्लादेश ने देशव्यापी अशांति के बाद जन सुरक्षा के लिए उत्पन्न खतरे का हवाला दिया

बांग्लादेश ने देशव्यापी अशांति के बाद जन सुरक्षा के लिए उत्पन्न खतरे का हवाला देते हुए आतंकवाद रोधी कानून के तहत जमात-ए-इस्लामी और इसकी छात्र शाखा इस्लामी छात्र शिबिर पर गुरुवार को प्रतिबंध लगा दिया। गृह मंत्रालय के सार्वजनिक सुरक्षा प्रभाग द्वारा जारी एक अधिसूचना में इस्लामिस्ट पार्टी पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा की गई। यह पार्टी पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया की बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी की प्रमुख सहयोगी है।

बांग्लादेश सरकार ने सरकारी नौकरियों में आरक्षण को लेकर देशभर में हुए छात्रों के हिंसक विरोध प्रदर्शन के बाद मंगलवार को जमात-ए-इस्लामी पर प्रतिबंध लगाने का फैसला किया। सरकार ने आरोप लगाया कि जमात-ए-इस्लामी उस आंदोलन का फायदा उठा रही है, जिसमें कम से कम 150 लोग मारे गए। यह घटनाक्रम प्रधानमंत्री शेख हसीना की अवामी लीग के नेतृत्व वाले 14-दलों गठबंधन की बैठक के बाद हुआ है। इस बैठक में एक प्रस्ताव पारित किया गया था कि जमात को प्रतिबंधित किया जाना चाहिए। प्रतिबंध का हालिया निर्णय 1972 में राजनीतिक उद्देश्यों के लिए धर्म का दुरुपयोग करने के कारण लगाए गए प्रारंभिक प्रतिबंध के 50 वर्ष बाद आया है।

## भारत विश्व स्तर पर एक जिम्मेदार भूमिका निभाना चाहता है

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन ने भारत को एक महान शक्ति बताते हुए सांसदों से कहा कि नयी दिल्ली विश्व स्तर पर एक जिम्मेदार भूमिका निभाना चाहती है। उप विदेश मंत्री कर्ट कैम्पबेल ने मंगलवार को हिंद-प्रशांत से परे अमेरिका-चीन प्रतिस्पर्धा पर एक सुनवाई के दौरान ये टिप्पणियां कीं। उन्होंने उन खबरों के बीच ये टिप्पणियां की है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी यूक्रेन पर रूस के युद्ध को खत्म करवाने के नवीन वैश्विक प्रयासों की पृष्ठभूमि में इस महीने कीव की यात्रा कर सकते हैं। कैम्पबेल ने सीनेट की विदेश संबंध समिति के सदस्यों से कहा, यह ध्यान रखना होगा कि भारत भी एक महान शक्ति है। उसका अपना दृष्टिकोण तथा अपने हित हैं।

# चुनाव नतीजे के ऑडिट के लिए सुप्रीम कोर्ट में अपील

**कराकास, एजेंसी**

वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो ने राष्ट्रपति पद के चुनाव के नतीजे का ऑडिट करने और उन्हें प्रमाणित करने के लिए सुप्रीम कोर्ट के इलेक्टोरल चैंबर में अपील दायर की है। मादुरो ने बुधवार को दायर की गयी अपनी अर्जी में सर्वोच्च न्यायालय से अनुरोध किया है कि वह संबंधित संस्थानों को बुलाए, ताकि सभी साक्ष्यों की तुलना की जा सके और उच्चतम तकनीकी स्तर के विशेषज्ञ की राय लेकर 28 जुलाई के चुनावी नतीजे को प्रमाणित किया जा सके।



- वेनेजुएला के राष्ट्रपति मादुरो ने बुधवार को दायर अर्जी में सर्वोच्च न्यायालय से अनुरोध किया

वे देश की प्रथम महिला सिलिया फ्लोरेस, उपराष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिग्ज, नेशनल असेंबली के अध्यक्ष जॉर्ज रोड्रिग्ज, अटॉर्नी जनरल रेनाल्डो मुनोज और विदेश मामलों के मंत्री इवान गिल के साथ अपने मंत्रिमंडल के अन्य सदस्यों के साथ सुप्रीम कोर्ट पहुंचे थे। न्यायालय से बाहर निकलने के बाद मीडिया को दिये बयान में मादुरो ने कहा, मैं पेश हो रहा हूं, मैं न्याय के सामने समर्पण कर रहा हूं।

## 9/11 हमले का मुख्य षडयंत्रकारी कबूल करेगा जुर्म

**वाशिंगटन।** अमेरिका के रक्षा मंत्रालय ने कहा है कि न्यूयार्क में ट्विन टावर पर 2001 में 11 सितंबर (9/11) के हमले का कथित रूप से मुख्य षडयंत्रकारी खालिद शेख मोहम्मद अधिकारियों के साथ बातचीत में अदालत में अपना अपराध स्वीकार करने पर सहमत हो गया है। खालिद 2003 में पाकिस्तान में पकड़ा गया था और उसे तथा उसके साथ मिलकर साजिश रचने के आरोप का सामना करने वालों को अमेरिकी जांच एजेंसी सीआईए की एक गोपनीय जेल में रखकर उनसे पूछताछ की गयी थी। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक अदालत में सुनवाई शुरू होने से पहले पिछले 27 महीनों से उससे बातचीत की जा रही थी।

## बॉलीवुड हलचल

### जज गीता ने प्रतियोगी रोहन को टाइगर कहा



**मुंबई।** सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविज़न के होमग्रोन डांस रियलिटी शो, इंडियाज़ बेस्ट डांसर 4 में जज गीता कपूर ने प्रतियोगी रोहन चौधरी को टाइगर कहा और करिश्मा कपूर ने मंच पर उनके साथ मिलकर तौबा तौबा के जादू को रीक्रिएट किया। इस वीकेंड, सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविज़न के होमग्रोन डांस रियलिटी शो, इंडियाज़ बेस्ट डांसर 4 में बेस्ट 12 स्टेज टू स्टारडम की थीम वाले ग्रैंड प्रीमियर एपिसोड में अपने शानदार मूव्स दिखाएंगे। जज उर्फ ईएनटी विशेषज्ञ – करिश्मा कपूर, गीता कपूर और टेरेंस लुईस एक रोमांचक लेकिन महत्वपूर्ण पड़ाव की घोषणा करेंगे, जिससे प्रतियोगियों के सफर को अतिरिक्त बढ़त मिलेगी। पहली बार, बेस्ट बारह को ग्रैंड प्रीमियर के दौरान स्कोर किया जाएगा।

### आमिर ने होस्ट की बेटे की फिल्म की सक्सेस पार्टी



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता आमिर खान ने अपने बेटे जुनैद खान की फिल्म महाराज की सक्सेस पार्टी होस्ट की। जुनैद खान ने हाल ही में फिल्म महाराज के साथ डेब्यू किया था। इस फिल्म में अभिनेता जयदीप अहलावत ने महाराज का किरदार निभाया है। रिलीज से पहले फिल्म को लेकर कई तरह की कंट्रोवर्सी भी देखने को मिली, लेकिन जब ओटीटी पर आई तो दर्शकों ने खूब प्यार भी दिया। आमिर खान ने अब अपने बेटे के लिए एक पार्टी होस्ट की, जिसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। इस सक्सेस पार्टी की इनसाइड तस्वीरें फिल्म के निर्देशक सिद्धार्थ ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर शेयर कीं, जिसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, गुड टाइम्स और हार्ट इमोजी भी जोड़ा। फोटो में आमिर खान की भी झलक देखने को मिली, जिसमें कैप्शन दिया गया, जीवन भर उनका फैन रहूंगा... तब भी उनसे प्यार करता था। अब और हमेशा उनसे और भी ज्यादा प्यार करता रहूंगा। एक फोटो में आमिर खान, उनकी एक्स वाइफ रीना दत्ता, जयदीप अहलावत, जुनैद खान और शालिनी पांडे पोज देते हुए नजर आ रहे हैं।

### जन्म के समय मीना को अनाथालय छोड़ आये थे पिता

**मुंबई।** अपने दमदार और संजीदा अभिनय से सिने प्रेमियों के दिलों पर राज करने वाली ट्रेजडी क्वीन मीना कुमारी को उनके पिता अनाथालय छोड़ आए थे। एक अगस्त 1932 का दिन था। मुंबई में एक क्लीनिक के बाहर मास्टर अली बक्श नाम के एक शख्स बड़ी बेसब्री से अपनी तीसरी औलाद के जन्म का इंतजार कर रहे थे। दो बेटियों के जन्म लेने के बाद वह इस बात की दुआ कर रहे थे कि अल्लाह इस बार बेटे का मुंह दिखा दे, तभी अंदर से बेटी होने की खबर आयी तो वह माथा पकड़ कर बैठ गये।

## अमेरिकी चुनाव

शिकागो में नेशनल एसोसिएशन ऑफ ब्लैक जर्नलिस्ट्स सम्मेलन में की टिप्पणी

# डोनाल्ड ट्रंप ने हैरिस की पहचान पर उठाया सवाल

**वाशिंगटन, एजेंसी**





- ट्रंप ने कहा- मैं हैरिस को लंबे समय से जानता हूं, वह खुद को भारतीय मूल की बताती थीं और केवल भारतीय मूल को बढ़ावा दे रही थीं

रिपब्लिकन पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप ने कमला हैरिस के खिलाफ नस्लीय टिप्पणी करते हुए उनसे पूछा कि वह भारतीय हैं या अश्वेत। इस पर डेमोक्रेटिक पार्टी की प्रतिद्वंद्वी ने तीखी प्रतिक्रिया की है और पूर्व राष्ट्रपति की टिप्पणी को विभाजनकारी और अनादर का पुराना राग अलापना बताया।

ट्रंप (78) ने झूठा दावा किया कि उपराष्ट्रपति हैरिस ने केवल अपनी एशियाई-अमेरिकी विरासत पर ही जोर दिया है जबकि उन्होंने दावा किया कि वह एक अश्वेत हैं। ट्रंप ने बुधवार को शिकागो में नेशनल एसोसिएशन ऑफ ब्लैक जर्नलिस्ट्स सम्मेलन में कहा, मैं उन्हें लंबे समय से अप्रत्यक्ष रूप से जानता हूं। वह हमेशा से भारतीय मूल की बताती थीं और केवल भारतीय मूल को बढ़ावा दे रही थीं। कई साल पहले तक मुझे नहीं पता था कि वह अश्वेत हैं, अब वह अश्वेत के रूप में पहचान बनाना चाहती हैं। उन्होंने कहा, तो मुझे नहीं पता वह भारतीय हैं या वह अश्वेत हैं? हैरिस की मां मूल रूप से भारत की हैं और उनके पिता जमैका से हैं। ह्यूस्टन में बुधवार को अश्वेत समुदाय के एक कार्यक्रम में हैरिस ने कहा, ट्रंप ने नेशनल एसोसिएशन ऑफ ब्लैक जर्नलिस्ट्स की वार्षिक बैठक में भाषण दिया और वही पुराना विभाजनकारी और अनादर का राग अलापा। मैं बस इतना कहना चाहती हूं कि अमेरिकी लोग इससे बेहतर के हकदार हैं।

### दोषसिद्धि के बावजूद डोनाल्ड ट्रंप को रहना होगा खामोश

**न्यूयॉर्क।** न्यूयॉर्क की एक अपील अदालत ने गुरुवार को पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर लगी उस रोक को बरकरार रखा जो उन्हें एक मामले से जुड़े गवाहों और जूरी के सदस्यों के खिलाफ बोलने से रोकती है। अदालत ने पूर्व राष्ट्रपति की अपील में दिये गये उस तर्क को खारिज कर दिया कि मई में उन्हें दोषी ठहराए जाने से परिस्थितियों में बदलाव आया है जिसके कारण प्रतिबंधों को हटाना आवश्यक हो गया है। ट्रंप पर उनके खिलाफ बोलने से रोकने के लिये एक पॉर्न स्टार को गुप्त रूप से धन देने का आरोप है। राज्य के मध्य-स्तरीय अपीलीय न्यायालय में पांच न्यायाधीशों के पैनल ने फैसला सुनाया कि निचली अदालत के न्यायाधीश जुआन एम. मर्चेन ने ट्रंप को सजा सुनाए जाने तक प्रतिबंध के कुछ हिस्सों को बढ़ाने का फैसला सही लिया था।